वर्षों से राष्ट्र की सेवा में समर्पित

# वीर अर्जुन

विविध : अनन्या पांडे ने पहली बार बनाया ब्लॉग

* नई दिल्ली, लखनऊ एवं देहरादून से प्रकाशित

जिल्द: 41, अंक : 287 पृष्ठ : 12 | E-mail : dailyvirarjun@gmail.com | Website : www.virarjun.com | E-Paper : www.epapervirarjun.com

R.N.I. No. 511/57 | D.L.(C)-05/1270/2024-26 (Posted at Delhi RMS) | नई दिल्ली, मंगलवार, 16 सितम्बर 2025 | मूल्य : रु 4.00 | प्रभात संस्करण



संपादकीय

**क्या नई जंग की है ये आहट?**



# वक्फ अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक

## पूरे कानून पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इंकार, वक्फ संपत्तियों की स्थिति पर निर्णय के लिए डीएम की शक्तियों पर भी रोक

**विधि संवाददाता**

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगा दी, जिनमें यह भी शामिल है कि केवल वे लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में दे सकते हैं जो पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। हालांकि, शीर्ष अदालत ने पूरे कानून पर स्थगन से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 128 पन्नों के अपने अंतरिम आदेश में कहा, पूर्व धारणा हमेशा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है। पीठ ने कहा, हमें ऐसा नहीं लगता कि पूरे कानून के प्रावधानों पर रोक का कोई मामला बनता है। इसलिए, अधिनियम पर रोक के अनुरोध को खारिज किया जाता है। हालांकि, पक्षों के हितों की रक्षा और बैलेंसिंग द इक्विटीज के लिए, न्यायालय ने जिलाधिकारी को वक्फ संपत्तियां तय करने के लिए दी गई शक्तियों सहित कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी तथा वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम भागीदारी के मुद्दे पर आदेश जारी किया। बैलेंसिंग द इक्विटीज वह कानूनी सिद्धांत है, जिसके तहत न्यायालय विवाद में शामिल सभी पक्षों के संभावित लाभ और हानि के साथ-साथ व्यापक सार्वजनिक हितों को भी ध्यान में रखता है, ताकि यह निर्णय लिया जा सके कि निषेधाज्ञा जैसी न्यायसंगत



राहत प्रदान की जाए या नहीं। पीठ ने केंद्रीय वक्फ परिषद को निर्देश दिया कि कुल 20 में से चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए, और राज्य वक्फ बोर्डों में 11 में से तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। आदेश में कहा गया है, संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3 के खंड (आर) का वह भाग जिसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो यह दर्शाता या प्रदर्शित करता है कि वह कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है, उस वक्त तक स्थगित रहेगा जब तक कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्धारित करने की प्रक्रिया के लिए नियम नहीं बनाए जाते कि व्यक्ति कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है या नहीं। शीर्ष अदालत ने उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि किसी संपत्ति को उस वक्त तक वक्फ संपत्ति नहीं माना जाए जब तक कि नामित

**▶निर्देश**

**केंद्रीय वक्फ परिषद में 20 में से चार और राज्य वक्फ बोर्डों में 11 में से तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए**

**▶मामला**

**पीठ ने नए कानून की प्रत्येक धारा के लिए प्रथम दृष्टया चुनौती पर किया विचार, कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का नहीं बनता कोई मामला**

अधिकारी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंप देता। इसके अलावा, एक अन्य प्रावधान, जिसमें कहा गया है कि नामित अधिकारी द्वारा संपत्ति को सरकारी संपत्ति घोषित करने के मामले में, उसे राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन करना होगा और राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपनी होगी। न्यायालय ने कहा, जब तक संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3सी के तहत वक्फ संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित मामले का, धारा 83 के तहत अधिकरण द्वारा शुरू की गई कार्यवाही में अंतिम रूप से निर्णय नहीं हो जाता, न तो वक्फ को संपत्ति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड व वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में की गई प्रविष्टियां प्रभावित होंगी। पीठ ने कहा कि जब तक विवादित संपत्ति के मालिकाना हक के संबंध में अधिकरण द्वारा अंतिम निर्णय नहीं दिया जाता और अपील पर उच्च न्यायालय के आदेश नहीं आ जाते, किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं सृजित किए जाएंगे। हालांकि, पीठ ने संशोधित कानून की धारा 23 (मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति, कार्यकाल और सेवा की अन्य शर्तें) पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो, बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जो पदेन सचिव भी होते हैं, की नियुक्ति मुस्लिम समुदाय से करने का प्रयास किया जाए।पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश प्राथमिक दृष्टया और अंतरिम प्रकृति के हैं तथा ये न तो याचिकाकर्ताओं को और न ही सरकार को कानून की संवैधानिक वैधता पर अंतिम सुनवाई के दौरान पूर्ण दलील पेश करने से रोकते हैं। कानून के अनुसार, वक्फ उस दान को कहा जाता है जो कोई मुस्लिम व्यक्ति धार्मिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए करता है, जैसे मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों का निर्माण। कानून की वैधता के मुद्दे पर, पीठ ने पूर्ववर्ती निर्णयों का हवाला देते हुए कहा, अदालतों को किसी कानून के प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। इस प्रकार की अंतरिम राहत केवल दुर्लभ और असाधारण मामलों में ही दी जा सकती है...। न्यायालय के फैसले में यह रेखांकित किया गया कि अदालतें हमेशा यह मानकर चलती हैं कि किसी अधिनियम की संवैधानिकता सही है, और उस पर सवाल उठाने वाले व्यक्ति पर यह जिम्मेदारी होती है कि वह यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करे कि उसमें संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन हुआ है।

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर वार्ता आज

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रेंडन लिंच भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता (बीटीए) पर बातचीत के लिए भारत आने वाले हैं। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

लिंच मंगलवार को व्यापार वार्ता के संबंध में एक-दिवसीय बातचीत करेंगे। उनके सोमवार रात तक भारत पहुंचने की संभावना है। वह अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण एवं पश्चिम एशिया) हैं। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अबतक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया था। बीटीए पर भारत के मुख्य

**▶अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रेंडन लिंच पहुंच रहे हैं भारत, दोनों देशों में अब तक हो चुकी है पांच दौर की वार्ता**

वार्ताकार और वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, हमने पहले भी संकेत दिए हैं कि हमारे बीच बातचीत जारी है। अमेरिका के मुख्य वार्ताकार भारत आ रहे हैं और वह मंगलवार को संभावित परिदृश्य के बारे में चर्चा करेंगे। अग्रवाल ने कहा, हालांकि, यह बीटीए पर छठे दौर की बातचीत नहीं है लेकिन यह निश्चित रूप से व्यापार वार्ता से जुड़ी चर्चा है। यह पता करने की कोशिश होगी कि भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हम किस तरह पहुंच सकते हैं। यह बातचीत छठे दौर की वार्ता से पहले की तैयारी होगी।

# बिहार में एसआईआर की वैधता संबंधी याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई सात को

नई दिल्ली, (विसं)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह यह मानता है कि भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कानून का पालन कर रहा है। न्यायालय ने आगाह किया कि किसी भी अवैधता की स्थिति में इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए सात अक्टूबर की तारीख तय की और इस कवायद पर टुकड़ों में राय देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, बिहार एसआईआर में हमारा फैसला पूरे भारत में एसआईआर के लिए लागू होगा। इसने स्पष्ट किया कि वह निर्वाचन आयोग को देश भर में मतदाता सूची में संशोधन के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती।

# बेरोजगारी दर लगातार दूसरे महीने घटी, अगस्त में 5.1 प्रतिशत पर: सरकारी सर्वेक्षण

नई दिल्ली, (विप्र)। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर में लगातार दूसरे महीने कमी आई है। अगस्त में यह घटकर 5.1 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, जुलाई में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही थी। मई और जून दोनों में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई 2025 में जारी पहले पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। आधिकारिक बयान में कहा गया है, कुल मिलाकर बेरोजगारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए) लगातार दूसरे महीने घटकर अगस्त 2025 में 5.1 प्रतिशत रही। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। पुरुषों की बेरोजगारी दर अगस्त में पांच महीनों में सबसे कम पांच प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 5.2 प्रतिशत, मई और जून में 5.6 प्रतिशत और जुलाई में 5.3 प्रतिशत थी।इसका कारण शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की बेरोजगारी दर में गिरावट है। बीते महीने घटकर यह 5.9 प्रतिशत पर रही जो जुलाई में 6.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण पुरुषों की बेरोजगारी दर भी अगस्त 2025 में घटकर 4.5 प्रतिशत रही, जो पिछले चार महीनों की बेरोजगारी दर से कम है।कुल मिलाकर, ग्रामीण बेरोजगारी दर लगातार तीन महीनों से घट रही है। मई 2025 में यह 5.1 प्रतिशत थी जबकि अगस्त में कम होकर 4.3 प्रतिशत रही। महिलाओं में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में लगातार दो महीनों से वृद्धि देखी गई है और यह अगस्त में बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया जो जून में 30.2 था।

## तकनीकी खराबी से मुंबई मोनोरेल के पहिए थमे

मुंबई में तकनीकी खराबी के कारण एक मोनोरेल बीच रास्ते में ही रुक गई, जिसके बाद उसमें सवार सभी 17 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। (देश)

## नेपाल के तीन नवनियुक्त मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की ओर से नियुक्त तीन मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। (देश-विदेश)

| | | |
|---|---|---|
| | अधिकतम | 33.00 |
| | न्यूनतम | 27.00 |
| | बीएसई | 81,785.74 |
| | एनएसई | 25,069.20 |
| | डॉलर | 88.15 |
| | यूरो | 103.64 |

**अपने विचार भेजें**

**क्या नेपाल का सुशीला मंत्रिपरिषद देश में शांति स्थापित करने में सफल होगा?**

**क्या भारत को एशिया कप पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहिए था?**

| हां | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|
| 15% | 65% | 20% |

कृपया जनमत हेतु अपना मत www.virarjun.com पर भेजें

# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन इनामी माओवादी ढेर

## इनमें एक माओवादी पर था एक करोड़ का ईनाम

रांची, (भाषा)। झारखंड के हजारीबाग जिले में सोमवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए, जिनमें से एक पर एक करोड़ रुपये का इनाम था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोरहर थाना क्षेत्र के पंतित्री जंगल में सुबह करीब छह बजे प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सहदेव सोरेन के दस्ते और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। झारखंड पुलिस के महानिरीक्षक (ऑपरेशन) और प्रवक्ता माइकल राज एस ने पीटीआई-भाषा को बताया, तलाशी अभियान के दौरान एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी सहदेव सोरेन और दो अन्य माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सहदेव उर्फ प्रवेश प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था।उन्होंने बताया कि अभियान में मारे गए दो अन्य लोगों की पहचान रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बीरसेन गंझू के रूप में हुई है। आईजी (ऑपरेशन) ने कहा, रघुनाथ संगठन का विशेष क्षेत्र समिति सदस्य था और उस पर 25 लाख रुपये का इनाम था, जबकि गंझू क्षेत्रीय समिति का सदस्य था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। मुठभेड़ में कई हथियार बरामद किए गए। एक खुफिया रिपोर्ट के आधार पर कोबरा, हजारीबाग और गिरिडीह पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर बोकारो और गिरिडीह जिलों की सीमा पर स्थित पंतित्री जंगल में एक संयुक्त अभियान चलाया गया।

### बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद का सफाया हो गया: शाह

नई दिल्ली, (विप्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ रुपये के इनामी कमांडर समेत तीन शीर्ष माओवादियों को मार गिराया गया है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें कुख्यात नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढेर कर दिया गया।

# मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा

## कोलकाता में संयुक्त कमांडर सम्मेलन का किया उद्घाटन

कोलकाता, (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर में अनुकरणीय भूमिका के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

मोदी ने यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047 दस्तावेज भी जारी किया। बयान में कहा गया है कि यह दस्तावेज भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल हुए, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस तरह का पहला सम्मेलन है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नियंत्रण रेखा के पार और पाकिस्तान के भीतर आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने सटीकता, पेशेवर अंदाज और उद्देश्य को मूर्त रूप देते हुए तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया प्रदर्शित की। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों ने भी भाग लिया।रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है, रणनीतिक मुद्दों की एक विस्तृत शृंखला पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिसमें सेना का



**कोलकाता में संयुक्त कमांडर सम्मेलन के उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।**

आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता को बढ़ाना शामिल है। यह द्विवार्षिक सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। साथ ही इसमें विभिन्न रैंक के अधिकारियों के साथ संवाद सत्र भी होते हैं।इस वर्ष 16वां सम्मेलन आयोजित किया जा रहाहै जिसमें सुधारों, परिवर्तन, बदलाव और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका विषय है सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन। रक्षा अधिकारी ने कहा, सम्मेलन का ध्यान संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण के प्रति सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही बहु-क्षेत्रीय अभियानगत तैयारियों के उच्च स्तर को बनाए रखना भी इसमें शामिल है। आखिरी संयुक्त कमांडर सम्मेलन 2023 में भोपाल में हुआ था।पिछले पांच महीनों में मोदी का यह चौथा और एक महीने के भीतर दूसरा बंगाल दौरा है।प्रधानमंत्री असम से रविवार शाम कोलकाता पहुंचे।वह राजभवन से सुबह करीब साढ़े नौ बजे विजय दुर्ग पहुंचे। उन्होंने राजभवन में रात्रि विश्राम किया था।मोदी ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में लगभग चार घंटे बिताए। वह दोपहर करीब डेढ़ बजे कार्यक्रम स्थल से निकले और कलकत्ता रेसकोर्स से हेलीकॉप्टर द्वारा एनएससी बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे, जहां से उन्होंने बिहार के पूर्णिया के लिए उड़ान भरी।

## बस के ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत

जौनपुर (उप्र), (भाषा)। जौनपुर जिले में सोमवार सुबह एक बस के एक ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सोमवार सुबह करीब 5 बजे हुई, जब अयोध्या से वाराणसी जा रही पर्यटक बस के चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस के अनुसार इस हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि यह घटना लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर गांव में हुई। बस में छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु सवार थे। दुर्घटना के समय बस में करीब 50 लोग थे।

## पाक से जुड़े हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़, (भाषा)। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि फाजिल्का पुलिस ने एक खुफिया सूचना के आधार पर पाकिस्तान से जुड़े इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया।उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश में बैठे संचालकों के लिए काम कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पांच विदेशी पिस्तौल और नौ मैगजीन जब्त की गईं। उन्होंने बताया, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये हथियार पंजाब में आपराधिक गिरोहों द्वारा इस्तेमाल के लिए एक विदेशी संस्था के माध्यम से पाकिस्तान से लाए गए थे।

**रिपोर्ट**

# एआई के दम पर जीडीपी में 2035 तक 600 अरब डॉलर की वृद्धि संभव

नई दिल्ली, (भाषा)। तमाम उद्योगों में कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से वर्ष 2035 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 500 से 600 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। नीति आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

विकसित भारत के लिए एआई: त्वरित आर्थिक वृद्धि के लिए अवसर शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि आने वाले दशक में उद्योगों के भीतर एआई के व्यापक उपयोग से वैश्विक अर्थव्यवस्था में 17 से लेकर 26 लाख करोड़ डॉलर तक का योगदान हो सकता है।रिपोर्ट कहती है, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित के क्षेत्रों में विशाल कार्यबल की मौजूदगी, तेजी से बढ़ते शोध एवं विकास तंत्र और मजबूत डिजिटल क्षमताएं भारत को इस परिवर्तन में अहम भागीदार बना सकती हैं।

इससे भारत को वैश्विक एआई मूल्य का 10 से 15 प्रतिशत तक हासिल करने का अवसर मिलेगा। नीति आयोग ने कहा कि एआई से कई नए रोजगार पैदा होंगे लेकिन लिपिकीय, नियमित और निम्न कौशल वाले कई मौजूदा कामकाज प्रभावित भी होंगे। रिपोर्ट कहती है कि एआई के त्वरित

**▶उद्योगों के भीतर एआई के व्यापक उपयोग से वैश्विक अर्थव्यवस्था में 17 से लेकर 26 लाख करोड़ डॉलर तक का हो सकता है योगदान**

क्रियान्वयन का वित्तीय सेवाओं एवं विनिर्माण क्षेत्र पर सबसे बड़ा असर देखने को मिल सकता है। इन क्षेत्रों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 से 25 प्रतिशत तक योगदान एआई के जरिये हो सकता है।एआई से वित्तीय सेवाओं में अनुपालन, धोखाधड़ी की पहचान और जोखिम प्रबंधन जैसे कार्यों को स्वचालित बनाने की क्षमता बताई गई है। वहीं विनिर्माण क्षेत्र में 85 से 100 अरब डॉलर तक की अतिरिक्त उत्पादकता वृद्धि का अनुमान है।रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर से वर्ष 2035 तक भारत की जीडीपी 6.6 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है, जबकि आठ प्रतिशत की आकांक्षी वृद्धि दर हासिल करने पर यह 8.3 लाख करोड़ डॉलर तक जा सकती है।नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा, यदि भारत को आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर हासिल करनी है तो हमें उत्पादकता बढ़ाने और नवोन्मेषण के जरिये नए वृद्धि के अवसर पैदा करने होंगे। कृत्रिम मेधा इस दिशा में निर्णायक कारक बन सकती है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग एवं विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में एआई के लक्षित उपयोग से दक्षता, सेवा गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा में तत्काल सुधार लाया जा सकता है। इसके अलावा एआई के सहयोग से दवाओं की खोज और सॉफ्टवेयर-संचालित वाहनों जैसे क्षेत्रों में सीमांत नवाचार को प्रोत्साहन देकर भारत वृद्धि के नए इंजन तैयार कर सकता है।

# सात करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल, रिटर्न जमा कराने में तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायत

नई दिल्ली, (विप्र)। आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि अबतक सात करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। यह बात इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा पोर्टल पर गड़बड़ियों की शिकायत और समयसीमा बढ़ाने की मांग के बीच कही गई है। रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त होने के कारण ई-फाइलिंग पोर्टल पर बड़ी संख्या में आयकरदाताओं ने रिटर्न भरने के लिए लॉगइन किया।समयसीमा बढ़ाने की मांग के बावजूद, विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अब तक सात करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं और अभी भी गिनती जारी है। विभाग ने उन सभी लोगों से अपना रिटर्न दाखिल करने का आग्रह किया जिन्होंने अभी तक आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। पिछले वर्ष 31 जुलाई तक 7.28 करोड़ आईटीआर दाखिल किये गये थे। पिछले कुछ दिनों में कई चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि आयकर पोर्टल पर कर भुगतान और एआईएस (वार्षिक सूचना विवरण) डाउनलोड करते समय गड़बड़ियां आ रही हैं।

# मैसूरू दशहरा के उद्घाटन के लिए बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के फैसले के खिलाफ याचिकाएं खारिज

बेंगलुरु, (भाषा)। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस साल मैसूरु दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश विभु भाकरू और न्यायमूर्ति सी.एम. जोशी की खंडपीठ ने मैसूरु से भाजपा के पूर्व सांसद प्रताप सिम्हा द्वारा दायर याचिका सहित चार याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता कोई संवैधानिक या कानूनी उल्लंघन की बात नहीं दिखा पाए।पीठ ने कहा, हम यह मानने को तैयार नहीं है कि किसी अन्य धर्म का व्यक्ति राज्य द्वारा आयोजित किसी समारोह का उद्घाटन करे, तो याचिकाकर्ताओं के किसी कानूनी या संवैधानिक अधिकार या संविधान में निहित किसी भी मूल्य का उल्लंघन होगा। याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

मैसूरु जिला प्रशासन ने तीन सितंबर को विपक्षी भाजपा सहित कुछ वर्गों की आपत्तियों के बावजूद, मुश्ताक को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था। यह विवाद उन आरोपों से उपजा है कि बानू मुश्ताक ने अतीत में ऐसे बयान दिए हैं, जिन्हें कुछ लोग हिंदू विरोधी और कन्नड़ विरोधी मानते हैं।सिम्हा और अन्य आलोचकों का तर्क है कि यह उत्सव पारंपरिक रूप से वैदिक अनुष्ठानों और देवी चामुंडेश्वरी को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ शुरू होता है, इसके उद्घाटन के लिए मुश्ताक का चयन, धार्मिक भावनाओं और इस आयोजन से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही परंपराओं का अनादर करता है।राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता के. शशिकिरण शेट्टी ने कहा कि दशहरा का उद्घाटन राज्य का कार्यक्रम है।उन्होंने बताया कि उद्घाटन के लिए आमंत्रित किये जाने वाले व्यक्ति का चयन करने वाली समिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय सांसद और विधायक भी शामिल थे।शेट्टी ने अदालत से जनहित याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि चुनौती में दम नहीं है।मैसूरु में दशहरा उत्सव 22 सितंबर से शुरू होगा और 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर इसका समापन होगा। राज्य सरकार द्वारा बानू मुश्ताक को दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने के निर्णय पर भाजपा नेताओं और अन्य लोगों ने आपत्ति जताई है। इससे पहले, एक पुराना वीडियो वायरल हुआ जिसमें मुश्ताक को कथित तौर पर कन्नड़ भाषा को, देवी भुवनेश्वरी के रूप में पूजा करने पर आपत्ति जताते और यह कहते हुए सुना जा सकता है कि यह उनके जैसे लोगों (अल्पसंख्यकों) के लिए बहिष्कार करने वाला है।कई भाजपा नेताओं ने मुश्ताक से दशहरा का उद्घाटन करने की सहमति देने से पहले देवी चामुंडेश्वरी के प्रति अपनी श्रद्धा स्पष्ट करने को कहा था।हालांकि, मुश्ताक ने कहा है कि उनके पुराने भाषण के चुनिंदा हिस्सों को सोशल मीडिया पर डाल कर उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है।भाजपा पर मैसूरु दशहरा का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हाल में कहा था कि यह उत्सव सभी समुदायों के लोगों द्वारा नाडा हब्बा (राज्य उत्सव) के रूप में मनाया जाता है और लेखिका बानू मुश्ताक को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने पर सम्मानित करने के लिए इसका उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# अनन्या पांडे ने पहली बार बनाया ब्लॉग

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। अनन्या पांडे मालदीव में छुट्टियां मना रही है। एक्ट्रेस लगातार अपनी मालदीव वेकेशंस की झलकियां फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। इन छुट्टियों के दौरान अनन्या ने एक नई चीज में हाथ आजमाया है। उन्होंने व्लॉग मेकिंग में पहली कोशिश करते हुए वीडियो शेयर किया है। इस पर नेटिजन्स के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं।

अनन्या पांडे ने आज सोमवार को एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें उन्होंने सुबह उठने से लेकर नाश्ता, स्विमिंग, साइकिलिंग, लंच, डिनर और घुमक्कड़ी के कुछ पल शेयर करते हुए वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा है, 'व्लॉग मेकिंग में मेरा पहला प्रयास, लेकिन मालदीव में बेहद खुशनुमा वक्त बिताने को मिला है' अनन्या पांडे के इस वीडियो पर नेटिज्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। कोई अनन्या की क्यूटनेस की तारीफ कर रहा है तो कोई व्लॉगिंग के लिए उनका उत्साह बढ़ा रहा है। कुछ यूजर्स तो उन्हेंयूट्यूब चैनल खोलने का ही सुझाव दे रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'हम आज व्लॉगर अनन्या पांडे से मिल रहे हैं'। कुछ यूजर्स और व्लॉग्स बनाने का सुझाव दे रहे हैं। कुछ नेटिजन्स तंज भी कस कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपके पास जब कोई स्किल न हो तो फेमस होने का इकलौता जरिया'।अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म का नाम है, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी'। यह फिल्म 31 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अनन्या पांडे के साथ कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस हैं। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है।



# झारखंड: गिरिडीह में 35 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त, पांच गिरफ्तार

गिरिडीह, (भाषा)। झारखंड के गिरिडीह जिले में पुलिस और बिहार आबकारी विभाग की एक संयुक्त छापेमारी में 35,000 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बिहार आबकारी विभाग, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) रांची और गिरिडीह पुलिस ने रविवार रात निमियाघाट थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार का पर्दाफाश करने के लिए छापेमारी की। डुमरी के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सुमित प्रसाद ने कहा, "हमने एक संयुक्त छापेमारी में 35,000 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त की है। यह स्प्रिट एक वाहन से चुराकर एक होटल के पीछे छिपाई गई थी। पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। निमियाघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया जाएगा।"

# भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच पर सरकार के फैसले को समझती है जनता : आशीष शेलार

नागपुर, (भाषा)। महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने सोमवार को कहा कि देश की जनता एशिया कप में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की अनुमति देने के केंद्र सरकार के फैसले को पूरी तरह समझती है क्योंकि यह एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था, न कि दोनों देशों का कोई दौरा था। भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में हुए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की, जबकि विपक्षी दलों ने मैच का बहिष्कार करने का आह्वान किया था और मैच की अनुमति देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की।नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए शेलार ने शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे की आलोचना की, जिनकी पार्टी ने देश के विभिन्न हिस्सों में मैच के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे। उन्होंने कहा कि उनका (ठाकरे) रुख अतार्किक है। शेलार ने कहा, मुझे लगता है कि भारत की जनता केंद्र सरकार के फैसले को पूरी तरह समझ गई है। यह भारत-पाकिस्तान दौरा नहीं था। भारत सरकार ने तो ऐसे किसी द्विपक्षीय टूर्नामेंट का प्रस्ताव रखेगी और न ही इसे स्वीकार करेगी। रविवार का मैच एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का हिस्सा था और भारत की जनता ने देश की भागीदारी पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन सप्ताह बाद फिर से खुले शैक्षणिक संस्थान

डोडाजम्मू, (भाषा)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में लगभग सभी शैक्षणिक संस्थान तीन सप्ताह तक बंद रहने के बाद सोमवार को फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।आम आदमी पार्टी (आप) की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष मेहराज मलिक को आठ सितंबर को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। उन्हें हिरासत में लिए जाने के कारण हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद अधिकारियों ने निषेधाज्ञा लागू कर दी थी तथा मोबाइल इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सेवाएं निलंबित कर दी थी।अधिकारियों ने ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं भी बहाल कर दी हैं और जिले के अधिकांश हिस्सों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा हटा ली है। इसके अलावा बेहतर कानून व्यवस्था के बीच हिरासत में लिए गए 81 लोगों में से 70 को रिहा कर दिया गया है।डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मेहता ने डोडा में संवाददाताओं से कहा, जिले में उन क्षेत्रों को छोड़कर कोई प्रतिबंध नहीं है जो पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों (मलिक की नजरबंदी के खिलाफ) का केंद्र बन गए थे।

# फिल्म जटाधारा नवंबर में रिलीज होगी

नई दिल्ली, (भाषा)। सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू अभिनीत फिल्म जटाधारा देश के सिनेमाघरों में सात नवंबर को रिलीज होगी। जी स्टूडियोज के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) उमेश कुमार बंसल ने कहा, जी स्टूडियोज को फिल्म जटाधारा को दर्शकों के बीच पेश करने पर गर्व है। यह सिर्फ सिनेमा नहीं है, यह एक ऐसा अनुभव है जो कहानी और दृष्टि को नए सिरे से परिभाषित करता है। हमारे सहयोगी एस के जी एंटरटेनमेंट, सुधीर बाबू, सोनाक्षी सिन्हा और कलाकारों के साथ मिलकर दर्शकों को एक ऐसे क्षेत्र में ले जाने के लिए तैयार है, जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। फिल्म का निर्माण उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने किया है।

# हिंदी वैश्विक क्षितिज पर स्थापित हो रही है: डॉ. पाल



नई दिल्ली/ भटिंडा (वीअ)। नागरी लिपि से समृद्ध हिंदी अब देश विदेश में अपना परचम फहरा रही है। सूचना प्रौद्योगिकी के सहारे सोशल मीडिया पर अब नई पीढ़ी साहित्य रचकर हिंदी के भंडार में श्रीवृद्धि कर रही है। विदेशों में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की हिंदी पीठ, विभिन्न देशों में संचालित भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, दूतावास, उच्चायोग और स्वयं सेवी संस्थाएं तथा व्यक्तिगत प्रयासों से सराहनीय हिंदी शिक्षण का कार्य हो रहा है। अभी भी इसे और गति देने की आवश्यकता है। उक्त विचार नागरी लिपि परिषद के महामंत्री और न्यूयॉर्क अमेरिका से प्रकाशित वैश्विक हिंदी पत्रिका सौरभ के संपादक डॉ हरिसिंह पाल ने हिंदी दिवस के अवसर पर पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा द्वारा ' विश्व भाषा के रूप में हिंदी: स्थिति और चिंतन ' विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय आभासी संगोष्ठी के सत्र की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। इसमें अमेरिका के हिंदी सेवी एवं पूर्व प्रोफेसर आचार्य डॉ सुरेंद्र गंभीर , ओस्लो, नार्वे के भारत - नार्वे सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम के अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द्र शुक्ल, ताशकंद विश्वविद्यालय, उज्बेकिस्तान के भाषा एवं साहित्य विभाग की अध्यक्ष डॉ नीलोफर खोद्जाएवा, एम सी विश्वविद्यालय , दक्षिण कोरिया की विजीटिंग प्रोफेसर डॉ यन्यू सोन, मणिपुर विश्वविद्यालय इम्फाल के हिंदी विभाग की आचार्य डॉ ई विजय लक्ष्मी ने विषय का प्रतिपादन किया। स्वागत भाषण समकुलपति डॉ किरण हजारिका ने दिया। संचालन हिंदी विभाग की सहप्राध्यापिका डा मधुलिका बेन पटेल ने और धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार सेन ने किया। संगोष्ठी में जापान के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ तोमियो मिजोकामी सहित देश विदेश के अनेक नागरी हिंदी विद्वान और शोधार्थी भी उपस्थित रहे।

# मणिपुर के चूड़ाचांदपुर जिले में कुकी नेता के घर को आग लगाई

चूड़ाचांदपुर/इंफाल, (भाषा)। मणिपुर के चूड़ाचांदपुर जिले में एक कुकी नेता के आवास को भीड़ द्वारा कथित तौर पर आग लगा दिए जाने से तनाव फैल गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने दावा किया कि कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के नेता कैल्विन ऐखेनथांग के आवास को रविवार देर रात आग लगा दी गई। हालांकि चूड़ाचांदपुर के स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का दावा किया। केएनओ ने केंद्र के साथ ससेंशन ऑफ ऑपरेशन (एसओओ) समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) और स्वदेशी जनजातीय नेताओं के फोरम (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग के आवास को भी उपद्रवियों ने निशाना बनाया लेकिन स्थानीय लोगों के समय पर हस्तक्षेप करने से घर को आग लगाए जाने से बचा लिया गया। कुकी-जो समुदाय के दो प्रमुख संगठनों ने चार सितंबर को केंद्र के साथ पुनः बातचीत की शर्तों पर एसओओ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे जिसके तहत वे मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने, नामित शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से दूर स्थानांतरित करने और राज्य में स्थायी शांति और स्थिरता लाने के लिए समाधान की दिशा में काम करने पर सहमत हुए। अधिकारियों ने कहा कि केएनओ और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) के साथ एसओओ समझौते पर हस्ताक्षर से अशांत राज्य में शांति प्रयासों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# आज का भविष्यफल

**मेषः** रिश्तों में सामंजस्य रहेगा और दांपत्य जीवन सुखद होगा। दैनिक कार्यों में संतुलन रहेगा। दिन को शुभ बनाने हेतु गुलाबी रंग और 3 अंक सहायक रहेंगे।

**वृषभः** पुराने कार्य पूरे होंगे और योजनाओं को गति मिलेगी। मित्रों का साथ प्रसन्नता लाएगा। आज शुभ रंग ग्रे और अंक 9 आपके लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

**मिथुनः** रिश्तों में सामंजस्य रहेगा और दांपत्य जीवन सुखद होगा। आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। सुनहरा रंग की आभा और अंक 33 आज आपके साथी रहेंगे।

**कर्कः** परिवार में शांति और आनंद बना रहेगा। धन लाभ के अवसर बनेंगे। आज शुभ रंग लाल और अंक 70 आपके लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

**सिंहः** करियर में नए अवसर मिलेंगे और उन्नति होगी। नई योजनाएं आपके लिए लाभकारी होंगी। दिन को शुभ बनाने हेतु बैंगनी रंग और 85 अंक सहायक रहेंगे।

**कन्याः** आर्थिक मामलों में स्थिरता आएगी और लाभ मिलेगा। नई योजनाएं आपके लिए लाभकारी होंगी। बैंगनी रंग की आभा और अंक 77 आज आपके साथी रहेंगे।

**तुलाः** नवाचार से लाभ होगा और प्रगति सुनिश्चित होगी। धन लाभ के अवसर बनेंगे। भाग्य आपके पक्ष में रहेगा। भूरा रंग और अंक 25 शुभ होंगे।

**वृश्चिकः** मित्र सहयोग करेंगे और समाज में सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आपके लिए गुलाबी रंग और अंक 11 सफलता लाएँगे।

**धनुः** रिश्तों में सामंजस्य रहेगा और दांपत्य जीवन सुखद होगा। आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। भाग्य आपके पक्ष में रहेगा। हरा रंग और अंक 14 शुभ होंगे।

**मकरः** स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और ऊर्जा बनी रहेगी। दैनिक कार्यों में संतुलन रहेगा। दिन को शुभ बनाने हेतु बैंगनी रंग और 3 अंक सहायक रहेंगे।

**कुंभः** धैर्य रखने से सफलता मिलेगी और मान-सम्मान बढ़ेगा। मित्रों का साथ प्रसन्नता लाएगा। आपके लिए काला रंग और अंक 7 सफलता लाएँगे।

**मीनः** धैर्य रखने से सफलता मिलेगी और मान-सम्मान बढ़ेगा। मित्रों का साथ प्रसन्नता लाएगा। काला रंग की आभा और अंक 70 आज आपके साथी रहेंगे।

**डा.सुनील भारती दैवज्ञः मो. 09891192750**

# क्या करिश्मा कपूर के बच्चों को मिलेगा पिता संजय कपूर की संपत्ति में अधिकार

नई दिल्ली (वीअ)। संजय कपूर की पूर्व पत्नी करिश्मा कपूर के बच्चों का पिता की संपत्ति में अधिकार का हाई प्रोफाइल मामला दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा है।

जून 2025 में संजय कपूर की आकस्मिक मौत के बाद संजय कपूर एवं एवं पूर्व पत्नी करिश्मा कपूर की बेटी समायरा(20) एवं कियान(15) ने दिल्ली हाई कोर्ट में पिता की संपत्ति में अपने हिस्से के लिए दावा ठोका है। संजय कपूर की कुल संपत्ति 30,000 करोड़ की है। संजय कपूर की पूर्व पत्नी के बच्चों का कहना है कि उनकी सौतेली मां प्रिया सचदेवा ने पिता के वसीयतनामा को 7 हफ्ते तक छुपा कर रखा तथा उसको तोड़ मरोड़ कर पेश किया। इस संबंध में दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष तंवर ने पैतृक संपत्ति में बच्चों के अधिकार पर कानूनी जानकारी देते हुए कहा कि पति पत्नी के बीच तलाक उनका



अपना निजी मामला है। अगर उन दोनों के बीच बच्चों के फाइनेंशियल सेटलमेंट को लेकर भी कोई एग्रीमेंट हुआ है तब भी पिता की संपत्ति में बच्चों का अधिकार प्रभावित नहीं होता। अधिवक्ता सुभाष तंवर ने बताया कि हिंदू सक्सेशन एक्ट 1956 ऐसे मामलों में बच्चों का अधिकार संरक्षित करता है। अगर पिता के द्वारा कोई वसीयतनामा बनाया गया है तो वह सिर्फ बटवारा के तरीके एवं संबंधित उत्तराधिकारियों के अनुपातिक हिस्से को दर्शाता है।

# पीएफआई ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। पीपुल्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. मनीमिज़ियन के नेतृत्व में, संगठन की राष्ट्रीय संरचना को मजबूत करने के लिए नई नियुक्तियों को मंजूरी दी है। आज जारी किए गए कार्यालय आदेश के अनुसार, निम्नलिखित पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

डॉ. एल्विन रॉलैंड टिमोथी - राष्ट्रीय सचिव के रूप में नियुक्त, एनआरआई कल्याण और केन्द्रशासित प्रदेश पुदुचेरी के प्रभारी। ए. लियो पैट्रिक क्रिस्टी - राष्ट्रीय सचिव के रूप में नियुक्त, मानवाधिकार, कर्नाटक के मीडिया प्रभारी और अतिरिक्त जिम्मेदारी के रूप में तमिलनाडु राज्य के भी कार्य संभालेंगे। एंथनी बप्तिस्ता फर्नांडीस - राष्ट्रीय सचिव के रूप में नियुक्त, खेल, संस्कृति और प्रशिक्षण विभाग के संचालन के प्रभारी। यह आदेश डॉ. भार्गव मल्लप्पा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (संगठन और प्रशासन) द्वारा जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नियुक्तियों पर बोलते हुए, डॉ. भार्गव मल्लप्पा ने कहा, ये नियुक्तियाँ पीएफआई की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में अपने प्रभाव को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। प्रत्येक नए सचिव अपने मूल्यवान अनुभव और समर्पण के साथ हमारी पहुंच बढ़ाने और हमारे मिशन को पूरा करने में योगदान देंगे। डॉ. एल्विन रॉलैंड टिमोथी ने अपनी नियुक्ति पर कहा, एनआरआई कल्याण और पुदुचेरी की जिम्मेदारी संभालना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं समुदायों के साथ जुड़कर उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं को समझने और समाधान करने के लिए तत्पर हूँ। ए. लियो पैट्रिक क्रिस्टी ने कहा, मानवाधिकार और मीडिया की जिम्मेदारी मुझे सौंपना एक सम्मान और चुनौती दोनों है। मैं जमीनी स्तर की आवाज़ों को उठाने और हमारे कार्यक्रमों में न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। एंथनी बप्तिस्ता फर्नांडीस ने कहा, खेल और संस्कृति सामाजिक परिवर्तन के शक्तिशाली साधन हैं। मैं पीएफआई के इन क्षेत्रों में कार्यक्रमों को मजबूत करने और प्रशिक्षण व समुदाय सहभागिता के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित हूँ।



Dr. BHARGAV MALLAPPA
National Deputy Chairman
In-charge of Administration & Organization
People Forum of India
National Bharat Sevak Samaj
Govt. of India Organisation

Date:15.09.2025

OFFICE ORDER

People Forum of India, National Chairman Shri.Dr. Manimozhiyan ji has been approved the following office bearers will be appointed.

1. Dr.Alwin Roland Timothy- National Secretary, I/c of NRI's welfare and Pondichery UT of PFI
2. Shri.A.Leo Patrick Christy- National Secretary, I/c of Human Rights, Media incharge of Karnataka State and additional incharge of Tamilnadu State PFI.
3. Shri.Anthony Baptista Fernandes- National Secretary, I/c of Sports, Culture and Training Department

This order comes today(15.09.25) with immediate effect.

Copy to:
1. Dr.S.Manimozhiyan, National Chairman
2. All National office bearers and State Chairmans.

Sincerely,
(Dr. Bhargav Mallappa)
National Deputy Chairman
I/c, Organisation & Administration

Official mail us to: peopleforumindia01@gmail.com/dr.bhargavmallappa@peopleforumindia.in

वीर अर्जुन न्यूज पेपर्स (प्रा) लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल नरेंद्र द्वारा वीर अर्जुन प्रेस, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-2 से मुद्रित एवं प्रकाशित
प्रधान सम्पादक:अनिल नरेंद्र
ज्वाइंट एडिटर: आदित्य नरेंद्र
सहायक सम्पादक : सदानन्द पाण्डेय *
संपादकीय :
फोन: 011-23318276
फैक्स: 011-23730544
: 011-41509000
E-mail:
newsdesk@virarjun.com
विज्ञापन
फोन : 011-44718542
011-23357216
E-mail:
advt@virarjun.com
virarjun10@gmail.com
प्रसार: 011-23724452
हवाई शुल्क: 1.50 पैसे
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
● किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय में ही होगा।

# हर 10 में से 8 भारतीयों को अपने बुजुर्गों की देखभाल के लिए मदद की ज़रूरत

नई दिल्ली, (वीअ)। भारत में जेन एस लाइफ के हालिया सर्वे ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल को लेकर चिंताओं की गहरी तस्वीर सामने रखी है। टियर 1 और 2 शहरों के 1,000 से अधिक परिवारों से बातचीत में पाया गया कि हर 10 में से 8 भारतीय मानते हैं कि उन्हें अपने बुजुर्गों की देखभाल में भरोसेमंद मदद की आवश्यकता है। सर्वे के अनुसार, 72फीसदी ने स्वास्थ्य को सबसे बड़ी चिंता बताया, जबकि 68फीसदी ने अकेलेपन को प्रमुख समस्या माना। इसके अलावा, 42फीसदी ने सुरक्षा, 39फीसदी ने सामाजिक जीवन और 37फीसदी ने पैसों को अन्य बड़ी चुनौतियों में गिना। आज 62फीसदी बुजुर्ग अकेले रहते हैं और केवल 2फीसदी ही सीनियर केयर सेंटर में रहते हैं। इस कारण 54फीसदी बच्चे रोज़ाना चिंता महसूस करते हैं, खासकर काम के दौरान। आर्थिक सहयोग भी चुनौती है- 46फीसदी लोग नियमित, जबकि 26फीसदी कभी-कभी सहयोग करते हैं, फिर भी 57फीसदी मानते है कि यह पर्याप्त नहीं है। शहरों में जहाँ अकेलेपन की चिंता (71फीसदी) ज़्यादा है, वहीं छोटे कस्बों में स्वास्थ्य आपात स्थिति (69फीसदी) बड़ी समस्या है। दूरी के कारण 63फीसदी बच्चों को अपराधबोध भी होता है। ऐसे में, जेन एस लाइफ ने हेल्थकेयर, सुरक्षा और सामाजिक सहारे के नेटवर्क के साथ सस्ती योजनाएँ शुरू की हैं। इसका मकसद है कि देखभाल जिम्मेदारी से आगे बढ़कर रिश्ते में प्यार और जुड़ाव को मजबूती दे। नतीजों पर टिप्पणी करते हुए जेन एस लाइफ की फाउंडर, मीनाक्षी मेनन ने कहा कि ये आंकड़े दिखाते हैं कि सेहत और अकेलापन असली चुनौतियाँ है।

# पार्टी से निलंबन के बाद पहली बार विस पहुंचे राहुल ममकूटाथिल

तिरुवनंतपुरम, (भाषा)। पार्टी से निलंबन के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल ने सोमवार को केरल विधानसभा सत्र में भाग लिया और दावा किया कि उनका यह कदम संगठन के खिलाफ नहीं था।

यौन दुराचार के कई आरोपों के बाद पलक्कड़ विधायक को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नेमोम शाजीर और कुछ अन्य साथियों के साथ विधायक सत्र शुरू होने के कुछ मिनटों बाद विधानसभा पहुंचे थे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन द्वारा सदन में उनकी उपस्थिति को लेकर कथित तौर पर आपत्ति जताए जाने के बावजूद ममकूटाथिल को कांग्रेस पार्टी के एक बड़े वर्ग का समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए ममकूटाथिल ने मीडिया को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मिलने की कोशिश की लेकिन इसके लिए उन्हें अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "भले ही मैं फिलहाल निलंबित हूं लेकिन मैं अंत तक कांग्रेस का कार्यकर्ता रहूंगा। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी पार्टी के फैसलों का उल्लंघन करता हो।" ममकूटाथिल ने दावा किया कि मीडिया जो दिखा रहा है वो गलत है और आरोप लगने के तुरंत बाद ही उन्होंने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी थी। हालांकि, मीडिया द्वारा बार-बार पूछे जाने के बावजूद विधायक अपने खिलाफ लगे आरोपों या उससे संबंधित कथित ऑडियो क्लिप के बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच पिनाराई विजयन सरकार द्वारा की जा रही है, जिसके खिलाफ उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में सबसे अधिक आंदोलन किए थे।

राहुल ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने का हर संभव प्रयास करने वाली वामपंथी सरकार ने जांच का जिम्मा अपनी सबसे विश्वसनीय एजेंसी राज्य पुलिस को सौंपा है। ममकूटाथिल ने कहा,"जांच जारी रहने दीजिए। इसे आगे बढ़ने दीजिए"। उन्होंने आगे कहा कि वे जांच एजेंसी के दायरे में आने वाली किसी भी चीज पर टिप्पणी नहीं कर सकते।वह यह स्पष्ट करने में भी हिचकिचा रहे थे कि क्या वह आने वाले दिनों में विधानसभा सत्र में सहभागी होंगे? राहुल ने सोमवार को जब सदन में प्रवेश किया तब किसी ने कोई खास प्रतिक्रिया नहीं दी। उस समय सभी सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री वी एस अच्युतानंदन समेत दो अन्य नेताओं को श्रद्धांजलि दे रहे थे। उस दौरान उन्हें एक कागज पर कुछ लिखते देखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि वो विपक्ष से मिले एक नोट का जवाब दे रहे थे, जिसके बाद वह सदन से बाहर चले गए।

सूचना
हमारे यहां अखबारों की प्रिंटिंग व डिसपैच की सुविधा देश के कोने-कोने के लिए उपलब्ध है
: सम्पर्क करें : -
आदित्य ग्राफिक्स
9868475104
प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002

वीर अर्जुन
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी/दैनिक समाचार पत्र के लिए आवश्यकता है महिला एवं पुरुष विज्ञापन प्रतिनिधियों की। विज्ञापन के क्षेत्र में अनुभवी एवं फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं। संपूर्ण विवरण सहित आवेदन करें:-
dpks0008@gmail.com
तथा
mehta.virarjun@gmail.com
9871763690, 8130704757

# सरकार की ऐतिहासिक पहल: विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

## युवा बनेंगे विकसित दिल्ली के एम्बेसडर : रेखा गुप्ता

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की रेखा सरकार ने युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक व विशेष कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम योजना की शुरुआत की। राजधानी दिल्ली के शासकीय इतिहास मे ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली सरकार ने युवाओं को सीधे शासन और नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का मंच प्रदान किया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस योजना से युवाओं को राजधानी का भविष्य गढ़ने में अपनी भूमिका मजबूत करने का अवसर मिलेगा। दिल्ली सचिवालय में आज एक विशेष कार्यक्रम में दिल्ली के कॉलेजों से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं को इंटर्नशिप ऑफर लेटर वितरित किए गए। यह इंटर्न्स तीन महीनों तक दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं पर प्रत्यक्ष कार्य करेंगे। यह इंटर्नशिप युवाओं को शासन की चुनौतियों से परिचित कराएगी और उन्हें समाधानकारी सोच विकसित करने का मंच देगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद खुशी का अवसर है कि पहली बार दिल्ली सरकार के




इतिहास में इस तरह की इंटर्नशिप का आयोजन हो रहा है, जहां नॉन-पॉलिटिकल ब्रेन्स को सिस्टम का हिस्सा बनाया जा रहा है। हमारे युवाओं से मिले नए विचार, नई तकनीक और नया विजन सरकार के लिए प्रेरणा और बदलाव का जरिया बनेंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार वह हमेशा मानती हैं कि आज के युवा, कल के नेता है और उनकी सोच सरकारी सिस्टम में नई ऊर्जा का संचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह इंटर्नशिप केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली के भविष्य का सह-निर्माण है। यह साझेदारी सरकार को सिर्फ सिखाने का नहीं, बल्कि सरकार को युवाओं से सीखने का भी अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहल दिल्ली को पेपरलेस गवर्नेंस, डेटा-ड्रिवन एडमिनिस्ट्रेशन, स्मार्ट पॉलिसी फॉर्मेशन और डिजिटल इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबकासाथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प से जोड़ते हुए कहा कि दिल्ली सरकार का यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह इंटर्नशिप प्रोग्राम विकसित दिल्ली की नींव है। हमारी सरकार का मानना है कि आज का अनुभव कल का नेतृत्व बनेगा। यही इंटर्न्स दिल्ली के भविष्य की पहचान और भारत के विकास की सबसे मजबूत ताकत बनेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में कॉमन एडमिशन फॉर्म की पहल की थी, जिसने हजारों छात्रों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाया। उन्होंने कहा कि बदलाव तभी संभव है जब हम शिकायत करने के बजाय समाधान प्रस्तुत करें और सिस्टम का हिस्सा बनकर काम करें। इस कार्यक्रम के लिए लगभग 9000 विद्यार्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से कड़े चयन प्रक्रिया के बाद 84 होनहार युवाओं को चुना गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक रही। ऑनलाइन टेस्ट, निबंध लेखन, दस्तावेज़ सत्यापन और बूट कैंप में संवाद एवं वर्कशॉप्स के आधार पर युवाओं का चयन किया गया है।

# रामलीला राजधानी की सांस्कृतिक धरोहर : रविन्द्र इन्द्राज

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। समाज कल्याण मंत्री और दिल्ली सरकार की रामलीला समिति के अध्यक्ष श्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह एवं समिति सदस्यों ने सोमवार को सचिवालय में सभी जिलों के डीएम, एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, पुलिस और फायर विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी रामलीला आयोजनों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। श्री रविन्द्र इन्द्राज ने आयोजन को सेवा पखवाड़े के दौरान होने वाले कार्यक्रमों से जोड़कर जनसहयोग से सफल बनाने के निर्देश दिए।

समाज कल्याण मंत्री ने बैठक में प्रत्येक जिले में सक्रिय रामलीला समितियों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने और सभी आवश्यक अनुमतियों को समयबद्ध तरीके से जारी करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को पूरी तरह तैयार करने के निर्देश दिए। बीते वर्षों में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए इस वर्ष विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में रविन्द्र इन्द्राज ने आयोजकों से जुड़ी सभी रियायतों को



लेकर, माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के द्वारा दिए गये सभी निर्देशों को लागू करने के लिए कहा।

साथ ही बैठक में पिछले वर्षों के सिक्योरिटी रिफंड बकाया होने की शिकायतों पर श्री रविन्द्र इन्द्राज ने निर्देश दिए कि, उनके भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही आगे से यह समस्या आयोजकों को न हो, इसके लिए एसओपी बनाकर तय समय में सिक्योरिटी रिफंड सुनिश्चित करें। समाज कल्याण मंत्री ने रामलीला आयोजन की मंजूरी के साथ झूलों एवं अन्य मनोरंजन साधनों की मंजूरी प्रक्रिया में भी समन्वय बनाकर सहयोग करने के निर्देश सभी डीएम को दिए।

कैबिनेट मंत्री ने आयोजन स्थलों पर सफाई, फॉगिंग, अस्थायी शौचालय, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, फायर ब्रिगेड, पुलिस एवं ट्रैफिक प्रबंधन की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आयोजन स्थल के मार्ग में सड़कों में यदि मरम्मत की आवश्यकता हो तो यह कार्य, तत्काल करने के निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री ने नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी डीएम को निर्देश दिया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो संदेशों और बैनरों को रामलीला स्थलों पर स्क्रीनिंग किया जाए और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाए।

# एनएसयूआई छात्र संघ चुनाव में करेगी क्लीन स्वीप : राजकुमार जैन

## यमुना विहार के ली डायमंड होटल में बैठक आज



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में इस बार सभी चारों सीटों पर एनएसयूआई प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।यह कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार जैन का। राजकुमार जैन कहते है एनएसयूआई ने साफ़ छवि के कर्मठ छात्रों को प्रत्याशी बनाया है जिन्हें विश्वविद्यालय की समस्याओं का बारीकी से ज्ञान है और चारों प्रत्याशी छात्रों में बेहद लोकप्रिय है। प्रचार के दौरान उन्हें सभी कालेजों में जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है जिसके आधार पर वे कह सकते है इस बार छात्र संघ चुनाव में चारों सीटो पर एन.एस.यू.आई.प्रत्याशी बड़े मार्जन से जीत दर्ज करेगें। राजकुमार नें बतया एन.एस.यू.आई. सन्गठन तो पूरी ताकत से लगा ही हुआ है प्रदेश कांग्रस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देश पर दिल्ली कांग्रेस के तमाम नेता ,जिला अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्ष भी अपने-अपने क्षेत्रों में छात्रों तथा उनके परिजनों से सम्पर्क कर रहे है जहां हमारे प्रत्याशियों को जबर्दस्त समर्थन मिलता दिख रहा है। राज कुमार जैन नें बतया 16 सितम्बर मंगलवार को दोपहर 12 बजे यमुना विहार के ली डायमंड होटल में कांग्रस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक रखी है जिसमे जिले के तमाम कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहेगें जिन्हें कांग्रेस महासचिव तथा राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ,दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी क़ाज़ी निजामुद्दीन,एन.एस.यू.आई.के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव संबोधित करेंगे।

# सिरसा ने दुर्गा पूजा की तैयारियों की समीक्षा की

## 97 समितियों को मिला सिंगल विंडो सिस्टम से अप्रूवल

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने इस बार की दुर्गा पूजा को भव्य और सुचारु बनाने के लिए ऐतिहासिक सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया है। पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, जो दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने आज उच्च स्तरीय बैठक कर दिल्ली भर में तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में माननीय विधायक श्रीमती शिखा राय, श्री नीरज बसोया, श्री रविंदर सिंह नेगी और श्री चंदन कुमार चौधरी मौजूद रहे। इसके अलावा डिविजनल कमिश्नर श्री नीरज सेमवाल, सभी जिलाधिकारियों और एमसीडी, डीडीए, बीएसईएस, हॉर्टिकल्चर, हेल्थ, दिल्ली पुलिस और फायर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए मंत्री जी ने कहा, अब एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर भटकने का समय खत्म हो गया है। हमने सिंगल विंडो सिस्टम बनाया है, जिससे पूजा समितियों को 72 घंटे के भीतर सभी अप्रूवल और एनओसी मिल जाएंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है कि भक्तों को किसी दिक्कत का



सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि अभी तक 134 आवेदन आए हैं जिनमें से 97 मंजूर हो चुके हैं और बाकी भी जल्द पास कर दिए जाएंगे। श्री सिरसा ने कहा कि सरकार सिर्फ अनुमति देने वाली एजेंसी नहीं, बल्कि सहयोगी की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, हम खुद हर स्तर पर तैयारी देख रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि सफाई, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा सभी पूरी तरह सुनिश्चित हों।

**बैठक में सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए :** सफाई: एमसीडी को सभी पूजा स्थलों पर अतिरिक्त सफाईकर्मी लगाने और नियमित फॉगिंग करने के निर्देश। सुरक्षा और सुविधा: पीडब्ल्यूडी पेड़ों और घास की कटाई करेगा ताकि रौशनी और मूर्ति लाने-ले जाने में कोई दिक्कत न हो। सुरक्षा: दिल्ली पुलिस खासकर सीआर पार्क और कस्तूरबा नगर जैसे इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करेगी। हर समिति को सुरक्षा चेकलिस्ट भी दी गई है। स्वास्थ्य: हेल्थ विभाग को निर्देश दिया गया कि बड़े पूजा स्थलों पर एम्बुलेंस और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## जज रविंद्रर कुमार पहुजा सम्मानित



नई दिल्ली, (वीअ)। श्री खाटू श्याम रसोई ट्रस्ट के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन लाजपत नगर ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें देश के जाने-माने गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया ।इस अवसर पर पीएलए के प्रमुख रविंद्रर पहुजा को भी सम्मानित किया गया रविंद्रर पाहुजा को यह सम्मान भूतपूर्व आईपीएस डॉ आनंद कुमार ने दिया ।इस अवसर पर आईपीएस डॉ आनंद कुमार ने कहा की रविंद्रर पाहुजा सही मायने में देश की सेवा कर रहे हैं। देश की सेवा वही करता है ।जो समाज को शिक्षित करता है। पीएलए इंस्टीट्यूट बच्चों को बड़े-बड़े पदों पर पढ़ाकर पहुंचाता है। इस मौके पर सम्मानित रविंद्रर पाहुजा ने कहा कि वह शिक्षा को गांव गांव तक ले जाना चाहते हैं ।ताकि गांव-गांव का बच्चा पढ़ लिखकर जज बने, आईपीएस बने ,व अन्य क्षेत्रों में नाम करें। इस अवसर पर सम्मानित दीपांशु पहुजा, आशीष गुप्ता, अजय जैन, संजीव गर्ग बीरेन्द्र खनेजा, जे पी सचदेवा और पवन अग्रवाल सहित तमाम गण लोगों ने भाग लिया।

## महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित : अलका लांबा




नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा अल्का लांबा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज और दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह सहित अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी और दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थीं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में देश भर की महिलाओं के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित किए हैं और महिला कांग्रेस ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिए हमेशा प्रासंगिक कदम उठाए हैं। महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर संविधान के सिद्धांतों में पूर्णत: विश्वास और उन पर अमल करने व संविधान अनुसार कार्य करने का संकल्प लिया गया। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के गतिशील नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण का अभिन्न अंग बनाकर उनके सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम उठा रही है।

## आईपी यूनिवर्सिटी में टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड और ब्लेंडेड लर्निंग में अंतर्राष्ट्रीय एफडीपी का शुभारंभ

नई दिल्ली, (वीअ)। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन ने कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के सहयोग से टेक्नोलॉजी-इनेबल्डऔर ब्लेंडेड लर्निंग में उच्च शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाना विषय पर पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया। **कार्यक्रम की मुख्य बातें** : लक्ष्य: उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रौद्योगिकी-सक्षम और मिश्रित शिक्षा को बढ़ावा देना। भागीदारी: कार्यक्रम में विश्वभर से लगभग 750 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। उद्देश्य: कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल युग के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना और शैक्षणिक नवाचार को मजबूत करना है। **महत्वपूर्ण वक्तव्य** : प्रो. महेश वर्मा: जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मिश्रित और प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रो. सरोज शर्मा: यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन ने कार्यक्रम के महत्व और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लाभों पर प्रकाश डाला।

# भ्रष्टाचार छिपाने के लिए किया दिल्ली नगर निगम के शिक्षा निदेशक का तबादला : अंकुश नारंग

## भाजपा और शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार को लगातार आप उजागर करती रही है : अंकुश नारंग

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने एमसीडी के शिक्षा विभाग के निदेशक का अचानक तबादला करने को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए शिक्षा निदेशक का तबादला किया है। भाजपा शासित एमसीडी के शिक्षा विभाग में सीनियरिटी लिस्ट, प्रिंसिपल प्रमोशन लिस्ट और शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया में हो रही लगातार धांधलियों को आम आदमी पार्टी ने हमेशा उठाता है। ''आप'' द्वारा लगातार शिक्षा विभाग के उठाए गए मुद्दों को संज्ञान में लेते हुए भाजपा ने एमसीडी के शिक्षा निदेशक पद से संजय सिंह को हटा दिया गया। अब निगम आयुक्त सीनियरिटी लिस्ट और प्रिंसिपल प्रमोशन लिस्ट में हुई इन धांधलियों की जांच कराए और दोषियों पर कार्रवाई कर जेल भेजे।

एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि शिक्षा विभाग के निदेशक का तबादला तुरंत प्रभाव से हो गया। आप ने लगातार शिक्षा विभाग और



भाजपा की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया था। हमने 30 जून, 2025 को यह उजागर किया था कि शिक्षा विभाग की वरिष्ठता सूची और स्थानांतरण नीति में गड़बड़ी है। जबकि उस समय महापौर ने कहा था कि इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है और पदोन्नति व स्थानांतरण बिल्कुल ठीक हो रहा है।

अंकुश नारंग ने कहा कि हमने मुद्दे उठाया था कि 1995 से 2002 तक की बन रही वरिष्ठता सूची गलत है। दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (डीएसएसबी) ने 2001 में पहली भर्ती की थी, तो शिक्षा विभाग ने बिना मापदंड लिए मेरिट कैसे बना दी? जब प्रमोशन सूची ली गई तो मार्क खाली छोड़ दिए गए और लिख दिया कि 30 जून, 2025 को सेवानिवृत्ति। इन्होंने अनुसूचित जाति के शिक्षकों को साफ दरकिनार करते हुए वरिष्ठता सूची और प्रमोशन सूची बनाई।

अंकुश नारंग ने कहा कि जब वरिष्ठता सूची सही नहीं थी, तो प्रमोशन सूची कैसे सही हुई? इन दोनों मुद्दों को आप ने प्रेस वार्ता करके लगातार उजागर किया। साथ ही, सबूत दिखाए कि स्थानांतरण नीति में कैसे भाजपा और शिक्षा विभाग पैसे लेकर पर्ची बनाकर अपने हिसाब से काम करते हैं। जब 50 शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया, तो उनमें से 25 लोग अपना स्थानांतरण चाहते थे, जबकि 25 लोग तबादला नहीं चाहते थे। फिर भी उन्हें जबरदस्ती स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें एक स्टेज चार कैंसर रोगी और एक ऑस्टियो आर्थराइटिस मरीज भी शामिल थे। एक शिक्षक का दो साल पहले स्थानांतरण हो चुका था, फिर भी दोबारा स्थानांतरण किया गया। स्थानांतरण रोकने के लिखित आवेदन के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई। इससे साफ दिख रहा था कि भाजपा और शिक्षा विभाग मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मूक बधिर बच्चे करेंगे हवाई यात्रा : श्याम सुन्दर अग्रवाल

## जन्मदिन पर होगी छठी हवाई यात्रा



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित प्रमिला बाई मूक बधिर स्कूल के 15 बच्चों और 3 शिक्षिकाओं को हवाई जहाज से जयपुर यात्रा कराई जाएगी। इस विशेष पहल का नेतृत्व पूर्व महापौर श्यामसुंदर अग्रवाल कर रहे हैं। श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि 16 सितंबर को स्कूल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 15 होनहार बधिर छात्र-छात्राओं को जयपुर ले जाया जाएगा। बच्चों को जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों - आमेर का किला, जयगढ़ का किला, जंतर-मंतर और हवा महल - की सैर कराई जाएगी, साथ ही उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जानकारी भी दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा, ठइन बच्चों का हवाई सफर करना हमेशा एक सपना रहा है, और हमें खुशी है कि हम उनके इस सपने को साकार कर पा रहे हैं। यात्रा से पहले बच्चों को आज हवाई टिकट और टी-शर्ट प्रदान की गई। इस अवसर पर शाहदरा जिला महिला मोर्चा मंत्री कंचन शर्मा, आनंद विहार मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा और प्रीत विहार मंडल अध्यक्ष वैभव मेहरा भी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को पेन और यात्रा संबंधी जानकारी देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया पूर्व महापौर ने बताया कि सभी बच्चे कल सुबह 4 बजे स्कूल में एकत्र होंगे, जहां से टैक्सियों द्वारा एयरपोर्ट पहुंचाया जाएगा। सुबह 7 बजे उड़ान भरकर यह दल 8 बजे जयपुर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि पहले भी वे ऐसे कई लोगों को हवाई यात्रा करा चुके हैं जिनके लिए यह केवल सपना था। श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और हम आगे भी समाजसेवा के ऐसे प्रयास जारी रखेंगे।

# 32 इंजीनियर को सम्मानित किया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। इंजीनियर दिवस के अवसर पर आज दिल्ली इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा आज सिविक सेंटर में इंजीनियर परम यादव की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली एवं देश के 32 प्रख्यात इंजीनियर का अभिनंदन किया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधायक श्री सतीश उपाध्याय एवं दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, स्थाई समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा, नेता सदन श्री प्रवेश वाही एवं निगमायुक्त श्री अश्वनी कुमार की गरीमामयी उपस्थिति में उत्कृष्ट इंजीनीयरों को सम्मान प्रपत्र देकर सम्मानित किया गया।

**इंजीनियर विकास की रीढ़ हैं, के साथ भविष्य की दिशा तय करने वाले इनोवेटर भी हैं : रेखा गुप्ता**

आज जिन इंजीनियर्स को सम्मानित किया जाएगा उनमें प्रमुख रुप से इसरो के वैज्ञानिक इंजीनियर श्री मनोज कुमार सिंह एवं श्री धृती रंजन गान, इंजीनियर श्री आकाश पाढी, बी.एस. कटोडिया, श्री अनिल कुमार सिंह, श्री मनोज कुमार शर्मा, श्री नरेश फलवारिया, श्री के.के. बंसल, श्री अनिल कुमार शर्मा, श्री अनुराग राजपूत, श्री तरुण खंडेलवाल, श्री मुकेश कुमार शर्मा, श्री सचिन सरोहा, श्रीमती सीमा मीना, श्री साकिब, श्रीमती खुशी राम, श्री अतुल भारद्वाज, श्री एस सी आर्या, श्री योगेन्द्र शर्मा, श्री एस एल बैरवा, श्री जितेन्द्र कुमार गर्ग, श्री अरविन्द कुमार यादव, श्री मुकेश पाल सिंह, श्री बी.एस. दलाल, श्री सुनील सोनकर, श्री एस ए खान, श्री एच पी सिंह, श्री अजय गुप्ता, श्री रामवीर तंवर, एस एन सरन, श्री विवेकानंद विवेक एवं स्व. विनित कुमार (उनकी धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया) का नाम शामिल है। रेखा गुप्ता ने सभी सम्मानित इंजीनियर को बधाई देते हुए कहा कि जब भारत आजाद हुआ उस वक्त तकनीकी रूप से भारत समृद्ध नहीं था लेकिन यह इंजीनियर ही हैं जिन्होंने ना ही देश की तस्वीर को बदलने का काम किया बल्कि आज अगर भारत समृद्ध है तो उसमें एक अहम योगदान इंजीनियर का है। उन्होंने कहा कि आज के भारत में इंजीनियर ना केवल विकास की रीढ़ हैं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाले इनोवेटर भी हैं। देश बनता है तकनीकी विकास से, और तकनीकी विकास होता है इंजीनियरों से।

# प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर दिल्ली विधानसभा में अपने प्रधानमंत्री को जाने प्रदर्शनी लगेगी

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली विधान सभा परिसर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की 75वीं जन्मदिवस के अवसर पर एक विशेष प्रदर्शनी अपने प्रधानमंत्री को जानें का आयोजन किया जा रहा है।दिल्ली विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा को प्रदर्शित करेगी और 2 अक्टूबर 2025 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।इस समारोह के अंतर्गत विधानसभा पुस्तकालय में माननीय प्रधानमंत्री को समर्पित विशेष पुस्तक गैलरी का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे विधायकों और शोधकर्ताओं को प्रधानमंत्री के विचारों, भाषणों और कार्यों को जानने और उनसे सीखने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री के ठएक पेड़ माँ के नामठ अभियान के अंतर्गत दिल्ली विधान सभा में वृक्षारोपण भी किया जाएगा, जो विकास, स्थायित्व और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ और सक्षम भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।



श्री गुप्ता ने कहा कि यह सिर्फ किसी व्यक्ति के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि उस नेता को नमन है जिसकी दूरदृष्टि, संकल्प और निरंतर सेवा नए भारत की कहानी से जुड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र भवन, जिसने भारत की लोकतांत्रिक यात्रा देखी है, हमें याद दिलाता है कि सच्चा नेतृत्व विशेषाधिकार में नहीं बल्कि कर्तव्य में निहित है। कुछ ही जीवन इस सत्य को उतनी शक्ति से दर्शाते हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जीवन इसका सर्वोत्तम उदाहरण है - जो साधारण पृष्ठभूमि से उठकर समर्पण, दृढ़ निश्चय

★विधानसभा पुस्तकालय में प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित विशेष पुस्तक गैलरी का होगा उद्घाटन

★एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत दिल्ली विधान सभा में किया जाएगा वृक्षारोपण

और सेवा भाव के बल पर देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचे। श्री गुप्ता ने कहा कि उनकी कहानी लोकतंत्र की उस भावना को दर्शाती है कि भारत में नेतृत्व त्याग, दृष्टि और जनता के विश्वास से अर्जित किया जाता है।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी हॉल और विशेष पुस्तक गैलरी का निरीक्षण कर सभी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विधायकों को आमंत्रित करते हुए उनसे यह आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की जनता को इस प्रदर्शनी को देखने हेतु प्रोत्साहित करें, ताकि लोग प्रधानमंत्री के जीवन और योगदान से गहन परिचय प्राप्त कर सकें।

## शिकायतें आपकी समाधान हमारा

पाठकों को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि दैनिक वीर अर्जुन अपने पाठकों की निजी समस्याओं को प्रकाशित करने एवं उनके समाधान की कोशिश करने का प्रयास करेगा आप सभी से अनुरोध है कि आप अपनी समस्याएं pandey.virarjunnews@gmail.com अथवा pathakvirarjun@gmail.com पर भेजें ताकि दैनिक वीर अर्जुन आपकी समस्याओं के समाधान में भूमिका निभा सके।

**– सम्पादक**

# दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष 10 संसाधन केंद्र खुलेंगे : रेखा गुप्ता

**★एक ही छत के नीचे बच्चों को मेडिकल, शैक्षणिक, परामर्श सेवाएं मिलेंगी : मुख्यमंत्री**

**★प्रत्येक केंद्र में छह विशेषज्ञों की टीम करेगी दिव्यांग बच्चों की देखभाल**

**वीर अर्जुन संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और पुनर्वास के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने जानकारी दी है कि हमारी सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए राजधानी के विभिन्न इलाकों में 10 नए संसाधन केंद्र (रिसोर्स सेंटर) खोल रही है। इन केंद्रों में दिव्यांग बच्चों को उनकी विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप चिकित्सीय, शैक्षणिक और परामर्श सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों में करीब 12,500 बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह 17 सितंबर को इन केंद्रों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि सवाल केवल इतना नहीं है कि दिव्यांग बच्चों को स्कूलों में प्रवेश मिल जाए। हमारा वास्तविक संकल्प है कि ऐसे बच्चों की विविध शैक्षिक, चिकित्सीय और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। अक्सर इन बच्चों को पढ़ाई में इसलिए कठिनाई होती है क्योंकि उनकी चिकित्सीय जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने जिला स्तर पर संसाधन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये केंद्र दिव्यांग बच्चों के लिए समन्वित और व्यापक सेवाओं के केंद्र होंगे, जहां उन्हें फिजियोथेरपी, स्पीच थेरपी, ऑक्युपेशनल थेरपी, बिहैवियरल इंटरवेंशन और अन्य सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ये 10 केंद्र शुरू करने जा रही है। इनमें लगभग 12,500 दिव्यांग बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और उन्हें न केवल शैक्षिक अवसर बल्कि जीवन कौशल विकसित करने के लिए भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि प्रत्येक केंद्र में छह विशेषज्ञों की टीम नियुक्त की जाएगी। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों के पेशेवर होंगे जैसे, स्पीच थेरपिस्ट, जो बच्चों की बोलने और संवाद की क्षमता को सुधारेंगे। फिजियोथेरपिस्ट, जो मोटर स्किल्स (बच्चे को शारीरिक रूप से इतना सक्षम बनाना कि वह चल-फिर सके, खेल सके और अपने रोज़मर्रा के काम खुद करने लगे) और शारीरिक गतिविधियों में सहयोग देंगे। ऑक्युपेशनल थेरपिस्ट, जो बच्चों को दैनिक जीवन कौशल सिखाएंगे। बिहैवियरल एक्सपर्ट, जो व्यवहार सुधार और परामर्श देंगे। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञ जो विशेष चिकित्सीय और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि इन सेवाओं का सीधा प्रभाव बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना का मूल उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली, सुलभ और समान सेवाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही ये केंद्र जिला स्तर पर नोडल संस्थान के रूप में काम करेंगे, जहां विकलांगता से संबंधित योजनाओं की योजना, क्रियान्वयन और निगरानी की जाएगी। साथ ही शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय को प्रशिक्षित कर समावेशी शिक्षा की संस्कृति को और मजबूत बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का यह भी कहना है कि हमारी सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के दूरगामी लाभ होंगे जिनमें बहु-विषयक विशेषज्ञों की टीम द्वारा बच्चों का औपचारिक आकलन और उनकी आवश्यकताओं की पहचान। प्रत्येक विद्यार्थी का विस्तृत केस रिकॉर्ड तैयार करना, ताकि आगे की चिकित्सीय या शैक्षिक रेफरल की सुविधा सुनिश्चित हो। फिजियोथेरपी, स्पीच थेरपी, ऑक्युपेशनल थेरपी और काउंसलिंग जैसी सेवाओं का पूरी तरह निःशुल्क लाभ। इसके अलावा परिवार परामर्श सेवाओं की उपलब्धता, जिससे अभिभावकों को भी बच्चों की देखभाल और विकास में सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग बच्चों को न केवल शिक्षा का उचित अवसर मिले, बल्कि उनके सम्पूर्ण विकास के लिए भी समान अवसर उपलब्ध हों।

# एनएसयूआई डूसू चुनाव में जीत दर्ज करके दिल्ली विश्वविद्यालय को बदलने की अहम भूमिका निभाएगी : सचिन पायलट

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस महासचिव व राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में एनएसयूआई के पैनल के समर्थन में मिरांडा कॉलेज, कैंपस लॉ सेंटर और हिंदू कॉलेज के छात्रों से मुलाकात कर उनसे डूसू चुनाव में एनएसयूआई पैनल के चारों उम्मीदवारों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। एनएसयूआई पैनल के समर्थन में प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में भी बैठक हुई और कार्यकर्ताओं और पूर्व छात्र नेताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में दिल्ली प्रभारी निजामुद्दीन काजी और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ भी मौजूद थे। नार्थ कैंपस के कॉलेजां में डूसू चुनाव में एनएसयूआई उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांगने के अभियान में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार जोसलीन नंदिता



चौधरी के साथ प्रचार में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा अनिल भारद्वाज, राजस्थान से विधायक मुकेश भाकर, डूसू के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री, मोहित चौधरी और लोकेन्द्र चौधरी भी शामिल थे। सचिन पायलट ने कहा कि एनएसयूआई डूसू चुनाव में जीत दर्ज करके दिल्ली विश्वविद्यालय को बदलने की अहम भूमिका निभाऐगी। उन्होंने कहा कि डूसू चुनाव में बहुत ही शानदार और संतुलित पैनल एनएसयूआई ने उतारा है, हमारे उम्मीदवारों की छवि छात्रों में बेहतर है। दिल्ली विश्वविद्यालय के नौजवान छात्रों की आवाज बैलट पेपर पर दिखाई देगी और हमारे सभी उम्मीदवार अच्छे बहुमत से जीतेंगे। सचिन पॉयलट ने कहा कि डूसू चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज देश में जो नकारात्मक माहौल बना है उसके लिए पूरी तरह भाजपा जिम्मेदार है, उसमें फिर केन्द्र की सरकार हो या दिल्ली की सरकार हो। दोनो जहां रिकॉर्डतोड़, बेरोजगारी, शिक्षा का नीजिकरण, फीस में बढ़ोत्तरी के जिम्मेदार है, वहीं नए कॉलेज खोलने और सीटों को बढ़ाने की दिशा में कोई काम नही किया है।

# मुदित अग्रवाल की चाय पार्टी से उत्तर पूर्वी दिल्ली की सियासत गरमाई

## सात साल बाद फिर सक्रिय हुए नॉर्थ ईस्ट में

**- अश्वनी भारद्वाज -**

नई दिल्ली। पूरे सात साल तक उत्तर पूर्वी दिल्ली की सियासत से कन्नी काट चुके मुदित अग्रवाल एक बार फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली की सियासी पिच पर बैटिंग की राह तलाश रहे है। जी हाँ यह केवल हमारा ही आकलन नहीं है बल्कि यहां की सियासत के धुरंधर भी यही चर्चा कर रहे है। दरअसल एक लम्बे समय के बाद मुदित नें उत्तर पूर्वी दिल्ली में अपनी सक्रियता दिखाई और अपने खासमखास चौधरी बेगराज के यहाँ चाय पार्टी रख बम्पर शाट खेल सबको चौंका दिया। चाय पार्टी में उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के तहत सभी दस विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को बुलाया गया था। ज्यादातर लोगो को खुद मुदित नें इनवाइट किया था इसके अलावा विधानसभा स्तर पर भी उन्होंने अपने विश्वस्त लोगो को इनवाईट करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। नतीजा यह रहा घोंडा विधानसभा को छोड़ कर सभी विधनासभा क्षेत्रो से अनेक प्रभावशाली लोग मुदित की चाय पार्टी में शामिल हुए। हालंकि चाय पर चर्चा जरुर थी लेकिन कोई खास चर्चा नहीं हुई अलबत्ता मुदित यह संदेश देने में कामयाब जरुर हुए अभी ईलाके के उनके अनुयायी और विभिन्न क्षत्रपों से नाखुश लोगो को वे अपने मंच में लाने में सक्षम है। इस पार्टी में कुछ ऐसे भी लोग शामिल हुए जो सभी गुटों में समा जाते हैं। ऐसे लोग कौन रहे उनकी चर्चा फिर कभी करेंगे



आज तो हमारी चर्चा का विषय केवल मुदित की सक्रियता है। उल्लेखनीय है करीब आठ साल पहले जब मुदित के पिताश्री जे.पी.अग्रवाल उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस की सियासत की धुरी हुआ करते मुदित नें चाय पर चर्चा अभियान के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन किये थे जिसकी शुरुआत हरनाम पैलेस से की थी जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे ,उस सफल आयोजन के बाद मुदित नें हर विधानसभा में इस तरह के आयोजन कर कार्कितों में अपनी पकड़ तथा पार्टी शीर्ष नेत्रत्व की निगाहें अपनी गतिविधियों पर आकर्षित की थी। समझ गए ना आप मुदित लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे थे लेकिन पार्टी नें स्व,शीला दीक्षित को प्रत्याशी बना उन्हें झटका दे दिया था और उनके पिता जे.पी.अग्रवाल को चांदनी चौक से प्रत्याशी बना दिया था, पिछला चुनाव भी श्री अग्रवाल चांदनी चौक से ही लड़े और मुदित भी वहीं से विधानसभा का चुनाव लड़े। चांदनी चौक से खाली हाथ लौटने के बाद मुदित की नजरें एक बार फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र पर लग गई है इस सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता। मुदित की पार्टी में बेगराज के अलावा विधानसभा चुनाव लड़े ईश्वर बागड़ी,अब्दुल रहमान ,सुरेश्वती चौहान की टीम ,निगम पार्षद हाजी जरीफ ,सबका जिक्र करेंगे तो चर्चा लंबी हो जायेगी लेकिन इतना बता देते हैं सबसे ज्यादा लोग बाबरपुर तथा रोहताश नगर से थे जबकि अन्य विधानसभा से भी पांच से दस-दस लोग मौजूद थे सबसे कम घोंडा से केवल दो ही लोग थे जो भीष्म शर्मा विरोधी थे इसी तरह रोहताश नगर से भी पूर्व पार्षद अनिल गौतम ,मयंक चतुर्वेदी अशोक शर्मा ,सुनील पांचाल सहित करीब आधा दर्जन लोग मौजूद रहे। कुल मिलाकर एक लम्बे अरसे के बाद मुदित का शो कामयाब रहा और क्षेत्र में एक चर्चा छोड़ गया चांदनी चौक हो या उत्तर पूर्वी दिल्ली अपने पिता की सियासी पिच पर उनकी बैटिंग जारी रहेगी। आज बस इतना ही ...

# फिल्म निर्माता करण जौहर व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली, (विसं)। फिल्म निर्माता करण जौहर ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर अपने व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों की सुरक्षा करने का अनुरोध किया। यह याचिका न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की गयी, जिन्होंने जौहर के वकील से कुछ स्पष्टीकरण मांगे और मामले को आगे की सुनवाई के लिए शाम चार बजे के लिए सूचीबद्ध कर दिया। अपने व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के अलावा, जौहर ने अदालत से यह भी आग्रह किया है कि वह कुछ वेबसाइटों और मंचों को निर्देश देने के लिए एक आदेश पारित करे कि वे उनके नाम और छवि वाले मग व टी-शर्ट सहित अन्य सामान की अवैध बिक्री न करें। जौहर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कहा, मुझे यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि कोई भी अनधिकृत रूप से मेरे व्यक्तित्व, चेहरे या आवाज का उपयोग न करे। प्रचार के अधिकार को व्यक्तित्व अधिकार के नाम से जाना जाता है। उसमें किसी की छवि, नाम या मिलते-जुलते व्यक्तित्व की रक्षा करने का अधिकार है।

# विश्वकर्मा समाज के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता : गुरमीत सूरा

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। देश के उत्थान में विश्वकर्मा समाज के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के वरिष्ठ नेता तथा पश्चमी जिले के पूर्व सह-प्रभारी गुरमीत सिंह सूरा का। उक्त विचार गुरमीत सिंह नें अशोक नगर शाहदरा में अखिल भारतीय विश्वकर्मा वंशज सर्वोस्थान संगठन द्वारा कराए गए कार्यक्रम में व्यक्त किये कार्यक्रम के आयोजक अजय पांचाल और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा भगवान श्री विश्वकर्मा स्रष्टि के रचयिता है वे कल्पना मात्र से रचना एवं निर्माण कर दिया करते देवता भी उनकी कला की सराहना किया करते। यहाँ तक कि उन्होंने स्वर्ग की रचना भी की थी ,भगवान श्री शंकर के त्रिशूल, भगवान श्री कृष्ण के सुदर्शन चक्र, तथा लंका की रचना भी उन्होंने ही की थी। इसीलिए भगवान श्री विश्वकर्मा को पौराणिक कथाओं में निर्माण और रचना के देवता के रूप में वर्णित किया गया है। विश्वकर्मा जी की कारीगरी, निर्माण और इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता थी। गुरमीत सिंह सूरा नें विश्वकर्मा समाज के लोगों को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करके उनके सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा की



बात रखी। श्री सूरा नें विश्वकर्मा समाज की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों को मनाने के महत्व के बारे में भी बताया। विश्वकर्मा समाज के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधानों पर चर्चा की जैसे कि शिक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना। इस मौके पर गुरमीत सिंह नें विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के योगदान की भी चर्चा की सरकारद्वारा समाज के लिए रोजगार की योजनायें बनाने तथा कम ब्याज पर लोंन की व्यवस्था करने के बारे में जानकारी दी। इस संख्या में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के कार्यों से प्रेरणा ले समाज : नरेश बंसल



नई दिल्ली, (वीअ)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए राज्यसभा सांसद और बीजेपी के राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने कहा कि आज मोदी सरकार के कार्य पूरे देश में नजर आ रहे हैं। पीतमपुरा स्थित मधुबन अपार्टमेंट में शुरू किए गए सेवा कार्यों की पहली कड़ी में श्री बंसल ने सोसाइटी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। बीजेपी सांसद ने कहा कि ये कर्मचारी समाज की बुनियाद हैं और प्रधानमंत्री जी ने वंचित वर्ग के सम्मान की परम्परा आरंभ करके उन्हें स्वाभिमान से जीने की प्रेरणा दी है। इसी कारण अब मोदी जी के नेतृत्व में देश में सभी वर्गों का उत्थान हो रहा है। श्री नरेश बंसल ने कहा कि हर भारतवासी को प्रधानमंत्री के कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अंत्योदय ही हमारी बीजेपी सरकार का अंतिम लक्ष्य है। इस अवसर पर नमो इम्पैक्ट के संपादक अतुल सिंघल ने कहा कि सेवा सप्ताह के दौरान मधुबन सोसाइटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में निवासियों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए के प्रधान के पी भूटानी, सचिव अविनाश बंसल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, सुप्रसिद्ध समाजसेवी प्रो सुरेश चंद सिंघल, जगदीश राय गोयल, मोहन शुक्ला, अनिल जैन, सुशील बंसल , सुभाष गर्ग, सीए पार्थ गुप्ता एवं आरडब्ल्यूए के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आरोग्य मंदिरों के लिए 1,000 चिकित्सकों की भर्ती करेगी दिल्ली सरकार

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली सरकार अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों आरोग्य मंदिरों को मजबूत बनाने के लिए 1,000 से अधिक चिकित्सकों की भर्ती करेगी। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशानिर्देशों के अनुसार होगी और नियुक्ति पूरी तरह से संविदा के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कौशल परीक्षण भी होगा। आरोग्य मंदिर पहल का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के तहत एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। अधिकारी ने बताया राष्ट्रीय राजधानी में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए, 2026 तक सभी मंदिर स्थापित किए जाने हैं, और हर महीने 100 आरोग्य मंदिर शुरू करने का लक्ष्य है।

# विश्वकर्मा जयंती सम्मान समारोह में विधायक जुबेर अहमद पहुंचे : मुकेश पांचाल

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। हिंदी मित्र सेवा समिति के द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन रामनगर में धूमधाम से मनाया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष रेखा खन्ना ने की दीप प्रज्वलन पूर्व निगम पार्षद अनिल गौतम, जेएस कटारिया डीपी जैन आर डी कौशिक कैलाश चंद्र पांचाल सभी ने मिलकर किया। इस अवसर पर मंच का संचालन समिति महासचिव मुकेश पंचाल ने किया समिति द्वारा पांचाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांचाल दिल्ली के अध्यक्ष नवीन कुमार पांचाल विश्वकर्मा युवा जन कल्याण सेवा संगठन के अध्यक्ष सरवन पांचाल वरिष्ठ समाजसेवी निर्मल गुप्ता अजय अरोड़ा, संजीव शर्मा किसान, इस्पात एवं संचार मंत्रालय के पूर्व सदस्य दीपक शर्मा, कुलदीप पांचाल, नवीन चन्द्रा, जवाहर सिंह कुशवाहा, लोकेश पांचाल पीतांबर जोशी चौधरी देवानंद आरिफ भाई बब्बू मलिक संजय शर्मा पवन शर्मा बिट्टू विश्वकर्मा



धर्मेंद्र राय राम ठाकुर रियाज अहमद रमेश चंद सैनी पंकज शर्मा रामलाल मनोज पांचाल राजेंद्र पांचाल डीपी जैन सुभाष चंद्र लखपत चौहान इनके अलावा कई लोगों को भगवान विश्वकर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चौधरी जुबेर अहमद पूर्व निगम पार्षद चेयरमैन कुमारी रिंकू वेद सिंह नासिर जावेद के अलावा कई गण मान्य व्यक्ति पहुंचे इस अवसर पर कुलदीप त्यागी ने कहा समिति ने हिंदी दिवस मनाया यह अपने आप में सराहनीय कार्य है क्योंकि हमारे राष्ट्र की भाषा हिंदी है हमें हिंदी हिंदुस्तान का सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर कवि के रूप में सर्वश्री योगेंद्र सुंदरियाल उमाकांत शर्मा पंकज गुप्ता पारो चौधरी बबली सिंह वन्य गजेंद्र कौशिक गजानन डॉक्टर दुष्यंत कुमार डॉक्टर जय जय राम अरुण पाल सहित अन्य कवियों ने भी अपना काव्य पाठ किया पंकज गुप्ता की कविताओं ने समा बांध दिया जिससे श्रोता भाव विभोर हो गई और हाल तालिया की गदगढ़त से गूंज उठा इस अवसर पर समिति महासचिव मुकेश पंचाल ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से समिति यह कार्य कर रही है आगे भी करती रहेगी सभी आए हुए अतिथियों का बार-बार धन्यवाद किया।

# प्रदूषण से दिल्ली के लाल किले को तेजी से नुकसान हो रहा है : अध्ययन

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली की बदतर होती जा रही वायु गुणवत्ता के कारण प्रतिष्ठित लाल किला लगातार और तीव्र गति से क्षतिग्रस्त हो रहा है। एक हालिया अध्ययन में यह दावा किया गया है। एक नए भारतीय-इतालवी अध्ययन के अनुसार, 17वीं सदी के इस स्मारक की लाल बलुआ पत्थर की दीवारों पर प्रदूषकों की काली परतें लगातार जम रही हैं, जिससे इसकी संरचना और सौंदर्य को खतरा उत्पन्न हो गया है। अध्ययन का शीर्षक है- एक सांस्कृतिक विरासत भवन पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का विश्लेषण करने के लिए लाल बलुआ पत्थर और काली परत के लक्षण का वर्णन: लाल किला, दिल्ली, भारत। यह अध्यन इस बात की पहली व्यापक वैज्ञानिक जांच है कि शहरी वायु प्रदूषण 1639 और 1648 के बीच सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित इस ऐतिहासिक स्मारक को कैसे प्रभावित कर रहा है।

भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और इटली के विदेश मंत्रालय के बीच सहयोग के तहत यह शोध इस वर्ष भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान-रुड़की, भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान-कानपुर, वेनिस के का फोस्कारी विश्वविद्यालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया था। टीम ने जफर महल सहित लाल किला परिसर के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित बलुआ पत्थर और काली परत के नमूनों का विश्लेषण किया। निष्कर्षों से पता चला कि काली परतों की मोटाई आवासीय क्षेत्रों में लगभग 0.05 मिलीमीटर के पतले जमाव से लेकर उच्च-यातायात क्षेत्रों की दीवारों पर 0.5 मिलीमीटर की मोटी परतों तक भिन्न-भिन्न थी। ये मोटी परतें पत्थर की सतह से मजबूती से जुड़ी होती हैं, जिससे सतह के उखड़ने और जटिल नक्काशी के नष्ट होने का खतरा रहता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, काली परतों में मुख्य रूप से जिप्सम, बेसानाइट, वेडेलाइट और सीसा, जस्ता, क्रोमियम और तांबा जैसी भारी धातुओं की थोड़ी मात्रा होती है।

# दिल्ली नगर निगम में राजभाषा सम्मान सप्ताह का शुभारम्भ

## राजभाषा हिन्दी को अपने दैनिक प्रशासनिक कार्यों में प्राथमिकता दें : अश्विनी कुमार

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर स्थित मुख्यालय के अरुणा आसफ़ अली सभागार में आज राजभाषा सम्मान सप्ताह के शुभारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ दिल्ली के उप महापौर एवं दिल्ली नगर निगम में हिन्दी समिति के अध्यक्ष, श्री जयभगवान यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिन्दी समिति की उपाध्यक्ष, सुश्री नीला कुमारी; पार्षद, सुश्री रेखा रानी; आयुक्त, श्री अश्विनी कुमार; अतिरिक्त आयुक्त, श्री पंकज नरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में निगम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




इस मौके पर उपमहापौर, श्री जयभगवान यादव ने कहा कि हिन्दी को कामकाज और व्यवहार की भाषा बनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी हमारे देश की पहचान है। निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी अगर प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी का प्रयोग करेंगे तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत होगा। हमें गर्व होना चाहिए कि हम हिन्दी जैसी सशक्त भाषा में अपने कार्य कर सकते हैं। राजभाषा सम्मान सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे दायित्व की याद दिलाने का अवसर है कि हम सभी अपने कार्यालयी कार्यों में हिन्दी को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

हिन्दी समिति की उपाध्यक्ष, सुश्री नीला कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि राजभाषा सम्मान सप्ताह-2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और उसकी व्यावहारिक उपयोगिता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रखे गए हैं। कार्यशाला, प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन जैसे विविध आयोजन न केवल कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगे, बल्कि हिन्दी को कामकाज की भाषा के रूप में अपनाने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण साबित होंगे। आयुक्त अश्विनी कुमार ने अपने संदेश में कहा कि हमारी मातृभाषा हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को समझने का मार्ग भी है। जिस भाषा को हम बचपन में अपनी माँ से सीखते हैं, उसी में भावनाओं की सबसे सहज और सजीव अभिव्यक्ति होती है।

# शीश महल सफेद हाथी जैसा, इस पर बर्बाद हुआ पैसा दिल्ली के खजाने में वापस लाया जाएगा : गुप्ता

नई दिल्ली, (वीअ)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि शीश महल बंगला एक सफेद हाथी की तरह है और दिल्ली सरकार को अभी इसके भाग्य के बारे में फैसला करना बाकी है। यह बंगला अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक आवास के रूप में इस्तेमाल किया गया था। गुप्ता ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केजरीवाल द्वारा इस पर बर्बाद किया गया पैसा दिल्ली के खजाने में वापस आ जाए। साल 2015 में जब आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में सरकार बनाई थी, तब से लेकर पिछले साल सितंबर में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने तक केजरीवाल सिविल लाइंस इलाके में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में रहते थे, जिसे भाजपा ने 'शीश महल' का नाम दिया था। पांचजन्य द्वारा आयोजित आधार इन्फ्रा कॉन्फ्लुएंस 2025 को संबोधित करते हुए गुप्ता ने आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल पर बंगले के निर्माण पर दिल्ली के लोगों की गाढ़ी कमाई को 'बर्बाद' करने का आरोप लगाया। केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहने दौरान पुनर्निर्मित यह बंगला भ्रष्टाचार और महंगी आंतरिक साज-सज्जा तथा घरेलू सामान के आरोपों के कारण विवाद का केंद्र बन गया था। गुप्ता ने कहा, 'यह दिल्ली सरकार के पास सफेद हाथी की तरह पड़ा है और हम सोच रहे हैं कि इसका क्या किया जाए।

# हिंदी दिवस पर डॉ. अपर्णा थपलियाल की दो पुस्तकों का भव्य लोकार्पण

नई दिल्ली, (वीअ)। 14 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस के उपलक्ष में देश का सुप्रसिद्ध चैनल और पत्रिका टू मीडिया के तत्वावधान में एक भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चर्चित लेखिका डॉ. अपर्णा थपलियाल की दो महत्वपूर्ण कृतियों काव्य संग्रह उत्सव तथा बाल साहित्य नानी की अटारी से कविता की पिटारी का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ दोहाकार श्री नरेश शांडिल्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम की शान श्री राजपाल यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार डॉ. संजय जैन तथा टू मीडिया के संपादक श्री ओमप्रकाश प्रजापति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

मंच संचालन का दायित्व डॉ. उर्वी ऊदल ने अपने मनमोहक और प्रभावी अंदाज़ में निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात लेखिका डॉ. अपर्णा



थपलियाल ने मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। इसके उपरांत दोनों पुस्तकों का लोकार्पण बड़े ही उत्साह और उल्लास के बीच सम्पन्न हुआ।

लोकार्पण के पश्चात उपस्थित विद्वानों और साहित्यकारों ने पुस्तकों पर अपने विचार व्यक्त किए तथा लेखिका की रचनात्मकता और सृजनशीलता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर टू मीडिया के संपादक श्री ओमप्रकाश प्रजापति ने डॉ. अपर्णा थपलियाल को ठविद्या वाचस्पतिठ और कुरुक्षेत्र साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया। और सुर संगम की तरफ़ से स्मृति चिह्न भेंट किया और डॉ. संजय जैन व सुश्री उर्वी उदल द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट साहित्यकारों सर्वश्री ज्ञानेंद्र प्रयागी, पीके शायर, रश्मि ममगई, अखिलेश पुरोहित, निधि सिंह, उर्वी ऊदल और अशोक कुमार को भी अंग वस्त्र और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित साहित्यकारों ने अपनी- अपनी कविताओं का वाचन किया, जिससे सभागार में उपस्थित श्रोताओं का मन भावविभोर हो उठा।

# गैंगस्टरों के खिलाफ दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन, 6 आरोपी गिरफ्तार 26 हिरासत में

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार देर रात पुलिस की कई टीमों ने मिलकर कारवाई करते हुए दिल्ली-एनसीआर के गैंगस्टरों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया।

द्वारका जिले की 25 पुलिस टीमों ने एक साथ एनसीआर के 25 ठिकानों पर छापेमारी की। इस अभियान में कुल 380 पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दिल्ली में 19 जगहों पर छापेमारी की, जबकि अन्य टीमों ने हरियाणा में गैंगस्टरों के 6 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।

इस ऑपरेशन को लेकर द्वारका पुलिस उपायुक्त अंकित कुमार सिंह ने बताया कि द्वारका जिला दिल्ली पुलिस ने 25 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन सभी वांटेड अपराधियों, शूटरों और उनके सहयोगियों को निशाना बनाकर चलाया गया। उपायुक्त अंकित कुमार ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही 26 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। उपायुक्त ने बताया कि इस ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान 8 अत्याधुनिक पिस्तौल, देसी पिस्तौल, लगभग 30 राउंड गोलियां जब्त की गई है। इसके अलावा एक बुलेटप्रूफ गाड़ी और एक ऑडी कार भी



मिली है। उपायुक्त ने बताया कि छापेमार के दौरान करीब 35 लाख रुपये कैश और विदेशी मुद्रा बरामद की गई है। इसके साथ ही 50 लाख रुपये से ज्यादा कीमत के सोने का सामान जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने छह आरोपी पवन उर्फ प्रिंस,हिमांशु उर्फ मछी, प्रशांत, राहुल दिवाकर उर्फ मनप्रीत,अंकित ढींगरा उर्फ नोनी, प्रवीण उर्फ डॉक्टर को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली पुलिस ने 6 आरोपी किए गिरफ्तार, क्रिकेट मैच पर लगा रहे थे सट्टा

नई दिल्ली, (वीओ)। पूर्वी जिला दिल्ली के मयूर विहार इलाके में पुलिस ने शनिवार रात को क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे गिरोह का भंडाफोड़ किया। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 32 मोबाइल फोन, कॉल पंचिंग डिवाइस, एलईडी टीवी, सट्टेबाजी के विवरण वाले रजिस्टर और बहीखाते, प्रिंटर, 5 कैलकुलेटर, स्टेशनरी, कैश व एलईडी टीवी बरामद किए है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान लाल बाबू साहनी, जितेंद्र शर्मा, राजू शाह, दिलीप साहनी, हिमांशु रवि और मोहित के तौर पर हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के कब्जे से बरामद लैपटॉप की जांच की गई, तो पता लगा कि उसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी की वेबसाइटें खुली हुई थीं।

## कश्मीर से आदर्श नगर दिल्ली के लिए पार्सल कार्गो ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने जम्मू मंडल के कश्मीर घाटी के बड़गाम रेलवे स्टेशन से आदर्श नगर दिल्ली के लिए 08 पार्सल वैन कोच रैपिड कार्गो ट्रेन (प्रत्येक कोच की भार क्षमता 23 टन) चलाने की घोषणा की थी। आज बड़गाम से इस कार्गो पार्सल ट्रेन को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह में जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावीद अहमद डार, रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य डॉ. मनोज सिंह, जम्मू के मंडल रेल प्रबंधक विवेक कुमार, जम्मू के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल, कश्मीर घाटी के रेलवे क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक साकिब यूसुफ, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

जम्मू-कश्मीर पुलिस



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बड़गाम से कार्गो पार्सल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

ऑर्केस्ट्रा बैंड ने मुख्य अतिथि के स्वागत में देशभक्ति की धुनें बजाई, जिससे उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ी और माहौल राष्ट्रीय भावना से भर गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में, उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देगी। इस नई पार्सल कार्गो ट्रेन सेवा का उद्देश्य विभिन्न उत्पादों और वस्तुओं के लिए एक तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प प्रदान करना है। इससे माल को समय पर उनके गंतव्य तक पहुँचाने में मदद मिलेगी और रसद लागत में भी कमी आएगी। मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक कुमार ने उद्घाटन समारोह में कहा कि ठयह एक ऐतिहासिक उपलब्धि और गर्व की बात है कि भारतीय रेलवे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और यह नई पार्सल कार्गो ट्रेन इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## गुड़गांव सदर बाजार में एक बार फिर दुकान जलकर हुई राख

गुड़गांव, (प्राण शर्मा)। सदर बाजार में हुए एक अग्नि कांड में एक डिस्पोजेबल, और प्लास्टिक सामान की दुकान जलकर राख हो गई। इस अग्नि कांड की सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियों को तुरंत ही मौके पर भेजा गया।

लेकिन दमकल की गाड़ियों के प्लेटफार्म ही नहीं खुले। जिसके कारण आग पर काबू पाने में समय लग गया। इस अग्नि कांड के संबंध में दमकल अधिकारियों के मुताबिक, सदर बाजार की प्लास्टिक वाली गली में सेठ दुर्गा प्रसाद सक्सेना प्लेस में ओमप्रकाश एंड संस और विजय एंड संस की तीन मंजिला दुकान की तीसरी मंजिल में यह घटना हुई। पड़ौसी दुकानदारों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। इस दुकान में आग की सूचना मिलने के करीब 45 मिनट बाद भीमनगर फायर स्टेशन की दो दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची।

इस तीन मंजिला दुकान में लगी आग को बुझाने के लिए जब दमकल दो गाड़ियों में लगे सीढ़ी प्लेटफार्म खोलने का प्रयास किया तो सीढ़ी जाम मिली। इस पर दुकानदारों और व्यापारियों ने दमकल विभाग की लचर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए हंगामा भी किया। इस हंगामा किए जाने की सूचना मिलते ही सिटी थाने थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने भी व्यापारियों ने विरोध दर्ज करवाया। यहां पर हम अपने पाठकों को बता बता देना चाहेंगे कि सदर बाजार की मेन गली के साथ लगती प्लास्टिक गली में डिस्पोजल एवं घरेलू सामान की दुकान में आग लगी। जिसमें अधिकतर प्लास्टिक का सामान भरा हुआ था। हालांकि जिस वक्त आग लगी उस वक्त दुकानें खुली हुई थी। इस आग ने प्लास्टिक का सामान होने के कारण विकराल रूप धारण कर लिया था। जिसके कारण दूसरी व तीसरी मंजिल पर आग की लपटे उठने लगी।

## दिल्ली में प्रेमिका की हत्या के आठ साल बाद रक्सौल से गिरफ्तार हुआ आरोपी

नई दिल्ली, (वीओ)। दिल्ली में आठ साल पहले अपनी प्रेमिका की हत्या के आरोपी को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह नेपाल की एक जेल में बंद था और वहां हाल ही में हुई अशांति के दौरान जेल से भाग गया था। उसके बाद उसे बिहार में रक्सौल से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक 16 नवंबर, 2017 को अर्जुन कुमार उर्फ भोला 131T ने अपनी प्रेमिका को कथित तौर पर कई बार चाकू मारने के बाद गला रेतकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। उस पर एक लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि फरार होने के बाद अर्जुन ने नेपाल में भी जघन्य अपराध किया जिसके लिए उसे 25 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। पुलिस उपायुक्त 1अपराध शाखा1 हर्ष इंदौरा ने कहा कि अर्जुन और उसकी प्रेमिका न्यू अशोक नगर में एक ही इमारत में रहते थे।

# युवती को ब्लैकमेल कर हड़पे 48 हजार, दिल्ली पुलिस ने किया मामला दर्ज

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली करावल नगर में ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। यहां एक आरोपी ने एआई की मदद से 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की अश्लील वीडियो, फोटो बना ली और इनके जरिए छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने इन फोटो और वीडियो के जरिए युवती से करीब 48 हजार रुपए वसूल लिए। इसके बाद युवती ने हिम्मत दिखाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

आरोपी युवती को ब्लैकमेल कर अपने कमरे पर आने के लिए दबाव बना रहा था। लेकिन युवती ने ऐसा करने से साफ इंकार कर दिया। आरोपी ने युवती को धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने इस बारे में पुलिस को कुछ भी बताया तो वो उसके भाई को जान से मार देगा। इसके बाद पीड़िता ने अपने घर से पैसे चोरी करके आरोपी को पांच किश्तों में 48 हजार रुपए दिये थे। घर में जब पैसे गायब होने की बात पता चली, तो पीड़िता घबरा गई। उसकी मां ने जब पैसों के बारे में उससे पूछा, तो पीड़िता ने घरवालों को सारी सच्चाई बताई। परिवार वालों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, 15 वर्षीय युवती परिवार के साथ करावल नगर में रहती है। वह 10वीं कक्षा की छात्रा है। युवती ने अपनी मां के फोन में इंस्टाग्राम आईडी बनाई। इंस्टाग्राम के जरिए करीब 3-4 महीने पहले युवती की दोस्ती पड़ोस के लड़के से हुई। दोनों रोज इंस्टा के जरिए बात करने लगे। कुछ समय बाद आरोपी ने उससे गर्लफ्रेंड बनने को कहा, लेकिन युवती ने मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उसके अश्लील फोटो और वीडियो भेज दी। आरोपी ने युवती को बताया कि उसने ये सब एआई का इस्तेमाल करके बनाई है।

आरोपी इन फोटो, वीडियो के जरिए लगातार कमरे पर आने का दबाव बना रहा था। युवती के मना करने पर आरोपी ने उसे धमकी दी और पैसों की डिमांड की। युवती ने डर के कारण उसे घर से चोरी करके 48 हजार रुपए दे दिए। घर में पैसे चोरी होने की बात हुई, तब इस मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद युवती ने सारी कहानी सुनाई और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। युवती ने बताया कि आरोपी रास्ते में भी शारीरिक छेड़छाड़ करता था। पुलिस ने सारी बातें सुनने के बाद मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद के जनसेवी वरिष्ठ मंत्री का विधानसभा जनसुनवाई का समयानुसार निष्पादन

फरीदाबाद, (वीओ)। विपुल गोयल भारतीय जनता पार्टी हरियाणा सरकार के राजस्व, आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय, नागरिक उड्डयन मंत्री से एक सामाजिक समस्या की सहायता की बैठक के दौरान श्री पी.सी गुप्ता, सभासद अक्षरधाम गोपीनाथ फाउंडेशन वृन्दावन, संस्थापक दुर्गा पूजा समिति एवं वरिष्ठ समाजसेवी, श्री बालकिशन शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज के साथ प्रेस वार्ता के पश्चात सामाजिक समस्याओं का तुरंत सहायता करने के उपरांत। विपुल गोयल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्री बालकिशन शर्मा फरीदाबाद विधानसभा से आए सभी गरीबों, सभी वर्ग की जनता, विकलांगों, वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का शीघ्रातिशीघ्र सुचारू ढंग से निष्पादन तथा संतुष्ट करते आ रहे हैं तथा दूरदराज से आए गांव वालों को विनम्रतापूर्वक तथा सभी के जलपान का भी विशेष ध्यान रखते हैं जिससे किसी को भी तकलीफ न पंहुचे।

### सामुदायिक पुलिसिंग टीम फरीदाबाद द्वारा इंटरनेशनल हेलमेट डे पर हेलमेट के महत्व बताकर किया जागरुक

फरीदाबाद, (वीओ)। पुलिस उपायुक्त यातायात के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने इंटरनेशनल हेलमेट डे पर राइडर रैली में लिया भाग। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक सुनीता प्रभारी सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने बताया कि सड़क हादसों में सबसे अधिक जान-माल की हानि सिर की चोट के कारण होती है, जिसको हेलमेट पहनकर काफी हद तक टाला जा सकता है। निरीक्षक दर्पण कुमार यातायात निरीक्षक एनआईटी जोन ने भी यातायात नियमों तथा नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरुक किया। रैली के दौरान डॉक्टरों की टीम ने भी हेलमेट न पहनने पर होने वाली दुर्घटना के गंभीर परिणाम के बारे में बताया। इस दौरान प्रतिभागियों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया और सभी वाहन चालकों से अपील की गई कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें। कार्यक्रम के अंत में सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा मौजूद लोगों को ट्रैफिक नियमों के पंपलेट वितरित किये गये।

# अर्धनग्न कपड़ों में युवक ने लगा दी दौड़, लोगों ने चोर समझकर पीटा, सच्चाई जान उड़े हर किसी के होश

**वीर अर्जुन संवाददाता**

फरीदाबाद। हनीट्रैप में खुद को फंसता देख एक युवक शनिवार देर रात पर्वतीय कॉलोनी स्थित एक मकान की छत पर अर्धनग्न अवस्था में दौड़ पड़ा। लोगों ने चोर समझकर उसकी पिटाई कर दी। लेकिन जब उसने पूरी कहानी बताई तो उनके होश उड़ गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राजस्थान के खैरथल तिजारा जिले के गांव बढ़ाना निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भिवाड़ी की फेडरल मुगल कंपनी में काम करता है।

पिछले तीन-चार दिनों से उसके मोबाइल पर दो नंबरों से मिस्ड कॉल आ रही थीं। जब उसने दोबारा उस नंबर पर कॉल किया तो कॉल पूजा नाम की महिला ने उठाई। पूजा किसी न किसी बहाने अनिल से बात करने लगी। वह



युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर मारपीट करने के आरोपी पर्वतीय कालोनी चौकी पुलिस की गिरफ्त में।

उसे मिलने के लिए फरीदाबाद बुलाने लगी। अनिल अपने साथी गौरीशंकर के साथ महिला द्वारा संजय एन्क्लेव में दिए गए पते पर उससे मिलने पहुंचा। पूजा अपनी दोस्त चंचल के साथ संजय एन्क्लेव के चाचा चौक पर अनिल से मिली। वह अनिल और गौरीशंकर दोनों को पास के एक घर में ले गई। शिकायतकर्ता के कमरे में घुसते ही दो अन्य युवक बाहर आ गए। युवकों ने गौरीशंकर को वहां से भगा दिया। उन्होंने अनिल की पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों ने अनिल के कपड़े भी उतार दिए।

## डॉक्टर कॉन्क्लेव 2025 में डॉ. डी.के. गुप्ता ने साझा किया क्लीनिक से चेन ऑफ हॉस्पिटल तक का सफर

नोएडा, (वीओ)। जयपुर स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब मे रूंगटा हॉस्पिटल की ओर से डॉक्टर कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में फेलिक्स हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर अपने जीवन संघर्ष, डॉक्टर बनने के जुनून और एक छोटे से क्लीनिक से अस्पतालों की बड़ी श्रृंखला (चेन ऑफ हॉस्पिटल्स) खड़ी करने तक की कहानी साझा की। डॉ. डी.के गुप्ता ने बताया कि किस तरह उन्होंने बचपन से ही लोगों की सेवा करने का सपना देखा और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उस सपने को साकार किया। यह सफर केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं बल्कि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहते हैं। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के एक छोटे से



गांव में जन्म के बाद बचपन बेहद साधारण और संघर्षपूर्ण रहा। पिता जिला पंचायत में कर्मचारी और मां प्राइमरी स्कूल शिक्षिका थीं। लेकिन परिवार के आर्थिक हालात कमजोर थे। सिर्फ 49 साल की उम्र में उनके पिता का निधन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से हुआ, क्योंकि उस समय गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। इस घटना ने भीतर तक झकझोर दिया। पिता के अंतिम संस्कार के समय उन्होंने प्रण लिया कि ठहम उन लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे, जिन्हें आज इनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हिंदी माध्यम की पृष्ठभूमि के कारण उन्हें कई स्कूलों ने दाखिला देने से मना कर दिया।

## 4 वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 2 मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद

फरीदाबाद, (वीओ)। अपराध शाखा एवीटीएस व उंचा गांव की टीम ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 2 मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने अनिल निवासी फरीदपुर को चोरी की मोटरसाईकिल सहित खेड़ीपुल भूपानी रोड व राशिद निवासी गांव रूपडाका जिला पलवल को चोरी की मोटरसाईकिल सहित सिकरोना नाका फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है वहीं अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने राहुल व सूरज निवासी रामनगर सेक्टर 8 फरीदाबाद को चोरी की स्कूटी सहित बाटा चौक फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। जिनको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## बलात्कार मामले में हिरासत में लिए गए हरियाणवी फिल्म अभिनेता उत्तर कुमार

गाजियाबाद, (वीओ)। हरियाणवी फिल्म अभिनेता उत्तर कुमार को सोमवार को एक गायिका के साथ बलात्कार के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। थोड़ी ही देर बाद तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त (ट्रांस-हिंडन क्षेत्र) निमिष पाटिल ने बताया कि 25 वर्षीय एक महिला गायिका ने 18 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुमार ने एक जनवरी 2020 से 31 जुलाई 2023 तक शादी करने और फिल्म में काम दिलाने के बहाने उसका यौन शोषण किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर हरियाणवी अभिनेता के खिलाफ बलात्कार, आपराधिक धमकी के आरोपों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पाटिल ने बताया कि इस मामले में कुमार को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि इसके कुछ ही देर बाद कुमार को तबीयत खराब होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों द्वारा उनकी फिटनेस रिपोर्ट जारी किये जाने के बाद उन्हें फिर से हिरासत में लिया जाएगा। कुमार के खिलाफ दर्ज मुकदमे के मुताबिक कुमार ने कथित तौर पर पीड़िता को गाजियाबाद स्थित अपने कार्यालय और अमरोहा जिले के फार्महाउस पर बुलाया और उस पर शराब पीने और फिल्म निर्माताओं से मिलने का दबाव डाला। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि कुमार ने गायिका से शारीरिक सम्बन्ध बनाने की कोशिश की। इसका विरोध करने पर उन्होंने कथित तौर पर उससे शादी का वादा किया। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि कुमार ने उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण जारी रखा, लेकिन बाद में उससे शादी करने से इनकार कर दिया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति : 27-SRDEE-G-DLI-2025-26-E3 विद्युत उप-स्टेशनों और स्टेशन भवन के लिए अग्निशमन उपकरणों के कार्य की शुरूआत के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| निविदा की अनुमानित लागत : रु. 52,73,500.00 | |
| कार्यालय का पता : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि : रु. 1,05,500.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय : 06.10.2025, 16:00 Hrs. | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय : 06.10.2025, 16:00 Hrs. | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड : www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2829/2025


# दिल्ली बीएमडब्ल्यू दुर्घटना: बार-बार अनुरोध के बावजूद पीड़ितों को दूर के अस्पताल ले गए आरोपी

नई दिल्ली, (वीओ)। दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास मोटरसाइकिल और एक लग्जरी कार के बीच हुई टक्कर में मारे गए वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की पत्नी ने आरोपी दंपति से बार-बार उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराने की गुहार लगाई थी लेकिन उन्होंने यह बात नहीं मानी। मामले में दर्ज प्राथमिकी में यह बात कही गई है। शोकसंतप्त महिला ने पुलिस को दिए गए बयान में कहा, महिला (आरोपी) हमें दुर्घटना स्थल से दूर जीटीबी नगर के एक छोटे से अस्पताल में ले गई। इस बीच, पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिस अस्पताल में पीड़िता को ले जाया गया था, वह आरोपियों से जुड़ा है। सूत्रों ने कहा, अब तक हमें पता चला है कि अस्पताल, जो दुर्घटनास्थल से लगभग 19 किलोमीटर दूर है, आरोपियों से जुड़ा हुआ है। हम सभी तथ्यों की जाँच और सत्यापन कर रहे हैं। चारों

## सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय के अधिकारी की मौत के बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया

नई दिल्ली, (वीओ)। दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के समीप एक बीएमडब्ल्यू कार के एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने की घटना में वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत के बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव नवजोत सिंह (52) की रविवार दोपहर हुई दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आयी है। हादसे के वक्त हरि नगर निवासी पति-पत्नी बंगला साहिब गुरुद्वारे से घर लौट रहे थे। बीएमडब्ल्यू कार एक महिला चला रही थी और उसके साथ उसका पति भी था। इस घटना में वे दोनों भी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, गुरुग्राम निवासी यह दंपति चमड़े की काठी, सीट, कवर, बेल्ट और अन्य उत्पाद बनाने का व्यवसाय करता है। पुलिस ने बताया कि उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अभी उनके बयान दर्ज नहीं किए गए है।

घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले वैन चालक मोहम्मद गुलफाम ने भी ऐसा ही दावा किया है। गुलफाम ने कहा, मैं माल ढुलाई करने वाला वाहन चला रहा था, जब कार में बैठे पुरुष और महिला ने मुझसे घायलों को आजादपुर के एक अस्पताल में ले जाने के लिए कहा तो मैंने वाहन रोक दिया और उन्हें वहां पहुंचाया। पुलिस ने गुलफाम का बयान दर्ज करने के लिए उससे संपर्क किया है। आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव, हरि नगर निवासी नवजोत सिंह (52) की रविवार दोपहर दिल्ली छावनी

## वित्त मंत्रालय के अधिकारी की जान लेने वाली बीएमडब्ल्यू की चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीओ)। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मोटरसाइकिल को यहां बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारने की आरोपी महिला को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी पुलिस ने बताया कि इससे पहले दिन में, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला को हिरासत में ले लिया गया। रविवार दोपहर दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर हुई इस दुर्घटना में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के अधिकारी एवं हरिनगर निवासी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। वे गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे। पुलिस ने एक बयान में कहा, जांच के दौरान, बीएमडब्ल्यू कार की कथित महिला चालक गगनदीप कौर (38), जो परीक्षित मक्कड़ की पत्नी और गुरुग्राम निवासी है, को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। महिला, जो कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू कार चला रही थी, और उसके पति भी दुर्घटना में घायल हो गए।

मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर हुए हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। वे बंगला साहिब गुरुद्वारे से घर लौट रहे थे। बीएमडब्ल्यू कार चला रही महिला और उसका पति भी घायल हो गया। गुरुग्राम के इस दंपति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे चमड़े की काठी, सीट, कवर, बेल्ट और अन्य उत्पाद बनाने का व्यवसाय करते हैं। पुलिस ने बताया कि बीएमडब्ल्यू की महिला चालक को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद

हिरासत में ले लिया गया। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दिए अपने बयान में, नवजोत सिंह की पत्नी संदीप कौर ने कहा, मैं उनसे लगातार विनती कर रही थी कि वे हमें नजदीकी अस्पताल ले जाएं क्योंकि मेरे पति बेहोश थे और उन्हें तुरंत इलाज की जरूरत थी। लेकिन इसके बजाय, वह महिला हमें जीटीबी नगर के एक छोटे से अस्पताल ले गई।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के अधीन टीकेडी स्थित बैलास्ट डिपो में जल निकासी व्यवस्था में सुधार तथा जारी पीआरसी, स्लीपरों के फर्श की व्यवस्था। | रू. 2,21,25,544.82 | रू. 2,60,600/- | 06 माह | 07.10.2025 |

सूचना: निविदा रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 07.10.2025 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। पत्र सं-128-डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा-11-25-26-डब्ल्यु सी दिनांक- 12.09.2025 2824/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वीर अर्जुन

अर्जुनस्य प्रतिज्ञे द्वै, न दैन्यं, न पलायनम् ।

नई दिल्ली, मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025


# क्या नई जंग की है ये आहट?

9 सितम्बर 2025 यानि गत मंगलवार का दिन पूरे मध्य पूर्व, विशेषकर कतर और सऊदी अरब के लिहाज से बहुत अहम रहा। इस दिन इजरायली सेना ने दोहा में हमास नेताओं को अपना निशाना बनाया। घटना के बाद इजारयल द्वारा की गई इस हरकत की लगभग सर्वत्र निंदा हुई। दोहा में मंगलवार को हुए इस मिसाइल हमले के बाद कतर हिल गया है। कतर ने इजरायल को कड़ी चेतावनी दी है। कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने इस हमले को संप्रभुता का स्पष्ट उल्लंघन और क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश बताया। कतरी अधिकारियों के मुताबिक इजरायल का निशाना हमास प्रतिनिधियों को बनाना था, जो दोहा में संघर्ष विराम वार्ता के लिए मौजूद थे। अल-थानी ने इसे एक आतंकी हमला करार देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शांति प्रक्रिया को पटरी से उतारना और पूरे इलाके में अराजकता फैल रहा है। हमले में एक कतरी नागरिक की मौत की पुष्टि हुई है। हालांकि हमास प्रतिनिधिमंडल बन गया। प्रधानमंत्री अल-थानी ने सीधे इजरायली प्रधानमंत्री बेजामिंन नेतन्याहू पर आरोप लगाते हुए कहा - यह हमला इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में एक ऐसा ताकतवर खिलाड़ी मौजूद है जो अराजकता फैला रहा है। नेतन्याहू पूरे क्षेत्र को अपूरणीय टकराव की ओर धकेल रहे हैं। उन्होंने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून और नैतिक मूल्य दोनों के खिलाफ बताया। रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले के बाद कतर के अमीर से बात की। ट्रंप ने हमले की निंदा करते हुए दोहा के प्रति एकजुटता जताई और कतर से आग्रह किया कि वह गाजा में संघर्ष विराम कराने की अपनी भूमिका जारी रखें। उधर इजरायल ने हमले की बात लगभग तुरन्त स्वीकार कर ली। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, इजरायल ने इसे शुरू किया इसे अंजाम दिया और हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। इजरायली मीडिया ने दावा किया कि इस अभियान में 15 इजरायली लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। जिन्होंने 10 बम गिराए। इसमें ड्रोन का इस्तेमाल भी शामिल था। हमला हमास नेतृत्व को निशाना बनाकर किया गया था, हालांकि एक कतरी सुरक्षा अधिकारी सहित छह अन्य लोग मारे गए। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने अमेरिका में 9/11 हमले की 24वीं बरसी पर जारी वीडियो संदेश में कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमले को सही ठहराते हुए सफाई दी। अपने संदेश में नेतन्याहू ने पाकिस्तान और ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अलकायदा का पीछा करते हुए पाकिस्तान में ओसमा बिन लादेन को भी मार दिया था। दोहा हमले का हवाला देते हुए उन्होंने कतर समेत अन्य देशों को चेतावनी दी कि वे चरमपंथियों को पनाह न दें। नहीं तो इजरायल विदेशों में ऐसे हमले जारी रखेगा। बता दें कि ओसमा बिन लादेन को 2 मई 2011 को अमेरिकी नौसेना ने पाकिस्तान के एयरक्राफ्ट में एक ऑपरेशन में मार गिराया था। दोहा हमले को लेकर इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने 7 अक्टूबर के क्रूर नरसंहार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार लोगों को निशाना बनाया जबकि हमास का कहना है कि दोहा में उसके वार्ता प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को निशाना बनाया गया, लेकिन वे हमले में सुरक्षित बच गए। नेतन्याहू ने आगे कहा कि हम 7 अक्टूबर के मास्टर माइंड आतंकवादियों के पीछे गए और हमने यही कतर में किया। वो आतंकवादियों को पनाह देता है, हमास को फंड करता है। आतंकवादी नेताओं को शानदार महल देता है। अब दुनिया के कई देश इजरायल की निंदा कर रहे हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए। कतर के विदेश मंत्रालय ने दोहा हमले की तुलना अलकायदा से करने के नेतन्याहू के बयान की निंदा करते हुए कहा कि ये बयान न केवल इजरायल के कायरतापूर्ण हमले को सही ठहराने की कोशिश है। बल्कि भविष्य में भी संप्रभुता के उल्लंघन को सही ठहराने का शर्मनाक प्रयास भी है। नेतन्याहू पूरी तरह से जानते थे कि हमास सदस्यों की मेजबानी कतर के मध्यस्थता प्रयासों के तहत थी और इसका अनुरोध खुद इजरायल और अमेरिका ने किया था। नेतन्याहू के बयान में दो बार पाकिस्तान का जिक्र किए जाने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स इस पर चर्चा कर रहे हैं। यूजर मंजूर कुरैशी ने लिखा है कि नेतन्याहू कतर को चेतावनी दे रहे हैं कि आतंकवादियों को हमें सौंप दो वरना हम कार्रवाई करेंगे, उन्होंने लिखा यह हैरानी की बात है कि उन्होंने दोहा हमले को सही ठहराते हुए दो बार पाकिस्तान का उल्लेख किया। वही एक अन्य यूजर ने लिखा, पाकिस्तान कतर नहीं है और इजरायल अमेरिका नहीं है। इस बीच कतर से एकजुटता जाहिर करने के लिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ गुरुवार को कतर यात्रा पर रवाना हो गए। कतर इस इजरायली हमले से तो नाराज है ही पर खाड़ी के अन्य अरब देश अब इसका बदला लेने की तैयारी कर रहे हैं। एक बार फिर मध्यपूर्व में नई जंग की आहट सुनाई देने लगी है।

**—अनिल नरेन्द्र**

**इस सम्पादकीय और पूर्व के अन्य संपादकीय देखने के लिए अपने इंटरनेट/ब्राउजर की एड्रेस बार में टाइप करें http://anilnarendrablog.blogspot.com**

# यदि संघ न होता तो भारत का परिदृश्य कैसा होता!



डॉ. मनमोहन प्रकाश

**मेरा स्पष्ट रूप से यह मानना है कि संघ की उपस्थिति ने भारत को वैचारिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से एक नया आयाम दिया है, जबकि उसकी अनुपस्थिति का परिदृश्य भारत को कहीं अधिक असंतुलित, कमजोर और दिशाहीन दिखाता।**

आज भारत ही नहीं, विश्व पटल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। 27 सितम्बर 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में स्थापित इस संगठन ने लगभग एक शताब्दी के सफर में भारत की राजनीति, समाज, संस्कृति और सेवा-क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डाला है। डॉ. हेडगेवार का दृष्टिकोण मात्र एक संगठन खड़ा करना नहीं था, बल्कि भारतीय समाज में ऐसा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद स्थापित करना था जो औपनिवेशिक मानसिकता और पाश्चात्य प्रभावों से मुक्त होकर भारतीयता की जड़ों में निहित हो।

आज यह प्रश्न प्रासंगिक है कि यदि आरएसएस जैसा सेवाभावी संगठन भारत में न होता, तो देश का सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य कैसा होता? इसका उत्तर संघ के योगदान और उसकी अनुपस्थिति से उत्पन्न संभावनाओं का विश्लेषण करके ही समझा जा सकता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात जब देश वैचारिक दिशा की खोज में था, संघ ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की धारा को सुदृढ़ किया। द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरुजी' ने स्पष्ट शब्दों में कहा था -भारत में जो भी आए, उसे यहाँ की संस्कृति अपनानी होगी, तभी वह इस भूमि का अंग बन सकता है (गोलवलकर, हम या हमारी राष्ट्रीयता परिभाषित, 1939)। यह दृष्टिकोण बताता है कि संघ ने भारतीय संस्कृति को राष्ट्र की आत्मा मानकर उसके संगठनात्मक रूप को जीवंत बनाया। यदि संघ न होता, तो यह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एक शक्तिशाली धारा के रूप में विकसित न हो पाता और समाज अधिक गहराई तक पाश्चात्य प्रभावों के अधीन होता। डॉ. मोहन भागवत का यह संदेश भी स्मरणीय है - राम भी हमारे, विश्वकर्मा भी हमारे, बालवीर भी हमारे हैं। इससे संघ की सर्व-समावेशी दृष्टि स्पष्ट होती है।

सेवा-क्षेत्र में भी संघ का योगदान अनुकरणीय है। शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम-विकास और विशेषकर आदिवासी एवं वनवासी क्षेत्रों में लाखों स्वयंसेवकों ने कार्य किया। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा पर गौरवान्वित होना सिखाया। वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत के शब्दों में- हम ऐसे भारत में विश्वास करते हैं जिसमें किसी को बाहर न किया जाए, सबको साथ लिया जाए। (भागवत, नागपुर विजयादशमी उद्बोधन, 2016)। यही दृष्टिकोण समाज-आधारित सेवा नेटवर्क और सामाजिक समरसता का आधार बना। डॉ. भागवत का मानना है - समाज का दु:ख ही स्वयंसेवकों के समर्पण की प्रेरणा है। यदि संघ न होता, तो समाज-सेवा की यह व्यापक परंपरा और अस्पृश्यता-निवारण की गति बहुत सीमित रह जाती।

प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में भी संघ के कार्यकर्ताओं की तत्परता उल्लेखनीय है। चाहे 1999 का ओडिशा चक्रवात हो, 2001 का गुजरात भूकम्प, 2013 की केदारनाथ आपदा या हाल के वर्षों की बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएँ, आरएसएस और उससे जुड़े अनुसांगिक संगठन सबसे पहले राहत एवं पुनर्वास कार्यों में उतरे। स्वयंसेवकों ने पीड़ित परिवारों को भोजन, चिकित्सा, आश्रय और पुनर्निर्माण आदि तक सहयोग दिया। मेरी दृष्टि में यदि संघ नहीं होता, तो आपदा प्रबंधन में सामाजिक सहयोग अत्यंत कमजोर पड़ जाता।

धर्मान्तरण की चुनौतियों से निपटने में भी संघ ने अग्रणी भूमिका निभाई। घर वापसी जैसे अभियानों और सामाजिक जागरण के माध्यम से उसने आदिवासी एवं ग्रामीण समाज में अपनी जड़ों को मजबूत किया और लोगों को अपनी सनातन परंपरा के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इसने न केवल धर्मान्तरण को रोका, बल्कि आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा भी की।

भारतीय सनातन संस्कृति और संस्कारों की रक्षा और संवर्धन संघ का मूल ध्येय रहा है। भारत माता और गौ माता को विशेष महत्व देकर संघ ने इन्हें केवल प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र जीवन की आत्मा बताया। शाखाओं और सामाजिक अभियानों के माध्यम से संघ ने हिन्दू समाज को संगठित किया और धार्मिक मठ, मंदिर, आश्रम आदि को भी सुरक्षा और शक्ति प्रदान की। डा मोहन भागवत के अनुसार अपनत्व भाव से संपूर्ण समाज का संगठन है संघ। मेरा ऐसा मानना है कि यदि संघ न होता, तो हिन्दू समाज आज भी बिखरा रहता और धार्मिक-सांस्कृतिक संस्थाएँ बाहरी दबावों में और अधिक असुरक्षित हो जातीं।

मेरे अनुसार यह कथन भी गलत है कि संघ की भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं रही है। संघ ने शुरू से ही समाज को एकजुट करने, आत्मबल और आत्मविश्वास और देश प्रेम जगाने तथा स्वतंत्र भारत के लिए तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। संघ के कुछ सदस्यों ने प्रत्यक्ष रूप से तो कुछ सदस्यों ने अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता आंदोलन में न सिर्फ योगदान दिया अपितु देश में नैतिक और सांस्कृतिक वातावरण को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, ऐसा मेरा मानना है।

राजनीति के क्षेत्र में आरएसएस का योगदान अप्रत्यक्ष किन्तु निर्णायक रहा। भारतीय जनसंघ (1951) और भारतीय जनता पार्टी (1980) जैसे दलों की वैचारिक नींव संघ से ही जुड़ी है। प्रख्यात राजनीतिक विश्लेषक वॉल्टर के. एंडरसन लिखते हैं - आरएसएस क्षणिक राजनीति से परे दीर्घकालिक रणनीति पर कार्य करता है (आरएसएस: अ व्यू टू द इनसाइड, 1972)। यदि यह संगठन न होता, तो भारतीय राजनीति कांग्रेस के वर्चस्व तक सीमित रहती और लोकतांत्रिक बहुलता का वैचारिक संतुलन कमजोर पड़ जाता।

आपातकाल (1975-77) में संघ पर प्रतिबंध लगाया गया, किन्तु उसके हजारों स्वयंसेवकों ने भूमिगत रहकर लोकतंत्र की रक्षा का आंदोलन चलाया। यह इतिहास का एक उज्ज्वल अध्याय है। यदि संघ न होता, तो आपातकाल का विरोध इतना संगठित और प्रभावी न हो पाता और शायद लोकतंत्र पर संकट और गहरा हो जाता।

संघ की शाखाएँ केवल शारीरिक प्रशिक्षण का स्थान नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सेवा का संस्कार जगाने का माध्यम हैं। माननीय मोहन भागवत का कथन है - संघ सबसे लोकतांत्रिक संगठन है, जहाँ निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। साथ ही वे यह भी कहते हैं- मुट्ठी बनाकर हो, क्योंकि खुली उंगली आसानी से मरोड़ी जा सकती है, पर एक बंद मुट्ठी नहीं। यह सामूहिक नेतृत्व और अनुशासन युवाओं में राष्ट्र-निष्ठा और नेतृत्व कौशल विकसित करने का एक सशक्त साधन बना।

इतिहास में विभाजन के समय शरणार्थियों की सेवा हो या रामजन्म भूमि आंदोलन, संघ ने समाज को संगठित करने में अग्रणी भूमिका निभाई। यद्यपि आलोचक जैसे रामचंद्र गुहा मानते हैं कि 1947 के बाद आरएसएस ने सांप्रदायिक तनाव का लाभ उठाकर अपनी स्थिति मजबूत की (इंडिया आफ्टर गांधी, 2007)। यह आलोचना भी इस तथ्य का प्रमाण है कि संघ सामाजिक चुनौतियों और संघर्षों के बीच प्रभावी रहा। इसी सन्दर्भ में डॉ. भागवत का यह कथन सार्थक प्रतीत होता है - सामाजिक समरसता जरूरी है, मगर कानून का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान मात्र एक संगठन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धारा, सामाजिक सेवा और राजनीतिक संतुलन का निर्माणकर्ता है। यदि यह संगठन न होता तो शायद-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद कमजोर हो जाता; सेवा और सामाजिक समरसता का विस्तार सीमित रह जाता; प्राकृतिक आपदाओं में समाज का सहयोग कमजोर हो जाता; धर्मान्तरण और सांस्कृतिक क्षरण को रोकने की शक्ति नहीं बनती; राजनीति एकपक्षीय और असंतुलित होती; आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा कमजोर पड़ जाती; युवाओं में अनुशासन और राष्ट्र गौरव का संस्कार नहीं पनपता; सनातन संस्कृति और धार्मिक संस्थाएँ सुरक्षा से वंचित रहतीं। अत: मेरा स्पष्ट रूप से यह मानना है कि संघ की उपस्थिति ने भारत को वैचारिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से एक नया आयाम दिया है, जबकि उसकी अनुपस्थिति का परिदृश्य भारत को कहीं अधिक असंतुलित, कमजोर और दिशाहीन दिखाता।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति व्याख्यान आदर्शों व प्रौद्योगिकी का पथप्रदर्शक



नीलम महाजन सिंह

**आईसीआईसी में जब भी डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम को याद किया जाएगा, साथ ही एस. एम. खान को भी याद किया जाएगा। सलमान खुर्शीद के नेतृत्व में एस. एम. खान को उतना ही सम्मान मिल रहा है, जितना पूर्व अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी के काल में उनकी खिदमतों को सेंटर के समर्पण के लिए प्राप्त था।**

पाँचवाँ 'भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मारक व्याख्यान', भारतीय इस्लामिक सांस्कृतिक केंद्र के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, अपने रिटायर्मेंट से एक दिन पहले, इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर आए थे। वे जनता के राष्ट्रपति थे व राष्ट्रपति भवन जनता के लिए सदेव खुला था। शहज़ाद मोहम्मद खान, उनके मिडिया सलाहकार रहे हैं।

2024 में एस.एम. खान साहब का आकस्मिक देहांत, इस्लामिक सेंटर के लिए गहरा आघात था। इस्लामिक सेंटर में नितिन गडकरी, भारत सरकार के परिवहन व सड़क-हाईवे मंत्री ने, एस.एम. खान के सौजन्य से मुख्य भाषण दिया। गडकरी ने डा. अब्दुल कलाम की दयालुता व उदारता को कभी नहीं भुलाने का आह्वान किया। एस.एम. खान फाउंडेशन के माध्यम से इस अवधारणा को हमेशा याद रखा जाएगा। सलमान खुर्शीद, मोहम्मद फुरख़ान, न्यासी मंडल व कार्यकारी समिति के सदस्यों ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर, कार्यक्रम को सफल संचालन किया। लेखिका, दूरदर्शन समाचार प्रभाग में एस. एम. खान की सहयोगी रहीं हैं। एस. एम. खान भारतीय सूचना सेवा के एक सौम्य व सक्षम अधिकारी थे, जिन्होंने दूरदर्शन समाचार के महानिदेशक, भारत के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, भारतीय समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार आदि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। 2024 में एक घातक बीमारी से जूझने के बाद, उन्होंने दुनिया को अलविदा किया। एस. एम. खान फाउंडेशन का विचार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके परिवार को दिया।

खान केवल नौकरशाह ही नहीं थे; वे अपनी योग्यता व क्षमता के बल पर आगे बढ़े, नवीन विचारों से संपन्न व्यक्ति थे, जिससे उन्हें अपने सहयोगियों व सरकारी अधिकारियों के बीच विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। वे बहुत कम बोलते थे, लेकिन उनके पास प्रभावी लेखन का कौशल था जिसका उपयोग उन्होंने पद छोड़ने के बाद भी विभिन्न संगठनों में कार्य वातावरण को बेहतर बनाने के लिए किया। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मारक व्याख्यान: 2025; में सलमान खुर्शीद, आईआईसीसी अध्यक्ष व पूर्व विदेश मंत्री ने कहा, एस.एम. खान साहब के असामयिक निधन ने हमारे दिलों में एक स्थायी शून्य छोड़ दिया है। सलमान खुर्शीद ने कहा कि डॉ. अब्दुल कलाम की प्रौद्योगिकी व आधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी के मिश्रण से, भारत अपनी संस्कृति और विचारों से विश्व पथ प्रदर्शक बन पायेगा। बैठकों व अन्य अनौपचारिक बातचीत में सभी जन उनकी प्रशंसा करते सुने जाते हैं। मैंने दूरदर्शन समाचार में उनके कार्यकाल के दौरान एस. एम. खान को बहुत करीब से देखा है। बहुत कम ऐसे अधिकारी हैं जिनका कोई दुश्मन न हो, खान साहब निश्चित रूप से उनमें से एक हैं। एस. एम. खान साहब के अपने तरीके थे कि किसी भी चीज़ का उनकी शैली पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व महानिदेशक व प्रसार भारती के बोर्ड सदस्य फैयाज़ शहरयार कहते हैं। खान का जन्म 15 जून 1957 को उत्तर प्रदेश के खुर्जा में हुआ था।

आईसीआईसी में जब भी डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम को याद किया जाएगा, साथ ही एस. एम. खान को भी याद किया जाएगा। सलमान खुर्शीद के नेतृत्व में एस. एम. खान को उतना ही सम्मान मिल रहा है, जितना पूर्व अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी के काल में उनकी खिदमतों को सेंटर के समर्पण के लिए प्राप्त था। अलीगढ़ विश्वविद्यालय से एलएलएम कर, उन्हें 'चांसलर गोल्ड मेडल' से सम्मानित किया गया। एस. एम. खान ने अर्थशास्त्र में, वेल्स विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की।

सोशल मीडिया पर कभी न खत्म होने वाली श्रद्धांजलि, एस. एम. खान के दिव्य व्यक्तित्व की गवाही है। एस.एम. खान ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में पीआईबी अधिकारी के रूप में काम किया, 1989 से 2002 तक एजेंसी के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सूचना अधिकारी के रूप में कार्य किया। राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के कार्यकाल के बाद, एस. एम. खान दूरदर्शन समाचार के महानिदेशक के रूप में एक प्रतिष्ठित पद पर आसीन हुए। यहीं पर मेरा उनसे सीधा संपर्क हुआ। एस. एम. खान मेरे प्रति विशेष सम्मान रखते थे व मुझे प्रिय, हमेशा मुस्कुराते वाली व कड़ी मेहनत करने वाली जर्नलिस्ट कहते थे'। एस. एम. खान फाउंडेशन, प्रतिष्ठित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, के संयोजन से सांस्कृतिक संवाद व सामुदायिक विकास को बढ़ावा देंगें। उद्यमी व इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के पूर्व अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा, ठहमारा दिल टूट गया है व मैंने एक अच्छा दोस्त खो दिया है, जो कई वर्षों से मेरी टीम का हिस्सा थे।

एस.एम. खान ने मुस्लिम समुदाय और इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के सदस्यों के दिलों में एक गहरी विरासत छोड़ी है। अल्लाह उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस अता करे! मोहम्मद फुरकान, उपाध्यक्ष, क़मर अहमद, आईपीएस, सिकंदर हयात ने एस. एम. खान के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया है। फासडर्मा (कॉस्मोलॉजी) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी व आईआईसीसी के सक्रिय सदस्य, इमरान खान ने कहा, एस. एम. खान मेरे पारिवारिक सदस्य थे। उनके व्यक्तित्व में अनेक गुण थे जिन्हें शब्दों में बयान करना कठिन है। अब हम एक मार्गदर्शक के बिना रह गए हैं! अबुज़र हुसैन खान, बोर्ड के सदस्य ने भावुकतापूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा, एस. एम. खान की उत्कृष्टता व सत्यनिष्ठा की विरासत वे छोड़ गए है। हमें उसका अनुसरण करना है। मुदस्सिर हयात, अध्यक्ष, एएमयूओबीए ने कहा, एस. एम. खान ने मुस्लिम समुदाय के लिए अथक परिश्रम किया, सांस्कृतिक सद्भाव व बौद्धिक विकास को बढ़ावा दिया। वे भारत के एक सच्चे, दयालु नेता व ज्ञान की आवाज़ थे।


सेवा, विनम्रता व समर्पण की उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। आलमी टीवी के प्रधान संपादक व उर्दू फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. कबीर सिद्दीकी ने कहा, एस.एम. खान का निधन एक युग का अंत है, लेकिन सभी के लिए उन मूल्यों और भावना का पालन करना शुरू हो गया है जो उनकी उपलब्धियों की हस्ताक्षर रेखा थी। मीडिया में एक सहकर्मी के रूप में, मैं शहज़ाद मुहम्मद खान के लिए मैं एक प्रार्थना उद्धत करती हूं: अल्लाहुम्मा मन अहियताहु मिन्ना फा अहिहि अला अल-इस्लाम, वा मन तवाफयताहु मिन्ना फतवाफाहु अला अल-ईमान। अल्लाहुम्मा ला तहरीमना अजरहू, वा ला टुडिल्लाना ब'दाहु'। (ऐ अल्लाह, हमारे जीवित और मृत, उपस्थित और अनुपस्थित, हमारे जवान और बूढ़े, हमारे नर और मादा सभी को क्षमा कर)।

इन्ना लिल्लाहि वा इन्ना इलैहि राजिउन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के मूल्यों व एस.एम. खान की प्रतिबद्धता लोगों के लिए एक मार्गदर्शन, ज्ञान, विनम्रता व दयालुता का आह्वान है। अल्लाह उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस व शाश्वत शांति प्रदान करें। एस एम खान फाउंडेशन इन आदर्शों को रूपांतरित करने में प्रयासशील है।

**(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## ओजोन दिवस पर विशेष


# ओजोन परत के बिना असंभव है पृथ्वी का अस्तित्व



योगेश कुमार गोयल

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2025 की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है। यह थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ओजोन परत के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विज्ञान की भूमिका और आवश्यक वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं।

## चिट्ठी आई है



### भारत में लोकतांत्रिक तरीकों से होता है सरकार का विरोध

भारत धर्म प्राण राष्ट्र के रूप में जाना जाता है। संसार के लोगों की मान्यता है कि जितने महापुरुष भारतवर्ष ने दिये, उसका दशमांश भी दुनियाँ को अन्य राष्ट्र नही दे पाये। सभ्यता और मानव संस्कृति का सूर्योदय सर्वप्रथम भारत भूमि पर ही हुआ। ज्ञान का उजाला सर्व प्रथम यहाँ फैला। यों भी सूयोदय से पहले पूर्व दिशा ही आलोकित होती है, पश्चिम को बाद में ही प्रकाश मिलता है। हममें चेतना आई तो हमने स्वानुभूत ज्ञान विश्व में फैलाकर विश्व को भी प्रकाश दिया, उसे जगाया। आज सम्पूर्ण विश्व में ज्ञान का जो उजाला दिखाई दे रहा है, वह हमारे द्वारा ही फैलाया गया है। जैसे सूर्योदय से इस का अंधकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार मनरूपी आकाश का अंधकार ज्ञान के सूर्य से नष्ट हो गया। जहाँ अज्ञान है, वहीं दु:ख है। ज्ञान होने पर शोक चला जाता है। सारे विश्व में अज्ञानरूपी अंधकार के चले जाने पर संसार शोकरहित हो जाता है।जिस भारत ने विश्व को शोकरहित बनाने का प्रयास किया, ज्ञान का आलोक फैलाया,आज वही भारत विश्व पटल पर अपनी आभा बिखेर रहा है।हमने देखा है कि हमारे पड़ोसी देश किस तरह एक एक कर बिखर रहे है।पाकिस्तान, श्रीलंका और बांगलादेश में भयंकर नागरिक अशांति देखी है।सड़को पर विरोधी स्वरों और सरकार का तख्तापलट कर नेताओ को भागने के लिए मजबूर किया गया।भारत की खूबसूरती अलग है।पश्चिम के देशो में अशांति है।भारत मे सबसे महत्वपूर्ण बात श्रद्धा की है।श्रद्धा की ज्योति जगमगाती है तो सारे कार्य सहज और सुलभ होते चले जाते है।क्योकि विचार शुद्धि की नींव अध्यात्म का महल खड़ा हुआ है।दान,परोपकार और त्याग के महान भारत की नींव मजबूत है।क्योंकि अनेक भाषाओं का यह भारत वर्ष एकता और अखंडता की लौ जलाते हुए विश्व को धर्म और संस्कार से सींच रहा है।विदेशो में सैन्य शासक की सरकारे गिरा दी गई।दुनिया मे अशांति को देखते हुए लोगो के मन मे प्रश्न उभर रहा है कि क्या ऐसा भारत मे भी हो सकता है।ऐसा इसलिए नही होगा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता ऐसे उपद्रव की इजाजत नही देती है।भारत विश्वगुरु बनने जा रहा है।इस देश मे धर्म को मानने वालो की संख्या करोड़ो में है।भारत ने साक्षी होकर विदेशी धरती की सरकारों का तख्तापलट होते देखा है।नेपाल की घटना तो महज पांच दिन पहले की है। युवाओ की भावना को अनदेखा करने से भड़की आग ने सरकार को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दी।देखते ही देखते नेताओ के घरों को आग के हवाले कर दिया।लिहाजा,श्री लंका में 2022 में तत्कालीन रस्ट्रपति राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा।क्योंकि भीड़ उनके सरकारी आवास तक पहुंच गई थी।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भाग कर भारत मे शरण लेनी पड़ी थी।क्योंकि भीड़ ने उनको चारो तरफ से घेर लिया था।2022 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अविश्वास प्रस्ताव हार गए थे।उनको जेल भेज दिया गया।इमरान खान की पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान में हंगामा खड़ा कर दिया था।सड़को पर आग लगा दी थी।लेकिन अंतत: उनकी एक नही चली।लोकतांत्रिक शक्तियां को उकसाया जाता है और उनके खिलाफ सरकार खड़ी होती है,तब यह आग विस्फ़ोट का काम करती है।इसलिए भारत मे जनता जनार्दन की उपमा दी गई है।जनता से ऊपर कोई नही है। कानून व्यवस्था चरमरा जाती है।भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो जाती है।जनता त्राहिमाम पुकारती है,तब इस तरह की घटना सामने आती है।जनता कानून हाथ मे लेने के लीए मजबूर हो जाती है।हमारे देश मे भी सत्ता प्राप्ति के लिए अनेक षड्यंत्र हो रहे है,लेकिन भारत में कभी छीना झपटी की सोच विकसित नही होगी। भारत ने आजादी भी प्राप्त की थी तो अहिंसा और सत्याग्रह से प्राप्त की थी।

**—कांतिलाल मांडोत, सूरत, गुजरात।**

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेष को बढ़ावा मिलना चाहिए : सीतारमण

नई दिल्ली, (भाषा)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेष, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट विकसित भारत के लिए एआई: तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर जारी करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा, एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं। सीतारमण ने आगे कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए। रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो। उन्होंने कहा कि एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है, तो नियमन भी तेजी से होना चाहिए।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के बेरी 'एआई फॉर विकसित भारत' के लांच कार्यक्रम में। (छाया : एएनआई)

## कर्नाटक सरकार हिमाचल प्रदेश को बाढ़ राहत के लिए पांच करोड़ देगी

बेंगलुरु, (भाषा)। कर्नाटक सरकार ने बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश में आपदा राहत और पुनर्वास के लिए पांच करोड़ रुपये देने का वादा किया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को लिखे एक पत्र में, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आश्वासन दिया कि कर्नाटक के लोग संकट की इस घड़ी में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने 12 सितंबर को लिखे पत्र में कहा, 'कर्नाटक में जीवन की हानि, परिवारों का विस्थापन, घरों और बुनियादी ढांचे का विनाश हमें बहुत व्यथित करता है। जब प्रकृति हमारी सहनशक्ति की परीक्षा लेती है, तब हमारे राष्ट्र को बांधने वाली एकता की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत बन जाती है।' सिद्धरमैया ने कहा कि कर्नाटक के लोगों की प्रार्थनाएं और शुभेच्छा हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य इस त्रासदी से नई शक्ति और संकल्प के साथ उभरेगा।

# तकनीकी खराबी से मुंबई मोनोरेल के पहिए थमे

मुंबई, (भाषा)। मुंबई में सोमवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण एक मोनोरेल बीच रास्ते में ही रुक गई, जिसके बाद उसमें सवार सभी 17 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब मोनोरेल में इस तरह की खराबी आई है। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह सात बजकर 16 मिनट पर वडाला में एंटॉप हिल बस डिपो और जीटीबीएन मोनोरेल स्टेशन के बीच हुई। मोनोरेल का संचालन करने वाली महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) के एक प्रवक्ता ने कहा, आज एक मोनोरेल में तकनीकी खराबी आ गई। सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, उसमें सवार सभी 17 यात्रियों को तुरंत और सुरक्षित रूप से दूसरी ट्रेन में स्थानांतरित कर दिया गया और सुबह सात बजकर 40 मिनट तक उन्हें अगले स्टेशन पर पहुंचा दिया गया।

एमएमएमओसीएल ने एक बयान में कहा, प्रभावित ट्रेन को ट्रैक से हटा दिया गया है। संत गाडगे महाराज चौक और वडाला के बीच सिंगल लाइन पर संचालन किया गया, जिससे सेवाओं में देरी हुई, जबकि वडाला से चेंबूर के बीच सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहीं। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं, लेकिन उनकी आवश्यकता नहीं पड़ी क्योंकि समानांतर ट्रैक पर एक और मोनोरेल के पहुंचने के बाद यात्रियों को निकाल लिया गया।

इससे पहले 19 अगस्त को भारी बारिश के बीच मैसूर कॉलोनी स्टेशन के पास एक मोनोरेल में 582 यात्री कई घंटे तक फंसे रहे थे, जिन्हें बाद में दमकल विभाग ने निकाला। इसके अलावा, एक और मोनोरेल ट्रेन आचार्य अत्रे नगर स्टेशन पर फंस गई थी, जहां से 200 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों सहित बचाव दलों को, बारिश के कारण आई कठिनाइयों के बीच सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालने में कई घंटे लग गए थे। इन घटनाओं के बाद, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने यात्रियों की सुरक्षा और संचालन में सुधार के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपायों की घोषणा की थी। जिनमें भीड़भाड़ वाली ट्रेनों से यात्रियों को निकालने की प्रक्रिया भी शामिल की गई थी। मुंबई में भारत की एकमात्र मोनोरेल प्रणाली है, जो 19.74 किलोमीटर लंबे मार्ग पर संत गाडगे महाराज चौक से चेंबूर तक संचालित होती है।

## वाल्मीकि विकास निगम घोटाले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री के परिसरों पर सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली, (भाषा)। सीबीआई ने वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में सोमवार को कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र के परिसरों के साथ ही राज्य तथा आंध्र प्रदेश में 15 अन्य स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस मामले में आदिवासी समुदायों के कल्याण के लिए निर्धारित धनराशि के गबन के गंभीर आरोप शामिल हैं। वर्ष 2006 में स्थापित, कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति (एसटी) विकास निगम की स्थापना राज्य में एसटी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से विकासात्मक योजनाओं को लागू करने के लिए की गई थी। उन्होंने बताया कि यह मामला जून 2024 में मंत्री के खिलाफ बैंक ठगी धोखाधड़ी के रूप में शुरू हुआ था, लेकिन जांच के दौरान सीबीआई ने कुछ रिकॉर्ड एकत्र किए।

## पूर्व तृणमूल सांसद मिमी चक्रवर्ती सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के समक्ष पेश हुईं

नई दिल्ली, (भाषा)। तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती सोमवार को कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। चक्रवर्ती (36) का बयान वनएक्सबेट नामक एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से संबंधित मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जा रहा है। बताया जाता है कि पूर्व सांसद और अभिनेत्री कुछ विज्ञापनों और वित्तीय लेन-देन के जरिए इस ऐप से जुड़ी हुई हैं। ईडी पूछताछ के दौरान इस ऐप से उनके संबंधों के बारे में जानना चाहती है। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है या भारी मात्रा में कर चोरी की है।

## मुंबई में सुबह की भारी बारिश के बाद तीव्रता कम हुई, ऑरेंज अलर्ट जारी

मुंबई, (भाषा)। मुंबई में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को भारी बारिश के कारण महानगर और उपनगरों के निचले इलाकों में जलभराव होने से यातायात प्रभावित रहा और वाहन रेंगते नजर आए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से सुबह साढ़े आठ बजे जारी किए गए रेड अलर्ट में महानगर और आसपास के इलाकों में तीन घंटे तक बेहद भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया गया था, लेकिन बाद में बारिश की तीव्रता कम होने पर इसे ऑरेंज अलर्ट में बदल दिया गया। रातभर और सुबह हुई भारी बारिश के बाद दादर, कुर्ला और बांद्रा रेलवे स्टेशनों में पटरियों पर जलभराव हो गया, जिससे यात्रियों ने कई लोकल ट्रेन के 10 से 15 मिनट देरी से चलने की शिकायत की। हालांकि, पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के प्रवक्ताओं ने कहा कि कल रात से लगातार बारिश के बावजूद उनकी उपनगरीय सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं।

**वैधानिक सूचना:** पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# वैष्णो देवी और पुंछ को मुक्ति नहीं मिल पा रही भूस्खलन से

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू। वैष्णो देवी यात्रा और पुंछ में लगातार बारिशों के कारण भूस्खलन रूक नहीं पा रहे हैं। हालत यह है कि अगर वैष्णो देवी में बारिश और भूस्खलन के कारण यात्रा 21वें दिन भी शुरू नहीं हो पाई थी तो पुंछ में सैकड़ों घरों पर खतरा मंडरा रहा था और बीसियों जमींदोज हो चुके थे। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण भूस्खलन, भूमि धंसाव और अचानक बाढ़ आई है, जिससे सैकड़ों परिवार अपने घरों से बेघर हो गए हैं और जम्मू संभाग के पुंछ और रामबन जिलों के कई इलाके संकट में हैं।

पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर के कलाबन गांव को इस सप्ताह की शुरुआत में आवासीय क्षेत्रों के नीचे की मिट्टी खिसकने के बाद असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 95 घरों में दरारें आ गई हैं और लगभग 700 निवासियों को अस्थायी आश्रयों में पहुंचाया गया है।

कलाबन के एक किसान मोहम्मद यूसुफ, जिन्हें उनके परिवार के साथ एक सरकारी स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया था, ने बताया कि रातों-रात जमीन के कुछ हिस्से धंस गए और हमारे घरों की दीवारें टूटने लगीं। हमने सब कुछ पीछे छोड़ दिया, यह नहीं जानते हुए कि हम कभी वापस लौट भी पाएंगे या नहीं। जिला अधिकारियों ने कहा कि एहतियात के तौर पर पुनर्वास किया गया है और आश्रयों में राहत सामग्री और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। मेंढर प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सुरक्षा है। हम सभी प्रभावित परिवारों को भोजन, बिस्तर और आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं।

इस बीच बदले मौसम और लगातार हो बारिश ने वैष्णो देवी यात्रा के शुरू होने से पहले ही यात्रा मार्ग को एक बार फिर अवरुद्ध कर दिया। रातभर हुई भारी बारिश के कारण मां वैष्णो देवी के पारंपरिक मार्ग पर सांझी छत क्षेत्र में भूस्खलन होने से पत्थर और मलबा मार्ग पर आ गया है।

## Public Notice

Be it known to the general public that my clients Sh. Krishan Kumar S/o Late Ratan Singh And His Wife Smt. Reena Gahlot Both R/o RZK-2/447, Nihal Vihar, Nangloi, Delhi-110041 have severed all their relations with their son named Bhupinder and also disowned him from all their movable and immovable properties in all respect and manners and in future whosoever would deal with him pertaining to the movable and immovable properties of my clients, he/she shall do so at his/her own riks and responsibility and my clients would not be held responsible for the same in any manner whatsoever. **Vikrant Sarin, Advocate, Ch. No. C-5, C. L. Joseph Block, Tis Hazari Courts, Delhi-110054.**

## Public Notice

Be it known to all that my clients namely Sh. Sucha Singh s/o Seva singh & Smt. Neetu Kaur w/o Sh Sucha singh, R/o 78 A, GF, Kh No. 15/22/1, near shiv mandir, Ranholla extn., Nangloi, New Delhi-110041, has disowned, debarred, discarded their unmarried son namely Kamaldeep Singh s/o Sh. Sucha singh aged 22 years, from all their moveable & immovable properties, assets because he is out of control of my client. My clients has severed all their relations with him, if any person deals with him in any manner shall do so at his/her own risk and consequences and Sucha singh & his wife Neetu kaur will not be held responsible for any kind of legal or social liability, if any comes against their above said son for any acts and deeds whatsoever. **Neetu Rani Advocate, Ch. No. Lawyer's Chamber Block Dwarka ourts Complex, New Delhi-75.**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नंदा कौर पत्नी सनी निवासी 40/4, 7/2, गली नंबर 16, दिलीप विहार, निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली** ने **FIR No. 623/20, U/S 323/341/506 IPC,** अन्तर्गत थाना निहाल विहार, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नंदा कौर पत्नी सनी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नंदा कौर पत्नी सनी** फरार हो गई है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 623/20, U/S 323/341/506 IPC,** अन्तर्गत थाना निहाल विहार, **दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नंदा कौर पत्नी सनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पश्चिम जिला, कमरा नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/12231/OD/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रमोद कुमार कंसल, पुत्र राम गोपाल निवासी डी-442, गली नंबर 6, भजनपुरा, दिल्ली** ने **सीसी नं. 194/20 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद कुमार कंसल** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद कुमार कंसल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 284/14 भा.द.सं. की धारा 457/380 के तहत, थाना अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रमोद कुमार कंसल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, कमरा नं.73, पांचवा तल
उत्तर-पूर्व जिला, कड़कड़डूमा कोर्टस, दिल्ली

**DP/11939/NE/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बाला देवी** पुत्रः **शीश पाल** पताः **जी–125, गली नं. 6, पंजाबी कॉलोनी, नरेला, नई दिल्ली–110040** ने case **CC No. 4828/2019 U/s 138 NI Act., थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बाला देवी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बाला देवी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि case **CC No. 4828/2019 U/s 138 NI Act., थानाः करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बाला देवी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.10.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरूषी परवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–05
रूम नं. 02, भू–तल
(केन्द्रीय जिला), न्यायालय उपभवन–01
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/12255/CD/2025 (Court Matter)**

## Public Notice

That my clients Shri Rajeshwar Kumar S/o Sukhbir Singh and Smt. Laxmi W/o Shri Rajeshwar Kumar both Resident of 144 First Floor, Double Story, Harijan Colony, Tilak Nagar, New Delhi-110018, disown their son Shri Lakshey S/o Shri Rajeshwar Kumar from their all movable and immovable properties, my clients are not liable for any debts and court litigations of him. **Ashu Walia, Advocate, Correspondence Address:- AD-13, Third Floor, Tagore Garden, New Delhi-110027.**

## Public Notice

Be it known to all that my clients Smt. Sudesh Rani S/o Late Rajbir Singh, D-81 first floor, Green Valley Appartment, Rohini, Sector 18, Rohini Delhi-110085, have severed all relation and disowned their son namely Jitender Malik and Rashmi sahu w/o Jiterder malik from their entire property moveable and immoveable due to his unsocial behaviour. Whoever deals with him same shall be entirely at their own risks and consequences and my clients shall not be responsible in any manner for his acts, deeds and things. **Hemant Singh, Advocate, Chamber No. 758, 2nd Floor, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-110054.**

**वीर अर्जुन**

## वर्गीकृत विज्ञापन

### Change of Name

I, hitherto known as Dhan Vijay S/o Rambir, R/o H. No. 80D, Near Canara Bank Munirka Village, Munirka, Delhi-110067 have changed my name and shall hereafter be known as Dhanvijay Sehrawat. **C-38442**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण–I, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

TA. 3374/2022

पंजाब नेशनल बैंक
बनाम
मेसर्स डोना डोनी फैशन प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य

**सेवा में,**

(1)मेसर्स डोना डोनी फैशन प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य, कहसरा नंबर 40, गली नंबर 8, सुरिंदर कॉलोनी (भाग–II), झारड़ा, नई दिल्ली–110084 इसके अलावा, के 59, भूतल, उद्योग नगर, औद्योगिक क्षेत्र, पीरागढ़ी, दिल्ली–110041 इसके अलावा-52, केवल पार्क एक्सटेंशन, आजादपुर, दिल्ली–110053

(2) श्री शिव नारायण (निदेशक) पुत्र स्वर्गीय राम सिंह, मेसर्स डोना दानी फैशन प्राइवेट लिमिटेड, निवासी मकान नंबर 384, शिव मंदिर गली नं. 8, धीरपुर गाँव, दिल्ली–110007 इसके अलावा, के–59, भूतल, उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र, पीरागढ़ी, नई दिल्ली–110041 इसके अलावा, 52, केवल पार्क एक्सटेंशन, आजादपुर, दिल्ली–110053

(3) श्रीमती राज कुमारी, पत्नी श्री शिव नारायण, निवासी हिनो 384, शिव मंदिर, गली नं. 8, धीरपुर गाँव, दिल्ली–110007 इसके अलावा, 52, केवल पार्क एक्सटेंशन, आजादपुर, दिल्ली–110053

(4) श्रीमती मुख्तारी देवी, पत्नी स्वर्गीय श्री राम सिंह, निवासी मकान नं. 384, शिव मंदिर, गली नंबर 8, धीरपुर गांव, दिल्ली–110007 इसके अलावा- 52, केवल पार्क एक्सटेंशन, आजादपुर, दिल्ली – 110053

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध **रुपये 5,34,49,614.26 (पाँच करोड़ चौंतीस लाख उनचास हजार छह सौ चौदह और छब्बीस पैसे मात्र** )की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना देना संभव नहीं है, इसलिए यह सूचना विज्ञापन के माध्यम से दी गई है, आपको दिनांक **03.12.2025** को पूर्वा. 10.30 बजे एलडी. रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अधिक जानकारी के लिए कृपया डीआरटी की वेबसाइट **https://drt.gov.in/** देखें फोनः 011-23748473).

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

(i)सभी संबंधित व्यक्ति अपने मामलों में हाइब्रिड मोड (न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर या सिस्को वेबएक्स वीसी लिंक के माध्यम से) से भाग ले सकते हैं।

(ii) वी.सी. के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के लिए सभी अधिवक्ता/विवादी "सिस्को वेबेक्स" एप्लीकेशन / सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;

(iii) "मीटिंग आईडी" और "पार्सवर्ड" जो माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी–। एवं वसूली अधिकारी–।। द्वारा की जाने वाली सुनवाई की अगली तिथि के लिए डीआरटी अधिकारी पॉर्टर्ल "drt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना प्रमुख के अंतर्गत सुनवाई की तिथि से एक दिन पूर्व उपलब्ध होगा।

(iv) किसी भी आवश्यकता हेतु, अधिवक्ता/विवादी संबंधित अधिकारी से फोन नं. 011–23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **19 अगस्त, 2025** को दिया गया।

**न्यायाधिकरण के आदेशानुसार,**

## सार्वजनिक सूचना

मेरे क्लाइंट डीएलएफ सिटी (जिसे पहले डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव कॉम्प्लेक्स के नाम से जाना जाता था), गुड़गांव, हरियाणा के बेल्वेडर टॉवर, फेज–II और III में स्थित बहुमंजिला इमारत ब्लॉक सं. ए में द्वितीय तल पर फ्रीहोल्ड आवासीय अपार्टमेंट सं. बीटीए–021, जिसका सुपर एरिया 216 वर्ग मीटर (2325 वर्ग फीट) है आरक्षित पार्किंग स्थान सं. पीएसी–216 सहित श्री वर्ण भूषण जस्सल (दिनांक 01.06.2004 के बिक्री विलेख के आधार पर वर्तमान मालिक) से खरीदना चाहते है जिन्होंने श्री वर्ण भूषण जस्सल के पक्ष में डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र दिनांक 08.02.2001, अपार्टमेंट क्रेता अनुबंध दिनांक 06.03.2001 और कब्जा पत्र खो दिया है। यदि बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति, रिश्तेदार सहित किसी का भी उक्त संपत्ति पर कोई दावा, अधिकार, हित है, तो कृपया 7 दिनों के भीतर दस्तावेज़ी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। इस सूचना का कोई जवाब न मिलने की स्थिति में मेरे क्लाइंट यह मान लेंगे कि उक्त संपत्ति का स्वामित्व भारमुक्त और स्पष्ट है। करनैल सिंह, अधिवक्ता, के–8, बेसमेंट, जंगपुरा एक्सटेंशन नई दिल्ली, फोन नं. 9811163363 एवं 9953683363

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Ms. Renu, Civil Judge, (North) Room No. 218, Rohini Courts, Delhi.**
**CS SCJ/434/2023**
**Shri Ram Kumar**
**Versus**
**Shri Malik Ram Shukla**
**To,**
**Shri Malik Ram Sukla** S/o Shri Ram Chhab Shukla, R/o T-66, Road No. 20, Baljeet Nagar, Patel Nagar, New Delhi-110008.
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **13th day of November, 2025 at 10:00 am** fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **03rd September, 2025.**
**Seal Sd/-**
**Civil Judge-(North) Rohini Courts Delhi.**

**Publication**
**In The Court of**
**Sh. Ajay Singh Parihar, Administrative Civil Judge-Cum-Commercial Civil Judge-Cum-Addl. Rent Controller, (North District) Room No. 215, Rohini Courts, Delhi.**
**SCC No.34/2025**
**Sachin Kumar**
**V/s**
**State**
**NDOH: 12/11/2025**
**Sachin Kumar** S/o Late Rajender Kumar Garg, R/o House No. T-234, Indra Colony, Narela, North West Delhi, Delhi-110040.
**V/s**
**State & Ors.**
For Succession Certificate Under Succession Act-1925
**All concerned**
Whereas in the above noted petition the applicant /petitioner has applied for Succession Certificate from the Hon'ble Court under Section 372 of the Indian Succession Act-1925 in respect of the amount & assets which is lying in the name of the Deceased Late Shashi Prabha Expired on 02.10.2024 R/o House No. T-234, Indra Colony, Narela, North West Delhi, Delhi-110040.
Whereas **12/11/2025 at 10 o'clock** in the forenoon has been fixed for hearing.
The application notice is hereby given under my hand and seal of the court this on **28/08/2025.**
**Seal Sd/-**
**Admn. Civil Judge-Cum-CCJ-Cum-ARC (North) Rohini Courts Delhi**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendnat (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Sh. Pritam Singh, Judge, Motor Accident Claim Tribunal-01, West District, Room No. 406 Extension Block, Tis Hazari Courts, Delhi.**
**MACT/84/2025**
**Sangita**
**Vs**
**Sarthak Chauhan**
**To,**
**Insha Guftar** D/o Guftar Ahmad Wani R/o New Colony Near Masjid, Batamaloo, Srinagar, Jammu & Kashmir-190010
**Also At:** Flat No. 501-C, Kendriya Vihar, Ps-Bita-2, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, UP-201306.
**The Defendant Above Named**
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **29.10.2025** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **20 day of August, 2025.**
**Seal Sd/-**
**Judge, Motor Accident Claim Tribunal-01, West District, Extension Block, Tis Hazari Courts, Delhi.**

**Citation Under Section 271 of The Indian Succession Act**
**In The Court of**
**Sh. Abhishek Srivastava, District Judge-05, (Central) Room No. 317, Tis Hazari Courts, Delhi-54.**
**Probate Case No.41/2025**
**Indra & Anr.**
**Versus**
**State & Ors.**
**N.D.O.H.:-15.10.2025**
Whereas an petition under Section 276 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate/Letter of Administration in respect of the Estate of deceased Late Sh. Ram Kishan S/o Sh. Babu Lal R/o 63, Lord Budhha Apartment, Inder Enclave, Rohtak Road, Paschim Vihar, West, Delhi-110087. Who died on 19/10/2024 at Delhi has been made by (1). Indra W/o Late Sh. Ram Kishan R/o H. No.63, Lord Budha Apartments, Rohtak Road, Paschim Vihar, Near Inder Enclave, West Delhi, Delhi-110087. (2). Meenakshi Nogia D/o Late Sh. Ram Kishan R/o H. No. 63, Lord Budha Apartments, Rohtak Road, Paschim Vihar, Near Inder Enclave, West Delhi, Delhi-110087.
Whereas the **15.10.2025** has been fixed for hearing of the case, notice is hereby given so that any person having any interest in the Probate/Letter of Administration of the estate of the said deceased if he/she desire to be heard shall appear before this court on **15.10.2025** before the grant of letter of Administration.
Given under my hand the seal of this court on this **30th day of August, 2025.**
**Seal Sd/-**
**District Judge-05, Central, Tis Hazari Courts, Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendnat (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Sh. Pritam Singh, Judge, Motor Accident Claim Tribunal-01, West District, Room No. 406 Extension Block, Tis Hazari Courts, Delhi.**
**MACT/668/2023**
**Rashmi & Ors.**
**Vs**
**Lalit Kumar Jha**
**To,**
**Lalit Kumar Jha** S/o Sh. Kapileshwar Jha R/o H. No. S K 134B, Near Amrapali Building, Sector-122, Noida, G.B Nagar, UP.
**The Defendant Above Named**
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **29.10.2025** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **20 day of August, 2025.**
**Seal Sd/-**
**Judge, Motor Accident Claim Tribunal-01, West District, Extension Block, Tis Hazari Courts, Delhi.**

**Publication**
**In The Court of**
**Sh. Ajay Singh Parihar, Administrative Civil Judge-Cum-Commercial Civil Judge-Cum-Addl. Rent Controller, (North District) Room No. 215, Rohini Courts, Delhi.**
**SCC No.01/2025**
**Namita Sachdeva**
**V/s**
**State**
**NDOH: 14/11/2025**
**1). Nmita Sachdeva** D/o Late Sh. Parkash Sachdeva, R/o B-156, Ground Floor, Derawal Nagar, Model Town, Delhi-110009.
**2). Anjali Chauhan** W/o Ritesh Chauhan, R/o 2401, Basti Punjabi, Subji Mandi, Roishanara Road, Delhi-110007.
**3). Mukta Kawatra** W/o Manoj Kawatra, R/o 25/5, 2nd Floor, South Face, Indra Vikas Colony, Near Nirankari Colony, Delhi-110009.
**V/s**
**State & Ors.**
For Succession Certificate Under Succession Act-1925
**All concerned**
Whereas in the above noted petition the applicant /petitioner has applied for Succession Certificate from the Hon'ble Court under Section 372 of the Indian Succession Act-1925 in respect of the amount & assets which is lying in the name of the Deceased Late Smt. Sangeeta Sachdeva Expired on 13/06/2024 R/o B-156, Ground Floor, Derawal Nagar, Model Town, Delhi-110009.
Whereas **14/11/2025 at 10 o'clock** in the forenoon has been fixed for hearing.
The application notice is hereby given under my hand and seal of the court this on **29/07/2025.**
**Seal Sd/-**
**Admn. Civil Judge-Cum-CCJ-Cum-ARC (North) Rohini Courts Delhi**

**Proclamation Requiring Attendence of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Sh. Vinod Yadav, District Judge (Commercial Court)-02, North-West District, Room No. 205, Rohini Courts, Delhi.**
**CS (Comm.) 600/2024**
**M G Industries ...Plaintiff**
**V/s**
**Meenakshi ....Defendant**
**To,**
**Meenakshi** Proprietor of Hare Krishna Traders At:- P-2/695, Sultanpuri Delhi-110086.
**Also At:**-3754-55, Kanhaiya Nagar, Tri Nagar, Delhi-35.
Whereas you, in view of the reports already received, cannot be served in ordinary way. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the **18th of October, 2025** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court on this **30th Day of August, 2025.**
**Seal Sd/-**
**District Judge (Commercial Court)-02, North-West District, Rohini Courts, Delhi.**

**Publication**
**In The Court of**
**Sh. Ajay Singh Parihar, Administrative Civil Judge-Cum-Commercial Civil Judge-Cum-Addl. Rent Controller, (North District) Room No. 215, Rohini Courts, Delhi.**
**SCC No. 107/2022**
**Anjana & Ors.**
**V/s**
**State**
**NDOH: 10/10/2025**
**1). Smt. Anjana** W/o Sh. Paramjit D/o Late Sh. Malkhan Singh, R/o EE-Block-2491, Jahangirpuri, Delhi.
**2). Smt. Suresh** (Deceased) D/o Late Malkhan Singh, Through Her LR's: **a. Sh. Karamveer** (Husband of Petitioner No. 2). **b. Sh. Sanjeev Kumar** (S/o Sh. Karamveer) **c. Ms. Monika** (D/o Sh. Karamveer) **d. Sh. Karan** (S/o Sh. Karamveer), **e. Ms. Poonam** (D/o Sh. Karamveer), **(All above are Residents of);** 3931/E, Street No.13, Shanit Mohalla, Gandhi Nagar, Delhi-110031.
**V/s**
**State & Ors.**
For Succession Certificate Under Succession Act-1925
**All concerned**
Whereas in the above noted petition the applicant /petitioner has applied for Succession Certificate from the Hon'ble Court under Section 372 of the Indian Succession Act-1925 in respect of the amount & assets which is lying in the name of the Deceased Late Smr. Sumitra W/o Late Sh. Malkhan Singh Expired on 13/06/2022 R/o EE-Block, 2491, Jahangirpuri, Delhi.
Whereas **10/10/2025 at 10 o'clock** in the forenoon has been fixed for hearing.
The application notice is hereby given under my hand and seal of the court this on **03/09/2025.**
**Seal Sd/-**
**Admn. Civil Judge-Cum-CCJ-Cum-ARC (North) Rohini Courts Delhi**

# लोकसभा अध्यक्ष ने विकसित भारत के रोडमैप में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मुख्य स्तंभ बताया

**वीर अर्जुन समाचार ब्यूरो**

तिरुपति/नई दिल्ली। महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधानमंडलीय समितियों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन आज तिरुपति, आंध्र प्रदेश में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक संसदीय सम्मेलन के समापन सत्र में अपने उद्बोधन में, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण मॉडलों की आवश्यकता पर बल दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक अनिवार्यता ही नहीं बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और उद्यमिता में निवेश करके, भारत मानव पूंजी का विशाल भंडार खोल सकता है और विकास का एक सशक्त सामाजिक-आर्थिक मॉडल बना सकता है।श्री बिरला ने रेखांकित किया कि भारत की विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व और योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन एक ऐसा मंच उपलब्ध कराते हैं जहाँ केंद्र और राज्यों के जन प्रतिनिधि अपने अनुभवों के माध्यम से मिलकर विचार साझा कर सकते हैं। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल श्री एस. अब्दुल नजीर ने समापन संबोधन दिया। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में लोकतंत्र मात्र एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं बल्कि एक सभ्यतागत मूल्य और जीवन का तरीका है। उन्होंने कहा कि भारत, जिसे लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, ने सदियों से समानता, संवाद और भागीदारी के सिद्धांतों को कायम रखा है और लोकतंत्र देश की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना में गहराई से बुना हुआ है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधानमंडलीय समितियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए।

श्री बिरला ने बल दिया कि महिला सशक्तिकरण को केवल कल्याण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय विकास की नींव के रूप में माना जाना चाहिए। उन्होंने समाज सुधारकों जैसे सावित्रीबाई फुले की अग्रणी भूमिका को याद किया, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की मुक्ति का समर्थन किया, और महाराष्ट्र के उन विद्यालयों का उदाहरण दिया जहाँ 100 प्रतिशत साक्षरता की दिशा में गाँवों की वृद्ध महिलाओं को भी शिक्षित किया गया। ऐसे प्रयास, उन्होंने कहा, आज भी समकालीन नीतियों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि की महिलाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए, अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा, उद्यमिता और सामुदायिक नेतृत्व में उनकी उत्कृष्टता यह दिखाती है कि अवसर दिए जाने पर, परिणाम परिवर्तनकारी होते हैं।

# प्रधानमंत्री ने बिहार में 36,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया

पूर्णिया (बिहार), (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पूर्णिया जिले में लगभग 36,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की सोमवार को शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने पूर्णिया हवाई अड्डे पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन किया। मोदी ने पूर्णिया-कोलकाता मार्ग पर पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, सांसद और विधायक उपस्थित थे। मोदी ने भागलपुर के पीरपैंती में 25,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 3र800 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। यह राज्य में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, “इसे अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल , कम उत्सर्जन वाली तकनीक के आधार पर डिजाइन किया गया है। यह परियोजना बिजली प्रदान करेगी और बिहार की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी” प्रधानमंत्री ने 2,680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कोसी-मेची अंतर-राज्यीय नदी संपर्क परियोजना के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा, “यह परियोजना नहर के उन्नयन पर केंद्रित होगी-जिसमें नहर से गाद निकालना, टूटी हुई संरचनाओं का पुनर्निर्माण, और पानी जमने वाली जगह का नवीनीकरण शामिल है। साथ ही, नहर की पानी छोड़ने की क्षमता 15,000 क्यूसेक से बढ़ाकर 20,000 क्यूसेक की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना से पूर्वोत्तर बिहार के कई जिलों को सिंचाई विस्तार, बाढ़ नियंत्रण और कृषि लचीलापन का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने दिन में बिहार में रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा कई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बिक्रमशिला-कटेरिया के बीच 2,170 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल लाइन की आधारशिला रखी।

# संसद भवन की सुरक्षा होगी और भी चाक-चौबंद

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। संसद भवन परिसर की सुरक्षा अब और भी चाक-चौबंद होने जा रही है। संसद भवन के चारों ओर की बाहरी परिधि में न सिर्फ विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी बल्कि वहां बिजली युक्त बाड़ (इलेक्ट्रिक पावर फेंस) भी लगायी जाएगी।

इतना ही नहीं, इस सुरक्षा कवच को और मजबूत बनाने के लिए परिसर को अत्याधुनिक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क और घुसपैठ का पता लगाने वाली उन्नत प्रणाली से भी लैस किया जाएगा। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की चौकस निगाहें भी परिसर की हर गतिविधि पर चौबीसों घंटे नजर रखेंगी।केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने अपनी वेबसाइट पर इस संबंध में एक निविदा जारी कर दी है। इसके अनुसार, इस कार्य की अनुमानित लागत 14.62 करोड़ रुपये से अधिक रखी गई है और निविदा की बोली 18 सितंबर 2025 को खोली जाएगी। सीपीडब्ल्यूडी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस परियोजना में संयुक्त उद्यम की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संसद की सुरक्षा को लेकर यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब हाल के वर्षों में कुछ घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। पिछले महीने एक व्यक्ति संसद की दीवार फांदकर अंदर घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था। इससे पहले लोकसभा कक्ष में 13 दिसंबर 2023 को दो व्यक्तियों ने सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दर्शक दीर्घा से छलांग लगाकर एक कैन फेंकी थी, जिसमें से रंगीन धुआं निकला था जबकि दो अन्य ने परिसर के बाहर भी ऐसा ही कृत्य किया था। इन घटनाओं के मद्देनजर संसद भवन की सुरक्षा को और चाक-चौबंद करने की तैयारी की जा रही है।सीपीडब्ल्यूडी की वेबसाइट पर जारी निविदा के ब्यौरे के अनुसार, पात्र एजेंसियों । ठेकेदारों से संसद भवन परिसर की बाहरी परिधि को विशेष प्रकाश व्यवस्था और बिजली युक्त बाड़बंदी (इलेक्ट्रिक पावर फेंस) से लैस करने, ऑप्टिकल फाइबर एवं घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली से सुसज्जित करने तथा सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था से युक्त बनाने का कार्य चार महीने में पूरा करने की अपेक्षा की जाती है।

## भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ नया पनडुब्बी-रोधी युद्धपोत

नई दिल्ली, (विप्र)। भारतीय नौसेना के बेड़े में एक स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर नौसेना की समुद्री क्षमताओं में वृद्धि होने की उम्मीद है। आन्द्रोत उथले जल में संचालित आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) में से दूसरा युद्धपोत है, जिसका निर्माण कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह जहाज शनिवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया, जो रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है।भारतीय नौसेना की पनडुब्बी-रोधी और तटीय निगरानी क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी जहाजों को शामिल किया जा रहा है। आन्द्रोत नाम का रणनीतिक और प्रतीकात्मक महत्व है क्योंकि यह लक्षद्वीप द्वीपसमूह के आन्द्रोत द्वीप से लिया गया है, जो भारत की अपने विशाल समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 77 मीटर लंबाई वाले ये जहाज डीजल इंजन-वॉटरजेट के संयोजन से संचालित होने वाले सबसे बड़े भारतीय नौसेना के युद्धपोत हैं, जो अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो और स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्ध रॉकेटों से लैस हैं।

# वनतारा को मिली सुप्रीम कोर्ट की क्लीन चिट, केस खारिज

**विधि संवाददाता**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे क्लीन चिट दे दी है। शीर्ष अदालत, गुजरात के जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर) की जाँच की माँग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। वनतारा पर जो आरोप लगाए गए थे, भविष्य में वैसे ही आरोपों पर की गई शिकायतों या कार्यवाही पर भी शीर्ष अदालत ने कुछ शर्तों के साथ रोक लगा दी है। वनतारा और संबंधित अधिकारियों को एसआईटी द्वारा सुझाए गए उपायों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया। इससे पहले मामले की जाँच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने भी गुजरात के जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियामों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है। एसआईटी की रिपोर्ट को सीलबंद करके, गोपनीय रखने का आदेश कोर्ट ने दिया। हालांकि वनतारा को उसके अपने उपयोग के लिए इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी की जांच के निष्कर्षों को गोपनीय नहीं माना। कोर्ट ने कहा कि ठहम प्रतिवादी - वनतारा को किसी भी आपत्तिजनक प्रकाशन को हटाने या गलत सूचना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने या मानहानि के लिए कार्रवाई करने की स्वतंत्रता देते हैं। कोर्ट के फैसले पर खुशी जताते हुए वनतारा के प्रवक्ता ने कहा कि हम अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) के निष्कर्षों का स्वागत करते हैं। एसआईटी की रिपोर्ट और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश ने स्पष्ट कर दिया है कि वनतारा के पशु कल्याण मिशन के विरुद्ध उठाए गए संदेह और आरोप निराधार थे। वनतारा हमेशा से बेजुबानों के प्रति प्रेम, करुणा और जिम्मेदारी का प्रतीक रहा है। हमारे द्वारा बचाया गया प्रत्येक जानवर, प्रत्येक पक्षी, हमें याद दिलाता है कि वे हमसे अलग नहीं हैं। जब हम जानवरों की देखभाल करते हैं, तो हम मानवता की आत्मा की भी देखभाल कर रहे होते हैं। कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

## गृह मंत्रालय ने त्योहारों के मौसम से पहले हवाई अड्डों पर और अधिक आव्रजन काउंटर खोलने के निर्देश दिए

नई दिल्ली, (विप्र)। गृह मंत्रालय ने सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर प्रतीक्षा समय कम करने के लिए पर्याप्त संख्या में आव्रजन काउंटर खोलने और अधिकारियों को 24 घंटे तैनात करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम आगामी त्योहारों और पर्यटक सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उठाया गया है। पिछले सप्ताह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।एक अधिकारी ने बताया, प्रतीक्षा समय को कम करने के उद्देश्य से, सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पर्याप्त आव्रजन काउंटर खोलने और अधिकारियों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गृह मंत्रालय ने फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) को लोकप्रिय बनाने पर भी बल दिया है। इस योजना के तहत पहले से सत्यापित भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीय (ओसीआई) कार्डधारकों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाया जाता है।

# वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भाजपा ने किया स्वागत

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। नकवी ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि संसद द्वारा पारित वक्फ व्यवस्था में सुधार का निर्णय विशुद्ध रूप से आस्था की रक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था के सुधार के लिए है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ भ्रष्ट लॉबी लूट के लाइसेंस का लीगल छूट चाहती हैं। इसीलिए वे हंगामा और काल्पनिक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने वक्फ की पूरी व्यवस्था को आसमानी किताब बना दिया था जिसे छूना मना था।नकवी ने कहा कि वक्फ बोर्ड को निशाना बनाने वाले वे लोग हैं जो अपनी स्वार्थ के लिए कानूनी छूट चाहते हैं। वे वक्फ बोर्ड में हुए सुधारों को बाधित करना चाहते हैं सुप्रीम कोर्ट को संवैधानिक दृष्टिकोण से हर कार्य की जांच करने का अधिकार है। सरकार अपना पक्ष रख रही है। वक्फ कानून प्रशासनिक सुधार और धार्मिक आस्था के संरक्षण की गारंटी के लिए है। इसमें कोई संशय नहीं है।उन्होंने कहा कि इस धर्मनिरपेक्ष देश में वक्फ बोर्ड सांप्रदायिक आधार पर प्रवेश या नो एंट्री का फॉर्मूला चाहते हैं। कोई भी दूसरे धर्म का व्यक्ति इस प्रशासनिक कानून का हिस्सा नहीं बन सकता। धर्मनिरपेक्ष देश में इस प्रकार का सांप्रदायिक हमला स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। संवैधानिक सुधार में सांप्रदायिक प्रहार करना ठीक नहीं है।उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है। कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाई है।

## संपूर्ण हिमालय पर्वतमाला पारिस्थितिकी संकट का सामना कर रही है : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (विसं)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितियों से संबंधित मुद्दा केवल हिमाचल प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समूचा हिमालय क्षेत्र इसका सामना कर रहा है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की ओर से पेश वकीलों से कहा, आदेश के लिए मामले को 23 सितंबर को सूचीबद्ध किया जाए। हम सभी बातों के सारांश को देखकर आपको एक संक्षिप्त आदेश देंगे, ताकि आप विशिष्ट निर्देश प्राप्त कर सकें। न्यायमूर्ति मेहता ने कहा, अंततः, यह केवल हिमाचल प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहेगा। समूचा हिमालय क्षेत्र इसका सामना कर रहा है। सुनवाई के दौरान, हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता ने पीठ को इस मामले में राज्य द्वारा दायर एक रिपोर्ट के बारे में बताया। पीठ ने कहा, हम सबकुछ संक्षेप में बताने के बाद आपको संक्षिप्त आदेश देंगे, ताकि आपको विशिष्ट निर्देश मिल सकें। इस मामले में न्यायमित्र के रूप में न्यायालय की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि राज्य द्वारा दायर रिपोर्ट में वृक्षावरण सहित कई पहलुओं को शामिल किया गया है।

## आईडब्ल्यूटी के तहत आने वाली नदियों का पानी भारत की ओर मोड़ने के लिए सभी प्रयास जारी: पाटिल

नई दिल्ली, (विप्र)। जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने सोमवार को कहा कि सरकार भारतीय राज्यों में पानी की कमी को पूरा करने के लिए निलंबित सिंधु जल संधि के तहत आने वाली नदियों का पानी मोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि इस मामले के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ हैं, इसलिए वह ज्यादा बात नहीं करना चाहेंगे। हालांकि उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए निर्णय को गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय की भागीदारी से लागू किया जा रहा है। इससे देश को बड़ा लाभ होगा। पाटिल ने आधार इंफ्रा कॉन्फ्लुएंस 2025 के दौरान एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं ताकि बहुत जल्द इस पानी को मोड़ा जा सके और हमारे देश में पानी की कमी का सामना कर रहे राज्यों को पानी मिल सके। वहां के किसान समृद्ध होंगे और लोगों की पानी की समस्या का समाधान होगा। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। नदियों के पुनरुद्धार पर अपनी बात रखते हुए, पाटिल ने नमामि गंगे कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान लगभग 60-70 लाख श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान के बावजूद, अपशिष्ट जल के उपचार के कारण नदी स्वच्छ बनी रही।उन्होंने कहा, “हरिद्वार से लेकर बंगाल तक, 211 सीवेज उपचार संयंत्र चालू हैं। अगले एक से डेढ़ साल के भीतर, प्रमुख नालों (कानपुर और वाराणसी में) के पानी को भी पूरी तरह से उपचारित कर दिया जाएगा।

## एआई सुरक्षा को लेकर भारत ने प्रौद्योगिकी विधिक दृष्टिकोण अपनाया: वैष्णव

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सुरक्षा को लेकर भारत ने एक प्रौद्योगिकी-विधिक दृष्टिकोण अपनाया है और सरकार का झुकाव नियमन से अधिक नवाचार की ओर है। वैष्णव ने नीति आयोग की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया के कई हिस्से एआई सुरक्षा को केवल कानूनी चुनौती मानते हैं और वे कानून बनाकर पारित कर लेने से यह मान लेते हैं कि एआई सुरक्षा सुनिश्चित हो जाएगी।

उन्होंने कहा, लेकिन भारत ने अलग दृष्टिकोण अपनाया है। हमारा एआई सेफ्टी इंस्टीट्यूट एक वर्चुअल नेटवर्क है, जहां प्रत्येक बिंदु किसी एक विशिष्ट समस्या का समाधान कर रहा है” वैष्णव ने कहा कि जब नवाचार और नियमन के बीच चुनाव करना होता है, तो भारत का झुकाव नवाचार की ओर रहता है। उन्होंने यूरोप और अन्य क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां प्रवृत्ति कानूनी और नियामकीय संस्थान बनाने की है, जबकि भारत में प्रौद्योगिकी को विकसित और अपनाने पर अधिक जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण अब तक सफल रहा है और आगे भी मदद करेगा, खासकर उन दूर-दराज इलाकों में जहां लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी समाधान जरूरी हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर दिया कि भारत की वृद्धि समावेशी और प्रौद्योगिकी-चालित है। उन्होंने कहा, “पिछले कुछ दशकों में सबसे बड़ा परिवर्तन एआई के कारण आया है। जैसे इंटरनेट ने सबकुछ बदल दिया था, वैसे ही एआई हमारी शिक्षा, स्वास्थ्य, कार्यशैली और उपभोग के तरीकों को मूल रूप से बदल देगी।

## सरपंच संवाद ऐप पर कल से 100 दिवसीय सुशासन चुनौती शुरू की जाएगी

नई दिल्ली, (विप्र)। सरपंच संवाद मोबाइल ऐप पर 17 सितंबर से 25 दिसंबर तक 100 दिवसीय सुशासन चुनौती शुरू की जाएगी। जल शक्ति मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसका उद्देश्य देश भर में सरपंचों के नेतृत्व वाले अभियानों को गति देना और जमीनी स्तर पर विकास के वाहक के रूप में पंचायतों को मजबूत करना है। सरपंच संवाद मोबाइल एप्लीकेशन एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा देश भर में सरपंचों (ग्राम प्रधानों) का नेटवर्क बनाने के लिए शुरू किया गया है। ऐप का उद्देश्य ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए जमीनी स्तर के नेताओं के बीच प्रभावी संचार, ज्ञान साझाकरण और सहयोग को सुविधाजनक बनाना है।जल शक्ति मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा आयोजित सरपंच संवाद राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने इस बात पर बल दिया कि सरपंच संवाद ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म एकजुट हो सकते हैं और जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण समाधान साझा करने के लिए उन्हें सशक्त बना सकते हैं।

# बिहार में अदाणी समूह को दी गई 1,050 एकड़ जमीन की सौगात: कांग्रेस

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के बीच सोमवार को भागलपुर की प्रस्तावित बिजली परियोजना को लेकर सवाल खड़े किए और दावा किया कि चुनाव में हार तय देखते हुए अदाणी समूह को।,050 एकड़ जमीन की सौगात दी गयी। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह आरोप भी लगाया कि यह डबल लूट है क्योंकि इस सयंत्र से बनने वाली बिजली बिहार के लोगों को 6.75 रुपये प्रति यूनिट बेची जाएगी जबकि दूसरे कुछ राज्यों में तीन-चार रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली बेची जा रही है।

कांग्रेस के आरोपों पर अदाणी समूह और बिहार सरकार की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को



नई दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा इंदिरा भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए। (एएनआई)

पूर्णिया जिले का दौरा कर रहे हैं और 36,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। वह भागलपुर के पीरपैंती में 800 मेगावाट की तीन ताप विद्युत परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि यह बिहार में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा, 25,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, बिहार में भागलपुर के पीरपैंती में 10 लाख पेड़, ।,050 एकड़ जमीन राष्ट्र सेठ गौतम अदाणी को बिजली संयंत्र लगाने के लिए एक रुपये प्रतिवर्ष पर 33 साल के लिए दे दी गई। उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार दौरे पर थे वहां के ग्रामीणों को नजरबंद कर दिया गया ताकि वे धरना न दे सकें। खेड़ा ने कहा, महाराष्ट्र में जब चुनाव हुए तो उससे पहले बिजली संयंत्र परियोजना और धारावी गौतम अदाणी को दे दिया। इसी तरह, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव से पहले परियोजनाएं अदाणह समूह को दी गई। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जब भाजपा को लगता है कि वह चुनाव हार जाएगी तो उससे पहले गौतम अदाणी को सौगात दे जाती है।

# वक्फ-संशोधन कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाने का मुस्लिम संगठनों ने स्वागत किया

नई दिल्ली/लखनऊ, (भाषा)। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ अहम प्रावधानों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक लगाए जाने का मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) समेत कई संगठनों और धर्मगुरुओं ने सोमवार को स्वागत किया।

शीर्ष अदालत में इस विवादित अधिनियम को चुनौती देने वाली जमीयत के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि उनका संगठन इस काले कानून के खत्म होने तक अपनी कानूनी और लोकतांत्रिक जद्दोजहद को जारी रखेगा। वहीं, ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि उसे अदालतों पर पूरा भरोसा है और इंसाफ मिलने की उम्मीद है। शीर्ष अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, एआईएमपीएलबी के कार्यकारी सदस्य खालिद रशीद फरंगी महली ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मुसलमान और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर रोक चाहता था, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई है, जो एक स्वागत योग्य कदम है।उन्होंने कहा, हमें इससे काफी राहत मिली है। हमें उम्मीद है कि जब अंतिम फैसला आएगा, तो हमें पूरी राहत मिलेगी” मदनी ने एक्स पर कहा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद वक्फ़ कानून की तीन अहम विवादित धाराओं पर मिली अंतरिम राहत के फैसले का स्वागत करती है। जमीयत इस काले कानून के खत्म होने तक अपनी कानूनी और लोकतांत्रिक जद्दोजहद जारी रखेगी। उन्होंने कहा, हमें यकीन है कि उच्चतम न्यायालय इस काले कानून को समाप्त करके हमें पूर्ण संवैधानिक न्याय देगा, इंशा अल्लाह (अल्लाह ने चाहा तो)। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव यासूब अब्बास ने कहा, “हम उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं। हमें अपनी अदालतों पर पूरा भरोसा है और हमें न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है।केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर मुस्लिम सदस्यों की संख्या सीमित करने के शीर्ष अदालत के फैसले पर खालिद रशीद ने कहा कि अदालत ने बोर्ड के सीईओ की नियुक्ति मुस्लिम समुदाय से ही करने का निर्देश दिया है जो राहत की बात है, लेकिन गैर-मुस्लिम सदस्यों का मुद्दा अब भी बना हुआ है। रशीद ने कहा कि अन्य धर्मों और समुदायों के ट्रस्टों और धार्मिक संस्थाओं में यह प्रावधान है कि केवल उसी धर्म का व्यक्ति ही इसका सदस्य बन सकता है और यही कानून वक्फ अधिनियम में भी था, लेकिन संशोधिन कानून में इस प्रावधान को हटा दिया गया। इस मुद्दे पर अब्बास ने कहा कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की सदस्य के रूप में उपस्थिति के बारे में हम न्यायालय से इस पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने भी शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, “मोदी सरकार अल्पसंख्यक मुसलमानों और पसमांदा समुदाय के उत्थान और विकास के लिए ईमानदारी और गंभीरता से काम कर रही है। उच्चतम न्यायालय के फैसले के आलोक में, हमारी सरकार मुसलमानों के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम मुसलमानों के विकास के नए रास्ते खोलेगा। वहीं, मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शीर्ष अदालत के फैसले को “बहुत अच्छा” और संतुलित बताया। रजवी ने पीटीआई वीडियो से बात करते हुए, मैं फैसले का स्वागत करता हूं।

इससे उम्मीद जगी है कि वक्फ की जमीन पर अवैध कब्जा हटेगा और उस जमीन पर स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मस्जिद, मदरसे और अनाथालय बनाए जाएंगे” उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगा दी जिनमें यह प्रावधान भी शामिल है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाला शख्स ही वक्फ के लिए संपत्ति दे सकता है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने पूरे कानून पर स्थगन से इनकार कर दिया।प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, हमने कहा है कि हमेशा पूर्व धारणा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है। न्यायालय ने वक्फ संपत्तियों की स्थिति पर निर्णय करने के लिए जिलाधिकारी को दी गई शक्तियों पर भी रोक लगा दी और वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम भागीदारी के विवादास्पद मुद्दे पर फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया कि केंद्रीय वक्फ परिषद में 20 में से चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हों, और राज्य वक्फ बोर्डों में 11 में से तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हों।

## ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रीय ऋण की वजह से 50 टैरिफ लगाया: संघ नेता

नई दिल्ली, (वीअ)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, क्योंकि उन्हें अपने देश के राष्ट्रीय ऋण का निपटान करना है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अधिक है। उन्होंने कहा कि अन्यथा अमेरिका में संकट आ जाएगा, जो अमेरिका के लिए एक विनाशकारी स्थिति है। आरएसएस नेता मुकुल कानिटकर ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिका की मौजूदा स्थिति के लिए उसकी गलत आर्थिक नीतियों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आज की विकट परिस्थिति में केवल भारत ही दुनिया का मार्गदर्शन कर सकता है।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा, अमेरिका की जीडीपी 30 लाख करोड़ डॉलर से भी कम है... 29 लाख करोड़ डॉलर है। और उनका राष्ट्रीय ऋण 36 लाख करोड़ डॉलर का है। आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया। कानिटकर ने दावा किया कि अमेरिका कम से कम एक सप्ताह के लिए बंद हो जाएगा और अगर अगले महीने ऋण की राशि का भुगतान नहीं किया गया तो अमेरिकी सरकार के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी धन नहीं होगा।

# श्रीलंका ने हांगकांग को 4 विकेट से हराया



अबुधाबी, (एजेंसी)। एशिया कप 2025 के 8वें मैच में सोमवार (15 सितंबर) को श्रीलंका ने हॉन्गकॉन्ग को 4 विकेट से हराया। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। हॉन्गकॉन्ग ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 149 रन बनाए। निजाकत खान ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। श्रीलंका ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 153 रन बनाए। हॉन्गकॉन्ग का इस हार के साथ एशिया कप में सफर समाप्त हो गया।

श्रीलंका की उसने हालत खराब कर दी थी। उसे 6 कैच छोड़ना भारी पड़ा। श्रीलंका के लिए पथुम निसांका ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। उनके रन आउट होने के बाद श्रीलंका की पारी लड़खड़ाई। 8 रन के अंदर 4 विकेट गिरे। ग्रुप बी में श्रीलंका के 4 अंक हो गए हैं। अफगानिस्तान 2 अंक के साथ दूसरे नंबर पर है। बांग्लादेश 2 अंक के साथ तीसरे नंबर पर है। हॉन्गकॉन्ग की ओर से निजाकत खान ने नाबाद 52 रन बनाए। जीशान अली ने 23, अंशुमान रथ ने 48, बाबर हयात ने 4 और यासिम मुर्तजा ने 5 रन बनाए। इजाज खान 4 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका के लिए दुष्मंथा चमीरा ने 2 विकेट लिए। वानिंदु हसरंगा और दासुन शनाका ने 1-1 विकेट लिए। श्रीलंका के लिए पथुम निसांका ने 68 रन बनाए। वानिंदु हसरंगा 9 गेंद पर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। कुसल परेरा ने 20 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 11 और कामिल मिशारा ने 19 रन बनाए। दासुन शनाका 6 रन बनाकर नाबाद रहे। चरित असालंका 2 और कामिंदु मेंडिस 5 रन बनाकर आउट हुए। हॉन्गकॉन्ग के लिए यासिम मुर्तजा ने 2 विकेट लिए। आयुष शुक्ला और एहसान खान और इजाज खान ने 1-1 विकेट लिए।

# यूएई ने ओमान को हराकर सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी

अबुधाबी, (भाषा)। खिताब के प्रबल दावेदार भारत ने सोमवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओमान पर 42 रन की जीत के बाद एक मैच रहते एशिया कप के सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत दो जीत से चार अंक के साथ वर्तमान में ग्रुप ए में शीर्ष पर है और 19 सितंबर को ओमान ।दो मैचों में शून्य अंका के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम ओमान से हारने के बावजूद भी शीर्ष दो में रहेगी जिससे उसका सुपर चार के लिए क्वालीफाई करना तय है। ओमान से भारत का हारना असंभव है। पाकिस्तान और यूएई के बीच 17 सितंबर को होने वाले मैच से यह तय होगा कि भारत के अलावा ग्रुप ए से दूसरी टीम के रूप में सुपर चार में कौन जगह बनाता है। पाकिस्तान और यूएई के दो-दो मैचों में दो-दो अंक हैं।ओमान के खिलाफ जीत से यूएई की सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद कायम है। कप्तान मोहम्मद वसीम और सलामी बल्लेबाज अलीशान शराफू के अर्धशतकों के बाद जुनैद सिद्दिकी (23 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान को 42 रन से हराकर सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। वसीम ने 54 गेंद में 69 रन बनाये और वह आखिरी ओवर में आउट हुए। वहीं शराफू ने 38 गेंद में 51 रन की पारी खेलकर यूएई को बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 172 रन तक पहुंचाया।

यह स्कोर घरेलू टीम की जीत के लिए काफी था और बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत उन्हें महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचा सकती है, बशर्ते भारत अपने आखिरी ग्रुप मैच में ओमान को हरा दे। ओमान की पूरी टीम 18.4 ओवर में 130 रनों पर सिमट गई।

# भारतीय टेनिस की मदद के लिए सिर्फ पद पर काबिज होना ही एकमात्र रास्ता नहीं है: सानिया

दुबई, (भाषा)। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अनुसार देश के प्रत्येक खेल महासंघ की 15 सदस्यीय कार्यकारी समिति में चार महिलाओं का होना अनिवार्य है लेकिन दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा का मानना है कि युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) में एक पद से कहीं अधिक है।

खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक रहीं सानिया ने अपने दुबई स्थित आवास से पीटीआई से कई मुद्दों पर बात की जिनमें टेनिस में वेतन समानता से लेकर स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारत की डेविस कप जीत शामिल रहीं जबकि उन्होंने 16 साल की माया राजेश्वरन रेवती की विशेष प्रतिभा पर भी बात की है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह निकट भविष्य में खेल प्रशासन में दिखाई दे सकती हैं तो सानिया ने इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मदद करने के लिए उस शक्तिशाली पद पर होना ही एकमात्र तरीका है। ईमानदारी से कहूं तो मेरा यही जवाब है। अगर मुझे मौका मिले तो क्या मैं कर पाऊंगी, तो क्या मैं उस पद पर रहकर और योगदान दे पाऊंगी तो मैं ऐसा करना पसंद करूंगी। लेकिन क्या मैं इसका लक्ष्य बना रही हूं तो मेरा जवाब है, नहीं। क्योंकि यह मेरा लक्ष्य नहीं है। सानिया के लिए भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए कोई पद पर बैठना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य युवा पीढ़ी के ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों और विशेषकर युवा लड़कियों की मदद करना है क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास ज्यादा आदर्श नहीं हैं जिनसे वे प्रेरणा ले सकें। सानिया ने कहा, मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। और अगर मुझे इसके लिए किसी तंत्र में शामिल होने का मौका मिलता है और इससे मुझे सिर्फ फोन पर बात करने या कोर्ट पर उनकी मदद करने या किसी भी तरह की अन्य चीज से ज्यादा मौके मिलते है तो मुझे ऐसा करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, लेकिन मेरा फोकस इस पर नहीं है। यह मेरा लक्ष्य नहीं है।

सानिया के बाद भारत में महिला टेनिस में कौन उभरती हुई प्रतिभा है, यह पूछने पर उन्होंने माया राजेश्वरन रेवती का नाम लिया। माया स्पेन में राफेल नडाल अकादमी में ट्रेनिंग लेती हैं। सानिया ने कहा, माया में काफी प्रतिभा है। मेरे बाद कौन आएगा, यह ऐसा सवाल है जिससे हम शायद पिछले 25 साल से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, तो एक 15-16 साल की युवा खिलाड़ी को आगे बढ़ते हुए देखना और अपने आयु वर्ग के ऊपर वर्गों में भी अपनी पकड़ बनाए रखते हुए देखना अच्छा लगता है। एकल में पूर्व 27वें नंबर की खिलाड़ी सानिया ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप मुकाबला जीतने के लिए भारतीय पुरुष टीम की भी जमकर तारीफ की।

## संक्षिप्त समाचार

### 19वें हरि चंद मेमोरियल क्रिकेट में देव मेहरा का कमाल



नई दिल्ली,(वीअ)। दिल्ली यू 16 खिलाड़ी के ऑलराउंडर प्रदर्शन, देव मेहरा, 35 रन, 4/26, आर्य सिंह, 58 रन और कुशाग्र अग्रवाल, 47 की पारी अहान सैमुअल, 2/29 की मदद से ज्ञाती क्रिकेट अकादमी ने 19 वे हरि चंद मेमोरियल अंडर 17 आर्या क्रिकेट टूर्नामेंट के उदघाटन मैच में विजय दहिया अकादमी, गुरुग्राम को 92 रनों से मात दी । मैच का आयोजन रामजस कॉम्प्लेक्स पटेल नगर मे किया गया। संक्षिप्त स्कोर 40 ओवर में ज्ञांती एकेडमी 280/8 आर्य सिंह 58 रन कुशाग्र अग्रवाल 47 देव मेहरा 35 रन अभिजय सिंह 2/46 गर्व रोहिल्ला 2/54। 39 ओवर में विजय दहिया अकादमी 188/10, डिशांक 62 रन, देव मेहरा 4/26 अहान सैमुअल 2/29 परिणाम ज्ञान्ती अकादमी 92 रन से जीत मुख्य अतिथि पूर्व कन्वीनर डीडीसीए लीग समिति के सदस्य अनिल कुमार पासी, केशव जैन, अध्यक्ष आर्यस मोबाइल ग्रुप और समाज सेवी गौरव गुप्ता, ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

**आकिब का दोहरा शतक** : चौथे कांता देवी मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में, मैन ऑफ़ द मैच आकिब सैफी (229 रन) की शानदार पारी की बदौलत मास्टर ब्लास्टर्स (411/5) ने एमसीए (121/10) के खिलाफ 290 रनों के विशाल अंतर से जीत हासिल की। हारने वाली टीम की तरफ़ से क्षितिज अरोड़ा ने 6 विकेट लिए। संक्षिप्त स्कोर: मास्टर ब्लास्टर्स: 35 ओवर में 411/5। आकिब सैफी 229 (99 गेंद, 20×4, 22×6), सक्षम पांडे 41 (30 गेंद, 5×4, 3×6); शौर्य प्रताप सिंह (3/47), संस्कार गोयल (1/71) एमसीए: 22 ओवर में 121/10। आदित्य गुप्ता 40(20 गेंद,6×4,2×6), अर्णव 24 (34 गेंद,5×4); क्षितिज अरोड़ा (6/27), ऋषित सिंह (2/17 - 2 मेडन)

### लद्दाख फुल मैराथन: हंस राज ने पुरुषों और स्टैनजिन चोंडोल ने महिलाओं का खिताब जीता

लेह, (भाषा)। जम्मू कश्मीर के हंस राज ने लद्दाख फुल मैराथन के 12वें चरण में पुरुषों का और लद्दाख की स्टैनजिन चोंडोल ने महिलाओं के वर्ग का खिताब जीता। हंस राज ने दो घंटे 47 मिनट 41 सेकेंड में 42 किलोमीटर की फुल मैराथन पूरी की जबकि स्टैनजिन चोंडोल ने महिलाओं के वर्ग में 3:13:00 सेकेंड के समय से जीत हासिल की। हाफ मैराथन में त्सेतन नामगेल ने।:13:10 सेकेंड के समय से पुरुषों की दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि स्टैनजिन डोलकर ने।:30:14 सेकेंड में दौड़ पूरी करके महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### एएसआईपी ने सलाहकार बोर्ड बनाया

नई दिल्ली, (भाषा)। भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) के सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है जिसमें विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज भी शामिल है। एआईपीएल के प्रबंधन बोर्ड ने रविवार को हुई बैठक में सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी दी। सलाहकार बोर्ड भारतीय खेलों के इकोसिस्टम से जुड़े हर पेशेवर को एकजुट करने के एएसआईपी के मिशन के लिये रणनीतियां बनायेगा। एआईपीएस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सलाहकार बोर्ड उच्च स्तरीय रणनीतिक रोडमैप और अग्रणी नीतियां तैयार करेगा, हितधारकों को जोड़ने पर सलाह देगा और वाणिज्यिक विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके अलावा नयी पहल, अनुसंधान पहलों और क्रॉस-सेक्टर साझेदारियों के लिए एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में कार्य करेगा। बत्रा अनुभवी खेल प्रशासक हैं जबकि अंजू भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सीनियर उपाध्यक्ष हैं। उनके अलावा लॉयड मथियास, मोलिना अस्थाना और हिमांशु गौतम भी बोर्ड में हैं।

### अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मोहम्मद सिराज

दुबई, (भाषा)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं। सिराज ने कहा, मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में।

### दबाव से निपटने पर विश्व कप जीत सकती है भारतीय महिला टीम: सुलक्षणा नाइक

मुंबई, (भाषा)। भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सुलक्षणा नाइक ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने में सक्षम है, बशर्ते वह दबाव से निपट सके। भारतीय महिला टीम अभी तक वनडे विश्व कप नहीं जीत पाई है तथा वह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में ट्रॉफी का यह इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी।

# हम पहलगाम पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाना चाहते थे: गंभीर

दुबई, (भाषा)। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को अच्छी करार दिया लेकिन उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि टीम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने में सफल रही।

टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स से बात करते हुए गंभीर ने कहा, यह अच्छी जीत है लेकिन टूर्नामेंट में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हम पहलगाम हमले के पीड़ितों, सभी परिवारों और उनके साथ हुई घटनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहते थे। उन्होंने कहा, हम ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के लिए सशस्त्र बलों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम देश को गौरवान्वित और खुश करने का प्रयास करेंगे। इस मैच के बारे में गंभीर ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा, आप इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते, खासकर गेंदबाजों ने जिस तरह से गेंदबाजी की। अगर आप विरोधी टीम को 127 रन पर रोक रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आपने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कहा, हमने जिस तरह से शुरुआत की वह भी महत्वपूर्ण थी और खिलाड़ी दिन-प्रतिदिन अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गंभीर एक साल से भारतीय टीम के प्रभारी हैं और उनके कार्यकाल में मिश्रित परिणाम देखने को मिले हैं। राष्ट्रीय टीम के साथ अब तक के अपने समय के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा, आप सेब और संतरे की तुलना नहीं कर सकते। कुछ लोगों को बदलाव स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रहा होगा, लेकिन हमने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखा है, सहयोगी स्टाफ ने उनका समर्थन जारी रखा है और हम भविष्य में भी अच्छे परिणाम हासिल करते रहेंगे।

# हैंडशेक मामला: पीसीबी की पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग

## ★फाइनल जीतने पर क्या नकवी से ट्रॉफी लेगा भारत

दुबई, (भाषा)। भारतीय टीम के एशिया कप मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने के फैसले को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया और पीसीबी ने खीझकर मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को इसके लिये जिम्मेदार ठहराते हुए हटाने की मांग की।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रविवार को सात विकेट से मिली जीत के बाद टीम के फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि यह पहलगाम आतंकवादी हमले से पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिये था। पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने इस हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लेकर भारतीय क्रिकेट टीम को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने समूचे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से शिकायत की और अब आईसीसी के दखल की मांग की है। एसीसी के अध्यक्ष पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी हैं जबकि आईसीसी अध्यक्ष भारत के जय शाह है। एशिया कप आईसीसी का नहीं बल्कि एसीसी का टूर्नामेंट है। नकवी ने एक्स पर लिखा , पीसीबी ने क्रिकेट की भावना से जुड़े एमसीसी के नियम और आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच रैफरी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। पीसीबी ने मैच रैफरी को एशिया कप से तुरंत हटाने की मांग की है। पीसीबी ने पहले कहा था कि पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से टॉस के समय कहा था कि भारतीय कप्तान से हाथ नहीं मिलाये। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नवीद चीमा ने एसीसी के समक्ष शिकायत दर्ज करके आरोप लगाया है कि पायक्रॉफ्ट के कहने पर दोनों कप्तानों ने टीमशीट का आदान प्रदान नहीं किया। बीसीसीआई ने अभी तक पीसीबी के बयान का जवाब नहीं दिया है लेकिन समझा जाता है कि अगर भारत 28 सितंबर को फाइनल में पहुंचता है तो खिलाड़ी नकवी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। नकवी एसीसी प्रमुख होने के नाते विजयी टीम को ट्रॉफी दे सकते हैं। दोनों टीमों ने टॉस और वॉर्मअप के समय भी एक दूसरे से बात नहीं की। दोनों कप्तानों ने टीमशीट मैच रैफरी को सौंपी। पीसीबी ने इससे पहले बयान में कहा , टीम मैनेजर नवीद चीमा ने मैच के बाद हाथ नहीं मिलाने वाले भारतीय खिलाडि़यों के बर्ताव का कड़ा विरोध किया है। यह खेल भावना और खेल के विपरीत आचरण है। विरोध के तौर पर हमने अपने कप्तान को मैच के बाद समारोह में नहीं भेजा। सूर्यकुमार ने जीत के बाद कहा था , हमने मिलकर यह फैसला लिया था। हम यहां सिर्फ मैच खेलने आये थे और मुझे लगता है कि हमने माकूल जवाब दिया। एक पाकिस्तानी पत्रकार ने जब पूछा कि जीत के बाद विरोधी टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला क्या राजनीति से प्रेरित था, इस पर कप्तान ने कहा , मेरा मानना है कि जीवन में कुछ चीजें खेल भावना से ऊपर भी होती है।हम पहलगाम आतंकवादी हमले के पीडति़ों के साथ हैं और यह जीत अपने सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने भी टूर्नामेंट के प्रसारक से बातचीत में यही कहा था। समझा जाता है कि बीसीसीआई और टीम प्रबंधन ने अपने रूख को लेकर आपस में बातचीत की थी क्योंकि मैच खेलने के खिलाफ भारत में विपक्षी दलों से लेकर सोशल मीडिया तक काफी विरोध हो रहा था। मैच खेलने के फैसले का विरोध करते हुए कहा जा रहा था कि पहलगाम आतंकवादी हमले में परिजनों को खोने वाले परिवारों के जज्बात से ऊपर पैसे को रखा जा रहा है।

# अक्षर ने बाएं हाथ के बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने के लिए कड़ा अभ्यास किया था : सूर्यकुमार

दुबई, (भाषा)। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बायें हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की।

अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि वह (अक्षर) काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह काफी लंबे समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसलिए वह अपना काम अच्छी तरह जानते हैं। उनकी रणनीति पूरी तरह से स्पष्ट होती है। उन्होंने कहा, जब भी मैं उन्हें अभ्यास के दौरान देखता हूं, तो वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ज़्यादा गेंदबाजी करते हैं क्योंकि यह एक उचित संयोजन है। आपको लगता है कि अगर कोई बाएं हाथ का बल्लेबाज मैदान में आ रहा है, तो आप बाएं हाथ के स्पिनर को गेंदबाजी नहीं करा सकते। सूर्यकुमार ने कहा, लेकिन वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए अधिक अभ्यास करते हैं। जब वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंदबाजी करते हैं, तो उनकी अपनी योजनाएं होती हैं। उन्होंने एक ऑलराउंडर के रूप में अक्षर के महत्व पर भी जोर दिया और संकेत दिया कि उनका उसी तरह से उपयोग किया जाएगा जैसा कि रोहित शर्मा ने टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में काफी सफलतापूर्वक किया था। सूर्यकुमार ने कहा, मैं उनकी स्पष्ट योजनाओं और उनकी बल्लेबाजी से वाकई बहुत खुश हूं। मुझे यकीन है कि इसका फायदा उठाया जाएगा। जैसा कि आपने चैंपियंस ट्रॉफी में देखा होगा, रोहित भाई और टीम प्रबंधन ने इसका बखूबी इस्तेमाल किया। मुझे यकीन है कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह इसका पूरा फायदा उठाएंगे।

# विश्व चैम्पियनशिप : लंबी कूद में श्रीशंकर, स्टीपलचेस में पारूल फाइनल की दौड़ से बाहर

तोक्यो, (भाषा)। भारत के लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सके और 14वें स्थान पर रहे। तीसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे श्रीशंकर ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में तीन प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ कूद 7 . 78 मीटर की ही लगा सके जो पिछले तीन साल से अधिक समय में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। वह 37 प्रतियोगियों में 25वें स्थान पर रहे। स्वत: क्वालीफिकेशन का 8 . 15 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई। श्रीशंकर अमेरिका के यूजीन में 2022 में हुई विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहे थे। घुटने की चोट और सर्जरी के कारण वह पेरिस ओलंपिक समेत 2024 में अधिकांश टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 8 . 41 मीटर है जो उन्होंने 2023 में किया था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारूल चौधरी और अंकिता ध्यानी महिलाओं की स्टीपलसचेस स्पर्धा में अपनी हीट में क्रमश: नौवे ओर 11वें स्थान पर रही। पारूल कुल 20वें और अंकिता 35वें स्थान पर रही। पारूल ने नौ मिनट 22 . 24 सेकंड का समय लिया जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 12 .46 सेकंड का है। वह बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचकर दसवें स्थान पर रही थी। अंकिता को चैम्पियनशिप में दूसरे देशों के कुछ एथलीटों के ऐन मौके पर नाम वापिस लेने के बाद जगह मिली थी।

# मध्य क्षेत्र बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन

बेंगलुरु, (भाषा)। मध्य क्षेत्र ने कुछ उतार-चढ़ाव भरे क्षणों से उबरते हुए सोमवार को यहां दक्षिण क्षेत्र को छह विकेट से हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

मध्य क्षेत्र के सामने 65 रन का मामूनी लक्ष्य था लेकिन दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में मध्य क्षेत्र को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता। बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए। रविवार को भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद मध्य क्षेत्र को लक्ष्य तक पहुंचाया। पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद, हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। हमारे खिलाडि़यों ने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त जज्बा दिखाया और मैं इससे बहुत खुश हूं।

# अफगानिस्तान के खिलाफ स्पिन चुनौती से पार पाना होगा बांग्लादेश को

अबुधाबी, (भाषा)। बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को यहां एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वस से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है।

# दिल्ली राज्य पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 का सफल समापन




नई दिल्ली, (वीअ)। दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली (पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया से संबद्ध), द्वारा नई दिल्ली में तीसरी दिल्ली राज्य पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 का सफल आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स, तालकटोरा स्टेडियम में किया गया। इस चैंपियनशिप में कुल 120 पैरा-खिलाड़ियों ने चार श्रेणियों में भाग लिया: ए-14 (25 खिलाड़ी), ए-1 (48 खिलाड़ी), ए-13 (29 खिलाड़ी), SM-5 (18 खिलाड़ी)।

प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे जमीनी स्तर पर प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुँच का मार्ग मजबूत हुआ।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरविंद मेनन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने भाषण में डॉ. मेनन ने कहा, ठहमारे पैरा-एथलीट्स का समर्पण और धैर्य वास्तव में नए भारत की भावना को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न से मार्गदर्शित होकर देश में पैरा खेलों को अभूतपूर्व पहचान और समर्थन मिल रहा है। यह चैंपियनशिप न केवल प्रतिभा का उत्सव है बल्कि समाज को समान अवसर बनाने की प्रेरणा भी देती है। आयोजन टीम की ओर से दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली की अध्यक्ष श्रीमती पारुल सिंह ने कहा, ठयह चैंपियनशिप सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है- यह समावेशन, सशक्तिकरण और उत्कृष्टता की दिशा में एक कदम है। यहाँ उपस्थित हर खिलाड़ी साहस का प्रतीक है और हमारे सहयोगी संस्थानों तथा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्वकर्ताओं से मिलने वाले प्रोत्साहन के साथ हम दिल्ली के पैरा खेलों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिकोण साझा करते हुए पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के निदेशक श्री सत्य बाबू ने कहा, ठदिल्ली राज्यपैरा स्विमिंग चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताएँ जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान और संवर्धन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये युवा खिलाड़ी भारतीय पैरा खेलों का भविष्य हैं और पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया गर्व के साथ ऐसे प्रयासों का समर्थन करती है, जो हमारे व्यापक लक्ष्य-खिलाड़ियों को वैश्विक उत्कृष्टता के लिए तैयार करने-के अनुरूप हैं। दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के महासचिव श्री राहुल कसाना ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्री अजीत चांडिला, मुख्य संरक्षक डीपीएसए, श्री ललित, कोषाध्यक्ष डीपीएसए, और श्री गौरव चौधरी, उपाध्यक्ष डीपीएसए भी उपस्थित रहे।

संस्थान ने मुख्य प्रायोजक DICCAI को विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और प्रतिभा को मंच देने में निरंतर सहयोग किया। दिल्ली राज्य पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 की सफलता इस बात की पुष्टि करती है कि दिल्ली पैरा खेलों का एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है और यह भारतीय पैरा-खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

# नेपाल के तीन नवनियुक्त मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की

काठमांडू, (भाषा)। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की ओर से नियुक्त तीन मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री कार्की (73) ने रविवार को पदभार संभाला था। उन्होंने उसी दिन कुलमन घीसिंग, रामेश्वर खनाल और ओम प्रकाश आर्यल को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था। तीन मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह यहां महाराजगंज क्षेत्र में शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित किया गया। पूर्व वित्त सचिव खनल को वित्त मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है, जबकि नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व प्रबंध निदेशक घीसिंग ने तीन विभागों ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाईअ भौतिक अवसंरचना एवं परिवहनअ और शहरी विकास का कार्यभार संभाला है।

पेशे से वकील आर्यल ने गृह मंत्री और विधि, न्याय एवं संसदीय मामलों के मंत्री के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद, उन्होंने अपने-अपने पदभार ग्रहण कर लिए। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ जेन जेड समूह के व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गत मंगलवार को इस्तीफा दे दिया जिससे पैदा हुई राजनीतिक अनिश्चितता कार्की द्वारा 12 सितंबर को शपथ लिए जाने साथ ही समाप्त हो गई थी। ओली के इस्तीफे की मांग करते सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय में घुस जाने के कुछ ही देर बाद मंगलवार को उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में कम से कम 72 लोग मारे गए हैं। जेन जेड उस पीढ़ी को कहा जाता है जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुई है। यह वह युवा वर्ग है जो तकनीक, इंटरनेट और सोशल मीडिया के साथ बड़ा हुआ है।



काठमांडू में अंतरिम सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के साथ अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की और अंतरिम कैबिनेट के अन्य सदस्य। (छाया : एएनआई)

# ब्रिटेन की पुलिस ने ब्रिटिश सिख महिला से दुष्कर्म के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

लंदन, (भाषा)। एक सिख महिला के नस्लीय यौन उत्पीड़न की जांच कर रही ब्रिटिश पुलिस ने उससे दुष्कर्म के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की उम्र 30 से 35 वर्ष के आसपास है जिसे रविवार को हिरासत में लिया गया था और वह गत मंगलवार को इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के ओल्डबरी में हुए नस्लीय भावना के चलते किए गए बलात्कार की जांच के सिलसिले में अब भी हिरासत में है। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा कि 20 से 25 साल उम्र की महिला को जांच के दौरान लगातार सहयोग मिल रहा है। सैंडवेल पुलिस की मुख्य अधीक्षक किम मैडिल ने कहा, यह जांच में एक महत्वपूर्ण प्रगति है और हम समुदाय को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, जांच अभी जारी है और हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे अटकलें न लगाएं क्योंकि हम उन सभी लोगों की पहचान करने और उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो इसमें शामिल हो सकते हैं। पुलिस बल ने न्यायिक प्रक्रिया को अपना काम करने देने के महत्व पर भी जोर दिया। वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र से ब्रिटिश सिख सांसद प्रीत कौर गिल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ओल्डबरी में एक सिख युवती पर हुए भयानक हमले से मैं बेहद स्तब्ध हूं। यह एक अत्यधिक हिंसात्मक कृत्य था, लेकिन इसे नस्लीय रूप से उत्तेजित करने वाला भी माना जा रहा है, क्योंकि कथित तौर पर अपराधियों ने उससे कहा था कि वह यहां की नहीं है। सांसद ने कहा, वह यहीं की है। हमारे सिख समुदाय और हर समुदाय को सुरक्षित, सम्मानित और मूल्यवान महसूस करने का अधिकार है। ओल्डबरी या ब्रिटेन में कहीं भी नस्लवाद और स्त्री-द्वेष के लिए कोई जगह नहीं है। मेरी संवेदनाएं पीड़िता, उसके परिवार और सिख समुदाय के साथ हैं। स्मेथविक से लेबर पार्टी के सिख सांसद गुरिंदर सिंह जोसन ने कहा था कि इस वास्तव में भयावह हमले ने पीड़िता को सदमे में डाल दिया है और उन्होंने किसी भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति से घृणा अपराध की जांच में पुलिस की मदद करने की अपील की। रविवार को, स्थानीय सिख समुदाय ने एकजुटता दिखाने के लिए हमले वाली जगह पर मार्च निकाला और पीड़िता और उसके परिवार के लिए प्रार्थना भी की।

## संक्षिप्त

### अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने वायु और नौसैनिक अभ्यास शुरू किया

सियोल, (एपी)। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने सोमवार को दक्षिण कोरिया के एक द्वीप के पास वायु और नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। वहीं, उत्तर कोरिया ने इस संयुक्त युद्धाभ्यास की निंदा करते हुए इसे लापरवाह शक्ति प्रदर्शन बताया। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि फ्रीडम एज नामक यह अभ्यास समुद्र, वायु और साइबर क्षेत्र में तीनों देशों की संयुक्त अभियागत क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु और मिसाइल खतरों का मुकाबला करने के लिए आवश्यक है। अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड ने बताया कि इस अभ्यास में अमेरिकी मरीन और वायुसेना के हवाई उपकरण शामिल होंगे और इसमें उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल व वायु-रक्षा अभ्यास, चिकित्सीय निकासी और समुद्री अभियानों का प्रशिक्षण होगा। इसे अब तक का सबसे उन्नत त्रिपक्षीय रक्षा सहयोग अभ्यास बताया गया है। यह अभ्यास दक्षिण कोरिया के दक्षिणी जेजू द्वीप के पास शुक्रवार तक चलेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने सरकारी मीडिया में इन अभ्यासों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के आसपास किया गया यह लापरवाह शक्ति प्रदर्शन अंतत: उनके लिए ही बुरे नतीजे लाएगा।

### दिव्यांगता अधिकार योजनाओं का तृतीय पक्ष से मूल्यांकन कराया जाएगा

नई दिल्ली, (भाषा)। दिव्यांगजनों के लिए कल्याणकारी उपायों के प्रभाव का आकलन करने के लिए, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (एसआईपीडीए) के कार्यान्वयन हेतु योजना के अंतर्गत सभी परियोजनाओं का तृतीय-पक्ष मूल्यांकन करेगा। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा 11 सितंबर को संबंधित विभागों के साथ साझा किए गए एक पत्र में कहा गया है कि यह मूल्यांकन दिव्यांगजन के लिए एसआईपीडीए की योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रभावशीलता और गुणवत्ता की समीक्षा में महत्वपूर्ण होगा। एसआईपीडीए एक व्यापक केंद्रीय क्षेत्र योजना है, जिसमें बाधा-मुक्त वातावरण का निर्माण, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और छात्रवृत्तियां, विशिष्ट दिव्यांगता पहचान, जागरूकता सृजन और प्रचार, दिव्यांगता-संबंधी प्रौद्योगिकी और उत्पादों पर अनुसंधान, रीढ़ की हड्डी की चोट का उपचार करने वाले केंद्रों को सहायता जैसी पहल शामिल हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान में समता एवं सामाजिक विकास केंद्र के प्रमुख डॉ. टी. विजयकुमार को इस मूल्यांकन कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# संसदीय समिति ने डब्ल्यूटीओ के आईटी समझौते पर पुनर्विचार का सरकार को सुझाव दिया

नई दिल्ली, (भाषा)। संसद की एक समिति ने कहा है कि भारत को अमेरिका के हालिया कदम से सबक लेना चाहिए जिसमें उसने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बाध्यताओं से एकतरफा बाहर निकलते हुए अपने घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए ऊंचे शुल्क लगाए। संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने सुझाव दिया है कि भारत या तो बहुपक्षीय सूचना प्रौद्योगिकी समझौते (आईटीए) में अनुकूल शर्तों पर पुनर्विचार कराए या फिर इससे बाहर निकलने के विकल्प के बारे में सोचे।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 1997 में हस्ताक्षरित आईटीए ने भारत के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को कमजोर बना दिया। हालांकि, इस समझौते ने उपभोक्ताओं को सस्ती प्रौद्योगिकी मुहैया कराई लेकिन विनिर्माण उद्योग को लगभग खत्म कर दिया और व्यापार घाटा बढ़ा दिया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का हालिया कदम वैश्विक व्यापार व्यवस्था में तेज बदलाव का संकेत है। ऐसे में भारत को आईटीए पर सक्रिय एवं संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि आईटीए 1.0 और आईटीए 2.0 के प्रभावों की गहन समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति बनाई जाए जिसमें विदेश, वाणिज्य, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और वित्त मंत्रालय समेत सभी हितधारक शामिल हों। समिति ने कहा है कि आईटी समझौते की बाध्यताएं भारत की नीतिगत स्वायत्तता को सीमित करती हैं और इसमें किसी तरह के पुनर्विचार या बाहर निकलने की स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अनुभव से सीखते हुए आईटीए के विस्तार में शामिल न होने का निर्णय लिया है। संसदीय समिति ने मेक इन इंडिया और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं की सराहना करने के साथ इस बात पर जोर दिया है कि शोध एवं विकास, अवसंरचना, कौशल विकास और स्टार्टअप एवं एमएसएमई के लिए वित्तीय प्रोत्साहन के जरिये इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाना जरूरी है।

# विकसित दिल्ली सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 87 छात्र चयनित

नई दिल्ली, (भाषा)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे विकसित दिल्ली सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 87 छात्रों का चयन किया गया है और वे अगले तीन महीनों के दौरान सरकार के साथ काम करेंगे। इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत स्नातक या स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे छात्र तीन महीने तक सरकार के साथ काम करेंगे और उन्हें 20,000 रुपये का मासिक वजीफा दिया जाएगा। गुप्ता ने पत्रकारों ने कहा, इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 9,000 छात्रों ने आवेदन किया था और 87 छात्रों का चयन किया गया। उनके चयन में पूरी पारदर्शिता बरती गई। वे दिल्ली सरकार के साथ तीन महीने की इंटर्नशिप करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यह इंटर्नशिप राजनीतिक एजेंडे को संतुष्ट करने और केवल कुछ लोगों को वित्तीय लाभ देने के लिए की जाती थीं।

# राजमार्ग बंद के विरोध में कश्मीर की फल मंडियों में बंद

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू। फलों से लदे ट्रकों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के विरोध में सोमवार को कश्मीर भर की फल मंडियों में पूर्ण बंद रहा। उत्पादकों ने चेतावनी दी है कि अगर श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग दो दिनों के भीतर पूरी तरह से बहाल नहीं हुआ तो वे घाटी भर में हड़ताल करेंगे। इस बीच श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर व्यवधान के कारण घाटी भर में फल मंडियों के बंद होने के बीच, कृषि उत्पादन विभाग और बागवानी मंत्री जाविद अहमद डार राजमार्ग की स्थिति का जायजा लेने और फलों से लदे ट्रकों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के उपाय खोजने के लिए तुरंत पहुंचे थे।

सोपोर स्थित एशिया की दूसरी सबसे बड़ी फल मंडी में भावुक दृश्य देखने को मिले, जहां उत्पादकों ने नम आंखों से उद्योग के अस्तित्व की गुहार लगाई। प्रदर्शन के दौरान कई बागवान रो पड़े और उन्होंने कहा कि उनकी साल भर की मेहनत फंसे हुए ट्रकों में सड़ रही है और सरकार चुपचाप देख रही है।

विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए, अध्यक्ष फयाज अहमद मलिक ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर लोगों को निराश करने का आरोप लगाया। उन्होंने गरजते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री फलों के ट्रकों की आवाजाही सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। अगर आप कुछ नहीं कर सकते, तो इस्तीफा दे दीजिए और कहा कि किसी भी विधायक ने उत्पादकों के पक्ष में आवाज नहीं उठाई।

उत्पादकों ने आरोप लगाया कि लोहा और अन्य वस्तुओं से लदे ट्रकों को तो जाने दिया जा रहा है, लेकिन फलों से लदे वाहनों को जानबूझकर रोका जा रहा है। मलिक ने तनाव बढ़ने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 48 घंटों के भीतर राजमार्ग बहाल नहीं किया गया, तो उत्पादक घाटी भर में हड़ताल की घोषणा करेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां ठप हो सकती हैं।

गौरतलब है कि सोपोर, हंदवाड़ा, शोपियां, कुलगाम, अनंतनाग और अन्य सहित घाटी भर की मंडियां 14 और 15 सितंबर को दो दिवसीय बंद के आह्वान के तहत बंद रहीं। इस बीच किसानों के बीच पहुंचे डार ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति का आकलन कर रहे हैं और राजमार्ग पर सेब के ट्रकों की सुचारू आवाजाही के लिए क्या करने की आवश्यकता है, इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए रामबन में अधिकारियों के साथ बैठक करूंगा तथा सैकड़ों ट्रकों के फंसे रहने की समस्या का आकलन करने तथा समाधान ढूंढने के लिए उधमपुर भी जाऊंगा।

# न्यायमूर्ति एम. सुंदर ने मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

इंफाल, (भाषा)। न्यायमूर्ति एम. सुंदर ने सोमवार को मणिपुर उच्च न्यायालय के 10वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राजभवन ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति सुंदर को पद की शपथ दिलाई। इसमें कहा गया है कि न्यायमूर्ति के. सोमशेखर के सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति सुंदर को 13 सितंबर को मणिपुर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। शपथ ग्रहण समारोह में कई नेता, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। न्यायमूर्ति सुंदर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं।

# चीन ने शुल्क लगाने की अमेरिका की अपील को धौंस जमाने और आर्थिक दबाव बनाने का कृत्य बताया

बीजिंग, (भाषा)। चीन ने अमेरिका द्वारा जी-7 और नाटो देशों से अपने ऊपर और रूस से तेल खरीद रहे अन्य देशों पर शुल्क लगाने की अपील को एक पक्षीय तरीके से धौंस जमाने और आर्थिक दवाब बनाने का कृत्य करार दिया और चेतावनी दी कि यदि अमेरिका की इस अपील पर अमल किया गया तो वह जवाबी कदम उठाएगा।

चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब सोमवार को स्पेन में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों पर अमेरिका और चीन के प्रतिनिधिमंडल दूसरी बार बैठक कर रहे हैं।

जी-7 विश्व की सात प्रमुख विकसित और औद्योगिक शक्तियों का एक समूह है जिसमें अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान शामिल हैं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) एक सैन्य गठबंधन है, जिसमें प्रमुख पश्चिमी देशों ने मिलकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समझौता किया है और इसमें अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली समेत 30 सदस्य देश हैं। एक नियमित प्रेस वार्ता में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, रूस समेत दुनियाभर के देशों के साथ चीन का सामान्य आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पूरी तरह वैध, कानून के अनुरूप है और इसमें कुछ गलत नहीं है।

प्रवक्ता से इन खबरों के बारे में पूछा गया था कि अमेरिका ने जी-7 और नाटो देशों से चीन पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अपील की है क्योंकि वह रूस से तेल खरीद रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिन जियान ने कहा, यह अमेरिका का आर्थिक दबाव बनाने और एकपक्षीय तरीके से धौंस दिखाने वाला कदम है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों को कमजोर करता है और वैश्विक उद्योग व आपूर्ति शृंखलाओं की सुरक्षा और स्थिरता को खतरे में डालता है।

लिन जियान ने कहा, दबाव और धौंस से समस्याओं का हल नहीं निकलता। यूक्रेन संकट को लेकर चीन का रुख स्पष्ट और स्थिर है-समाधान सिर्फ संवाद और समझौते से ही संभव है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए नाटो देशों को चीन पर 50 से 100 प्रतिशत तक का टैक्स लगाना चाहिए और रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए।

# गुजरात हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

अहमदाबाद, (भाषा)। गुजरात उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की सोमवार को मिली धमकी अफवाह निकली। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परिसर की गहन जांच के बाद इसे झूठा करार दिया गया। इस वर्ष जून के बाद से गुजरात उच्च न्यायालय को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोला पुलिस थाने के निरीक्षक के.एन. भुकेन ने बताया कि गुजरात उच्च न्यायालय के आधिकारिक ईमेल आईडी पर सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए ईमेल में दावा किया गया कि अहमदाबाद के सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग पर स्थित न्यायालय की इमारत में आरडीएक्स रखा गया है। भूकेन ने कहा, अदालत के अधिकारियों से मिली धमकी के बारे में पता चलने पर स्थानीय पुलिस श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंची और कार्यवाही में बाधा डाले बिना उच्च न्यायालय परिसर की सभी इमारतों की जांच की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सभी न्यायालय भवनों, चैंबर तथा वहां खड़ी और आने वाली कारों सहित परिसर की गहन जांच की।

# भारतीय मूल के होटल प्रबंधक के हत्यारे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी : ट्रंप

ह्यूस्टन/न्यूयॉर्क, (भाषा)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के होटल प्रबंधक चंद्र मौली बॉब नागमल्लैया को एक सम्मानित व्यक्ति बताया, जिनकी पिछले सप्ताह डलास में सिर कलम कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। ट्रंप ने कहा कि अपराधी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने कहा कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ फर्स्ट-डिग्री मर्डर का मुकदमा चलाया जाएगा। टेक्सास प्रांत में 10 सितंबर को डाउनटाउन सुइट्स होटल में वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद, मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र मौली बॉब नागमल्लैया की उनके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज (37) ने उनकी पत्नी और बेटे के सामने सिर कलम कर हत्या कर दी थी।

इस घटना पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ट्रंप ने जो बाइडन नीत पूर्ववर्ती सरकार की आव्रजन नीतियों की कड़ी आलोचना की और हमलावर को अवैध अप्रवासी बताया, जिसे उनके अनुसार देश से पहले ही निकाल देना चाहिए था।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, टेक्सास के डलास में चंद्र नागमल्लैया की हत्या की भयावह खबर मिली। वह एक सम्मानित व्यक्ति थे, जिन्हें उनकी पत्नी और बेटे के सामने बेरहमी से मार दिया गया। यह हत्या क्यूबा से आए एक अवैध प्रवासी ने की, जिसे कभी हमारे देश में होना ही नहीं चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस हिरासत में मौजूद इस अपराधी पर कानून के अनुसार सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी और उस पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर का मुकदमा चलेगा।

ट्रंप ने बताया कि आरोपी पहले भी बच्चों के यौन शोषण, कार चोरी और जबरन बंधक बनाने जैसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार हो चुका है। उन्होंने कहा कि क्यूबा ने इस खतरनाक अपराधी को अपने देश में वापस लेने से इनकार कर दिया जिसके बाद उसे अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क विभाग (आईसीई) की हिरासत से रिहा कर दिया गया। ट्रंप ने इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को जिम्मेदार ठहराया और कहा, निश्चित रहें, मेरे कार्यकाल में इन अवैध प्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी नहीं बरती जाएगी। गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी, बॉर्डर प्रमुख टॉम होमन और मेरी सरकार के कई अन्य लोग अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने के लिए बेहद प्रभावी तरीके से काम कर रहे हैं।

# न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने मेयर पद के लिए जोहरान ममदानी का समर्थन किया

न्यूयॉर्क, (एपी)। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहरवासियों से जोहरान ममदानी को न्यूयॉर्क सिटी का मेयर चुनने की रविवार को अपील की। अमेरिका के सबसे बड़े शहर के इस अहम पद की दौड़ में शामिल ममदानी के लिए यह महत्वपूर्ण समर्थन माना जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार के ऑपिनियन कॉलम में लिखे एक लेख में गवर्नर होचुल ने कहा कि भले ही वह और ममदानी कुछ मुद्दों पर एकमत नहीं हैं, लेकिन दोनों इस बात पर सहमत हैं कि न्यूयॉर्क शहर और देश में बढ़ती महंगाई की समस्या को दूर करना बेहद जरूरी है। डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य होचुल ने लिखा, लेकिन हमारी बातचीत में मैंने उनमें एक ऐसा नेता देखा जो न्यूयॉर्क के लिए मिलकर काम करना चाहता है, ताकि बच्चे सुरक्षित माहौल में पले-बढ़ें और हर परिवार को आगे बढ़ने का मौका मिल सके।



न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल

उन्होंने कहा, ममदानी में मुझे ऐसा नेता दिखा जो न्यूयॉर्क सिटी को सभी के लिए किफायती और रहने लायक बनाने पर ध्यान दे रहा है और मैं इसका पूरे दिल से समर्थन करती हूं। खुद को एक लोकतांत्रिक समाजवादी कहने वाले 33 वर्षीय जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद की दौड़ में शामिल हैं, और उन्हें मिला यह महत्वपूर्ण समर्थन डेमोक्रेटिक पार्टी के अंदरूनी मतभेदों को उजागर करता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया जब पार्टी राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद अपनी छवि सुधारने की कोशिश कर रही है।

होचुल के समर्थन को इस बात का संकेत माना जा रहा है कि पहले ममदानी के उदारवादी विचारों को लेकर सशंकित डेमोक्रेटिक नेता अब उनका समर्थन करने लगे हैं। ममदानी ने इस समर्थन के लिए होचुल का आभार जताते हुए कहा कि यह इस बात का संकेत है कि हमारा आंदोलन और मजबूत हो रहा है।

उन्होंने रविवार रात को एक बयान में कहा, गवर्नर होचुल ने अपनी कार्यशैली का केंद्र बिंदु किफायती रहन-सहन को बनाया है। मैं उनके साथ मिलकर लड़ने के लिए उत्सुक हूं ताकि न्यूयॉर्क वासियों की जेब पर बोझ कम पड़े और ऐसा सुरक्षित व सशक्त न्यूयॉर्क सिटी बनाया जा सके, जहां कोई भी सिर्फ परिवार पालने का सामर्थ्य न होने के कारण शहर छोड़ने के लिए मजबूर न हो।

# डोडा पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों के खिलाफ चेतावनी दी

## तीन दिनों में 300 सोशल मीडिया अकाउंट ब्लाक

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू। डोडा के विधायक और आप पार्टी के प्रदेश प्रमुख मेहराज मलिक को पीएसए लगा कर जेल में ठूंसने की कवायद के बाद डोडा जिले में न सिर्फ माहौल गर्म है बल्कि सोशल मीडिया पर आग फैलाने का कार्य आग की तरह चल रहा है। हालांकि पुलिस ने पिछले तीन दिनों में करीब 300 सोशल मीडिया खातों को ब्लाक किया है फिर भी फर्जी खबरों का प्रसारण रूक नहीं पा रहा है। ऐसे में डोडा पुलिस ने लोगों से फर्जी खबरें, पुराने वीडियो, नफरत भरे भाषण या ऐसी कोई भी सामग्री शेयर न करने की अपील की है जिससे परेशानी या अशांति फैल सकती है।

एसएसपी डोडा संदीप मेहता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ऐसी असत्यापित सामग्री शेयर करना अपराध है और आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला मजिस्ट्रेट के एक पूर्व आदेश (संख्या 3471-74/डीएम डोडा दिनांक 03.09.2025) का भी ज़िक्र किया, जिसमें सभी को आनलाइन सावधानी बरतने की याद दिलाई गई थी।

लोगों से आग्रह है कि वे किसी भी जानकारी को फारवर्ड करने से पहले उसकी जांच कर लें और झूठी या हानिकारक पोस्ट की सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन पर दें। पुलिस ने कहा कि वे ज़िल में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अफवाहों और गलत सूचनाओं को फैलने से रोकने के लिए जनता का सहयोग चाहते हैं। दरअसल आप विधायक मेहराज मलिक को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिए जाने के तुरंत बाद, पाकिस्तान ने डोडा जिले में अशांति फैलाने की कोशिश की। पड़ोसी देश से फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पर कई अकाउंट चलाए गए और लोगों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया गया। इतना ही नहीं, विधायक को कठुआ जेल में बंद करने का आह्वान भी किया गया।

देश और जम्मू कश्मीर में भी कुछ सोशल मीडिया हैंडलर इस दुष्प्रचार के झांसे में आ गए, लेकिन डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों की आईटी टीमों ने कड़ी मेहनत की और उनमें से कई की पहचान करने में सफल रहीं। उन्होंने संबंधित पुलिस थानों से उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को कहा। तीन जिलों के आईटी सेल ने केवल तीन दिनों में 300 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट ब्लाक कर दिए और कार्रवाई के लिए पुलिस और खुफिया एजेंसियों के समक्ष मामला उठाया। सूत्रों ने बताया कि डोडा, किश्तवाड़ और रामबन पुलिस ने पाया कि कई सोशल मीडिया अकाउंट, जिनका बाद में पता चला कि वे पाकिस्तान से हैं, बड़ी संख्या में फॉलोअर वाले थे और पीएसए के तहत मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर तीनों जिलों में सक्रिय हो गए और स्थानीय लोगों तथा अन्य लोगों को ऐसे संदेशों के जरिए भड़काना शुरू कर दिया जो वास्तविकता से कोसों दूर थे और विरोध प्रदर्शनों की छेड़छाड़ की गई तस्वीरें भी प्रसारित की गईं।

# इजराइल के हमले कतर की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन: ईरानी राजदूत इलाही

नई दिल्ली, (भाषा)। भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने कहा है कि हाल में हमास के नेताओं को निशाना बनाकर दोहा पर किए गए इजराइल के हवाई हमले कतर की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता खुला उल्लंघन है। इजराइल ने पिछले सप्ताह कतर की राजधानी दोहा को निशाना बनाकर हमले किए थे। इससे पहले वह इसी तरह सीरिया, ईरान और लेबनान पर भी हमले कर चुके है, जिससे वैश्विक स्तर पर आक्रोश फैल गया। इलाही ने रविवार को पीटीआई वीडियोज से बात करते हुए कहा, पिछले एक साल में यह तीसरी बार है जब इजराइल ने उन क्षेत्रीय समूहों या नेताओं पर सीधे हमला किया है जो संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मेज पर गए थे। उन्होंने कहा कि पहले लेबनान, ईरान में और अब कतर में ऐसा हुआ। ईरानी दूत ने कहा कि ै वार्ता में शामिल पक्षों पर हमला करने का अर्थ स्पष्ट है कि इजरायल शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान में विश्वस नहीं करता। वह वार्ता को विरोधियों को कमजोर करने या खत्म करने के अवसर के रूप में देखता है। दोहा पर हमलों के बारे में उन्होंने कहा कि ै इजराइली शासन के हमलै नेै फारस की खाड़ी में एक अरब देश की राष्ट्रीय संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का प्रत्यक्ष उल्लंघन किया है और इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा किया है। इलाही ने दोहा की घटना के क्षेत्रीय परिणाम सामने आने के प्रति भी आगाह किया और इजराइल कोै पश्चिम एशिया में व्यवस्था व स्थिरता के लिए खतरा बताया।

# अगस्त में निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर पर, आयात 10 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, (भाषा)। अगस्त महीने में देश का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि आयात 10.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61.59 अरब डॉलर पर आ गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने सोने के आयात में लगभग 57 प्रतिशत की गिरावट आने से देश का वस्तु व्यापार घाटा 26.49 अरब डॉलर पर सीमित रहा, जो पिछले वर्ष के इसी महीने में 35.64 अरब डॉलर था।

शुल्क संबंधी विवादों के बावजूद अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात गंतव्य बना रहा। अगस्त में 6.86 अरब डॉलर मूल्य का सामान अमेरिका को निर्यात किया गया जो सालाना आधार पर 7.15 प्रतिशत बढ़ा।

इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 3.24 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर और नीदरलैंड 1.83 अरब डॉलर निर्यात के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत के निर्यात गंतव्यों में चीन (1.21 अरब डॉलर) चौथे स्थान पर रहा जबकि ब्रिटेन (1.14 अरब डॉलर) का स्थान पांचवां रहा। हालांकि, आयात के मामले में चीन 10.91 अरब डॉलर के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद रूस (4.83 अरब डॉलर), यूएई (4.66 अरब डॉलर), अमेरिका (3.6 अरब डॉलर) और सऊदी अरब (2.5 अरब डॉलर) का स्थान रहा।

अगस्त माह में वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात का समग्र मूल्य 69.16 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 79.04 अरब डॉलर रहा। इस तरह देश का व्यापार घाटा 9.88 अरब डॉलर रहा।

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त 2025) में देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं) 6.18 प्रतिशत बढ़कर 349.35 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के इसी अवधि में 329.03 अरब डॉलर था।

पिछले महीने की महत्वपूर्ण निर्यात श्रेणियों में इंजीनियरिंग उत्पाद (9.9 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.48 अरब डॉलर), इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद (2.93 अरब डॉलर), दवाएं (2.51 अरब डॉलर) रत्न एवं आभूषण (2.31 अरब डॉलर) शामिल रहीं। आयात के मामले में पेट्रोलियम उत्पाद (13.26 अरब डॉलर), इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद (9.73 अरब डॉलर), रसायन (2.49 अरब डॉलर), वनस्पति तेल (2 अरब डॉलर), कोयला एवं कोक (2 अरब डॉलर), उर्वरक (1.65 अरब डॉलर) अग्रणी रहे। अगस्त महीने में सोने का आयात 56.67 प्रतिशत घटकर 5.43 अरब डॉलर रह गया।

## सरकार का पांच साल में वाहन क्षेत्र को शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य: गडकरी

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि वाहन क्षेत्र सरकार को सबसे अधिक जीएसटी राजस्व देता है और रोजगार के अवसर पैदा करता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष स्थान वाला बनाना है। गडकरी ने बताया कि देश में दुनिया की सभी बड़ी वाहन कंपनियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपए था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपए है।

## थोक मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 0.52 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, (भाषा)। खाद्य पदार्थों और विनिर्मित वस्तुओं के दाम में मामूली वृद्धि के कारण थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) अगस्त में चार महीने के उच्चतम स्तर 0.52 प्रतिशत पर रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी दी गई।

मुद्रास्फीति दो महीने बाद एक बार फिर सकारात्मक क्षेत्र में लौट आई है। हालांकि, इस दौरान ईंधन और बिजली क्षेत्र में नरमी देखी गई। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति जुलाई और जून में क्रमशः शून्य से 0.58 प्रतिशत नीचे और शून्य से 0.19 प्रतिशत नीचे रही थी। पिछले साल अगस्त में यह 1.25 प्रतिशत के स्तर पर थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अगस्त, 2025 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य पदार्थों, विनिर्माण क्षेत्र, गैर-धात्विक खनिज उत्पादों और परिवहन उपकरणों की कीमतों में वृद्धि के चलते हुई। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में खाद्य पदार्थों की महंगाई में 3.06 प्रतिशत की कमी आई, जबकि जुलाई में इसके दाम 6.29 प्रतिशत घटे थे। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में तेजी देखी गई।

विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति अगस्त में 2.55 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह 2.05 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली क्षेत्र में अगस्त में महंगाई में 3.17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि जुलाई में यह 2.43 प्रतिशत थी। आलू और प्याज के दाम अगस्त में 44.11 प्रतिशत और 50.46 प्रतिशत घटे, जबकि जुलाई में इनकी कीमतों में क्रमशः 41.26 प्रतिशत और 44.38 प्रतिशत की गिरावट आई थी। बार्कलेज ने कहा कि खाद्य थोक मूल्य सूचकांक में कम महंगाई और उच्च मुख्य मुद्रास्फीति ने अगस्त में ईंधन कीमतों में आई गिरावट की भरपाई कर दी है।

## केनरा रोबेको, हीरो मोटर्स समेत छह कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, (भाषा)। बाजार नियामक सेबी ने केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी और हीरो मोटर्स समेत छह कंपनियों को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में पाइन लैब्स, ओर्केला इंडिया, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस और एमवी फोटोवोल्टिक पावर भी शामिल हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध अद्यतन सूचना के मुताबिक, इन कंपनियों ने अप्रैल से जुलाई के बीच आईपीओ से संबंधित मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे।

इन कंपनियों को सेबी ने दो से 12 सितंबर के बीच नियामकीय टिप्पणियां मिलीं। नियामकीय भाषा में टिप्पणी मिलने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी है। केनरा रोबेको एएमसी का 4.98 करोड़ इक्विटी शेयरों का आईपीओ पूरी तरह खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें प्रवर्तक केनरा बैंक 2.59 करोड़ और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एनवी 2.39 करोड़ शेयर बेचेंगी। इससे प्राप्त राशि प्रवर्तकों को जाएगी और कंपनी को कोई धनराशि नहीं मिलेगी।

हीरो मोटर्स आईपीओ के जरिये करीब1,200 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इसमें 800 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयर और 400 करोड़ रुपए के शेयर ओएफएस के तहत बेचे जाएंगे। एमवी फोटोवोल्टिक पावर 3,000 करोड़ रुपए का आईपीओ लाने की योजना बना रही है, जिसमें 2,143.86 करोड़ रुपए के नए शेयर और 856.14 करोड़ रुपए के ओएफएस शामिल हैं।

टेमासेक और पीक एक्सवी पार्टनर्स द्वारा समर्थित कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ 2,600 करोड़ रुपए के नए शेयर निर्गम एवं 14.78 करोड़ से अधिक शेयरों के ओएफएस का मेल होगा। उधर, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस ने सेबी के पास गोपनीय रूप से मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों का कहना है कि कंपनी करीब1,200 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। खाद्य ब्रांड एमटीआर एवं ईस्टर्न का संचालन करने वाली कंपनी ओर्कला इंडिया शुद्ध ओएफएस मार्ग से पूंजी जुटाएगी। इसके तहत प्रवर्तक और अन्य मौजूदा शेयरधारक 2.28 करोड़ शेयर बेचेंगे।

## आईटी, वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई, (भाषा)। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 81,998.51 अंक के उच्चस्तर तक गया और नीचे में 81,744.70 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 44.80 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे वे बाजार से दूर रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर रहे। इसके अलावा, पिछले सप्ताह की तेजी के बाद आईटी सूचकांक में मुनाफावसूली देखी गई। हालांकि, बाजार यह मानकर चल रहा है कि प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती होगी और इसके प्रभाव को काफी हद तक शामिल कर लिया गया है। हालांकि, उसे बॉन्ड प्रतिफल की दिशा का आकलन करने के लिए भविष्य की ब्याज दरों के बारे में मार्गदर्शन का इंतजार है।

नायर ने कहा, मजबूत घरेलू खपत से धारणा अच्छी बनी हुई है और गिरावट सीमित है। जबकि व्यापार समझौते को लेकर नए सिरे से उम्मीदें बंधने और वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में आय में अपेक्षित सुधार से निवेशकों का विश्वास और मजबूत हो रहा है।

छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.40 प्रतिशत के लाभ में रहा।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, भारतीय बाजारों में सोमवार का सत्र सुस्त रहा, अस्थिर और सीमित दायरे में कारोबार के बीच मानक सूचकांकों में गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। जापान का शेयर बाजार अवकाश के कारण बंद रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। शुक्रवार को, सेंसेक्स 355.97 अंक मजबूत हुआ था जबकि निफ्टी में 108.50 अंक की तेजी रही थी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स1,193.94 अंक लाभ में रहा जबकि निफ्टी 373 अंक चढ़ा था। आठ कारोबारी सत्रों में निफ्टी 534.4 अंक की तेजी आई थी।

## अदाणी एंटरप्राइजेज को मिली सोनप्रयाग-केदारनाथ रोपवे परियोजना

नई दिल्ली, (भाषा)। अदाणी एंटरप्राइजेज को उत्तराखंड में सोनप्रयाग और केदारनाथ के बीच लगभग 13 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के निर्माण का अनुबंध मिला है। यह परियोजना तीर्थयात्रियों के लिए तेजी, सुविधा और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी। सोनप्रयाग केदारनाथ मंदिर की तरफ जाने वाले यात्रियों के लिए सड़क मार्ग का अंतिम बिंदु है। इस रोपवे परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल मार्च में मंजूरी दी थी। इसकी अनुमानित लागत लगभग 4,081 करोड़ रुपए है। कुल 12.9 किलोमीटर लंबा रोपवे मार्ग पारंपरिक 16 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई या खच्चर, पालकी और हेलिकॉप्टर जैसे अन्य साधनों की तुलना में यात्रा समय को नौ घंटे से घटाकर सिर्फ 36 मिनट कर देगा।

इस रोपवे के जरिये प्रति घंटे एक तरफ से1,800 यात्रियों को पहुंचाया जा सकेगा। इसके निर्माण से प्रतिवर्ष लाखों तीर्थयात्रियों को लाभ मिलेगा। अदाणी एंटरप्राइजेज ने सोमवार को बयान में कहा कि उसे सोनप्रयाग से केदारनाथ को जोड़ने वाली प्रतिष्ठित रोपवे परियोजना के निर्माण के लिए नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) से अनुबंध आवंटन पत्र मिल गया है।

अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि इस परियोजना का क्रियान्वयन उसके रोड्स, मेट्रो, रेल एंड वॉटर खंड द्वारा किया जाएगा। यह राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम- पर्वतमाला परियोजना के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर विकसित की जा रही है। इस परियोजना का निर्माण छह साल में पूरा होगा। रोपवे मार्ग का निर्माण पूरा होने के बाद अदाणी एंटरप्राइजेज इसे 29 वर्षों तक संचालित करेगी।

## भारत महत्वपूर्ण मोड़ पर, एआई को अपनाने के अपार अवसर: टाटा संस चेयरमैन

नई दिल्ली, (भाषा)। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि भारत एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां उसके पास कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने और व्यापक प्रभाव डालने के अपार अवसर है। नीति आयोग की विकसित भारत के लिए एआई: तेज आर्थिक वृद्धि का अवसर शीर्षक वाली रिपोर्ट के विमोचन के मौके पर उन्होंने यह बात कही। चंद्रशेखरन ने उद्योग जगत से एआई का लाभ उठाने में सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां हमारे पास अपने देश पर व्यापक प्रभाव डालने के लिए एआई को अपनाने के अपार अवसर हैं। चंद्रशेखरन ने देश के सभी युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एआई के इस्तेमाल की वकालत की। उन्होंने कहा, हमें एआई का उपयोग करके बुनियादी मुद्दों, चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो या शिक्षा, को हल करना चाहिए और इस तरह सशक्तीकरण के अपार अवसर पैदा करने चाहिए। आज मौजूद असमानता को कम करना चाहिए। चंद्रशेखरन ने कहा कि ऐसा करने के लिए सरकार, उद्योग और समाज को एआई का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करना होगा।

## भारत का वनस्पति तेल आयात अगस्त में सात प्रतिशत बढ़कर 16.77 लाख टन पर

नई दिल्ली, (भाषा)। उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को कहा कि आयात शुल्क में बदलाव के बाद रिफाइंड पामोलिन की खेप में भारी गिरावट के बावजूद, अगस्त में भारत का वनस्पति तेल आयात पिछले साल के इसी महीने की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 16.77 लाख टन हो गया। अगस्त, 2024 में कुल वनस्पति तेल आयात 15.63 लाख टन रहा था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि देश ने अगस्त में 16.21 लाख टन खाद्य तेल और 55,821 टन अखाद्य तेलों का आयात किया।

खाद्य तेलों में, कच्चे तेल का आयात अगस्त में बढ़कर 16.13 लाख टन हो गया, जबकि रिफाइंड पामोलिन की खेप एक साल पहले के 92,130 टन से घटकर 8,000 टन रह गई। सरकार ने कच्चे पाम तेल (सीपीओ) और रिफाइंड पाम तेल (आरबीडी पामोलिन) के बीच आयात शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत कर दिया है, जो 31 मई से प्रभावी है। इससे रिफाइंड तेल का आयात लाभ का सौदा नहीं रह गया है।

एसईए ने बयान में कहा, शुल्क अंतर बढ़ाने का सरकार का फैसला एक साहसिक और समयोचित कदम है। उसने कहा, इससे रिफाइंड पामोलिन के आयात में कमी आई और मांग वापस कच्चे तेल की ओर मुड़ गई, जिससे घरेलू रिफाइनिंग क्षेत्र में नई जान आ गई। अगस्त में कच्चे पाम तेल का आयात एक साल पहले के सात लाख टन से बढ़कर 9.79 लाख टन हो गया।

हालांकि, कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात 2.84 लाख टन से घटकर 2.57 लाख टन रह गया, जबकि कच्चे सोयाबीन तेल का आयात 4.54 लाख टन से घटकर 3.67 लाख टन रह गया। भारत ने अगस्त में 6,000 टन कैनोला का आयात किया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात 2,993 टन रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 4,641 टन था। भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल उपभोक्ता और आयातक है, के पास पिछले तीन महीनों में आयात में वृद्धि के कारण एक सितंबर तक 18.65 लाख टन का खाद्य तेल भंडार था। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत के प्रमुख पाम तेल आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना, ब्राज़ील और रूस सोयाबीन तेल की आपूर्ति करते हैं। रूस और यूक्रेन सूरजमुखी तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।

## केआरबीएल के स्वतंत्र निदेशक के संचालन के मुद्दे पर इस्तीफे के बाद स्वतंत्र समीक्षा के आदेश

नई दिल्ली, (भाषा)। इंडिया गेट ब्रांड नाम से चावल बेचने वाली केआरबीएल लि. ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने स्वतंत्र निदेशक अनिल कुमार चौधरी के इस्तीफे के बाद एक स्वतंत्र समीक्षा का आदेश दिया है। चौधरी ने कंपनी संचालन व्यवस्था से जुड़े कई मुद्दे उठाए है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौधरी ने आठ सितंबर को दिये अपने इस्तीफे में कुछ टिप्पणियां की थी। इस पर चर्चा के लिए सोमवार को स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड की अलग-अलग बैठकें बुलाई गई।

चौधरी ने आठ सितंबर को तत्काल प्रभाव से पद छोड़ दिया और कहा कि वह अब निदेशक मंडल (बोर्ड) में सार्थक योगदान नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि कंपनी में ऐसी संस्कृति पनपी है जहां असहमति को दबाया या दरकिनार किया जाता है। अपने त्यागपत्र में, स्वतंत्र निदेशक ने बोर्ड बैठक के विवरण में विसंगतियों, निदेशकों से जानकारी छिपाए जाने, निर्यात प्राप्तियों को अनुचित रूप से बट्टे खाते में डालने, सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) कोष के दुरुपयोग, मनमाने वेतन निर्णय, बिना उचित चर्चा के कंपनी के उद्देश्यों में बड़े बदलाव सहित कई चिंताओं का विस्तार से जिक्र किया। निदेशक मंडल ने आरोपों पर विचार करने के लिए सोमवार को आपात बैठकें बुलाईं।

केआरबीएल ने कहा कि वह 30 दिन के भीतर इन मुद्दों की समीक्षा के लिए एक तृतीय-पक्ष कंपनी को नियुक्त करेगी और बोर्ड समितियां निष्कर्षों के आधार पर सिफारिशें करेंगी। केआरबीएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, हम पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कारोबार करना जारी रखेंगे और आगे कोई भी जानकारी आती है, उसके बारे में शेयर बाजारों को सूचित करते रहेंगे। कंपनी ने कहा कि उसके पास अपने परिचालन आकार के अनुरूप व्यवस्थाएं और प्रक्रियाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय प्रभाव या गैर-अनुपालन बोर्ड के सामने उजागर हों और आवश्यकतानुसार शेयर बाजारों को पूर्ण जानकारी दी जाए।

## ओला ने 400 करोड़ रुपए का पीएलआई दावा पेश किया

नई दिल्ली, (भाषा)। ओला इलेक्ट्रिक ने सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत लगभग 400 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन का दावा किया है। उद्योग सूत्रों के अनुसार, ओला ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपए की पात्र बिक्री के साथ दावा दायर किया है। इससे लगभग 400 करोड़ रुपए का अपेक्षित प्रोत्साहन बैठता है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 13 से 14 प्रतिशत की दर के आधार पर आकलन किए गए इस प्रोत्साहन से कंपनी की नकदी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने और आने वाली तिमाहियों में इसके वित्तीय प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। ओला पिछले वर्ष पीएलआई प्रोत्साहन प्राप्त करने वाली एकमात्र दोपहिया मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) थी, जो कंपनी और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ओला लगातार दो साल से दोपहिया श्रेणी में पीएलआई-योग्य बिक्री में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। यह देश में ईवी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव उसकी नेतृत्व वाली भूमिका को दर्शाता है। ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में यह भी घोषणा की है कि उसे अपने जनरेशन 3 स्कूटर पोर्टफोलियो के लिए पीएलआई पात्रता मूल्यांकन आवश्यकताओं के अनुपालन का प्रमाणन मिला है। जनरेशन 3 पोर्टफोलियो कंपनी की वर्तमान बिक्री के अधिकांश हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। इसके परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही से ओला इलेक्ट्रिक की लाभप्रदता को गति मिलने की उम्मीद है।

## बैंकों की ऋण वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 12 प्रतिशत रहने का अनुमान: क्रिसिल

मुंबई, (भाषा)। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि बैंकों की ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में तेजी पकड़ेगी और समूचे वित्त वर्ष में यह लगभग 12 प्रतिशत तक रह सकती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में बैंकों के कर्ज वितरण को बढ़ाने में खुदरा ऋण मुख्य भूमिका निभाएगा जबकि कॉरपोरेट ऋण की वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

इसके साथ ही क्रिसिल ने कुछ चिंताओं की ओर भी इशारा किया है। परिवारों के जमा अंशदान में गिरावट आने से जमा स्थिरता पर असर पड़ सकता है और छोटे व्यवसायों को दिए जाने वाले कर्ज संपत्ति गुणवत्ता के लिए चुनौती हो सकते हैं। क्रिसिल के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा, पहली तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रही, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत के करीब पहुंच चुकी है लेकिन यह अब भी धीमी है। हम उम्मीद करते है कि दूसरी छमाही में तेज ऋण वृद्धि होगी और समूचे वित्त वर्ष में ऋण वृद्धि 11-12 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकारी और नियामकीय उपायों के साथ कॉरपोरेट कर्जदारों का बॉन्ड बाजार जैसी वैकल्पिक जगहों से बैंक कर्ज की तरफ लौटने से बैंकों की ऋण वृद्धि को मदद मिलेगी।

इसके साथ ही क्रिसिल ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर कटौती का असर अभी तक बैंक कर्ज की सीमांत लागत आधारित कर्ज दर में नहीं नजर आया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जैसे ही बैंकों के कर्ज पर ब्याज दरें कम होंगी, फिर से बैंक कर्जों की मांग बढ़ जाएगी। हालांकि, निजी पूंजीगत व्यय (प्राइवेट कैपेक्स) की वृद्धि में समय लग सकता है, क्योंकि कंपनियां वैश्विक अनिश्चितताओं के समाधान के बाद ही बड़े निवेश निर्णय लेंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद छह पैसे बढ़कर 88.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार शुल्क को लेकर चिंताओं और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच रुपया फंसा रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपए की अस्थिरता को नियंत्रित करने और इसके त्वरित अवमूल्यन को रोकने में मदद मिली है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.25 पर खुला, फिर दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 88.30 के निचले स्तर और 88.13 के उच्च स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 88.20 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को, रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 88.26 पर बंद हुआ था। निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और वैश्विक व्यापार की गतिशीलता आगे चलकर रुपए के लिए महत्वपूर्ण होगी।

## सरकार आयात निर्भरता कम करने को जारी करेगी 100 उत्पादों की सूची

नई दिल्ली, (भाषा)। वाणिज्य मंत्रालय देश में भारी मात्रा में आयात होने वाले 100 उत्पादों की सूची सार्वजनिक करेगा। यह कदम घरेलू उद्योग में क्षमता निर्माण या मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए उठाया जा रहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कदम अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए जवाबी शुल्क और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के आह्वान के मद्देनजर उठाया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में सचिव सुनील बर्थवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि क्षमता निर्माण या मौजूदा सुविधाओं के बेहतर उपयोग के माध्यम से आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से 100 उत्पादों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास होगा कि हम इन उत्पादों की पहचान करें और उन्हें सार्वजनिक करें ताकि विनिर्माता (वर्तमान और भविष्य दोनों) उन पर गौर कर सकें और मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे सकें। बर्थवाल ने कहा कि यह सूची महीने के अंत तक या अक्टूबर में सार्वजनिक कर दी जाएगी। बर्थवाल ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने अपने आरंभिक आकलन में यह पहचान की है कि स्वदेशी या आत्मनिर्भरता के माध्यम से किन उत्पादों को आसानी से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम रसायन, प्लास्टिक, दवा क्षेत्र आदि जैसे क्षेत्रों के विभिन्न उत्पादों पर विचार कर रहे हैं। सचिव ने बताया कि मंत्रालय सूची जारी करने से पहले विभिन्न सरकारी विभागों के साथ विचार-विमर्श और उद्योग के साथ परामर्श सहित एक विस्तृत प्रक्रिया अपनाएगा।

## नाबार्ड दिल्ली ने भौगोलिक संकेत आधारित आजीविका का उत्सव मनाया

नई दिल्ली, (वीअ)। भारत में 15 सितंबर 2003 को भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 (जीआई अधिनियम) के लागू होने पर एवं भौगोलिक संकेतकों के शुभारंभ की स्मृति में, नाबार्ड नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय ने भौगोलिक संकेतक दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का थीम था परंपरा का संरक्षण, जीआई के माध्यम से आजीविका का संवर्धन, जो भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ग्रामीण आजीविका को समृद्ध एवं सशक्त बनाने में जीआई की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित करता है। इस समारोह की शोभा बढ़ाने वाले अतिथियों में देबाशीष मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक, एसबीआई; डॉ. रजनीकांत, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता एवं जीआईविशेषज्ञ; राजेश कुमार, महाप्रबंधक एवं संयोजक एसएलबीसी; डॉ. हरगोपाल यंद्रा, प्रबंध निदेशक, आदि शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत लघु फिल्म दिल्ली की धरोहर - जीआईआधारित आजीविका के लोकार्पण से हुई। इस फिल्म में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली की पारंपरिक शिल्पकला लकड़ी की नक्काशी, काँच की मोतियों का काम और टेराकोटा मिट्टी के बर्तन, जिन्हे नाबार्ड द्वारा जीआई रजिस्ट्रेशन के लिए समर्थित किया गया है, की यात्रा को दर्शाया गया। लघु फिल्म में जीआईपंजीकरण द्वारा इन शिल्पकलाओं को नई ऊर्जा, परंपरा का संरक्षण, कारीगरों की आजीविका का सशक्तिकरण पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रमों के दौरान इन उत्पादों की एक जीवंत प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

## भारत का इंटीरियर मार्केट 2030 तक दोगुना होने जा रहा है : मैजिकब्रिक्स

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली-एनसीआर भारत के होम इंटीरियर खर्च में अग्रणी बनकर उभरा है, जहाँ घर के मालिक डिज़ाइन को अब केवल एक विलासिता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक निवेश के रूप में देख रहे हैं। मैजिकब्रिक्स के हालिया निष्कर्षों के अनुसार, इस क्षेत्र के निवासी प्रति घर औसतन 5.8 लाख इंटीरियर पर खर्च कर रहे हैं-जो बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे अन्य प्रमुख महानगरों से अधिक है।यह रुझान केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है; आधुनिक डिज़ाइन वाले घर अब वास्तविक वित्तीय लाभ दिला रहे हैं। ऐसे घरों का पुनर्विक्रय मूल्य 70 प्रतिशत तक अधिक है और किराए की आय लगभग 45 प्रतिशत तक अधिक मिल रही है। इस क्षेत्र के घर मालिक राष्ट्रीय औसत से भी अधिक खर्च कर रहे हैं। यहाँ प्रति वर्ग फुट 580 रुपये इंटीरियर पर खर्च हो रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत 560 रुपये है। बेडरूम और किचन निवेश का मुख्य केंद्र बने हुए है, जो कुल बजट का आधे से अधिक हिस्सा लेते है। वहीं, वार्डरोब और मॉड्यूलर किचन समाधान सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले तत्व बने हुए हैं। तेजी से, उपभोक्ता अब व्यापक फुल-होम डिज़ाइन सेवाओं का चयन कर रहे हैं, जहाँ आंशिक बदलाव की बजाय पूरे घर का एंड-टू-एंड समाधान पसंद किया जा रहा है। यह बदलाव मुख्यतः संरचित और टेक-समर्थित प्लेटफ़ॉर्म्स द्वारा प्रेरित है। राष्ट्रीय स्तर पर भी इंटीरियर सेक्टर में बड़ी वृद्धि देखने को मिली है। वर्तमान में यह बाजार 12.33 अरब अमेरिकी डॉलर का है और 2030 तक इसके 24.52 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है, जो लगभग 12 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा। इस महत्वपूर्ण वृद्धि को बढ़ती हुई आय, तेज़ शहरीकरण और व्यक्तिगत एवं कार्यात्मक रहने की जगहों की उपभोक्ताओं की बढ़ती चाहत से बल मिल रहा है।

## एलएंडटी को बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मिला ऑर्डर

नई दिल्ली, (भाषा)। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए ऑर्डर मिला है। एलएंडटी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसकी परिवहन अवसंरचना इकाई ने नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लि. (एनएचएसआरसीएल) से मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल गलियारे के लिए 156 रूट किमी (आरकेएम) हाई-स्पीड बैलस्टलेस ट्रैक (पैकेज टी3) के निर्माण का ऑर्डर हासिल किया है। एल एंड टी के लिए मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल गलियारे में ट्रैक-कार्य पैकेज में यह दूसरा अनुबंध है। एलएंडटी ने कहा कि अप्रैल, 2022 में, एनएचएसआरसीएल ने वडोदरा शहर के दक्षिण से साबरमती डिपो तक पैकेज टी3 (116 किमी) का अनुबंध हासिल किया था और परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। कंपनी ने कहा कि इस नवीनतम ऑर्डर के साथ, अब वह एमएएचएसआर में 50 प्रतिशत से अधिक ट्रैक-कार्यों के लिए जिम्मेदार है। ट्रैक-कार्यों के लिए जापानी शिंकानसेन जे स्लैब ट्रैक तकनीक को अपनाया जा रहा है, जिससे 320 किमी प्रति घंटे तक की गति, बेहतर सवारी गुणवत्ता और रखरखाव संभव हो सकेगा।

# राष्ट्रीय अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है : सैनी

**पवन आश्री**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है। 21वीं सदी का भारत जिस ऊंचाई और गति से आगे बढ़ रहा है, उसमें एमएसएमई का महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा सरकार लघु उद्योगों के विकास के लिए विशेष योजनाएं और प्रोत्साहन नीतियां लागू कर रही है, ताकि उद्यमियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें और वे बाजार प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़े हो सकें।

मुख्यमंत्री सोमवार को जिला पानीपत के समालखा में आयोजित लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समालखा में लघु उद्योग भारती के तीन दिवसीय औद्योगिक चिंतन से लघु उद्योगों के विकास की नई दिशा मिल सकेगी। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त कर युवा उद्यमी विकसित भारत हरियाणा की कहानी लिखेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का भौगोलिक क्षेत्र केवल 1.3 प्रतिशत है, लेकिन यह वर्ष 2024-25 के अग्रिम अनुमान के अनुसार राष्ट्रीय जीडीपी में 3.6 का प्रतिशत का योगदान दे रहा है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद पिछले दशक में 10.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। फरीदाबाद, पानीपत, यमुनानगर और अंबाला के अनधिकृत औद्योगिक क्षेत्र में चल रही हजारों एमएसएमई को राहत प्रदान की गई है और इस क्षेत्र में इनका लाभ भी मिलना शुरू हो गया है। प्रदेश में 10 नए आईएमटी विकसित करने की योजना बनाई गई है जिनमें से तीन नए आईएमटी राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकसित करने के लिए भूमि प्राप्त की जा रही है।



**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिला पानीपत के समालखा में आयोजित राष्ट्रीय उद्यमी सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए। (छाया : पवन आश्री)**

इनमें अंबाला, जींद और द्वाह्न्त्ह्ना□व्व्हृ आईएमटी शामिल हैं। इनके अलावा कोसली और नारायणगढ़ में भी आईएमटी के लिए जगह चिन्हित की गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापार करने में आसानी के लिए 48 विभागों में 1100 से अधिक अनुपालनों के नियामक बोझ को कम किया है। विगत 11 वर्षों में प्रदेश में 7 लाख 66 हजार सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग लगे हैं तथा इनमें 39 लाख लोगों को रोजगार भी मिला है। सिंगल रूफ क्लीयरेंस सिस्टम के तहत 230 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आज हरियाणा निवेशकों और स्टार्टअप्स की पहली पसंद बन गया है। हरियाणा भारत में स्टार्टअप की संख्या में सातवें बड़े राज्य के रूप में उभरा है। वर्तमान में हरियाणा में 9100 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। प्रदेश में 19 यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। उन्होंने कहा कि अगले चरण में स्टार्टअप में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति के तहत 22 स्टार्टअप्स को एक करोड़ 14 लाख रुपए की वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए निजी निवेशकों के सहयोग से 2 हजार करोड़ रुपए का फंड ऑफ फंड्स भी स्थापित किया जा रहा है।

# हिंदू धर्म ने समाज के कुछ वर्गों को सम्मानजनक जगह नहीं दी : प्रियंक खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), (भाषा)। कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने सोमवार को कहा कि सिख, जैन, बौद्ध और लिंगायत धर्म सभी भारत में अलग धर्म के रूप में पैदा हुए, क्योंकि हिंदू धर्म ने समाज के कुछ वर्गों को सम्मानजनक जगह नहीं दी। खरगे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की आलोचना किए जाने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। दरअसल, सिद्धरमैया ने हिंदू समाज में असमानता और जातिवाद पर टिप्पणी की थी और इस पर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सी टी रवि ने राज्य सरकार पर अपनी नीतियों के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। खरगे ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा, "मुझे नहीं लगता कि विजयेंद्र और रवि भारत में धर्म के इतिहास से अवगत हैं। सिख धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और लिंगायत धर्म सभी भारत में एक अलग धर्म के रूप में पैदा हुए थे। ये सभी धर्म भारत में इसलिए पैदा हुए क्योंकि हिंदू धर्म में उनके लिए जगह नहीं थी, इसने उन्हें सम्मानजनक स्थान नहीं दिया"उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए पूछा, "चतुर्वर्ण व्यवस्था क्या है? क्या यह किसी अन्य धर्म में है? यह केवल हिंदू धर्म में है। बाबासाहेब आंबेडकर ने नारा दिया था कि हिंदू के रूप में पैदा होना मेरे हाथ में नहीं है, लेकिन मैं हिंदू के रूप में नहीं मरूंगा।

# जनता दर्शन में योगी ने सुनीं समस्याएं, इलाज के लिए आर्थिक सहायता का दिया भरोसा

**वीर अर्जुन संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

इस जनता दर्शन में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुँचे। रायबरेली से आए गुर्दा और हृदय रोग से पीड़ित एक मरीज को मुख्यमंत्री ने तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। एक सरकारी बयान के अनुसार, रायबरेली जनपद के थाना खीरों क्षेत्र के ग्राम बरवलिया से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र सौंपते हुए बताया कि उनके पिता गुर्दे, हृदय और मूत्राशय संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और निजी अस्पताल में इलाज कराना अब उनके बस की बात नहीं है।इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीज को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जाए। साथ ही उन्होंने अस्पताल से इलाज से संबंधित खर्चों के कागजात भी मंगवाने को कहा।जनता दर्शन में कई अन्य फरियादियों ने भी इलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु प्रार्थनापत्र दिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप सभी अस्पताल से इलाज के खर्च संबंधित दस्तावेज तैयार कराकर भेजें, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। विगत आठ वर्षों से सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति को निरंतर सहायता उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में कई फरियादी अपने छोटे बच्चों के साथ भी पहुँचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के सिर पर प्यार से हाथ फेरा।

# राजस्थान : बेटे की तरह हिंदू महिला का अंतिम संस्कार मुस्लिम युवक ने किया

जयपुर, (भाषा)। सांप्रदायिक सौहार्द एवं मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक मुस्लिम युवक ने हिंदू महिला का अंतिम संस्कार बेटे की तरह किया। घटना राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की है। यह मामला शहर के गांधी नगर के जंगी चौक का है जहां 67 वर्षीय शांति देवी का रविवार को निधन हो गया। उनके निकट परिवार में कोई नहीं था। तीस साल के युवक असगर अली ने बेटे की तरह हिंदू रीति रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार शांति देवी, 2018 में अपनी तीन बेटियों और एक बेटे की मृत्यु के बाद से अकेली रह रही थीं। वह कुछ समय से अस्वस्थ थीं और महात्मा गांधी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था जहां रविवार को उनका निधन हो गया। उनके निकट परिवार में कोई नहीं था। ऐसे में युवक असगर अली व मोहल्ले के बाकी लोग आगे आए। अगसर बरसों से शांति देवी को मां के रूप में देखते हुए बड़े हुए।

# भाजपा सरकार द्वारा राज्य के साथ किए गए अन्याय को पंजाबी हमेशा याद रखेंगे : मान

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। भारत सरकार की ओर से श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाकिस्तान भेजने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कड़ा ऐतराज जताया है।

मुख्यमंत्री ने अफसोस जाहिर किया कि यह समझना बहुत मुश्किल है कि क्या भाजपा की नीति पाकिस्तान के खिलाफ है या अपने ही लोगों के खिलाफ। उन्होंने कहा कि इससे मोदी सरकार का पंजाब विरोधी रवैया झलकता है। उन्होंने कहा कि अगर एक पाकिस्तानी अभिनेत्री किसी पंजाबी अभिनेता के साथ फिल्म करती है, तो केंद्र सरकार उस फिल्म पर प्रतिबंध लगा देती है और पंजाबियों को गद्दार करार देती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले मां जैसे व्यवहार से हमारी फिल्म इंडस्ट्री और पंजाबी कलाकारों को नुकसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि यह फिल्म पुलवामा आतंकी हमले से काफी पहले फिल्माई गई थी, लेकिन पुलवामा हमले के बहाने फिल्म पर प्रतिबंध लगाना सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच की अनुमति केवल इसलिए दी जाती है क्योंकि 'बड़े साहब' का बेटा यह मैच करवाना चाहता था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा की नेतृत्व वाली 'ट्रोल आर्मी' ने पंजाबी अभिनेताओं और निर्माताओं को गद्दार तक कह दिया, लेकिन अब दोनों देशों के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले के बारे में हर कोई चुप है।



**मीडिया को संबोधित करे हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान।**

मुख्यमंत्री ने अफसोस जताया कि जब क्रिकेट बोर्ड अमित शाह के बेटे के हाथों में है, तब पाकिस्तान के साथ अचानक मैच करवाना भारत सरकार की मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि पाकिस्तान के भारत विरोधी रवैये को देखते हुए यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मैचों से मिलने वाले पैसे का पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में, इससे पाकिस्तान को फायदा होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अगर भारत, पाकिस्तान के साथ मैच खेल सकता है, तो श्रद्धालु श्री करतारपुर साहिब और श्री ननकाना साहिब माथा टेकने क्यों नहीं जा सकते। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब अफगानिस्तान में भूकंप आया, तब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वहां तुरंत मदद भेज दी। उन्होंने कहा कि अब जब पंजाब बाढ़ के कारण तबाही का सामना कर रहा है, तब भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पंजाब के जायज फंड भी रोक दिए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा लगातार पंजाब और पंजाबियों के साथ भेदभाव करती आ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपए भी जारी नहीं किए।

# शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने को 75 प्रतिशत उपस्थिति का नियम अनिवार्य हो : आनंदीबेन पटेल

**वीर अर्जुन संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति पर बल देते हुए सोमवार को कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए कक्षाओं में नियमित भागीदारी आवश्यक है।

सोमवार को प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय का आठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कठिनाइयां जीवन का हिस्सा हैं, उनसे डरने के बजाय समाधान निकालना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुल 187 विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया। इनमें परास्नातक एवं स्नातक के 56 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। उन्होंने कौशांबी के 300 आंगनबाडी केंद्रों के लिए आंगनबाडी किट और हेल्थ किट का भी वितरण किया। पदक प्राप्तकर्ताओं में महिलाओं की उल्लेखनीय संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आनंदीबेन पटेल ने कहा, हमारा समाज नारी शक्ति की ओर दृढ़ता से अग्रसर हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी योग्यता और सेवा केवल परिवार तक सीमित न रखें, बल्कि पूरे देश के विकास में उसका उपयोग करें। राज्यपाल ने पद्मश्री और पद्मविभूषण प्राप्त विभूतियों से सीखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया और कहा कि मनुष्य को मनुष्य बनाना ही हमारा ध्येय होना चाहिए, इसी ध्येय वाक्य को आप आगे प्रसारित कीजिए। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से अपनी योग्यता का प्रयोग देश, समाज और राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया।




**प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री प्रदान करती हुईं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। (छाया : एएनआई)**

# राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग की

छत्रपति संभाजीनगर (जालन), (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता धनंजय मुंडे ने सोमवार को कहा कि बंजारा समुदाय को अन्य राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाना चाहिए। वह हैदराबाद गजट के तहत अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर समुदाय द्वारा बीड में आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने दावा किया कि आरक्षण के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे के आंदोलन के बाद मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र देने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बंजारा समुदाय महाराष्ट्र में विमुक्त जाति और घुमंतु जनजातियों (वीजेएनटी) खंड का हिस्सा है। मुंडे ने कहा, "महाराष्ट्र सरकार को बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए एक समिति गठित करनी चाहिए। यह राजस्थान और तेलंगाना सहित कई राज्यों में अनुसूचित जनजाति वर्ग का हिस्सा है" मुंडे पूर्व मंत्री हैं। उन्होंने संतोष देशमुख हत्या मामले में अपने करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद मचे बवाल के पश्चात इस साल मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि वह रैली में केवल इसलिए शामिल हो सके क्योंकि अब वह राज्य सरकार में मंत्री नहीं हैं। जालना में भी समुदाय ने इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया, जहां प्रतिभागियों ने सफेद झंडे लहराए और अपने आध्यात्मिक गुरु सेवालाल महाराज के जयकारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मामा देवी चौक से अंबड चौक तक मार्च निकाला। एमएलसी राजेश राठौड़ ने कहा, "हम हैदराबाद गजट के अनुसार आरक्षण की मांग कर रहे हैं, जिसमें हमारे समुदाय को एसटी श्रेणी में रखा गया है।

# पाकिस्तान में स्थित ननकाना साहिब की तीर्थयात्रा से संबंधित परामर्श की समीक्षा करें शाह : बादल

चंडीगढ़, (भाषा)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि वह गृह मंत्रालय की ओर से विभिन्न राज्य सरकारों को जारी परामर्श की समीक्षा करें, जिसमें नवंबर में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर पाकिस्तान में श्री ननकाना साहिब की तीर्थयात्रा के लिए सिख जत्थों के आवेदनों पर गौर नहीं करने के लिए कहा गया है। बादल ने गृह मंत्रालय के अवर सचिव की ओर से पंजाब और अन्य पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों को जारी एक परामर्श साझा किया। परामर्श में कहा गया है, "पाकिस्तान के साथ मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, नवंबर 2025 में श्री गुरु नानक देव जी के अवसर पर सिख तीर्थयात्रियों के जत्थे को पाकिस्तान भेजना संभव नहीं होगा। लिहाजा, आपसे अनुरोध है कि आप अपने राज्य में सिख संगठनों को उचित सलाह दें और यह सुनिश्चित करें कि जत्थे के आवेदनों पर गौर न किया जाए।

# ईडी ने कथित शराब घोटाले में बघेल के बेटे के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की

रायपुर, (छत्तीसगढ़)। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को करोड़ों रुपये के कथित शराब घोटाले मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की।

ईडी के मुताबिक 2,100 करोड़ रुपये का यह कथित शराब घोटाला राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ था। ईडी के अधिवक्ता सौरभ कुमार पांडे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि लगभग 7,039 पृष्ठों की अभियोजन शिकायत यहां विशेष अदालत में पेश की गई, जिसमें चैतन्य को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने कहा, डिजिटल साक्ष्य और अन्य साक्ष्यों वाली एक हार्ड डिस्क भी जमा की गई है। उन्होंने कहा कि चैतन्य ने राज्य में शराब घोटाले से उत्पन्न एक हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अपराध की आय का संचालन किया और अपने व्यावसायिक उपक्रमों के विकास के लिए अपराध की आय का उपयोग किया। पांडे ने कहा कि ईडी को उनके द्वारा कथित तौर पर 22 करोड़ रुपये की अपराध की आय के उपयोग के बारे में ठोस सबूत मिले हैं। चैतन्य बघेल को ईडी ने 18 जुलाई को राज्य के दुर्ग जिले के भिलाई शहर में उनके घर की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया था। वह अपने पिता भूपेश बघेल के साथ ही रहते हैं। ईडी ने एक बयान में दावा किया था कि चैतन्य ने राज्य में शराब घोटाले से उत्पन्न एक हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अपराध की आय का संचालन किया और अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के विकास के लिए 16.7 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया है, "यह पाया गया कि उन्होंने उक्त नकद राशि (अपराध की आय) का उपयोग अपनी रियल एस्टेट परियोजना के विकास में किया था" भूपेश बघेल ने आरोप लगाया था कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है और वे उनके साथ सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे के खिलाफ ईडी की कार्रवाई राज्य में कोयला खदानों के लिए पेड़ों की अवैध कटाई से ध्यान हटाने के लिए शुरू की गई थी।

# सुक्खू ने नारी तू नारायणी कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया

शिमला, (पवन आश्री)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि महिलाओं का समाज के विकास में अहम योगदान है तथा ये जीवन के हर क्षेत्र में नित नई उंचाइयां छूते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। मुख्यमंत्री आज यहां दैनिक समाचार पत्र हिमाचल दस्तक द्वारा आयोजित 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा शानदार उपलब्धियां हासिल करने पर उनके सम्मान में मनाया जा रहा है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एक समय ऐसा था जब महिलाओं को घर के कार्यों तक ही सीमित रखा जाता था। उस दौर में समाज में लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने के प्रति झुकाव बेहद कम था और घर से बाहर नौकरी करने से भी रोका जाता था। उन्होंने कहा कि बहुत समय तक आधी आबादी को बौद्धिक और आर्थिक विकास से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि समय में परिवर्तन के साथ महिलाओं की सामाजिक स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि आज महिलाएं अपनी लग्न, मेहनत, दृढ़ निश्चय और काबिलियत से समाज के हर क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाकर दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना भी लागू की है। इसके अन्तर्गत आवास निर्माण के लिए आर्थिक रूप से कमजोर विधवाओं एवं एकल नारियों को 3 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रयासों से ही महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिला ताकि जमीनी स्तर तक विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सबसे बड़े जिले लाहौल-स्पीति से विधायक भी महिला है तथा वहां तैनात सभी बड़े प्रशासनिक अधिकारी भी महिलाएं हैं, जो वर्तमान सरकार की महिलाओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है। श्री सुक्खू ने इस अवसर पर सम्मानित नारायणियों को सरकार की ओर से 51-51 हजार रुपये देने की घोषणा की।



**दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ।**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने के लिए नारी तू नारायणी सीजन-4 की नारायणियों को पुरस्कार भी वितरित किए। चम्बा जिला की तहसील भरमौर के गांव ठेडू की कमला देवी, बिलासपुर जिले की तहसील घुमारवीं के गांव चुवाड़ी की मलभरू देवी, मंडी जिला की तहसील पधर के गांव टिक्कर की कमला देवी, किन्नौर जिला की तहसील पूह के गांव लाबरंग की स्मृतिका नेगी, सोलन जिला की तहसील अर्की के गांव ननिहास की दासी देवी, शिमला जिला की तहसील चौपाल के गांव थुंदल की कल्पना संघाइक, सिरमौर जिला की तहसील व गांव कमरऊ की आशा तोमर, हमीरपुर जिला की तहसील बड़सर के गांव भोटा की शीतल वर्मा, कांगड़ा जिला की तहसील धर्मशाला के गांव औडर की संतोष कुमारी, लाहौल-स्पीति जिला की तहसील उदयपुर के गांव नालडा की अनिता नलवा, ऊना जिला की तहसील अंब के गांव पोलियां पुरोहितां की सुषमा शर्मा तथा कुल्लू जिला की तहसील भुंतर के गांव शमशी की नैन्सी देवी को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

# महाराष्ट्र : ट्रक चालक का अपहरण, पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के घर से मुक्त कराया गया

मुंबई/पुणे, (भाषा)। नवी मुंबई में रोड रेज की घटना के बाद दो व्यक्तियों द्वारा एक एसयूवी के जरिये अगवा किये गए ट्रक चालक को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के पुणे स्थित बंगला से मुक्त करा लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुणे पुलिस ने बताया कि पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर के खिलाफ, रविवार को ड्राइवर की तलाश में घर में प्रवेश करने की कोशिश कर रही पुलिस को रोकने का मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा, नवी मुंबई पुलिस ने एसयूवी सवार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। खेडकर पर सिविल सेवा परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने तथा गलत तरीके से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और दिव्यांग कोटे का लाभ लेने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि कथित अपहरण की घटना शनिवार शाम नवी मुंबई टाउनशिप में मुलुंड-ऐरोली रोड पर हुई, जब प्रह्लाद कुमार (22) अपना कंक्रीट मिक्सर ट्रक चला रहे थे। रबाले पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) को छूते हुए निकल गया था, जिसके बाद कुमार और एसयूवी में सवार दो लोगों के बीच बहस हो गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद एसयूवी सवार लोगों ने प्रह्लाद कुमार को पुलिस थाने ले जाने के बहाने जबरन अपने वाहन में बिठा लिया और मौके से फरार हो गए। ट्रक के मालिक की शिकायत के आधार पर रविवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# विमल नेगी मौत मामला: आरोपी एएसआई को अदालत ने एक दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा

शिमला, (भाषा)। विमल नेगी मौत मामले में सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपी निलंबित सहायक उप निरीक्षक पंकज शर्मा को सोमवार को अदालत ने एक दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में पंकज शर्मा संघीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले पहले व्यक्ति हैं। उनको मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने पांच दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन सीजेएम ने एजेंसी को आरोपी की एक दिन की हिरासत में भेजा। पंकज शर्मा पर हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के मुख्य अभियंता विमल नेगी की रहस्यमय मौत के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप है। विमल नेगी 10 मार्च को लापता हो गए थे और 18 मार्च को बिलासपुर जिले के गोबिंद सागर के शाहतलाई इलाके में मृत पाए गए थे। पंकज पहले व्यक्ति थे जिन्होंने विमल नेगी से उनकी पेन ड्राइव और अन्य दस्तावेज बरामद किए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, नेगी की मृत्यु उनके शव मिलने से लगभग पांच दिन पहले हो चुकी थी।

# मप्र में भाजपा विधायक की दोनों पत्नियों के नाम तीर्थ दर्शन योजना में, कांग्रेस ने उठाए सवाल

राजगढ़ (मध्यप्रदेश), (भाषा)। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के एक नेता ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हजारीलाल दांगी की दो पत्नियों के नाम मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल होने का दावा किया है जिसके बाद विवाद पैदा हो गया है।

मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री और राजगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने कहा कि गरीबों के लिए बनी इस योजना में खिलचीपुर से भाजपा विधायक और उनके परिजनों के नाम जुड़ना योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है।

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले से 179 यात्रियों का दल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत असम के कामाख्या देवी दर्शन के लिए जा रहा है, जिसमें दांगी की दोनों पत्नियों - ज्योत्सना दांगी एवं सरदार बाई दांगी - के नाम भी शामिल हैं।

साल 2023 के विधानसभा चुनाव में दांगी से पराजित होने वाले सिंह ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के यात्रियों की सूची जारी करते हुए कहा, "इसमें गरीब जनता की जगह भाजपा के नेताओं और उनकी पत्नियों के नाम जोड़े गए हैं"

तीन बार खिलचीपुर से विधायक रहे खींची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "प्रशासन की निगाह में शायद यह लोग सबसे गरीब हैं। मजे की बात यह है कि यह पहले भी यात्रा कर चुके हैंउ

इस सिलसिले में जब दांगी से बात की गई तो उन्होंने बताया, "मैंने अपनी पत्नियों को यात्रा में भेजने के लिए कोई आवेदन नहीं किया है और ना ही मुझे इस मामले की कोई जानकारी है। मैं अपनी पत्नियों को इस यात्रा में नहीं भेज रहा हूं"

# उप्र के मत्स्य मंत्री संजय निषाद का वाहन गाय से टकरा कर क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे

बलिया (उप्र) (भाषा)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल निषाद पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद का वाहन सोमवार अपरान्ह एक गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में निषाद बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। रसड़ा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) योगेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार शाम को बताया कि आज अपरान्ह लगभग तीन बजे मत्स्य मंत्री संजय निषाद जिला मुख्यालय से रसड़ा कस्बे में आयोजित दल के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी फेफना-रसड़ा मार्ग पर राम नगर गांव के समीप उनका वाहन एक गाय से टकरा गया। एसएचओ ने बताया कि दुर्घटना के समय मंत्री सहित चार लोग वाहन में सवार थे। दुर्घटना में मंत्री के वाहन का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि वाहन में सवार मंत्री और अन्य सुरक्षित हैं।

# मा0 मुख्यमंत्री का लक्ष्य 15 अगस्त 2047 से पहले बनाये उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश: दुर्गाशंकर मिश्र

**अशोक कुमार**

मेरठ । समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान की जनजागरूकता हेतु आज लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कालेज सभागार में शासन द्वारा नामित समिति नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात, नामित प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त मुख्य सचिव उ0प्र0 श्री दुर्गाशंकर मिश्र, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी श्री ओमवीर सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री अरूण कुमार की उपस्थिति में आईएमए/नीमा के पदाधिकारियो, प्रतिनिधियो, औद्योगिक संगठनो के पदाधिकारियो, प्रतिनिधियो, विभिन्न उत्पादन इकाईयों, भारतीय उद्योग परिसंघ, विभिन्न व्यापार संघो के पदाधिकारियो के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव नगर विकास, नामित प्रबुद्धजनो सेवानिवृत्त मुख्य सचिव उ0प्र0, सेवानिवृत्त शिक्षाविद्, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, जिलाधिकारी, सीडीओ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त मुख्य सचिव उ0प्र0, नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव नगर विकास, नामित प्रबुद्धजनो सेवानिवृत्त शिक्षाविद्, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता का शॉल ओढाकर व पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त मुख्य सचिव उ0प्र0 श्री दुर्गाशंकर मिश्र ने बताया कि 15 अगस्त 2022 को लालकिले से मा0 प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुये पंच प्रण की बात कहीं, जिसका पहला प्रण था कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे। हम बचपन से सुनते आ रहे है कि भारत एक विकासशील देश है। बहुत सारे छात्र मेडिकल के क्षेत्र में अपना नाम कर रहे है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने लक्ष्य दिया है कि हम 15 अगस्त 2047 से पहले उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनायेंगे। उन्होने कहा कि विकसित यूपी का लक्ष्य प्राप्त करने में मेरठ की अहम भूमिका होगी। प्रत्येक क्षेत्र में मेरठ की भूमि उर्वर है जिसका लाभ यूपी को विकसित बनाने में अवश्य मिलेगा। उन्होने कहा कि हम विकसित यूपी को किस तरह से देखना चाहते है सोचे, समझे और अपने विचार पोर्टल और क्यूआर कोड के माध्यम से साझा करें। आपका बहुमूल्य सुझाव मेरठ को विकसित बनाने में अहम हो सकता है।

उन्होने बताया कि मेरठ से दिल्ली 50 मिनट में आरआरटीएस के माध्यम से पहुंच सकते है। आने वाले 22 वर्षों में कितना परिवर्तन होगा इसके बारे में आप सोच सकते हो। आज हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा देश विकसित होगा तो उसका लाभ हमारी आने वाली पीढी को मिलेगा। बडे से बडे अस्पताल में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से इलाज करा सकते है। हमारे देश में टेक्नोलोजी के क्षेत्र में बेहतर विकास हो रहा है। आज आप मोबाइल के माध्यम से बहुत सारी चीज एक्सेस कर सकते हो।

# मीरजापुर समाजवादी पार्टी ने खाद की कमी को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया



मीरजापुर, (वीअ)। समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री मुन्नी यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानो ने व सपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।इस अवसर बोलते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा इस सरकार में शराब तो कही नही खत्म हो रही है उसका भंडार महीनों सालों का स्टॉक भरा है मगर किसानों का खाद खत्म हो जा रहा है किसान परेशान हाल फटेहाल खाद के लिए दरदर भटक रहा है।

ब्यापारी नेता सन्तोष गोयल ने कहा कि पूरे जिले में खाद-सम्बंधित समस्याओं को सुनने वाला कोई नही है कुछ मंत्री तो केवल तफरी करने पड़ोसी जिले से आते है और खा पीकर लौट जाते है उनको स्थानीय किसानों की या अन्य किसी भी समस्याओं से कोई लेना देना नही है इस सरकार में किसान किसके पास जाए उनको कोई नेता नही मिल रहा है जो किसानों की समस्या को सुलझा सके उनकी बात को शासन तक पहुंचा सके है । सपा नेताओं ने आज शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी को इस बाबत पत्रक सौंपा और कहा कि अगर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नही किया गया तो सपा जिले भर के किसानों के साथ जिला मुख्यालय पर हल्लाबोल प्रदर्शन करेगी।

# ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का बड़ा योगदान: कर्नल विनोद

**डा. अरविंद गांधी**

वाराणसी।इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, आईपीपीबी की आठवीं वर्षगांठ बड़े ही सम्मान और उपलब्धियों के साथ मनाई और इस अवसर पर वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल श्री कर्नल विनोद कुमार को आईपीपीबी के वाराणसी प्रमुख श्री शैलेश सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। आईपीपीबी की प्रमुख उपलब्धियाँ इस वर्ष की तारीफ़ करते हुए कर्नल विनोद ने बताया कि कुल तेरह लाख से अधिक नए खाते खोले गए, जो भारत में वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि ?207 करोड़ करंट अकाउंट सेविंग अकाउंट (कासा बैलेंस), जो ग्राहकों के भरोसे और बैंक की सेवाओं की मजबूती को दर्शाता है।




अतुल कुमार सहायक निदेशक ने बताया कि 1,30,386 ग्राहकों का मोबाइल नंबर आधार से ण्ंध्ं के माध्यम से लिंक किया गया, जिससे डिजिटल सेवाओं की पहुंच और आसान हुई। श्री परमानंद सहायक निदेशक ने बताया कि 293 करोड़ की डीबीटी राशि वितरित की गई जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँचा। कर्नल विनोद ने कहा कि इन उपलब्धियों के पीछे न सिर्फ बैंक की मेहनत है, बल्कि ग्राहकों का अटूट विश्वास और सहयोग भी है।

इस अवसर पर सुश्री पल्लवी ने कहा कि यह जश्न सिर्फ एक बैंक की वर्षगांठ नहीं, बल्कि एक मिशन की सफलता है जिसमें हर भारतीय को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का जिसे आईपीपीबी साकार करने में सक्षम है। कर्नल विनोद ने कहा कि इंडिया पोस्ट अपने विश्व के सबसे बड़े नेटवर्क के साथ मिलकर भारत में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण सहयोग करता रहेगा।

## श्री राधाबल्लभ सेवा ट्रस्ट ने हिताचार्य पीठ में लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप

मथुरा ब्यूरो। श्री राधाबल्लभ सेवा ट्रस्ट द्वारा हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर गांव बाद में एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में, ब्रजवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से समर्पित चिकित्सकों की कई टीमों ने भाग लिया। कैंप के दौरान सैकड़ों स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की गईं और उन्हें बीमारियों से बचाव तथा उपचार के लिए जरूरी दवा मुफ्त में वितरित की गईं। चिकित्सकों की टीमों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे मौसमी बीमारियां, त्वचा रोग, और सामान्य शारीरिक जांच पर विशेष ध्यान दिया। इस पहल का लक्ष्य ब्रज क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बिना किसी शुल्क के चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। इस संबंध में ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि वह भविष्य में भी इस तरह के और अधिक कैंप आयोजित करने की योजना बना रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें।

## विद्युत आपूर्ति को सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने हेतु, 15 सितम्बर 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक अनुरक्षण माह का आयोजन

मेरठ, (वीअ)। प्रबन्ध निदेशक के निर्देशन में, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के जनपद मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, हापुड, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर एवं गौतमबुद्धनगर (नोएडा) मे विद्युत आपूर्ति को निरन्तर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से 15 सितम्बर 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक अनुरक्षण माह के रूप में आयोजित किया जाऐगा। अनुरक्षण माह में पश्चिमांचल डिस्कॉम के समस्त 14 जनपदों मे उपकेन्द्रों पर स्थापित पावर परिवर्तक, वी0सी0बी0 का अनुरक्षण, 33/11 केवी0 स्विच यार्ड, 33/11 केवी पावर ट्रासफार्मर का अनुरक्षण, 33 केवी लाईन, 11 केवी लाईन का अनुरक्षण तथा डिस्ट्रीब्यूशन ट्रासफार्मर का अनुरक्षण, क्षमतावृद्धि, लाईनों की मरम्मत, ट्रासफार्मर की मरम्मत आदि अनुरक्षण कार्य किए जायेगें। अधिकारी निरीक्षण कर, तकनीकी कमियों को दूर करेगें जिससे उपभोक्ताओं के बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। इस अनुरक्षण माह के तहत स्विच यार्ड, पावर ट्रासफार्र, वी0वी0बी0, विद्युत लाईनों, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रासफार्मर की प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, क्षमतावृद्धि आदि कार्य योजनाबद्ध व चरणबद्ध तरीके से किए जायेगें। इस अवधि में विद्युत वितरण तंत्र के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से संपादित किया जाऐगा साथ ही आवश्यक सामग्रियों एवं उपकरणों की उपलब्धता, सुनिश्चित कराई जायेगी ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति मिल सके। अनुरक्षण माह के दौरान निर्धारित सभी कार्यो का विवरण अनुरक्षण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की सूची संबंधित अधिकारियों द्वारा तैयार कर, मुख्यालय को उपलब्ध कराई गयी है, जिसमे विभिन्न तरह के 56057 कार्य चयनित किये गये हैं। विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाऐगी तथा कार्यो को, समयबद्ध तरीके से सम्पन्न किया जाऐगा। इस संबंध में पश्चिमांचल डिस्कांम द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग का आवाहन किया है ताकि अनुरक्षण माह के दौरान किए जा रहे कार्यों से होने वाली असुविधा को, न्यूनतम किया जा सके और कार्य पूर्ण होने के उपरान्त, उन्हें बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्यतु आपूर्ति प्राप्त हो सके।

# वाल्मीकि शक्ति युवा मंच की कार्यकारिणी बैठक का हुआ आयोजन

**अशोक कुमार**

मेरठ। वाल्मीकि शक्ति युवा मंच मेरठ कैंट की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन सोमवार को मेरठ कैंट के रजबन बाजार मे महर्षि वाल्मीकि चौक पर हुआ। इस बैठक मे गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस के उपलक्ष्य मे 23वीं विशाल शोभायात्रा धूमधाम एवं हर्षोल्लास निकालने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर वाल्मीकि शक्ति युवा मंच के मुख्य संरक्षक राजू रोंदिया ने बताया कि आगामी 07 अक्टूबर को भगवान महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा रजबन बाजार छावनी परिषद के कार्यालय के सामने महर्षि वाल्मीकि चौक से सायं 4 बजे प्रारम्भ होकर छावनी क्षेत्र के प्रमुख बाजारों से होकर रजबन बाजार स्थित उदासीन वाल्मीकि मंदिर पर समाप्त होगी।

बैठक मे उपस्थित वाल्मीकि समाज के मुख्य व्यक्तियों सहित सर्व समाज के अन्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार प्रकट किये... इस दौरान



राजकुमार सोंदे (संरक्षक), राजेन्द्र बहनवाल (संरक्षक), प्रदीप टांक (संरक्षक), उदय बहनवाल (संरक्षक), विनोद कुमार (अध्यक्ष), उमेश रोंदिया (महामंत्री), मनोज ढिंगिया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सुन्दर सिंह लोहरे ठशंकरठ ( उपाध्यक्ष),उपदेश बैरागी (कोषाध्यक्ष), प्रिंस बिड़लान (संयुक्त मंत्री), नरेश बहोत (सह कोषाध्यक्ष), राजन पार्चा (मंत्री), राजीव निर्वाण (मंत्री), प्रवीन सूर्यवंशी (मंत्री), गौरव गहलोत काली पत्थरवाल, ऋतिक रोंदिया समेत अन्य उपस्थित सदस्यों ने भी शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए समस्त जनता से भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस पर अपने अपने घरो पर पांच पांच दीपक जलाने का भी आहवान् किया।

## स्मार्ट मीटर के विरोध समाजवादी पार्टी का ऊर्जा भवन पर धरना प्रदर्शन

**अशोक कुमार**



मेरठ ।समाजवादी पार्टी जिला व महानगर कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ऊर्जा भवन पर स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता जेल चुंगी स्थित सपा कार्यालय से पद यात्रा करते हुए ऊर्जा भवन पहुंचे बढ़ाए गए बिजली के दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एमडी पॉवर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि समाजवादी पार्टी मेरठ स्मार्ट मीटर का पूर्ण रूप से विरोध करती है। जो कनेक्शन 1 किलोवाट का पहले रुपए 1032 में था वह अब करीब रुपए 6166 हो गया है और 5 किलोवाट का कनेक्शन 7057 में मिलता था जो आज 15470 में मिलेगा। और नियामक आयोग की अनुमति के पावर कारपोरेशन ने स्मार्ट मीटर की दर को तय कर दिया है जबकि इसे लागू करने से पहले कमेटी की बैठक में प्रस्ताव पारित होना चाहिए । इस दौरान जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, निरंजन सिंह, नदीम चौहान, रजत शर्मा, खीमचंद जाटव, पवन यादव, सचिन गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष, गोलू जाटव, सोनू चौधरी, नितिन चौहान, जीतू नागपाल, नेहा, संगीता राहुल, हरप्रीत आहूजा, ओमप्रकाश महामना, दीपक सिरोही, सिद्धार्थ, सम्राट मलिक, शशिकांत, परविंदर ईशु आदि लोग मौजूद रहे।

# केएम अस्पताल में हुआ 36 स्कूली बच्चों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण : बांटी गई नि:शुल्क दवा

मथुरा ब्यूरो। आंखे शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण और नाजुक अंग होता है। आंखों के बिना जीवन बेरंग है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आंखों की सुरक्षा के प्रति सर्तक रहना चाहिए। विशेषकर बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। यह बात आज स्कूली बच्चों के नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं नि:शुल्क दवा वितरण के दौरान केएमयू के कुलाधिपति एवं मेडीकल हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी ने कहीं। जानकारी के अनुसार महाराजा सैनी पब्लिक जूनियर स्कूल के संस्थापक कर्नल अतुल शर्मा, प्रधानाचार्य अशोक सैनी के निर्देश पर 36 बच्चों का ग्रुप अध्यापिका कुसुम लता, ललिता, कृष्णकांत और दुर्गेश के साथ केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल पहुंचा। जहां नेत्र विभागाध्यक्ष डा. एनके तनेजा समेत नेत्र चिकित्सकों ने बच्चों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया तथा नेत्र ड्रॉप वितरित कीं और 12 बच्चों को चश्मा लगवाने की सलाह दी। इस संबंध में



विभागाध्यक्ष डा. एनके तनेजा ने बताया कि बच्चे आजकल डिजीटल आई स्ट्रेन नामक बीमारी के शिकार हो रहे हैं, ज्यादातर बच्चों के नेत्रों की ज्योति मोबाइल चलाने से खराब हो रही है। इस बीमारी से बच्चों के सिर में दर्द, आंखों में धुंधलापन और पानी आता है तथा कुछ बच्चों में खुजली, चिपचिपापन आंखों में एलर्जी पायी गई एवं कुछ बच्चें वायरल के शिकार पाए गए। बच्चों को नेत्र विभाग के चिकित्सक डा. रवि सोनी, डा. परिधि गुप्ता, डा. आयुष पांडेय और डा. गुडिया ने बच्चों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित कीं तथा नेत्र एवं चश्मा परीक्षण शंकर सुरेखा ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सुरीर पुलिस ने अवैध असलाह समेत एक बदमाश दबोचा

मथुरा ब्यूरो। थाना सुरीर क्षेत्र स्थित ओहावा अंडरपास के निकट से पुलिस ने अवैध असलाह समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सुरीर अभय शर्मा पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ओहावा अंडरपास के निकट एक बदमाश अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभय शर्मा पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे बदमाश भूरा पुत्र फरीयाद अली निवासी गांव तेहरा थाना सुरीर को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

## 20 सितंबर तक जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को दिए जाएंगे ज्ञापन

**आकाश तिवारी**

मैनपुरी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक जिला मंत्री एम पी सिंह के आवास पर हुई बैठक में 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नियम विरुद्ध तरीक़े से टीईटी थोपे जाने के मुद्दे पर सरकार की चुप्पी की जमकर भर्त्सना की गई।जिला अध्यक्ष राजीव यादव ने कहा कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को धोखे में रखकर ऐसा बेतुका निर्णय करवाया है नौकरी के 15 से 20 वर्षों बाद टीईटी पास करने के हुक्म से बहुत से शिक्षक अवसाद में आकर आत्महत्या कर चुके है लेकिन संवेदनहीन डबल इंजन सरकार मौन साधे हुए है। जिला संरक्षक सत्यवीर सिंह ने कहा कि सरकार को बिना देर करें शिक्षक हित में निर्णय लेना चाहिए कहीं ऐसा न हो कि यह चुप्पी डबल इंजन सरकार पर ही भारी पड़ जाए। जिला कोशाध्यक्ष हरिओम दुबे ने कहा कि आंदोलन के अगले चरण में संगठन सरकार के विरुद्ध कठोर निर्णय को विवश होगा। बैठक में कौशल गुप्ता, के पी सिंह, हरगोविंद चौहान, सुदीप पाण्डेय, गौरव पांडेय, सत्यप्रकाश, अबलेंद्र कुमार, महेश आर्य, मेघ सिंह शाक्य, डा आलोक शाक्य, विंदेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

## विकसित यूपी के विजन डॉक्यूमेन्ट की तैयारी हर नागरिक सुझाव देकर निभाएं अपनी जिम्मेदारी: दुर्गाशंकर मिश्र

**अशोक कुमार**

मेरठ। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की जनजागरूकता हेतु सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में शासन द्वारा नामित समिति नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, पूर्व मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, सेवानिवृत्त कृषि निदेशक ओमवीर सिंह,सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता अरूण कुमार की उपस्थिति में जनपद के अग्रणी, विकासशील कृषको एवं कृषि बागवानी, औद्यानिक इकाईयों, मधुमक्खीपालन से जुडे व्यवसाईयों, मत्स्य पालको, कृषि उत्पादक समूहो के पदाधिकारियो-सदस्यो तथा दुग्ध उत्पादको, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, पशुधन संरक्षण, नगर एवं ग्राम विकास, नगर विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, पर्यटन, कृषि उत्पादन मंडी समितियो के साथ चर्चा व कृषि विश्वविद्यालय व उससे संबंधित बुद्धिजीवियो के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी अमृत अभिजात ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की रूपरेखा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश किस प्रकार से कार्य करेगा इसका डाक्यूमेंट तैयार किया जायेगा। तीन थीम और 12 सैक्टर को मिलाकर यूपी का विजन डाक्यूमेन्ट तैयार होगा। विजन डाक्यूमेंट सर्वसमावेशी होगा, समर्थ, सक्षम और विकसित उत्तर प्रदेश का आधार बनेगा।इस अवसर पर डीएम डाक्टर वीके सिंह, सीडीओ नूपुर गोयल आदि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब चुनाव में परिवर्तन पैनल ने दर्ज की धमाकेदार जीत, जमकर मनाया जश्न

**अशोक कुमार**

मेरठ । अलेक्जेंडर एथलेटिक्स क्लब के द्विवार्षिक चुनाव में परिवर्तन परिवार ने धमाकेदार जीत दर्ज की। सभी शीर्ष पदों उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव पदों पर परिवर्तन पैनल के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर बता दिया कि, आखिर परिवर्तन क्यों जरूरी था। देर रात परिवर्तन पैनल के उम्मीदवारों के नाम घोषित करते ही विजेता टीम ने जमकर जीत का जश्न मनाया। क्लब के उपाध्यक्ष पद पर परिवर्तन परिवार के जेपी अग्रवाल को 623 और टेस्टेड ट्रस्टेड के शुभेंद्र मित्तल को 596 मत मिले। सचिव पद पर परिवर्तन परिवार के संजय कुमार को 673 और प्रतिद्वंदी अंकुर जग्गी को 516 मत मिले। वहीं, कोषाध्यक्ष पद पर राहुल दास को 712 और प्रतिद्वंदी अजय अग्रवाल को 477 मत मिले है। हालांकि, जीत दर्ज करने के बाद अलेक्जेंडर क्लब के जीते हुए प्रत्याशियों ने साफ कहा कि, क्लब खूबसूरत और सुविधाजनक कैसे बन सकता है, इस पर काम किया जाएगा। क्योंकि, समय की जरूरत को देखते हुए क्लब के सभी मेंबर्स एकजुट होकर एक-दूसरे के साथ काम करेंगे।

## अधिवक्ताओं ने सदर विधायक के साथ की मुख्यमंत्री से मुलाकात

कासगंज, (वीअ)। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सदर विधायक के साथ मुख्यमंत्री के कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष चैंबर निर्माण की प्रक्रिया को पूर्ण कराने की मांग रखी। विधायक ने भी क्षेत्र की सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं की मांग और विधायक के प्रस्ताव अमल करने का आश्वासन दिया है। सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत के साथ कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिजा शंकर दुबे, महासचिव महीपाल सिंह राजपूत लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर पहुंचे।

# हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस




**रामबाबू भारती**

प्रयागराज ब्यूरो महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी प्रयागराज में हिंदी दिवस पर हिंदी भाषा और विकसित भारत का संकल्प विषय पर ज्ञानोत्सव के रूप में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने की। प्रोफेसर दुबे ने कहा कि हम कौन थे, क्या हो गए और क्या होंगे। हिंदी ने भारत की विविध भाषाओं के बीच सेतु का कार्य करते हुए राष्ट्रीय एकता और समरसता को बढ़ावा दिया है। हिंदी ने न केवल भारत का नेतृत्व भाषा के रूप में किया है, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक आत्मा और सामाजिक सामंजस्य की कड़ी बनकर उभरी है। हिंदी के विकास के साथ ही भारत ने अपनी विविधताओं के बीच एकता को भी मजबूत किया है। इसे आगे बढ़ाने और समृद्ध करने की जिम्मेदारी हम सब की है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी सरकार, नागरिक, युवा एवं विभिन्न संस्थानों को मिलकर काम करना होगा। यह संकल्प हमारे देश को एक वैश्विक महाशक्ति बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और समृद्ध भारत की नींव रखेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के डॉ. अमित मालवीय रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी का विरोध इसलिए होता है क्योंकि हिंदी लगातार आगे बढ़ रही है। भारत के किसी भी कोने या राज्य में जाएं, वहां हिंदी की उपस्थिति और समझ आपको सहज ही मिलती है। हिंदी देश की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा होने के साथ ही एक ऐसी भाषा है जो भले ही विभिन्न राज्यों में स्थानीय भाषाओं के साथ मिश्रित हो, लेकिन सार्वभौमिक स्तर पर संवाद का माध्यम बनी हुई है। हिंदी भाषा का कोई दूसरा विकल्प हमारे देश में नहीं है, क्योंकि हिंदी न केवल भारत की आधिकारिक भाषा है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता का भी प्रमुख साधन है। हिंदी वह भाषा है जो देश के अधिकतर हिस्सों में समझी और बोली जाती है और जो विभिन्न भाषाई समुदायों को आपस में जोड़ती है।

इस अवसर पर स्त्री अध्ययन विभाग की सह आचार्य डॉ. सुप्रिया पाठक ने कहा कि हिंदी केवल शब्दों का समूह नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, साहित्य, परंपरा और सामूहिक चेतना का वाहक है।

## नगर आयुक्त ने किया क्वारसी से महेशपुर सड़क का किया निरीक्षण

**मुबीन खान**


अलीगढ़। शहर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने आज क्वार्सी चौराहे से सर्किट हाउस होते हुए महेशपुर जीवनगढ़ नाले से आगे धोर्रा पुलिया तक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति एवं ड्रेस की स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने देखा कि प्रमुख मार्ग पर जगह-जगह कूड़ा एकत्रित है, सफाई कर्मचारी नियमित वर्दी में उपस्थित नहीं थे और कई क्षेत्रों में घर-घर से कचरा संग्रहण नहीं किया जा रहा था। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर आयुक्त ने स्वच्छता निरीक्षक के0के0 सिंह को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर सड़क को पूर्ण रूप से कचरा मुक्त कर दुकानों पर दो-दो कूड़ेदान उपलब्ध नहीं कराए जाते और घर-घर से शत-प्रतिशत कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित नहीं किया जाता तो कार्यालय अटैच करते हुए शासन स्तर पर उनके विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।



जीवनगढ़ पुलिया क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों एवं भवन स्वामियों को समझाते हुए दोबारा गंदगी न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यदि पुन: गंदगी फैलाई जाती है तो उनके विरुद्ध जुर्माना लगाया जाएगा और सामान जब्त कर लिया जाएगा। वार्ड 61 में तैनात सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन भी किया गया। नगर आयुक्त ने मौके पर 12 कर्मचारियों को अनुपस्थित पाते हुए उनके वेतन रोकने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त ने सफ़ाई व्यवस्था में लापरवाही व गैर हाज़िर रहने पर संदीप सुपरवाइज़र को मूल पद पर भेजने, सफ़ाई कार्य में लापरवाही बरतने पर सुपरवाइज़र संदीप का वेतन रोकने के साथ साथ संबंधित स्वच्छता निरीक्षक को चेतावनी जारी की है। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी से गायब रहने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# प्रदेश में इंजीनियर्स रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट होगा स्थापित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ( ब्यूरो प्रमुख )। प्रदेश में अभियंताओं को नवीन तकनीक और कार्यदक्षता का प्रशिक्षण देकर कार्यक्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से इंजीनियर्स रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम गति शक्ति जैसे अनेक कार्यों से इंजीनियर्स को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में इंजीनियर्स का उत्साहवर्धन किया है। देश के अभियंताओं ने चिनाब ब्रिज जैसे निर्माण कर हर अवसर पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। प्रदेश में लोक निर्माण विभाग ने लोक कल्याण को शुरुआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में लोक कल्याण से लोक निर्माण के संकल्प के साथ आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।भारतीय संसद के दोनों भवन मध्यप्रदेश की प्राचीन संरचनाओं से प्रेरित हैं



मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियंता का अर्थ है आरंभकर्ता और हमारे इंजीनियर शुभारंभकर्ता हैं। सृष्टि का सबसे बड़ा अभियंता ईश्वर है, उन्होंने ही यह संसार रचा है। सृष्टि की इस संरचाना के संचालन को अभियंताओं ने ही संभव बनाया है। भारतीय ज्ञान परम्परा में हमें कई अभियंताओं के योगदान की जानकारी प्राप्त होती है। भगवान विश्वकर्मा को तकनीक और अभियांत्रिकी का आराध्य माना जाता है। भारतीय संसद के दोनों भवन भी मध्यप्रदेश की प्राचीन संरचनाओं से प्रेरित हैं। इंजीनियर्स एक प्रकार से हनुमान जी के समान है, जो कठिन से कठिन कार्य को सरल बनाने की क्षमता और योग्यता रखते हैं। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने 20वीं शताब्दी में देश के कठिन समय में अभियांत्रिकी के नए कीर्तिमान गढ़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के योगदान का भी स्मरण किया।

महान अभियंता, आधुनिक भारत के विश्वकर्मा, 'भारत रत्न' डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने तकनीक को विकास और जनकल्याण का सशक्त माध्यम बनाया। उनके योगदान से देश को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। सर विश्वेश्वरैया को भारतीय अभियंता समाज का सदैव मार्गदर्शक माना जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया की दूरदर्शिता, परिश्रम एवं अभियांत्रिकी कौशल, सशक्त व समृद्ध राष्ट्र निर्माण के संकल्प के लिए प्रेरणादायी है।

लोक निर्माण विभाग के दो महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म ठलोक निर्माण सर्वेक्षण ऐपठ और लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की उपलब्धियों, योजनाओं और नवाचारों पर केंद्रित विभाग के न्यूज लेटर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं और संविदाकारों का सम्मान किया।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया केवल महान अभियंता ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी समाज सुधारक भी थे। उन्होंने सदैव यह संदेश दिया कि अभियंता का दायित्व केवल संरचनाएँ खड़ी करना नहीं, बाल्कि एक सशक्त और बेहतर समाज का निर्माण करना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने आधारभूत संरचना के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह पहल न केवल तकनीकी उन्नति की दिशा में एक कदम है, बल्कि जनसुलभता और पारदर्शिता को भी मजबूत बनाने का प्रयास है।

# हाईकोर्ट ने करंट से दो मासूमों की मौत पर लिया स्वत: संज्ञान

रायपुर/बिलासपुर, (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ में करंट लगने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के मामलों को लेकर हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। शनिवार को अवकाश के दिन भी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु शामिल थे, ने स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना (रोडमैप) तैयार की जाए। साथ ही मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

हाईकोर्ट के संज्ञान में दो घटनाएं आईं— पहली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के करगीकला गांव में एक 6 वर्षीय बच्चा खेत के पास खेलते समय करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी, कोंडागांव जिले में ढाई साल की बच्ची महेश्वरी यादव की करंट लगने से मौत हो गई। कोर्ट ने इन घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे विद्युत बाड़ अब जानलेवा बनते जा रहे हैं। ये न केवल इंसानों के लिए, बल्कि मवेशियों और जंगली जानवरों के लिए भी गंभीर खतरा बन चुके हैं, खासकर बरसात के मौसम में जब खेतों और आसपास के इलाकों में पानी भर जाता है। हाईकोर्ट की इस सख्ती के बाद राज्य प्रशासन भी हरकत में आया है। महाधिवक्ता प्रपुल्ल एन भारत ने तुरंत मुख्य सचिव को पत्र भेजकर पूरी जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी तत्परता दिखाते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों की सुरक्षा को लेकर जिलों के कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# वंचित वर्ग के उत्थान और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री साय

रायपुर, (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की मछुआ सहकारी समितियों को पुन: मछली पालन का हक मिलने पर प्रभावित समितियों के सदस्यों ने विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर गंगरेल डुबान क्षेत्र के तीन जिलों—धमतरी, कांकेर और बालोद की 11 मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर ग्रामीणों की मांग पर डुबान क्षेत्र में जनसुविधा हेतु एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय बैंक की शाखा शीघ्र खोले जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हों और लोग सीधे लाभान्वित हो सकें।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर में शौचालय निर्माण को बढ़ावा देकर बेटियों और महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। आज स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से आम नागरिकों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और विभिन्न योजनाओं का लाभ अब सीधे डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को पुन: रेडी-टू-ईट कार्य का जिम्मा सौंपा है, जिससे महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सम्मान के लिए हमारी सरकार सतत कार्य कर रही है।इस अवसर पर धमतरी महापौर श्री रामू रोहरा एवं पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडेय उपस्थित थीं। कार्यक्रम में गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की 11 मछुआ समितियों में ग्राम उरपुरी, तेलगुड़ा, मोगरागहन, कोलियारी पुराना, कोलियारी नया, गंगरेल, पुटहामुड़ा, तुमाबुजुर्ग, अलोरी, भिलाई एवं देवीनवागांव के सदस्यगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। राजधानी में आयोजित तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्टेट डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का आगाज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।इस अवसर पर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष और आशा डेंटल केयर मनेन्द्रगढ़ के संचालक वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. विनय शंकर सिंह ने सम्मेलन में कहा कि इंडियन डेंटल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने लंबे समय से आयुष्मान योजना में डेंटल ट्रीटमेंट को शामिल करने की माँग रखी है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि कुछेक डेंटल डॉक्टरों द्वारा स्मार्ट कार्ड से इलाज का गलत पायदा उठाये जाने के कारण क्या पूरे प्रदेश के दंत चिकित्सकों और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना चाहिए जब गर्भाशय कांड और आंखपोड़वा कांड जैसी घटनाएं हुई तब भी प्राइवेट अस्पतालों से आयुष्मान योजना नहीं हटाई गई तो पिर डेंटल ट्रीटमेंट के मामले में दोहरा व्यवहार क्यों?

# बाणसागर मे बांधवगढ़ में पहुंचा हाथियों का झुंड

**गोपालदास बन्सल**

शहडोल:। शहडोल के जंगलों में एक बार फिर हाथियों ने दस्तक दी है,.बांधवगढ़ से हाथियों का झुंड शहडोल के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में घूम रहा है।.इस इलाके में हाथी कई गांवों में तबाही मचा चुके हैं।

.उल्लेखनीय है कि 19 हाथियों का झुंड बाणसागर के बैक वाटर में पहले से रह रहा है, नए हाथी उन्हीं के साथ हो लिए हैं।वन विभाग की टीम ने हाथियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है. वहीं, आसपास के गांवों में इन्हीं में से कुछ हाथियों का मूवमेंट देखा जा रहा है. डीएफओ श्रद्धा पन्द्रे ने बताया कि ठबांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 03 हाथियों का एक दल ब्यौहारी पश्चिम में आया है. ये दल अब उन्हीं 19 हाथियों के दल में जा मिला है, जो पिछले कई महीने से देवलोंद रोड के बाणसागर के पास बैकवॉटर में रह रहे हैं. अब इन्हीं हाथियों के साथ मिल कर ये 03 हाथी भी जंगल में विचरण कर रहे हैंत वन परिक्षेत्र पश्चिम ब्यौहारी में 03 हाथी 07 सितंबर को रात में आए. बाणसागर के बैकवॉटर में पहले से डेरा डाले बैठे हाथियों के झुंड में बच्चे भी शामिल हैं. हाथियों का झुंड रात में गांवों के समीप पहुंच रहा है हाथियों ने 13 सितंबर की रात एक घर को क्षतिग्रस्त किया हैत. इसके अलावा फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैंत. हाथियों के खेतों की ओर और रहवासी क्षेत्र की ओर मूवमेंट को लेकर अब वन विभाग अलर्ट मोड पर हैत. विभाग लगातार हाथियों पर नजर बनाए हुए हैं. साथ ही ग्रामीणों को भी अलर्ट किया जा रहा है. हाथियों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो रही है, इसे भी वहां से हटाया जा रहा हैत.कोशिश की जा रही है कि जो भी हाथी नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनका मुआवजा ग्रामीणों को जल्दी मिले. इसके लिए भी प्रोसेस कराने में मदद की जा रही है. वैसे तो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 2018 से ही हाथियों ने अपना परमानेंट ठिकाना बना लिया है. इससे पहले ये हाथी छत्तीसगढ़ के रास्ते बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आते-जाते रहते थे, लेकिन 2018 के बाद से कुछ हाथियों का दल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ही रह गया, जिनकी संख्या अब 60 से 70 बताई जा रही है. यही हाथी अब कभी भी शहडोल में दस्तक दे देते हैं. हालांकि अभी भी छत्तीसगढ़ से कई हाथियों का दल आता-जाता रहता है. कुछ दिनों पहले ही हाथियों का एक दल शहडोल जिले का भ्रमण कर चुका है. शहडोल के ब्यौहारी पश्चिम का बाणसागर के बैकवॉटर जिसे शहरगढ़ के नाम से भी जानते हैं, यहां पर 19 हाथियों का एक दल दिसंबर 2024 से ही विचरण कर रहा है. हाथियों का ये दल लंबे समय से यहां टिका है. एक्सपर्ट्स की मानें तो यहां पर घना जंगल है. छोटी-छोटी पहाड़ियां भी हैं. बाणसागर का बैक वाटर वाला एरिया भी है, जिससे हाथियों को अच्छा भोजन भी मिल रहा है, पानी भी मिल रहा है. पहाड़ियां भी हैं तो सुरक्षित रहवास भी मिल रहा है, जिसके चलते पिछले कई महीने से हाथी यहां पर टिके हुए हैं।

# सिम्स अस्पताल की टीम ने दिखाई जान बचाने वाली सूझबूझ, बुजुर्ग के गले से निकाले 6 सेविंग ब्लेड

रायपुर/बिलासपुर, (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर के डॉक्टरों ने रविवार को अवकाश के दिन एक बेहद जोखिम भरी सर्जरी कर 74 वर्षीय बुजुर्ग की जान बचाई। बुजुर्ग ने गलती से छह सेविंग ब्लेड निगल लिए थे, जिन्हें डॉक्टरों की टीम ने करीब एक घंटे की सर्जरी कर सुरक्षित रूप से गले से बाहर निकाला।

उसलापुर निवासी केपी मिश्रा (74 वर्ष) को उनके परिजन गंभीर हालत में सिम्स लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि उन्होंने गलती से छह ब्लेड निगल ली हैं। इस सूचना से डॉक्टर और नर्सिंग स्टाप हैरान रह गए। तत्काल मामला सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति को बताया गया, जिन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए अवकाश के दिन भी ईएनटी, एनेस्थीसिया और अन्य विभागों की विशेषज्ञ टीम को त्वरित रूप से बुलाकर ऑपरेशन के निर्देश दिए।ईएनटी विभाग प्रमुख डॉ. आरती पांडे और डॉ. विद्या भूषण साहू तथा एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. मधुमिता मूर्ति और डॉ. शीतल दास की अगुवाई में सर्जरी शुरू की गई। करीब एक घंटे तक चले ऑपरेशन में अत्यंत सावधानी के साथ ब्लेड को गले से बाहर निकाला गया। सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि गले के स्वर तंत्र, आहार नली या श्वसन मार्ग को कोई स्थायी क्षति नहीं पहुंची है। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्लेड जैसी धारदार वस्तु निगलने से आहार नली में छेद हो सकता था, जिससे आंतरिक रक्तस्राव, संक्रमण और दम घुटने जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। यदि समय पर सर्जरी न होती, तो मरीज की जान जाना तय था।

डीन डॉ. मूर्ति ने बताया इसे टीम वर्क का परिणाम सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह सर्जरी चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन ईएनटी और एनेस्थीसिया विभाग की आपसी समझदारी और अनुभव के चलते यह सपल रहा। अवकाश के दिन भी पूरी टीम ने तत्परता दिखाई और मरीज को जीवनदान दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि यह सिम्स के लिए गर्व का विषय है।

# घृनघुटी रेलवे स्टेशन के पास,रेलवे लाइन पर भालू की ट्रेन से कट कर मौत

**गोपालदास बन्सल**

शहडोल । संभाग के उमरिया जिले के घुनघुटी रेलवे स्टेशन के पास एक दर्दनाक हादसे में जंगली भालू की मौत होने की घटना प्रकाश मे आई है । देर रात थर्ड रेलवे लाइन (930/17ए) पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आने से भालू कट कर मर गया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने घटना देखी तो सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।

गौरतलब है कि यह पूरा क्षेत्र बांधवगढ़ रिजर्व फॉरेस्ट एरिया से सटा हुआ है। यहां अक्सर जंगली जानवरों का मूवमेंट देखा जाता है, लेकिन हाल के दिनों में यह मूवमेंट और ज्यादा बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि भोजन और पानी की तलाश में जंगली जानवर गांव और शहरी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। माना जा रहा है कि रात में भालू भी भोजन की तलाश में रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता दोनों देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि वन्यजीव लगातार ट्रेनों की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं, लेकिन रेलवे और वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अक्सर इस ट्रैक पर हाथी, भालू और हिरणों का मूवमेंट होता है, इसके बावजूद रेलवे विभाग ने कोई चेतावनी संकेतक या बैरिकेड की व्यवस्था नहीं की है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल एक हादसा नहीं है, बल्कि जंगलों के सिकुड़ने और भोजन की कमी का परिणाम है।

# सभी शिक्षकों को जल्द से जल्द पदस्थापना वाले विद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

कोरबा (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। कोरबा जिला में युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाइनिंग नहीं देने वाले 4 शिक्षकों को निलंबित किया गया है। वहीं युक्तियुक्तकरण के बाद आबंटित स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं करने वाले कई शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनका 2 महीने का वेतन भी रोका गया है। युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाइनिंग नहीं करने वाले इन शिक्षकों पर जिला एवं संभागीय स्तरीय समितियों में सुनवाई के बाद आवेदनों को अमान्य करने के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं करने पर कार्यवाही की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने ऐसे सभी शिक्षकों को जल्द से जल्द आबंटित विद्यालयों में उपस्थिति दे कर बच्चों को पढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय ने बताया कि शासन द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण निर्देश के तहत कोरबा जिले के प्राथमिक शाला के 292 सहायक शिक्षक एवं 15 प्रधान पाठक तथा माध्यमिक शाला के 153 शिक्षक एवं प्रधान पाठक अतिशेष के रूप में चिन्हांकित हुए थे। युक्तियुक्तकरण निर्देश के अनुसार इन अतिशेष शिक्षकों को शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयो में पदस्थ किया जाना था। चूंकि कोरबा जिले के प्राथमिक शाला में एकल शिक्षकीय विद्यालयों की संख्या अतिशेष शिक्षको की संख्या से ज्यादा होने के कारण जिला सारीय युक्तियुक्तकरण समिति के द्वारा दूरस्थ अंचल में स्थिति एवं लबे समय से शिक्षको की कमी वाले एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन विद्यालयों में अतिशेष शिक्षको की पदस्थापना का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय के आधार पर अतिशेष शिक्षको की ओपन काउंसलिंग आयोजित करके पदस्थापना आदेश जारी किया गया।उन्होंने बताया कि पदस्थापना आदेश से असंतुष्ट शिक्षको के द्वारा जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे समाधानकारक नहीं पाए जाने के कारण अमान्य किया गया। इसके पश्चात् संबंधित असंतुष्ट शिक्षको के द्वारा माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिकाएं प्रस्तुत किया गया, जिसमें अधिकांश याचिकाकर्ता शिक्षको को जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति को प्रस्तुत अभ्यावेदन का एक सप्ताह के भीतर सुनवाई कर निराकरण करने का निर्देश दिया गया। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जिला स्तर पर सुनवाई उपरांत 5 अभ्यावेदन मान्य पाए गये एवं शेष अभ्यावेदनों को समाधानकारक नहीं पाए जाने के जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के द्वारा पुन अमान्य किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा युक्तियुक्तकरण से संबंधित असंतुष्ट शिक्षकों के अभ्यावेदन का निराकरण करने हेतु संभाग एवं राज्य स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति का गठन किया गया। जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के द्वारा अभ्यावेदन के अमान्य करने उपरात संबंधित असंतुष्ट शिक्षको के द्वारा संभाग स्तरीय समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। संभाग स्तरीय समिति के द्वारा भी शिक्षकों के अभ्यावेदनों पर सुनवाई उपरात 2 अभ्यावेदन मान्य पाए गये एवं शेष अभ्यावेदनों को समाधानकारक नहीं पाए जाने के कारण अमान्य किया गया।इसी दौरान जिला स्तर पर युक्तियुक्तकरण के तहत पदांकन आदेश के तहत कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षको को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, जिसके तहत संबंधित शिक्षको के प्रस्तुत जवाब के समाधानकारक नहीं जाए जाने के कारण 4 सहायक शिक्षकों को निलंबित किया गया तथा कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले समस्त शिक्षको का विगत दो माह से वेतन रोका गया है।

## शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक पर व्याख्यान

शहडोल (वीअ)। पंडित. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल परिसर के भूगोल विभाग में भूगोल परिषद द्वारा रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीकठ विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमरकंटक विश्वविद्यालय के प्रो. चंद्रमौली ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान समय में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक का उपयोग शिक्षा, अनुसंधान, मौसम विज्ञान, जलवायु परिवर्तन सहित प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। यह तकनीक हमें पृथ्वी की गहराई से समझने का अवसर देती है। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज, बुढ़ार के डॉ.एसएन. प्रजापति ने कहा कि जीआईएस तकनीक आधुनिक युग में निर्णय लेने का सबसे सशक्त साधन है। यह न केवल पृथ्वी की जटिलताओं को समझने में मदद करता है बल्कि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में भी योगदान देता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की परिसर प्रभारी प्रो.गीता सराफ ने की। उन्होंने कहा कि भूगोल विभाग समय-समय पर नवाचारपूर्ण गतिविधियों का आयोजन करता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव होता है।इस अवसर पर एम.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा कु.आंचल सिंह ने शहडोल जिले की भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप का सुदूर संवेदन द्वारा अन्वेषण विषय पर भोपाल स्थित मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन संस्था में किए गए तीन माह के डेजर्टेशन कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह कार्य भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ शिवा के निर्देशन में पूरा हुआ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुनीश सिंह नेगी ने किया तथा आभार डॉ. सौरभ शिवा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के अजय सिंह पटेल ,दिलीप मिश्रा, दीपेश पारस, पुष्पा साहू सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

महासमुंद, (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। सांसद खेल महोत्सव 2025 के सपल आयोजन की तैयारियों एवं खिलाड़ियों के पंजीयन को बढ़ावा देने हेतु आज सुबह 10 बजे कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आकस्मिक समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक खिलाड़ियों को पंजीकृत कराने, बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पिट इंडिया, पिट युवा पॉर विकसित भारत के उद्देश्य को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देश दिए कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग तथा ग्राम पंचायत स्तर पर 19 से 24 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया जाए। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने सभी पंचायत सचिवों को गांव-गांव में मुनादी कर खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा, जिला खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे डीएमसी श्रीरेखराज शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। महोत्सव में दो आयु वर्गों (14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष) के लिए कबड्डी, खो-खो एवं वॉलीबॉल जैसे सामूहिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। वहीं व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊँची कूद, बैडमिंटन एवं गेड़ी दौड़ शामिल होंगे। एकल खेलों में तीन आयु वर्ग (14-17, 18-20 एवं 21-24 वर्ष) के खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल महोत्सव का आयोजन पहले संकुल स्तर पर किया जाएगा। पिर विधानसभा और आखिर में लोकसभा स्तर पर किया जाएगा। महासमुंद जिले में 30 संकुल, जबकि धमतरी एवं गरियाबंद जिलों में 10-10 संकुलों में प्रतियोगिताएं होंगी।

## रजत महोत्सव, कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बाल सुरक्षा पर दी गई जानकारी

जशपुरनगर, (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गम्हरिया सेक्टर के आंगनबाडी केन्द्र तपकरा में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपस्थित माता-पिता एवं बच्चो क व्यक्तिगत स्वच्छता, खानपान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के संबंध में जानकारी देने के साथ नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने है या ऐसी गर्भवती माताएं जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है उन्हें आधार निर्माण एवं अपडेट करवाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार जिला मुख्यालय जशपुर में स्थित शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और छात्राओं को कानूनी अधिनियम जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम, सखी वनस्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 की जानकरी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व संरक्षण अधिकारी शिखा शर्मा तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाता व केंद्र प्रशासक उपस्थित रहे। एकीकृत बाल विकास परियोजना तपकरा-2 के सेक्टर तपकरा के अंतर्गत आने वाले समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों एवं उनके अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, एनिमिया रोकथाम, डायरिया प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय का उपयोग करने, रेडी टू ईट के विभिन्न व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए माताओं, किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया।

## गोंडवाना समाज का तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहारनी समारोह सम्पन्न

नगरी, (छत्तीसगढ़ ब्यूरो)। गोंडवाना समाज द्वारा तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहारनी समारोह 14 सितम्बर रविवार को गोंडवाना भवन नगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस भव्य समारोह का शुभारंभ समाज के पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप आराध्य देव बूढ़ादेव की सेवा अर्जी कर किया गया।मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम, विधायक ने कहा कि नवाखाई पर्व केवल अन्नदाताओं का ही नहीं, बाल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था का पर्व है। यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। नई पसल को अपने आराध्य देव को अर्पित कर हम सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। युवाओं को चाहिए कि वे समाज की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए अपनी संस्कृति और पहचान को सुरक्षित रखें।जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा ने समाज के पारंपरिक संस्कृति को बचाए रखने पर बल दिया, वहीं तहसील सदस्य हरक मंडावी ने सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया।मीडिया प्रभारी डोमार सिंह ध्रुव ने कहा कि आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा नवाखाई को एक साथ मिलकर मनाना सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने युवाशक्ति को आगे आकर सामाजिक एकता व सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति सोरी ने समाज को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रही, जिसमें कलाकारों ने परंपरागत नृत्य और गीतों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# राष्ट्रीय अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है : सैनी

## रोजगार उपलब्ध करवाने में लघु उद्योगों की बड़ी भूमिका : मनोहर लाल

**पवन आश्री**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है। 21वीं सदी का भारत जिस ऊंचाई और गति से आगे बढ़ रहा है, उसमें एमएसएमई का महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा सरकार लघु उद्योगों के विकास के लिए विशेष योजनाएं और प्रोत्साहन नीतियां लागू कर रही है, ताकि उद्यमियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें और वे बाजार प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़े हो सकें।

मुख्यमंत्री सोमवार को जिला पानीपत के समालखा में आयोजित लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय



**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिला पानीपत के समालखा में आयोजित राष्ट्रीय उद्यमी सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए। (छाया : पवन आश्री)**



**केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल जिला पानीपत के समालखा में आयोजित राष्ट्रीय उद्यमी सम्मेलन के दौरान दीप प्रज्वलित करते हुए। (छाया : पवन आश्री)**

अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समालखा में लघु उद्योग भारती के तीन दिवसीय औद्योगिक चिंतन से लघु उद्योगों के विकास की नई दिशा मिल सकेगी। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त कर युवा उद्यमी विकसित भारत हरियाणा की कहानी लिखेंगे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का भौगोलिक क्षेत्र केवल 1.3 प्रतिशत है, लेकिन यह वर्ष 2024-25 के अग्रिम अनुमान के अनुसार राष्ट्रीय जीडीपी में 3.6 का प्रतिशत का योगदान दे रहा है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद पिछले दशक में 10.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। फरीदाबाद, पानीपत, यमुनानगर और अंबाला के अनधिकृत औद्योगिक क्षेत्र में चल रही हजारों एमएसएमई को राहत प्रदान की गई है और इस क्षेत्र में इनका लाभ भी मिलना शुरू हो गया है। प्रदेश में 10 नए आईएमटी विकसित करने की योजना बनाई गई है जिनमें से तीन नए आईएमटी राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकसित करने के लिए भूमि प्राप्त की जा रही है।

# रेडक्रास सोसाइटी टीम ने पुलिस जवानों को दिया प्रथम उपचार का प्रशिक्षण

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला में 15 सितम्बर को रेडक्रास सोसाइटी टीम ने जिला पुलिस जवानों को प्रथम उपचार का प्रशिक्षण दिया। सोमवार को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी टीम ने इआरवी डायल-112 प्रभारी निरीक्षक कुलबीर कौर की देख रेख में जिला में तैनात सभी इआरवी-112 टीमों, राइडर्स और पीसीआर टीमों को को प्रथम उपचार का प्रशिक्षण दिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 सितम्बर को रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने पुलिस लाईन में प्रथम उपचार का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह से सड़क दुर्घटना पीड़ित को प्रथम उपचार द्वारा हस्पताल पहुंचने से पहले राहत दी जा सकती है। जिला में तैनात सभी इआरवी-112 टीमों, राइडर्स और पीसीआर टीमों को प्रथम उपचार के लाभ व उसके बारे बताते हुए मिस अंजू कश्यप ने बताया कि हर दिन सडक पर होने वाली सड़क दुर्घटना से काफी जान माल की हानि होती है। उन्होंने कहा की प्राथमिक उपचार किसी भी चोट लगने पर चिकित्सा सहायता मिलने से पहले पीड़ित को दी जाने वाली तत्काल, आपातकालीन देखभाल है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की जान बचाना, उसकी स्थिति को बिगड़ने से रोकना और उसे चिकित्सा देखभाल के लिए तैयार करना होता है।

# मोदी और नायब सरकार में ओबीसी समाज का समग्र विकास हो रहा है : पंडित मोहन लाल बडौली

**पवन आश्री**

चंडीगढ़। ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को सोनीपत में हुई। ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सेवा पखवाड़ा, संगठन विस्तार, आत्मनिर्भर भारत, केंद्र व राज्य की योजनाओं के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, मंत्री रणबीर गंगवा, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने पीएम मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में हो रहे सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित



मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ओबीसी समुदाय की हितैषी सरकार है।

मोदी और नायब सरकार में ओबीसी समाज का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी ओबीसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया, कांग्रेस सदा ओबीसी समाज के आरक्षण का विरोध करती रही। श्री बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर सम्मान दिया है। श्री बड़ौली ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन है, इस दिन विश्वकर्मा जयंती और अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस भी है। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान शिविर लगाएं, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करें।

# जीएमआरएल शीघ्र ही संभालेगा रैपिड मेट्रो संचालन

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) ने गुरुग्राम रैपिड मेट्रो प्रणाली को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) से गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जब तक गुरुग्राम रैपिड मेट्रो की पूरी जिम्मेदारी जीएमआरएल को नहीं सौंप दी जाती, तब तक इसका संचालन और रखरखाव डीएमआरसी तथा जीएमआरएल द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस हस्तांतरण को सुचारू बनाने के लिए संयुक्त समितियों का गठन किया गया है तथा संदर्भ की शर्तें (टीओआर) तय कर दी गई हैं। इसके लिए एक व्यापक कार्यप्रणाली और निश्चित समय-सीमा को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि संचालन का हस्तांतरण सुचारू रूप से हो सके और यात्रियों की सेवाओं में भी कोई व्यवधान न आए।

यह निर्णय आज यहां मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, जोकि कॉरपोरेशन के चेयरमैन भी हैं, की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की 62वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम रैपिड मेट्रो ने अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच असाधारण प्रदर्शन दर्ज किया। इस अवधि में कुल 62.49 लाख यात्रियों ने मेट्रो सेवा का उपयोग किया, जो वर्ष 2024 की समान अवधि की तुलना में 13.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। किराया राजस्व में भी 11.87 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो इस प्रणाली की कुशलता और विश्वसनीयता के प्रति जनता के भरोसे को दर्शाता है।

# हिंदी दिवस पर विशेष अनिल विज ने बताया हिन्दी का महत्व

**पवन आश्री**

अम्बाला/चंडीगढ़। कौन कहता है कि मातृभाषा पढ-सिखकर आगे नहीं बढा जा सकता है, हम भी अपनी मातृ भाषा हिन्दी को पढक़र आगे बढ़ सकते हैं क्योंकि मातृभाषा से हमें प्रेम, प्यार, स्नेह होता है और उससे आर्शीवाद मिलता है।

यह उदगार हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने गत दिवस एक कार्यक्रम के दौरान हिन्दी दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। श्री विज ने साफगोई व्यक्त करते हुए कहा कि आज हिन्दी को बोलते हुए हमें थोड़ी अहीनता का भाव आता है क्योंकि कई वर्षों तक हमें अरबी व अंग्रेजी पढ़ाई गई और आज अपने देश में हम अंग्रेजी को बोलना एक स्टेटस मानने लगे हैं, जबकि अंग्रेजी चुराई भाषा है और हमारी अपनी भाषा भी नहीं है। अंग्रेजी बोलने वालों को हम समाज का उच्च वर्ग मानने लग गए हैं जबकि हिंदी हमारी अपनी भाषा है इसे बोलने पर हमें अपनेपन का भाव आता है, संस्कार आते है और हिन्दी बोलने से हमें हमारी संस्कृति की अनुभूति भी होती हैं।

एकटक ऊर्जा मंत्री को सुन रहे उपस्थितजनों श्री विज ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि हिंदुस्तान में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है जोकि हिंदी की जन्मदाता धरती है और क्या हमें हिंदी को प्रोत्साहन देने के लिए कुछ करना पडेगा, जोकि गलत है। विदेशी लोगों ने हमारे देश में तय कर दिया कि अंग्रेजी ही सबसे उच्च भाषा है, मगर यह हकीकत नहीं है। श्री विज ने कई देशों के उदाहरण देते हुए बताया कि इंग्लैंड के साथ ही पेरिस है मगर पेरिस में आप अपनी दुकान का बोर्ड अंग्रेजी में लिखकर नहीं लगा सकते। फ्रांस में फ्रेंच भाषा है और फांस के लोगों ने फ्रेंच पढ़कर ही तरक्की की है। इसी तरह, चीन में चीनी भाषा पढ़कर चीन ने तरक्की की है। तो, जर्मनी ने जर्मन भाषा पढ़कर तरक्की की जर्मनी के लोगों ने जहाज, पनडुब्बियां बनाए व तरक्की की, वह जर्मन भाषा को पढ़कर ही की है। इसी तरह, जापान व अन्य देशों ने भी अपनी भाषा को पढकर तरक्की की है। द्वितीय विश्व युद्ध में तबाह होने के बावजूद जापान ने अपने देश की भाषा पढ़कर तरक्की की है न कि चोरी की भाषा से। इसी प्रकार, अन्य देशों ने भी अपनी भाषा पढ़कर तरक्की की है।

# सोनीपत में 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या हुई 100



सोनीपत (राजेश आहूजा) हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सोमवार को चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदाताओं की सूची व अन्य बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की। वीसी की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक पार्टियों के साथ समय समय पर बैठक होने बारे, बीएलओ के कार्ड वितरित किए जाने बारे, सौ वर्ष से आयु से अधिक के मतदाताओं की वेरिफिकेशन करने बारे, बीएलओज की नियुक्ति बारे व वर्तमान में कितने मतदाता सूची में दर्ज है उस बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सुशील सारवान ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला में छः विधानसभा क्षेत्र है, जिनमें बरोदा, गोहाना, खरखौदा, सोनीपत, राई और गन्नौर शामिल है। उन्होंने बताया कि मतदाता की वेरिफिकेशन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। ज़िला में 100 वर्ष आयु से अधिक मतदाता है जिनकी संख्या 394 है उनकी वेरिफिकेशन कर दी गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बीएलओज के आईडी कार्ड वितरित किए जा चुके है।

बैठक में एसडीएम गोहाना अंजलि क्षत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, डीडीपीओ ललिता निर्वाचन तहसीलदार दिनेश कुमार भी मौजूद थे।

# कृष्ण लाल पंवार ने हिसार में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में सुनी जन शिकायतें

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्रा कृष्ण लाल पंवार ने हिसार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में आमजन की जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने बैठक में रखी गई कुल 14 में से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शेष 6 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में हिसार अर्बन एस्टेट-2 निवासी ज्ञान चन्द गोयल द्वारा मिर्जापुर रोड के पास अवैध कालोनी के विरूद्घ नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा कार्यवाही करने की शिकायत पर पंचायत मंत्री ने वास्तविक शिकायतकर्ता को दो सप्ताह में जांच में शामिल होने के निर्देश दिए। गांव खेड़ी चौपटा निवासी पवन जांगड़ा व नरेश द्वारा सरकार से मिली ग्रांट को सरपंच प्रतिनिधि द्वारा अन्य स्थान पर लगाने की शिकायत के संदर्भ में कैबिनेट मंत्री ने एक कमेटी का गठन कर मामले के जांच करने के भी निर्देश दिए। बैठक में रखी गई 14 शिकायतों के अलावा जनपरिवाद समिति के सदस्यों व अन्य लोगों द्वारा भी शिकायत रखी गई। इन शिकायतों की सुनवाई करते हुए विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने स्कोलर कॉलोनी निवासी अजमेर सिंह की मांग पर विधायक रणधीर पनिहार, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जनपरिवाद समिति सदस्य कृष्ण लाल रिणवा व सुरेंद्र की कमेटी गठित करते हुए स्कॉलर कॉलोनी के मामलों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट आगामी बैठक में रखे जाने के निर्देश भी दिए।

# जिला पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही ने की अपील, आर्यन मान को दिलाएं रिकॉर्ड जीत

बहादुरगढ़, (राकेश पंवार )। सोमवार को मान परिवार से दलबीर मान,मुकुंदपुर के सरपंच सुमित, खैरपुर से सरपंच मोहन,बामडोली से सरपंच जितेंद्र उर्फ काला,परनाला से सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी, कुलासी से सरपंच पप्पू प्रधान,बराही से सरपंच मोहित, मनोनीत पार्षद भीम सिंह प्रणामी, दयाकिशन छिल्लर लडरावण , पप्पू दलाल, सनवीर दलाल सहित अनेक गणमान्य जन जिला पार्षद एवं जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही के कार्यालय पर आर्यन मान के समर्थन में पहुंचे। दलबीर मान ने रविंद्र छिल्लर व मौजूद ग्राम सरपंचों से आर्यन मान के पक्ष में प्रचार प्रसार कर उन्हें रिकॉर्ड वोटो से जिताने की अपील की। इस अवसर पर



**कार्यालय पर आर्यन मान को समर्थन देकर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए जिला पार्षद एवं जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री एवं जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार और बहादुरगढ़ निवासी आर्यन मान को समर्थन देते हुए कहा की चुनाव में आर्य मान की ऐतिहासिक जीत होगी। रविंद्र छिल्लर बराही ने कहा कि बहादुरगढ़ से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं दिल्ली यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि यहां का बेटा आर्यन मान अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बना है।

# देश की प्रगति की रीढ़ में इंजीनियर का अहम योगदान होता है : हरविन्द्र कल्याण

अम्बाला, (पवन आश्री)। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि देश की प्रगति की रीढ़ में इंजीनियर का अहम योगदान होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं, इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, चाहे उसमें सडक़ मार्ग, रेल मार्ग, हवाई मार्ग, टनल के साथ-साथ अन्य शामिल है, जिनमें इंजीनियर की अहम भूमिका हैं। विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में रिटायर्ड इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंजीनियर दिवस के कार्यक्रम पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने सम्बोधन में कहीं। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमति रेशमा कल्याण भी मौजूद रहीं। इस मौके पर उन्होंने 85 वर्ष व 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर मुख्य अतिथि का इंजीनियर एसोसिएशन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिनेश जिंदल ने शिरकत की। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया को नमन करते हुए अपने




सम्बोधन में कहा कि एसोसिएशन द्वारा इंजीनियर दिवस पर यहां पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यहां पर आकर उन्हें आनन्द की अनुभूति हुई है। उन्होनें कहा कि भारतरत्न एम विश्वेश्वरैया उच्च कोटि के इंजीनियर थे और उन्होंने हम सबका मार्गदर्शन किया हैं। इंजीनियर केवल एक व्यवसाय नहीं है बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड इंजीनियर एसोसिएशन वास्तव में उनके दिखाए गए रास्ते पर चल रही हैं। उन्होनें रिटायर्ड इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में जो कार्य किए जा रहें है उसकी भी भूरि भूरि प्रशंसा की।

# तकनीकी शिक्षा विकसित भारत का मज़बूत आधार स्तम्भ है: प्रो ढींगरा

कुरुक्षेत्र, (पवन आश्री)। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान द्वारा तकनीकी दिवस के मौक़े पर संस्थान के साहित्य क्लब द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर सुनील ढींगरा ने उपस्थित विद्यार्थियों को तकनीकी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मोक्षगुंडम ईष्वरसरेया को तकनीकी शिक्षा का जनक कहा जाता है उनके जन्मदिवस को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में मनाना गौरव की अनुभूति करवा रहा है संस्थान का मौलिक दायित्व बनता है कि ऐसे महान पुरुष की शिक्षाओं को तकनीकी विद्यार्थियों के बीच ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो। प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा विकसित भारत में आधारस्तंभ है क्योंकि तकनीकी क्षेत्र में आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि स्वदेशी तकनीक और ज्यादा से ज्यादा फ़ोकस करें और विकसित भारत देश की उन्नति में अपना योगदान दें! इन प्रतियोगिताओ से विधार्थियो की इस दिशा में जिज्ञासा बढ़ती है । डॉक्टर दिव्या भाटिया ने बताया कि तकनीकी क्विज प्रतियोगिता में 10 टीमो ने भाग लिया। वर्तमान तकनीक और पुरातन तकनीक से जुड़े प्रश्न पूछे गए।

# सहकारी परिवहन समिति के सदस्यों ने अपनी समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से मिले

रोहतक, (तारीफ शर्मा) । आरटीए द्वारा हांसी सहकारी समिति की निजी बसों के बेवजह धड़ले से किये गये चालान के विरोध में ट्रांसपोर्ट व रोहतक सहकारी बैंक चैयरमैन हरीश कोशिक के नेतृत्व में सहकारी परिवहन समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मुलाकात कर निजी बस संचालकों की समस्या से अवगत करवाया ।

बताया जाता है कि सहकारी परिवहन समिति के पूर्व प्रधान बिजेंद्र दत उपप्रधान नरेन्द्र सिंह, करण सिहं दलाल, वेदपाल शर्मा तथा अनेकों बस संचालको ने रोहतक सहकारी बैंक के चैयरमैन हरीश कौशिक व जिला भाजपा रोहतक के पूर्व अध्यक्ष रमेश भाटिया के साथ अशोक चौधरी के निवास-पर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मुलाकात कर अपनी समस्या लिखित रूप में दी शिकायत में कहा कि आरटीए हिसार बेवजह निजी बस संचालकों को परेशान कर रहा है ,जबरन रियायती व निशुल्क बस पासों को ना मानने पर ड्राईवर व बस कंडक्टरो की यूनिफॉर्म,फायर एक्सटिंगिवीशर ओर



फर्स्ट एडं किट होने के बावजूद हजारों रुपए के चालान आदि किये जा रहे हैं । मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यान से सुना तथा बस संचालकों को आश्वासन दिया कि इस बारे में सम्बंधित अधिकारी से बात करके सख्त निर्देश दिए जायेंगे कि भविष्य में कोई भी किसी प्रकार का नाजायज चालान नहीं कर किसी निजी बस संचालक को परेशान नहीं किया जायेगा ।

# तहसीलों में पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा अधिकारियों को:विश्राम कुमार मीणा

कुरुक्षेत्र, (पवन आश्री)। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की सभी तहसीलों व सब तहसीलों में अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। इन तहसीलों में जीरो टोरलेंस पॉलिसी को अडोप करना होगा। इसके साथ ही तहसील कार्यालयों की स्वच्छता पर भी विशेष फोकस रखकर कार्य करना होगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को शाहबाद व बाबैन तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शाहबाद में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का अवलोकन



किया। इस दौरान एसडीएम डा. चिनार चहल ने नए भवन में लोगों की सुविधा के अनुसार बनाए गए सभी कक्षों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा तहसीलों को पेपर लैस करने की तैयारियों के बारे में भी विशेष जानकारी दी है। उपायुक्त ने शाहबाद तहसील का निरीक्षण करने के बाद बाबैन तहसील कार्यालय का जायजा लिया और यहां पर तहसील को पेपर लैस करने से सम्बन्धित तैयारियों की फीडबैक भी ली। इसके साथ ही सभी कक्षों का निरीक्षण किया और स्वच्छता का भी आकलन किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि तहसील कार्यालयों में सभी नागरिकों का प्राथमिकता के आधार पर पूरी ईमानदारी के साथ कार्य किया जाए। किसी भी व्यक्ति की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए, इसके साथ ही स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

# निर्वाचन अधिकारी ने विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 10 सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमे पूरे देश में विशेष विस्तृत पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने निर्देश दिए थे। इसी दिशा में हरियाणा सीईओ ने सभी डीईओ के बैठक आयोजित की। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को कहा कि प्रदेश में जहाँ पर बीएलओ के पद खाली पड़े हैं वहाँ पर जल्द नियुक्ति कर उनके आईकार्ड जारी किये जाएं, ताकि नए सिरे से बनने वाली मतदाता सूची के कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसके अलावा, एसआईआर से सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने यह निर्देश आज यहां विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारियों व निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। उन्होंने विशेष विस्तृत पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचक पंजीयन अधिकारी को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के संबंध में समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

# मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता पर रखना होगा विशेष ध्यान : डा. प्रदीप कुमार

कुरुक्षेत्र, (पवन आश्री)। उप सिविल सर्जन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि आमजन मलेरिया और डेंगू से बचने के लिए अपने आस पास सफाई रखे तथा जरूरी एतिहायत बरते। उप सिविल सर्जन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रदीप कुमार सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला स्तरीय डेंगू एवं मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक में पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को डेंगू और मलेरिया के बारे में जागरूक कर रहे थे। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से नगर परिषद के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में फॉगिंग करवाए तथा सफाई



व्यवस्था का पूरा ध्यान रखे। उन्होंने पीडब्लयूडी के अधिकारी से आग्रह किया कि वे पीडब्लयूडी से सम्बन्धित सडक़े रिपेयर करवा दे ताकि सडक़ों पर पानी खड़ा ना हो। एचएसवीपी के अधिकारी को कहा कि खाली प्लाटो में पानी खडा ना होने दे और पूरी साफ सफाई हो इसके लिए कर्मचारियों को निर्देश दे। इस बैठक का उद्देश्य है कि सभी अधिकारी सभी विभागों के साथ तालमेल रखे ताकि सीजन में सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित एक दूसरे की सहायता कर सके। उन्होंने कहा कि जिले में 667 तालाब है जहां पर लार्वा खाने वाली गम्बुजिया मछली को तालाबों में छोड़ते है। यह मछली मच्छर के लार्वा को खा जाती है।

# बिजली उपभोक्ता मित्रों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की गई

शिमला, (पवन आश्री) मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को यहां आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में 1,602 बिजली उपभोक्ता मित्रों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की गई। बोर्ड में कर्मचारियों की कमी को दूर करते हुए उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही 1,000 टी-मेट्स के पद भरने का भी निर्णय लिया गया है।



मंत्रिमंडल ने राज्य कैडर के तहत ट्रेनी आधार पर पटवारियों के 645 पद भरने को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ नर्स के 400 पदों को जॉब ट्रेनी के रूप में भरने को मंजूरी दी गई। ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित मानव संसाधन की संख्या में वृद्धि लाने के दृष्टिगत 300 जॉब ट्रेनियों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। इन्हे प्रशिक्षण, अनुभव और सहायता के साथ निर्धारित मासिक वेतन दिया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य में 200 चिकित्सा अधिकारियों को जॉब ट्रेनी के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी में 38 सहायक प्रोफेसर के पद सृजित कर इन्हें भरने का निर्णय लिया गया है। राज्य सचिवालय में 25 स्टेनो-टाइपिस्ट पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है।

सोलन जिले के परवाणु और धर्मपुर पुलिस थानों में विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों को भरने का भी निर्णय लिया गया है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस की उपस्थिति को बढ़ाई जहा सके। बैठक में पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग के संगठनात्मक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और पांच नए पदों को सृजित कर भरने को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, एक-एक कंप्यूटर ऑपरेटर और जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर का पद भरने को भी स्वीकृति दी गई।

# राज्यपाल ने चंबा उप-मंडल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

शिमला, (पवन आश्री)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज चंबा उपमंडल के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया

उन्होंने इस दौरान प्रभावितों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने ग्राम पंचायत करियां में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के भू-स्खलन प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कलसूंई तथा घरवाला में क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय उच्च मार्ग और लोथल घार का भी जायजा लिया। श्री शुक्ल ने घरवाला के समीप ऐतिहासिक धार्मिक स्थल त्रिलोचन महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। उपायुक्त चंबा ने इस दौरान राज्यपाल को आपदा से हुई क्षति एवं व्यवस्था बहाली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर, विपिन परमार, डॉ. जनक राज, डीएस ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, विभिन्न विभागीय एवं राष्ट्रीय जल विद्युत निगम के अधिकारियों सहित क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित रहे।



# हाउसिंग सोसायटियों को 21 दिनों के भीतर बकाया की अदायगी करने के निर्देश : रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटियां

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। सहकारिता विभाग ने उन सहकारी हाउसिंग और हाउस बिल्डिंग सोसायटियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं, जिन्होंने अपने सदस्यों से बकाया राशि वसूलने के बावजूद संबंधित शहरी विकास प्राधिकरणों को इसका भुगतान नहीं किया है।

मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटियां गिरीश दियालन ने इन सभी सोसायटियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। इन बकायों में बाहरी विकास खर्चे (इडीसी), भूमि के इस्तेमाल में परिवर्तन (सीएलयू) खर्चे और अन्य खर्चे शामिल हैं। इन भुगतानों को न करना प्रबंधक समितियों और पदाधिकारियों की ओर से विश्वास का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे डिफॉल्ट न केवल सोसायटियों की कानूनी स्थिति को खतरे में डालते हैं बल्कि उनके सदस्यों के हितों को भी नुकसान पहुँचाते हैं। सदस्यों के अधिकारों की रक्षा और कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए, सभी सहकारी हाउसिंग और हाउस बिल्डिंग सोसायटियों को निर्देश दिए जाते हैं कि संबंधित शहरी विकास प्राधिकरण को देय सभी बकाए इस नोटिस के 21 दिनों के भीतर जमा करवाए जाएं। जहाँ व्यक्तिगत सदस्यों ने अपना हिस्सा जमा नहीं किया है, वहाँ प्रबंधक समिति को 30 दिनों के भीतर इसकी वसूली कर जमा करना सुनिश्चित करना होगा। प्रत्येक सोसायटी को 30 दिनों के भीतर संबंधित प्राधिकरण से डीआरसीएस कार्यालय में एक नो-ड्यूज़ सर्टिफिकेट(कोई बकाया नहीं) जमा करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इन निर्देशों का पालन न करने पर इसे सहकारी सभाएं अधिनियम की धारा 27 के तहत लगातार डिफॉल्ट या लापरवाही माना जाएगा। अनुपालन न करने की स्थिति में प्रबंधक समिति को बर्खास्त करने सहित सख़्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। श्री दियालन ने कहा कि यह कदम सदस्यों के अधिकारों की रक्षा और सहकारी हाउसिंग सभाओं के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बड़े जनहित में उठाए जा रहे हैं।

# उप-मुख्यमंत्री ने सुनीता शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

शिमला। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दि ट्रिब्यून समाचार पत्र के संवाददाता राजेश शर्मा की धर्मपत्नी सुनीता शर्मा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

उन्होंने कहा कि सुनीता शर्मा ने सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी रहीं और उन्होंने विशेषकर महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया।

उप-मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के साथ अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# भाजपा सरकार द्वारा राज्य के साथ किए गए अन्याय को पंजाबी हमेशा याद रखेंगे : मान

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। भारत सरकार की ओर से श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाकिस्तान भेजने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कड़ा ऐतराज जताया है।



मुख्यमंत्री ने अफसोस जाहिर किया कि यह समझना बहुत मुश्किल है कि क्या भाजपा की नीति पाकिस्तान के खिलाफ है या अपने ही लोगों के खिलाफ। उन्होंने कहा कि इससे मोदी सरकार का पंजाब विरोधी रवैया झलकता है। उन्होंने कहा कि अगर एक पाकिस्तानी अभिनेत्री किसी पंजाबी अभिनेता के साथ फिल्म करती है, तो केंद्र सरकार उस फिल्म पर प्रतिबंध लगा देती है और पंजाबियों को गद्दार करार देती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले मां जैसे व्यवहार से हमारी फिल्म इंडस्ट्री और पंजाबी कलाकारों को नुकसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि यह फिल्म पुलवामा आतंकी हमले से काफी पहले फिल्माई गई थी, लेकिन पुलवामा हमले के बहाने फिल्म पर प्रतिबंध लगाना सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच की अनुमति केवल इसलिए दी जाती है क्योंकि 'बड़े साहब' का बेटा यह मैच करवाना चाहता था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा की नेतृत्व वाली 'ट्रोल आर्मी' ने पंजाबी अभिनेताओं और निर्माताओं को गद्दार तक कह दिया, लेकिन अब दोनों देशों के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले के बारे में हर कोई चुप है।

मुख्यमंत्री ने अफसोस जताया कि जब क्रिकेट बोर्ड अमित शाह के बेटे के हाथों में है, तब पाकिस्तान के साथ अचानक मैच करवाना भारत सरकार की मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि पाकिस्तान के भारत विरोधी रवैये को देखते हुए यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मैचों से मिलने वाले पैसे का पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में, इससे पाकिस्तान को फायदा होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अगर भारत, पाकिस्तान के साथ मैच खेल सकता है, तो श्रद्धालु श्री करतारपुर साहिब और श्री ननकाना साहिब माथा टेकने क्यों नहीं जा सकते। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब अफगानिस्तान में भूकंप आया, तब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वहां तुरंत मदद भेज दी। उन्होंने कहा कि अब जब पंजाब बाढ़ के कारण तबाही का सामना कर रहा है, तब भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पंजाब के जायज फंड भी रोक दिए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा लगातार पंजाब और पंजाबियों के साथ भेदभाव करती आ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपए भी जारी नहीं किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल तक पंजाब के भाजपा नेता राज्य सरकार के खिलाफ निराधार सवाल उठाते रहे।

# सुक्खू ने नारी तू नारायणी कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया

शिमला, (पवन आश्री)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि महिलाओं का समाज के विकास में अहम योगदान है तथा ये जीवन के हर क्षेत्र में नित नई उंचाइयां छूते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। मुख्यमंत्री आज यहां दैनिक समाचार पत्र हिमाचल दस्तक द्वारा आयोजित 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा शानदार उपलब्धियां हासिल करने पर उनके सम्मान में मनाया जा रहा है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एक समय ऐसा था जब महिलाओं को घर के कार्यों तक ही सीमित रखा जाता था। उस दौर में समाज में लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने के प्रति झुकाव बेहद कम था और घर से बाहर नौकरी करने से भी रोका जाता था। उन्होंने कहा कि बहुत समय तक आधी आबादी को बौद्धिक और आर्थिक विकास से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि समय में परिवर्तन के साथ महिलाओं की सामाजिक स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि आज महिलाएं अपनी लग्न, मेहनत, दृढ़ निश्चय और काबिलियत से समाज के हर क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाकर दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना भी लागू की है। इसके अन्तर्गत आवास निर्माण के लिए आर्थिक रूप से कमजोर विधवाओं एवं एकल नारियों को 3 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 65 हजार रुपये से बढ़ाकार 2 लाख रुपये किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रयासों से ही महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिला ताकि जमीनी स्तर तक विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सबसे बड़े जिले लाहौल-स्पीति से विधायक भी महिला है तथा वहां तैनात सभी बड़े प्रशासनिक अधिकारी भी महिलाएं हैं, जो वर्तमान सरकार की महिलाओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है। श्री सुक्खू ने इस अवसर पर सम्मानित नारायणियों को सरकार की ओर से 51-51 हजार रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने के लिए नारी तू नारायणी सीजन-4 की नारायणियों को पुरस्कार भी वितरित किए। चम्बा जिला की तहसील भरमौर के गांव ठेडू की कमला देवी, बिलासपुर जिले की तहसील घुमारवीं के गांव चुवाड़ी की मलभरू देवी, मंडी जिला की तहसील पधर के गांव टिक्कर की कमला देवी, किन्नौर जिला की तहसील पूह के गांव लाबरंग की स्मृतिका नेगी, सोलन जिला की तहसील अर्की के गांव ननिहास की दासी देवी, शिमला जिला की तहसील चौपाल के गांव थुंदल की कल्पना संघाइक, सिरमौर जिला की तहसील व गांव कमरऊ की आशा तोमर, हमीरपुर जिला की तहसील बड़सर के गांव भोटा की शीतल वर्मा, कांगड़ा जिला की तहसील धर्मशाला के गांव औडर की संतोष कुमारी, लाहौल-स्पीति जिला की तहसील उदयपुर के गांव नालडा की अनिता नलवा, ऊना जिला की तहसील अंब के गांव पोलियां पुरोहितां की सुषमा शर्मा तथा कुल्लू जिला की तहसील भुंतर के गांव शमशी की नैंन्सी देवी को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।



# सड़कों की बदहाली से सेब-सब्जी मंडियों तक नहीं पहुंच पा रही, किसान-बागवानों की मेहनत बर्बादी के कगार पर : राकेश जम्वाल

शिमला, (पवन आश्री)। प्रदेश की सुक्खु सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के बजाए हर बात का ठीकरा केंद्र पर फोडने का प्रयास कर रही है। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश की सड़कें बदहाली की स्थिति में हैं। बरसात के चलते चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला जैसे जिलों में बड़ी संख्या में सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। इसका खामियाजा किसान-बागवानों को उठाना पड़ रहा है, जिन्हें अपनी सालभर की मेहनत की कमाई - सेब व सब्जियों की फसल - मंडियों तक पहुंचाने में भारी परेशानी हो रही है।



उन्होंने कहा कि जब भी कोई जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे को उठाता है तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने लगते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार के अधीन आने वाले नेशनल हाईवे और फोरलेन को लेकर एनएचएआई व अन्य एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं और सड़कों को बहाल कर रही हैं। लेकिन प्रदेश सरकार के अधीन आने वाले स्टेट हाईवे, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड और लिंक रोड आज भी बंद पड़े हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। प्रदेश में सरकार भी चल रही है और सड़कों की हालत सुधारना उसका पहला दायित्व है, लेकिन कांग्रेस सरकार केवल बयानबाज़ी और दोषारोपण की राजनीति में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि 2023 की बरसात में भी प्रदेश की कई सड़कें महीनों तक बंद रही थीं और आज भी कई सड़कें दो साल बाद भी पूरी तरह नहीं खुल पाई हैं। इसके बावजूद वर्तमान सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने तीखे लहजे में कहा कि किसानों और बागवानों की समस्या से प्रदेश सरकार को कोई लेना-देना नहीं है।

# बिजली डिफाल्टरों की बकाया राशि की रिकवरी के लिए जल्द ही ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की होगी बैठक : अनिल विज

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि बिजली डिफाल्टरों की बकाया राशि की रिकवरी के लिए जल्द ही ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित अधीक्षक अभियंताओं से रिकवरी के संबंध में रिपोर्ट ली जाएगी।

श्री विज आज यहां चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों द्वारा ऊर्जा विभाग की बकाया राशि 7700 करोड़ रुपये की रिकवरी के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली डिफाल्टरों का यह तथ्य जब उनके सामने आया तो उसी समय ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक ली गई थी, जिसमें प्रत्येक जिलें की रिकवरी के बारे में जानकारी के तहत संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य दिया गया था।

उन्होंने कहा कि अब अमुक अधिकारियों की रैंकिंग भी रिकवरी के अनुसार तय की जाएगी।

सेवा पखवाड़ा के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि अंबाला में सेवा पखवाडा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें और अंबाला के चार मंडलों के अंतर्गत एक-एक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें 75-75 लोग रक्तदान करेंगें। इसके अलावा सभी मंडलों में शरीर के पूर्ण जांच के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा, बीमारी मिलने वाले रोगियों का उपचार भी करवाया जाएगा। ऐसे ही अंबाला के चारों मंडलों में नमो-वन के तहत 75 पेड़ एक की वैरियाटी के एक जगह पर लगाए जाएंगें। इसके अतिरिक्त, सडकों के किनारे व डिवाइडर पर भी पौधे लगाए जाएंगें।

# पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित किया जाएगा तेल मिल

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) द्वारा रेवाड़ी जिले के रामपुरा में सरसों तेल का अत्याधुनिक मिल स्थापित किया जाएगा। मिल की प्रारंभिक प्रसंस्करण क्षमता 150 टीपीडी होगी, जिसे 300 टीपीडी तक बढ़ाया जा सकेगा। यह परियोजना डिज़ाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीएफओटी) आधार पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत क्रियान्वित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी आज यहां मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि यह संयंत्र अनुबंध प्रदान किए जाने की तिथि से 18 महीने के भीतर चालू होने की उम्मीद है। संयंत्र में विश्वस्तरीय प्रसंस्करण मानक अपनाए जाएंगे और कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

# भारत में हेड एंड नेक कैंसर तेजी से बन रहा बड़ा स्वास्थ्य संकट

रोहतक, (तारीफ शर्मा)। भारत आज हेड एंड नेक कैंसर की गंभीर चुनौती से जूझ रहा है। अधिकतर मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं जब कैंसर तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है। ऐसे मामलों में इलाज जटिल हो जाता है और मरीजों की जीवन दर काफी कम हो जाती है।

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार जैन ने बताया कि संकट की जड़ें मुख्य रूप से सामाजिक और सांस्कृतिक आदतों तथा जागरूकता की कमी में छिपी हुई हैं। तंबाकू, चाहे वह धूम्रपान के रूप में हो या चबाने के रूप में, अब भी सबसे बड़ा जोखिम कारक है। यदि इसके साथ शराब का सेवन हो तो कैंसर विकसित होने की संभावना 35 गुना तक बढ़ जाती है।

इसके अलावा, एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) से जुड़े कैंसर भी तेजी से सामने आ रहे हैं। हालांकि ओरल कैंसर में एचपीवी की भूमिका सीमित है, लेकिन लेरिंजियल कैंसर के मामलों में इसका गहरा संबंध देखा गया है। दुर्भाग्यवश, एचपीवी वैक्सीन का प्रयोग विशेषकर युवा पुरुषों में बहुत कम है, जिससे बीमारी का बोझ और बढ़ रहा है। ऐसे में शुरुआती पहचान के लिए चलाए जा रहे अभियान अहम साबित हो रहे हैं। 'टू-मिनट एक्शन फॉर ओरल कैंसर प्रोटेक्शन' जैसी पहल लोगों को हर महीने आईने की मदद से मुंह की साधारण जांच करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे कैंसर को शुरुआती अवस्था में पकड़ा जा सके और मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़ाई जा द्धय्द्धठ अस्पताल में इस चुनौती से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। रोबोटिक सर्जरी जैसे रोबोटिक नेक डिसेक्शन और थायरॉयडेक्टॉमी नियमित रूप से की जा रही हैं। इन तकनीकों से न केवल मेडिकल नतीजे बेहतर मिलते हैं, बल्कि मरीजों को छोटे या न के बराबर निशान, घावों का जल्दी भरना, लगभग तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी और एडजुवेंट थेरेपी जल्दी शुरू करने का लाभ भी मिलता है। इसी तरह, ट्रांसओरल लेजर माइक्रोसर्जरी (टीएलएम) और ट्रांसओरल रोबोटिक सर्जरी (टीओआरएस) जैसी विधियां मुंह के अंदर से ही हाई प्रिसिशन और न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी की सुविधा देती हैं, जिससे बाहरी चीरे की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, 603 ग्राम अफीम बरामद

कुरुक्षेत्र, (पवन आश्री)। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में अजय कुमार वासी गंगापुर जिला रामपुर यूपी को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़ा से 603 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिंनाक 14 सितम्बर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश मे मामले की जांच करते हुए पीएसआई राहुल, उप निरीक्षक सुदेश कुमार, मुख्य सिपाही संदीप कुमार, नरेश कुमार व एसपीओ गुरदेव सिंह व ईएसआई कृपाल सिंह की टीम एनएच-44 सैक्टर-2 के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली अजय कुमार वासी गंगापुर जिला रामपुर यूपी कुरुक्षेत्र एरिया में अफीम बेचने का काम करता हैं। आज भी वह पीपली बस अड्डे पर करनाल की तरफ से आने वाली बस के इंतजार में खड़ा है।

# गांव दयालपुर, तहसील थानेसर कुरुक्षेत्र में पूर्व राज्य मन्त्री सुभाष सुधा द्वारा रखी गई उप -स्वास्थ्य केन्द्र की आधार शिला

कुरुक्षेत्र, (पवन आश्री)। गाँव दयालपुर, तहसील थानेसर कुरुक्षेत्र में आज उप-स्वास्थ्य केन्द्र की आधार शिला पूर्व राज्य मन्त्री श्री सुभाष सुधा जी के कर कमलों द्वारा रखी गई। इस अवसर पर सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्य मन्त्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आम जन की भलाई व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये सदैव तत्पर है । उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने 15वें फाईनेंस कमीशन स्कीम के तहत पुरे हरियाणा में 45 उप -स्वास्थ्य केन्द्र व् 4 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट बनाये जायेंगे । कुरुक्षेत्र में 11 उप - स्वास्थ्य केन्द्र बनेगे, थानेसर विधानसभा के अंतर्गत 3 उप - स्वास्थ्य केन्द्र जो कि मिर्ज़ापुर, दयालपुर और सिरसला में बनाये जायेंगे। इसी कड़ी में यह स्वास्थ्य केंद्र गाँव दयालपुर को समर्पित किया जा रहा है। यह न सिर्फ़ गाँव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ देगा, बल्कि आने वाले समय में हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी लाएगा।



यह स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद गाँव के लोगों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। माताओं-बहनों के लिए प्रसव सुविधा, बच्चों के टीकाकरण की व्यवस्था, बुजुर्गों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और आम जनता के लिए प्राथमिक सुविधाएँ यहीं गाँव में उपलब्ध होंगी।

# सीआईएसएफ ने एमपावर के साथ समझौता ज्ञापन को 3 वर्ष के लिए बढ़ाया

चंडीगढ़, (पवन आश्री)। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) के अंतर्गत आने वाले मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक उद्यम एमपावर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर इसे तीन वर्षों के लिए बढ़ाया है। यह विस्तार सीआईएसएफ और एमपावर द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई एक अग्रणी मानसिक स्वास्थ्य पहल, प्रोजेक्ट मन के सफल कार्यान्वयन के बाद हुआ है। पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय सीआईएसएफ यूनिट के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान, समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से श्रीमती प्रवीण शेख, प्रेसिडेंट श्ज्दैं और श्रीमती सुधा सेंथिल, वाइस प्रेसिडेंट संरक्षिका ने हस्ताक्षर किए। प्रोजेक्ट मन के लिए प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर सीआईएसएफ और श्ज्दैं ने नवंबर 2024 में एक वर्ष के लिए हस्ताक्षर किए थे। पिछले एक वर्ष के दौरान लगभग 75,000 से अधिक सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को पेशेवर सेवाओं का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 13 सीआईएसएफ सेक्टरों में 23 एमपावर परामर्शदाताओं/ चिकित्सीय मनोवैज्ञानिकों द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# मुआवजे के नाम पर किसानों के साथ मजाक कर रही है प्रदेश की भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

ऐलनाबाद, (पवन आश्री)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनी। सांसद ने कहा कि मुआवजे के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ मजाक कर रही है, स्वयं किसान हितेषी होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार को पता होना चाहिए कि फसलों का लागत मूल्य क्या होता है और किसान को किस परेशानी से गुजरना होता है। सरकार को नरमा और कपास पर कम से कम 60-75 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देना चाहिए, 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की घोषणा कर सरकार किसानों के जख्मों पर नमक छिड़क रही है।



सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को ऐलनाबाद क्षेत्र का दौरा किया। सबसे पहले ऐलनाबाद में सुनील गोदारा के आवास पर पहुची और कार्यकर्ताओं से मिली। इस मौके पर ऐलनाबाद विधायक चौ. भरत सिंह बैनीवाल, कांग्रेस की जिला प्रधान संतोष बैनीवाल, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा एडवोकेट, राजेश चाडीवाल, पूर्व जिला प्रधान मलकीत सिंह खोसा, मलकीत सिंह रंधावा, राम सिंह सोलंकी चेयरमैन नगर पालिका ऐलनाबाद, सतपाल मेहता, लादूराम पूनिया, जग्गा सिंह बराड़ डबवाली दुर्गा सिंह पूर्व सरपंच औटू और भोला सिंह मल्लेकां आदि मौजूद थे।

# उत्तराखण्ड पुलिस व बजाज फाइनेंस ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ चलाया जागरुकता अभियान

**वीर अर्जुन संवाददाता**

रूड़की, । बजाज फिनसर्व का हिस्सा और भारत में निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने उत्तराखण्ड पुलिस के साथ मिलकर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, रूड़की में साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' नामक एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें भिन्न-भिन्न तरह के जोखिमों और फाइनेंस को सुरक्षित रखने के सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीकों पर डिजिटल लेनदेन करने वाले लोगों और छात्र, छात्रओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड पुलिस के एस आई, प्रवीण बिष्ट ने बताया साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए कभी भी अंजान लिंक व्हाट्सअप या ईमेल पर आया हो तो नहीं खोलना चाहिए। इसके जरिये फ्रॉड को अंजाम देने वाले आपके फ़ोन को हैक कर देते हैं। जिससे फ़ोन



की सारी जानकारी उनके पास आ जाती है। ये साइबर फ्रॉड इसी जानकारी से आपके पैसे से लेकर आपके सोशल मीडिया से आपकी पर्सनल फोटो, विडिओ निकाल लेते है और इनको एडिट कर के आपको ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठते हैं।

उन्होंने ये भी कहा को कभी भी ऐपीके फाइल डाउनलोड ना करे; आपने गलती से कर दिया है तो वो आपके फ़ोन को बहुत ही आसानी से हैक कर देते हैं। बुजुर्ग लोगो से फ्रॉड करने वाले फ़ोन करके ओटीपी या डेबिट कार्ड बंद होने का और अन्य बहाने बना के खाते से पैसा निकल लेते है। कुछ साइबर फ्रॉड तो सोशल मीडिया अकाउंट से फोटो और विडिओ निकाल कर उन्हें एडिट करके अश्लील फोटो/विडिओ बना कर ब्लैकमेल करते है और मोटी रकम मांगते है। सोशल मीडिया अकाउंट पर हमेशा अपनी प्राइवेसी सेटिंग ऑन करके रखे जिससे आपके सोशल मीडिया से कोई जानकारी ना निकल पाए। आज कल डिजिटल अरेस्ट का डर दिखा कर साइबर अपराधी लोगो से बड़ी मात्रा में पैसे ऐंठ रहे है। पुलिस या किसी और के द्वारा कोई किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं कर सकता। इसीलिए साइबर फ्रॉड होने के स्थिति में तुरंत भारत सरकार के साइबर फ्रॉड हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें। उन्होंने जन-जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "द्धद्धत्र धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाली कोई भी पहल न केवल स्वागत योग्य है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा में मदद करने के लिए जरूरी भी द्धद्ध्र" इस मौके पर संजीव कुमार, जोनल हेड, नार्थ,(आरसीयू) बजाज फाइनेंस ने बताया नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2024 में एनबीएफसी के लिए जारी की गईं उन धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, जिनमें डिजिटल ईकोसिस्टम को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के लिए जल्द पहचान, कर्मचारियों के दायित्व और जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों का ध्यान आम वित्तीय धोखाधड़ी की ओर आकर्षित करना है, जिसमें फाइनेंस कंपनियों की ही तरह दिखने वाले फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, व्हाट्सएप ग्रुप और वेबसाइट बनाकर झूठे दावा करते हैं और उनके कर्मचारी होने का दावा करते हैं। हमारे उपभोक्ताओं की वित्तीय सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित लगातार ऑनलाइन और ऑफलाइन सलाह जारी कर रहे हैं, साथ ही नागरिकों के साथ इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर जमीनी स्तर पर भी बातचीत के जरिए, सभी को साइबर सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' कार्यक्रम साइबर समुदाय को व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए बहुमूल्य सुझाव प्रदान कर रहे हैं, जिसमें ओटीपी-पिन साझा करने, संदिग्ध ईमेल, एसएमएस, लिंक, क्यूआर कोड पर क्लिक करने और अज्ञात स्रोतों से एप्लिकेशन डाउनलोड करने से बचना शामिल है।

# मुख्य सचिव ने किया सचिवालय परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून । मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने सचिवालय की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। अनुभागों के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने पुरानी फाइलों से पटे पड़े अनुभागों में फाइलों की छंटनी कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि फाइलों के वीडिंग प्रोसेस के नियम को पुन: प्रसारित कर सभी अनुभागों में फाइलों की वीडिंग एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से करा ली जाए। उन्होंने सचिव सचिवालय प्रशासन को शीघ्र ही रिकॉर्ड रूम के लिए स्थान चिन्हित कर एक यथोचित रिकॉर्ड रूम तैयार किया जाए, जिसमें छंटनी के बाद आवश्यक फाइलों को व्यवस्थित रूप से रखा जा सके। मुख्य सचिव ने ऐसे कुछ अनुभागों, जिनके विभिन्न अनुभाग एक की कक्ष में संचालित हो रहे हैं, पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सचिवालय परिसर में 10-12 अनुभागों के लिए तात्कालिक रूप से पोटा केबिन भवन की व्यवस्था सुनिश्चित कर अनुभागों को स्थानांतरित किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सचिवालय परिसर के अंतर्गत अनुभागों का निरीक्षण रोस्टर पुन: प्रसारित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकारियों द्वारा अपने अनुभागों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। उन्होंने सचिवालय परिसर के अंतर्गत सभी भवनों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी भी उपस्थित थे।

# अखंड राजपूताना सेवा संघ ने बिजनेस सम्मिट में कर्मवीर अवार्ड से किया सम्मानित

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। अखंड राजपूताना सेवा संघ द्वारा रामनगर में दो दिवसीय राजपूताना बिजनेस समिट का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से राजपूत बिरादरी के लोग एकत्र हुए बिजनेस समिट में उद्योगों में राजपूत समुदाय को लोगों को आगे ला ने के लिए विचार विमर्श किया जाता उत्तराखंड में निवेश लाने के प्रोत्साहित किया गया गया कार्यक्रम को महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद ब्रज भूषण सिंह समेत उत्तर प्रदेश बिहार और महाराष्ट्र , राजस्थान के कई दिग्गजों ने संबोधित किया इस दौरान पूरे देश में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को कर्मवीर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अखंड राजपूताना सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की उन्होंने कहा राजपूत समुदाय के लोग अपनी वीरता के लिए



जाने जाते थे लेकिन अब अपने बिजनेस उद्योगों की वजह से जाने जायेंगे उन्होंने कहा राजपूत समुदाय के लोग हर वर्ग का ख्याल रखते है कोश्यारी ने इस दौरान आयोजित कवि सम्मेलन का भी आनंद लिया कार्यक्रम के अंतिम दिन महाराणा प्रताप के वंशज और उदयपुर के राजा लक्ष्य राज सिंह ने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए शानदार टिप्स दिए उन्होंने कहा की उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए हर परिस्थिति में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए और घबराना नहीं चाहिए

उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद ब्रज भूषण सिंह ने कहा की उत्तराखंड की प्रदेश सरकार को राज्य में निवेश लाने के लिए सुविधाएं देने के साथ ही उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करना चाहिए उन्होंने कहा राजपूत वर्ग के लोग अपनी वीरता के लिए जाने जाते थे अब उद्योगों में नाम आने से समुदाय के लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे इस दौरान उन्होंने युवाओं से अपने व्यवसाय के साथ अपने शरीर पर भी ध्यान देने की बात कही पूर्व सांसद सिंह ने इस दौरान युवाओं को नशे से भी दूर रहने की अपील की इस दौरान पूरे देश भर में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चालीस लोगों को कर्मवीर अवॉर्ड सम्मानित किया गया जिसमें उत्तराखंड के सात लोगों भी शामिल रहे कर्मवीर अवॉर्ड पाने वालों में उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले कुमाऊं ग्रुप के एमडी शिव कुमार अग्रवाल ,शील चंद एग्रो मिल्स के एमडी मोहन गोयल, संधू इंटरप्राइजेज के एमडी शेरजस सिंह संधू , शिक्षा के क्षेत्र में डीपीएस रुद्रपुर के एमडी सुरजीत सिंह ग्रोवर, खेल के क्षेत्र में अर्जुन अवॉर्डी मनोज सरकार , समाज सेवा के क्षेत्र में राजू गावा और सेना में सेवा के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने पर कर्नल उदय सिंह चौहान, और कैप्टन अंगद सिंह काशीपुर को सम्मानित किया गयाकार्यक्रम के अंतिम दिन अखंड राजपूताना सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर पी सिंह ने कार्यक्रम में आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इस कार्यक्रम की सार्थकता तब ही होगी जब राजपूत समुदाय के लोग उत्तराखंड में निवेश करे और निवेश में आने वाले लोग एक दूसरे का सहयोग करे

# स्वास्थ्य महाकुंभ में सीएम सहित सभी जनप्रतिनिधि करेंगे प्रतिभाग: डॉ. रावत

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित सभी सांसद, मंत्री एवं विधायकगण प्रतिभाग करेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शिविरों में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, नि:क्षय मित्र पहल, रक्तदान तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को बताया कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 17 सितम्बर, बुधवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प से स्वास्थ्य महाकुंभ का शुभारम्भ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एक साथ स्वास्थ्य शिविरों का संचालन शुरू हो जायेगा। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श,



नि:क्षय मित्र पहल, रक्तदान तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। डॉ. रावत ने बताया कि इन स्वास्थ्य शिविरों में जिलों के प्रभारी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, नगर निगमों के मेयरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, नगर निकायों के अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। जिसके तहत राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प में सूबे के मुख्यमंत्री, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह के साथ वह स्वयं उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार राजकीय उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत प्रतिभाग करेंगे जबकि उप जिला चिकित्सालय हल्द्वानी में नैनीताल सांसद अजय भट्ट, सीएचसी थौलादेवी, अल्मोड़ा में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा तथा जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग में आयोजित शिविर में पौड़ी सांसद अनिल बलूनी प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह राज्य सभा सांसद नरेश बंसल भूपतवाला, कल्पना सैनी रूड़की तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट सीएचसी रायपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मौजूद रहेंगे। जबकि सभी मंत्री एवं विधायकगण अपने-अपने क्षेत्रों, नगर निगम के मेयर अपने नगर क्षेत्रों, जिला पंचायत अध्यक्ष अपने जिलों, ब्लॉक प्रमुख अपने विकासखण्डों तथा अन्य जनप्रतिनिधि अपने नजदीकी चिकित्सा इकाईयों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में प्रतिभाग करेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में महानुभावाओं की उपस्थित में जहां आम लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, व दवाएं मिलेगी, वहीं दूसरी ओर आम जनमास में राजकीय चिकित्सालयों की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सकारात्मक धारणा विकसित होगी। डॉ रावत ने बताया कि जनपद स्तर पर जिलाधिकारी शिविरों की मॉनिटरिंग करेंगे, जबकि प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सचिव सहित विभागीय उच्चाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविरों के भव्य व सफल आयोजन को विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिये गये हैं।

# गांधी जयंती तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा

**वीर अर्जुन संवाददात**

रुद्रप्रयाग। आगामी 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर क्षेत्रों के साथ ही शैक्षिक, पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों तथा प्राकृतिक स्त्रोतों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 25 को एक दिन एक घंटा एक साथ स्वैच्छिक श्रमदान किया जाएगा। डीएम ने बढ़-चढ़कर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में प्रतिभाग करने की अपील की।

जनपद में पखवाडे के तहत सफाई अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर, विद्यालयों में प्रतियोगिताएं तथा श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें समस्त शासकीय कार्यालय, विद्यालय, पंचायत भवन, नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र, धार्मिक स्थल एवं बाजार क्षेत्र शामिल रहेंगे। सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर के साथ ही विद्यालयों में निबंध, कविता एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्वच्छता रैलियां, स्वच्छता दौड़ एवं मानव श्रृंखला सहित अपशिष्ट से कला प्रतियोगिता एवं युवा सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित होंगे। डीएम प्रतीक जैन ने बताया कि 17 सितम्बर को आर्मी बैंड से गुलाबराय क्रीड़ा मैदान तक स्वच्छता जनजागरूकता रैली, 18 सितम्बर को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, उखीमठ व केदारपुरी में स्वच्छता अभियान, 19 को अमृत सरोवर एवं ग्राम्य जलस्रोतों के पास सफाई, 20 को चिन्हित क्लीनिंग टारगेट यूनिट स्थलों की सफाई, 21 को अगस्त्यमुनि में मैराथन दौड़, 22 को धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान, 25 को एक दिन एक घंटा एक साथ स्वैच्छिक श्रमदान, 27 को पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, 29 को वोकल फॉर लोकल स्टाल एवं प्रदर्शनी एवं 2 अक्टूबर को डायट रतूड़ा में स्वच्छोत्सव का वृहद आयोजन किया जाएगा।

# रॉयल एनफील्ड ने भारत में नया और अपडेटेड मेटियोर 350 लॉन्च किया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। रॉयल एनफील्ड, जो मिड-साइज़ मोटरसाइकिल में ग्लोबल लीडर है, उसने आज भारत में बिल्कुल नया और अपडेटेड मेटियोर 350 लॉन्च किया। सुनहरे सूरज का समय हो या घुमावदार हाइवे हो। सभी आरामदायक सफ़र के लिए बनाई गई मेटियोर 350 अपने खास क्रूज़र डिजाइन, स्टाइल, स्मूथ परफॉर्मेंस और आरामदायक राइडिंग के साथ मिड-साइज़ क्रूज़र सेगमेंट में अव्वल है। वर्ष 2020 में लॉन्च हुई मेटियोर 350 लंबे सफ़र और शहर की आसान यात्राओं के लिए एक भरोसेमंद और आरामदायक बाइक के रूप में जानी जाती है। अपने नए रूप में यह बाइक फायरबॉल, स्टेलर, ऑरोरा और सुपरनोवा वेरिएंट्स में सात नए शानदार रंगों और नए फीचर्स के साथ उपलब्ध है।

नई मेटियोर 350 के बारे में बात करते हुए, बी. गोविंदराजन, मैनेजिंग डायरेक्टर, आयशर मोटर्स लिमिटेड और सीईओ, रॉयल एनफील्ड ने बताया कि मेटियोर 350 हमेशा ऐसी बाइक रही है जो समयानुसार डिजाइन को आधुनिक आराम के साथ जोड़ती है, और आसान क्रूज़िंग पसंद करने वालों के लिए परफेक्ट साथी है। इस नए और अपडेटेड लाइन-अप के साथ, हमने इसकी खासियत को और बढ़ाया है। अब इसके वेरिएंट्स में शानदार नए रंग, नए फीचर्स और कई सुधार शामिल हैं, जो आरामदायक राइडिंग का मज़ा और बढ़ाते हैं। मेटियोर 350 सिर्फ एक बाइक नहीं है, बल्कि खुली सड़कों पर आरामदायक सफर और यादगार अनुभवों का एक स्टाइलिश ज़रिया है। हमें बहुत खुशी है कि हम इस त्योहार के सीजन में अपनी नई मेटियोर 350 लाइन-अप सभी ग्राहकों के लिए ला रहे हैं।

# लखवाड़ व्यासी, त्यूनी प्लासू जल विद्युत परियोजना प्रभावितों को अब तीन गुना मुआवजा

**★जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर शासन का अनुमोदन, शासनादेश जारी**

**★अब नैनबाग टिहरी प्रभावितों की तर्ज पर मिलेगा तीन गुना मुआवजा**

**★ उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने में विद्युत परियोजनाएं है अहम धुरी: डीएम**

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। त्यूनी प्लासू जल विद्युत परियोजना, आराकोट त्यूनी जल परियोजना कटापत्थर, बैराज तथा लखवाड़ बांध परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं हितों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर शासन द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। इस अनुमोदन के अनुसार अब प्रभावितों को भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नैनबाग टिहरी प्रभावितों की तर्ज पर तीन गुना मिलेगा। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में त्यूनी प्लासू जल विद्युत परियोजना, आराकोट त्यूनी जल परियोजना कटापत्थर, बैराज तथा लखवाड़ बांध परियोजना के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में लखवाड़ बांध परियोजना के अन्तर्गत देहरादून जनपद के जनजातीय क्षेत्र में विस्थापित होने वाले ग्रामीणों की भूमि के मुआवजा दिये जाने के लिये निर्धारित दर, मिलानी जनपद टिहरी में निर्धारित दर से काफी कम है, जिस कारण ग्रामीणों ने नैनबाग टेहरी विद्युत परियोजना की तर्ज पर मौज देने का अनुरोध किया था, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों द्वारा उठायी गयी आपत्ति के सम्बन्ध में मुआवजा दरों की समीक्षा करने तथा अन्य जनपद के सापेक्ष मुआवजा दरो में एकरूपता लाने के लिए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी कालसी की अध्यक्षता में प्रबन्धक निदेशक यू0जे0वि0एन0एल0 के द्वारा नामित प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित सब रजिस्ट्रार को सदस्य नामित करते हुये समिति का गठन किया गया था। जिस पर शासन ने जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर अनुमोदन दे दिया जिससे विद्युत परियोजना के प्रभावित गांव धनपो,लखवाड़,लकस्यार, खुन्ना अलमान, लुधेरा, खाती, दाऊ, ऊभौ, सरयाना के प्रभावित परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए प्रशासन द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिस पर सहमति प्रदान कर दी गई है। यह निर्णय प्रभावित परिवारों को न्याय एवं आर्थिक संबल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से प्रभावितों के पुनर्वास कार्यों में तेजी आएगी तथा परियोजना कार्यान्वियन में भी गति सुनिश्चित होगी। ज्ञातव्य है कि लखवाड जल विद्युत परियोजना में अधिग्रहित 45.317 हैक्टेयर भूमि का कुल 30.34 करोड़ अनुग्रह अनुदान राशि वितरण किया जाना है। अभी तक प्राप्त 19.27 करोड़ में से 17.85 करोड़ की अनुग्रह अनुदान राशि का वितरण कर लिया गया है। वहीं त्यूनी प्लासू जल विद्युत परियोजना में ग्राम पंचायत रायगी की 3.122 है0 और बृनाड बास्तील की 2.877 मिलाकर कुल 5.999 है0 भूमि अधिग्रहण किया जाना है। भूमि अधिग्रहण हेतु गठित विभिन्न समितियों की सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन तथा भूमि का आवार्ड करने के उपरांत अनुग्रह राशि का वितरण प्रारंभ किया जाएगा लखवाड़ परियोजना उत्तराखंड की सबसे महत्वपूर्ण जल विद्युत और सिंचाई परियोजनाओं में से एक है। इससे 300 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे उत्तराखंड समेत 6 राज्यों को फायदा मिलेगा। इनमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम धामी के जन्मदिन पर किसी प्रकार का उत्सव या औपचारिक आयोजन नहीं होगा

देहरादून, (वीअ)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्णय लिया है कि उनके जन्मदिवस के अवसर पर 16 सितम्बर किसी प्रकार का उत्सव या औपचारिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह दिन सादगी और सेवा को समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस जैसे अवसर को समाज और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित करना ही सच्चा उत्सव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस दिन आपदा प्रभावितों और आमजन की मदद में समय देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के कई क्षेत्रों में आपदा से प्रभावित परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं और ऐसे में समाज का प्रत्येक वर्ग उनके सहयोग के लिए आगे आए। हर एक प्रयास पीड़ित परिवारों के लिए संबल और आशा का स्रोत बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, शिक्षा सहयोग और आपदा राहत जैसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन सकते हैं। सेवा और त्याग की भावना ही उत्तराखंड की असली पहचान है और यदि हर नागरिक इसी सोच के साथ कार्य करे तो राज्य को हर क्षेत्र में मजबूती और नई ऊर्जा मिलेगी।

### तुलाज इंस्टीट्यूट में संगीत, नृत्य और 'तुलाज गॉट टैलेंट' के साथ हुआ फ्रेशर्स का स्वागत

देहरादून, (वीअ)। तुलाज इंस्टिट्यूट में फ्रेशर्स पार्टी 2025 के जरिए नए विद्यार्थियों का स्वागत संगीत, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ किया गया। 21 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम 'प्रारंभ द लॉन्च पैड' का यह भव्य आयोजन प्रतिभा, ऊर्जा और उत्सव से सराबोर रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा 'तुलाज़ गॉट टैलेंट', जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने गायन, नृत्य और कविता पाठ जैसी प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें सागर कुमार (बीबीए) विजेता बने, जबकि दिव्यांशी नेगी (बीए जेएमसी) उपविजेता रहीं। इंडक्शन के दौरान उत्साह और ऊर्जा दिखाने वाले छात्रों को मिस्टर एवं मिस इंडक्शन के खिताब से सम्मानित किया गया। यह खिताब अभिजीत सिंह (बी. टेक सीएसई) और निहारिका शर्मा (बीबीए) को मिला। सीनियर छात्रों ने भी अपने जूनियर्स के लिए विशेष प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं मिस्टर एवं मिस फ्रेशर का ताज शुभम सिंह (बीबीए) और तनुश्री (बी. टेक सीएसई) को पहनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. शैलेंद्र कुमार तिवारी (निदेशक, तुलाज़ इंस्टिट्यूट), डॉ. दीपक नंदा (निदेशक, तुलाज़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ फ़ार्मेसी), डॉ. निशांत सक्सेना (अतिरिक्त निदेशक), डॉ. विजय कुमार उपाध्याय (रजिस्ट्रार), और डॉ. संजय शर्मा (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कर छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन डीजे नाईट के साथ हुआ, जहां छात्र-छात्राओं ने नृत्य कर, मेलजोल बढ़ाया और अपने कॉलेज जीवन की पहली यादगार शाम को संजो लिया।

### ओप्पो इंडिया ने एफ31 5जी सीरीज पेश की

देहरादून, (वीअ)। ओप्पो इंडिया ने भारत में एफ31 5जी सीरीज़ लॉन्च की है। एफ-श्रृंखला के ये सबसे नए स्मार्टफोन टिकाऊ और विश्वसनीय परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। इस नई सीरीज़ में तीन मॉडल, एफ31 प्रो प्लस, एफ31 प्रो और एफ31 शामिल हैं। इनमें से हर मॉडल मजबूती, शक्तिशाली बैटरी, बेहतर हीट मैनेजमेंट और आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए बनाया गया है। अपने सभी अपग्रेड्स के साथ एफ31 5जी सीरीज़ भारत में 35,000 रुपये से कम मूल्य वर्ग में अब तक का सबसे स्मूथ और टिकाऊ स्मार्टफोन है। भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ड्यूरेबिलिटी: भारत में ड्यूरेबिलिटी की मांग बहुत बढ़ गई है। हाल ही में काउंटरपॉईंट द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक स्मार्टफोन खरीदने वाले 79 प्रतिशत लोग ड्यूरेबिलिटी को सबसे अधिक महत्व देते हैं। आधे से अधिक लोगों ने माना कि वो अक्सर अपने स्मार्टफोन को गिरा देते हैं। एफ31 5जी सीरीज़ इसका समाधान पेश कर रही है। इस स्मार्टफोन में 360 डिग्री आर्मर बॉडी है, जिसमें मल्टी-लेयर एयरबैग संरचना आंतरिक पुर्जों को झटकों से सुरक्षा प्रदान करती है। ये स्मार्टफोन एयरोस्पेस-ग्रेड एएम04 एलुमीनियम अलॉय फ्रेम से बने हैं, जो अपने पूर्ववर्ती के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक मजबूत हैं। इसका एजीसी डीटी-स्टार डी प्लस ग्लास स्क्रीन को और अधिक मजबूत बना देता है। ये डिवाईस आईपी66, आईपी68, और आईपी69 के ट्रिपल सर्टिफिकेशन के साथ आती हैं। इसलिए ये धूल, पानी के घुसने और 80 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर पानी की तेज धार से भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करती हैं।

### डीड्स इंडिया और राहुल बजाज ने की 'द साइलेंट बिस्ट्रो' के उद्घाटन की घोषणा

देहरादून, (वीअ)। पिछले 26 वर्षों से बजाज इंस्टटि्यट फॉर लर्निंग देहरादून में आशा की किरण रहा है, जो प्रत्येक सत्र में लगभग 150 सुनने में अक्षम छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करता है। राजपुर रोड पर एक छोटे से स्कूल से शुरू होकर और अब सहस्त्रधारा रोड स्थित अपने वर्तमान परिसर तक, बीआईएल डीड्स पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से लगातार युवाओं को ज्ञान और कौशल से सशक्त बना रहा है। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए, डीड्स इंडिया ने राहुल बजाजजो आउट ऑफ द ब्लू, मुंबई (25 वर्षों की विरासत) और लोनावाला का प्रतिष्ठित एंग्लो इंडियन कैफ़े जैसे रेस्त्रां के लिए जाने जाते हैं के साथ मिलकर 'द साइलेंट बिस्ट्रो' लॉन्च किया है, यह सभी को साथ लेकर चलने वाला एक खास रेस्टोरेंट द्धद्रह्म जो कि सहस्त्रधारा रोड, देहरादून जनता के लिए 20 सितंबर 2025 से आरंभ होगा। यह रेस्त्रां न केवल एक अनूठा भोजन अनुभव प्रदान करेगा बल्कि सुनने में अक्षम समुदाय को रोज़गार और अवसर भी उपलब्ध कराएगा। राहुल बजाज ने अपनी फिलॉसफ़ी सस्टेनेबल, लोकल और ऑर्गेनिक (स्थानीय व जैविक) उत्पाद उत्तराखंड के को भी इसमें जोड़ा है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से प्रेरित होकर, उन्होंने उत्तराखंड की स्थानीय उपज का उपयोग किया। राहुल बजाज ने कहा "ा साइलेंट बिस्ट्रो केवल एक रेस्त्रां नहीं है; यह हमारे उस संकल्प का प्रतीक है जिसमें हम अवसर पैदा करते हैं और श्रवण-बाधित समुदाय की प्रतिभाओं का उत्सव मनाते हैं। हमारा मिशन है कि एक ऐसा स्थान तैयार किया जाए जहाँ बेहतरीन भोजन और बेहतरीन उद्देश्य साथ द्धृद्रह्म 'द साइलेंट बिस्ट्रो' का उद्घाटन 18 सितंबर को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और अमृता रावत द्वारा, उत्तराखंड के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### साझेदारी में पेश किया टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज का 26वां संस्करण

हरिद्वार, (वीअ)। आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान के लिहाज़ से वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस) (बीएसई: 532540, एनएसई: टीसीएस) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी एवं बीटी विभाग ने घोषणा की है कि टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज़ कार्यक्रम के 26वें संस्करण के लिए पंजीकरण अब शुरू हो गए हैं। यह क्विज़ कार्यक्रम बेंगलुरु टेक समिट 2025 का अंग है और इसमें ऑनलाइन टेस्ट के साथ-साथ वर्चुअल तथा फिज़िकल क्विज़ राउंड शामिल होंगे। देश भर के छोटे शहरों और ज़िलों के कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि, यह क्विज़ नगर निगम की सीमा के दायरे में आने वाले स्कूलों के लिए उपलब्ध नहीं है। टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज़ विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के प्रयोग और प्रौद्योगिकी परिवेश, व्यवसाय, इससे जुड़े लोगों, एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग सहित नए रुझानों जैसे अन्य पहलुओं पर केंद्रित होगा। इसमें उन क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा जहां आईटी ने प्रभाव डाला है, जैसे बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, रोबोटिक्स, पुस्तकें, मल्टीमीडिया, संगीत, फिल्में, इंटरनेट, विज्ञापन, खेल, गेमिंग और सोशल नेटवर्किंग आदि। क्षेत्रीय स्तर पर आठ फाइनल आयोजित किए जाएंगे, और विजेता नवंबर 2025 में बेंगलुरु में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल में पहुंचेंगे। सभी क्षेत्रीय विजेताओं और उपविजेताओं को क्रमश: 10,000 रुपये और 7,000 रुपये के उपहार वाउचर मिलेंगे।